करूणा कल्लोलमयी

काली



तेजस्वनी

करूणा कल्लोलमयी काली

सम्पादक :

बद्रीविशाल त्रिपाठी



हे "कल्पान्त नर्तकी"

"प्रलयाब्धिविहारिणी"

"प्रलयाब्धि सम्मग्ना ।

महाकल्पकालान्तकादम्बिनीत्विट्
परिस्पर्द्धि देहद्युतिं घोरनादाम् ।
स्फुरद्द्वादशादित्य कालाग्निरूद्र
ज्वलद्विद्युतोघ प्रमादुनिरीक्ष्याम् ।।

प्रलयकालीन मेघमाला पर दमकती दामिनी से स्पर्धा करती (माँ काली की) गात्राभा घोर प्रणाद (निनाद) करती हुई (मानो) प्रलय कालीन द्वादश चण्डांशू (आदित्य) या कालापग्निरूद्र (या) विद्युत प्रवाह जो दुर्निरीक्ष्य (देखना दुष्कर) है। ऐसा माँ काली का स्वरूप है।

लेखक : मनोजानन्द (कपालेश्वर)

तेजस्वनी पब्लिकेशन

21/39 मटियारा रोड़, अलोपीबाग इलाहाबाद,

दूरभाष : 9598694758

विषय सूची

प्रथम संस्करण	:	2011
मूल्य	:	रु० 160/-
प्रकाशक	:	मनोजानन्द (कपालेश्वर) 21/39, मटियारा रोड़ अलोपीबाग इलाहाबाद।
दूरभाष	:	9598694758
कम्प्यूटर सेटिंग	:	सनसाइन कम्प्यूटर्स दूरभाष : 9335144392

(प्रक्कथन)

इस ग्रन्थ के रचयिता अवधूत विगलित भेद विगलित द्वैतेन्द्रजाल निजात्म चन्द्र एक साथ शाक्त, शैव, गाणपत्य सौर्य वैष्णव सिद्धान्तों का सतत समवेत संगम (श्रीमनोजानन्द) कपालेश्वर हैं उनकी शेमुषी साधना धारा में श्री श्री माँ काली के कौलपरक अर्चा तथा चर्चा में संलग्न होकर ही प्रस्तुत ग्रन्थ ग्रन्थन व्यापृत हुई यद्यपि कर्तृत्त्व अभिमान विरहित में कृति की निन्दा स्तुति से कर्तृ अपरामृष्ट ही रहता है सभ्य लोग काव्य या साहित्य में रस का ही संचय करते है जैसे प्रभिन्न कमलोदर में चञ्चल मधु पान प्रमत्त होता है तदितर आदि उसके वृन्त (नाल) का ही कर्तन कर देता है

सभ्याः सदर्थं कलयन्ति काव्ये,
दिशन्ति दोषान् पिशुना प्रयत्नैः।
मधूनि पुष्पे मधुपाः पिबन्ति,
कुर्वन्ति कीटाः किल वृन्त भेदम्।।

निस्तन्द चन्द्र चमत्कार चञ्चूर्यमाण अमृत बिन्दु संदोह धवल–मौलि माले भूरिभूति वैंभव विभा विभासित शिव का शिवा लता बाहु परिष्वङ्ग उमा परिरम्भमण पुरस्सर संश्लिष्ट रूप श्वेत बिन्दु शिव शोणित बिन्दु शिवा के मिश्रित रूप से काम कला निष्पन्न होती है उद्दामकामकमनीय कला कलाप रूप है उसी से सृष्टि वृहण होता है श्री कालिका के भजन महिमोदगार सुरभि में धाणेन्द्रियवत् समस्त इन्द्रिया भगवती रस से आप्लावित हो सकती है।

येन रूपेण यः समुपास्यते, तस्मिन तद्रूप प्रार्प्ति भवतीति यह शास्त्रे सिद्धान्त है असमुद्रोत्पन्न रत्नवत् हृदय तल को भक्ति रस से अनुरञ्जित करती ये (इस पुस्तक की) पंक्तियां

"ऐ (कपालकामिनि) माँ काली मै तेरे पैरो का नूपुँर हूँ जो शंङ्कर से मिलने जाया करेगी तो मै जय
शिव जय शिव बोला करूगाँ ।"

हृद् कमल मञ्चे डोले
कराल वदनी श्यामाँ

प्रवक्ता
ब्रदी विशाल त्रिपाठी

माननीय श्री विनोद अग्रवाल निवासी (श्री सेठ जी) अलीगढ़ उ० प्र० का मै हृदय की प्रत्येक स्पन्दन से ऋणी हूँ जिन्होंने अपने आर्थिक सहयोग के द्वारा इस चिर अभिलषित ग्रंथ का प्रकाशन कराने मे सहृदयता दिखाया 'माँ काली' उन्हे एवं उनके परिवार को सुसम्पन्नता एवं दीर्घ आयुष्य प्रदान करे तथा अजस्र शांति दायिनी बने।

इस मुद्रण कार्य में सहयोग मेरे अनुज कार्तिकेय तिवारी 'एम० ए०' ने व्यवस्था एवं सम्पादन में सहयोग का सराहनीय कार्य किया है परमात्मा एवं माँ काली उन पर कृपा वर्षण करें।

"मनोजानन्द कपालेश्वर"



हमारी सहधार्मिणी श्रीमती "अर्चना त्रिपाठी" ने हमारे लेखन कार्य में अत्यंत उत्सुकता एवं धैर्य के साथ सराहनीय सहयोग किया है बिना उनके लेखन के शायद यह कार्य मेरे लिए अत्यन्त दुस्कर होता जीवन संगिनी होने के कारण उन्हे स्वतः मेरी 'माँ' का आर्शीवाद मूर्तिमान होता दिखाई देगा।

(मनोजानन्द लेखक)

श्री मनोजानन्द कपालेश्वर जो कि ब्रह्मलीन स्वामी करपात्री जी के मांसिक शिष्य है। और स्वामी जी के प्राप्त साहित्यों को हृदयगम कर रखा है लगभग उनमें बोलने की अद्भुद सामर्थ देखते हैं। काली साहित्य का शाक्त जगत में कोई विपुल साहित्य समग्र रूप से नही था लेखक ने भरपूर प्रयास किया है कि माँ काली पर पर्याप्त साहित्य मिले।

इसके लिए मैं उन्हे साधुवाद देता हूँ। काली उपासना में संलग्न लोगों के लिए यह पुस्तक अत्यन्त उपादेय होगी।

प्रवक्ता

ब्रदी विशाल त्रिपाठी

७७७•८८८

कालिकोल्लास–1

डिम्बं डिम्बं सुडिम्बं पच पच सहसा झम्य झम्य प्रझम्यं
'नृत्यान्ता' शब्दवाद्यैः स्त्रजमुरसि शिरः शेखर ताक्ष्यै पक्षैः।
पूर्ण रक्तासवानां यममहिष महाश्रृङ्गमादाय पाणौ।
पायाद्वो वन्धमानः प्रलयमुदितया भैरवः काल रात्र्या।।

अन्त में कहा गया है कि उसके वक्षस्थल पर माला शिर पर आभूषणों के रूप में गरूण के पंख है रक्त वर्ण की वारुणी के मद में विह्वल तथा हाथों मे यमराज के महिष की सींग है गान की लय ताल पर डिम्ब डिम्ब सुडिम्ब पच पच पच झम झम प्रझम आदि ध्वनियों पर नृत्य चल रहा है प्रार्थना है कि आपके स्वामी भैरव जो अपनी अर्धांगिनी कालरात्रि के साथ प्रलय के समय आनन्दित है वे आपकी रक्षा करें।

जमनिका

कालसंङ्कलनात् काली (कामधेनुतन्त्रम्)
काल का ग्रास करने से काली है।
क्षेपाज् ज्ञानाच्च काली कलनवशतया।।
कालसंङ्कलनात् काली (कामधेनुतन्त्रम)
काल का ग्रास करने से काली है।
क्षेपाज् ज्ञानाच्च काली कलनवशतया।।

अभिनव गुप्त ने तन्त्रसार में काली शब्द की व्युत्पत्ति का निर्देश करते हुए प्रकाश स्वरूप परमेश्वर के पराशक्ति रूप विमर्श को ही लक्ष्य किया है उसी को उर्मिह्रदय सार स्पन्द विमूति तृषिकाकाली कर्षिणी चण्डी वाणी आदि शब्दों से अभिहित किया है।

कल शब्द संख्यानयोः भ्वा०
कल विलक्षेपेकल गतौ संख्याने च
कल शब्दे इति चतुर्भ्यो धातुभ्यः
कलति कलते कलयति कलय ते
सर्वमात्मनि अथवा कलयत्यायुः
कालयति सर्वाणि भूतानि इति निरूक्तया

विचरतु मतिरेषा निर्विकल्पे समाधौ, कुच कलश युगे वा कृष्ण सारेक्षणानाम्, चरतु जड़मते वा सज्जनानां मते वा मतिकृत 'गुणदोषा मां' विभु न स्पृशन्ति।। (योगतारावली)

(चाहे ज्ञानी की मति बुद्धि निर्विकल्प समाधि में रमण करे चाहे मृगनयनियों के वक्ष स्थल पर चाहे मूर्खो का संग करे चाहे विद्वानों का उस विभु आकाश तुल्य आत्मज्ञानी को मति कृत गुण दोष नही छूते। (अथवा मुझ आत्मा को)) (शंकराचार्य)

क्व चिद्बालैः सार्ध करतलजतालैश्च हसितैः, क्व चिद्वै तारूण्याकिंत चतुरनार्या सह रमन, । क्व चितवृद्धैश्चिता क्व चिदपि तदन्यैश्च विलपन्, मुनिर्न व्यामोहं भजति गुरूदीक्षा क्षततमाः।।

अर्थ–कभी बालकों के संग करतल ध्वीन पर हसनें से कभी यौवनाऽकित अङ्कित प्रमदा के संग रमण से कभी वृद्धा से मन लगाने पर या अन्य से बात करने पर ज्ञानी मुनि जो दीक्षा से जिसका अज्ञान नष्ट है वह व्यामोह को नही प्राप्त होता।

कालसंङ्कलनात् काली (कामधेनुतन्त्रम)
काल का ग्रास करने से काली है।

क्षेपाज् ज्ञानाच्च काली कलनवशतया।।
क्व चिच्छैवैः सार्धं क्व चिदपि च शाक्तै सह रमन्,

कदा विष्णोर्भक्तैः क्व चिदपि च सौरैः सह वसन्,
कदाचिदगाणेशैर्गत सकल भेदोऽद्वयतया

मुनिर्न व्यामोहं भजति गुरूदीक्षा क्षततमाः।।

(ज्ञानी कभी शैवों के साथ कभी शाक्तों के संग कभी वैष्णवों के संग कभी सौर्यो के संग) कभी गाणपत्यों के संग अपगत भेद होकर रमा करता है। गुरूदीक्षा से अज्ञान नष्ट होने से ब्यामोह को प्राप्त नही होता है। जैसे एक ही स्वाति बूँद बांस में पड़कर वंशरोचन सीपी मे पड़कर मुक्ति का कदली मे पड़कर कर्पूर रूप से परिणित होता है ऐसे एक ही वेदान्त वेद्य भगवती चिति भक्तों के भावनानुसार नाना नाम रूपों में विलसित होती है।

मदान्ध सिन्धुर घटा (जमघट) (हाँथी झुण्ड) के घण्टा संङ्घट से त्रस्त वैरि वनिताओं से संस्तुत आसमुद्रक्षितीश पति या दिव्य स्त्री करो के चारू चमार संचार जनित वायु से संसेव्य चक्रवर्ती या विरल कङ्कण क्वणन सहकृत वरङ्गनाओ से सेव्य सम्राट भी कौलिकेन्द्र से अकिञ्चदकर है।

सर्वमात्मनि अथवा कलयत्यायुः
नैवात्र काव्यगुण एव तु चिन्तनीयो
ग्राह्य : परं गुणवत्ता खलु सार एव।
सिन्दुर चित्र रहिता भुवि रूपा शून्या
पारं न किं नयति नौ रिह गुन्तु कामान् ।।

अर्थ–किसी भी गुरू में काव्यादिक गुणों का चिन्तन नहीं करना चाहिए गुरू में काव्य कोशादि पढ़ा है कि नही किन्तु गुणों वाले गुरू में सार वस्तु हो उसी का ग्रहण कर लेना सब असार वस्तु का त्याग कर देना–दृष्टान्त स्वरूप लीजिए जैसे सिन्दूर चित्रों की नौका नदी से पार करा देता है तैसे सिन्दूर के चित्रों से रहित नौका भी पार करा देती है।

चण्डोदण्ड निशुम्भमानमथना त्युष्णोष्ण रक्तप्रिया
उत्तालोद्धततण्डावाहतनभोविध्वस्तताराग‌णा
पिण्डेषोऽश नाडिकार्चितपादा षट्चक्रवक्रासना
मुण्डस्रगपरिवेष्टिताम्बर पटा सिद्ध वै करालाऽस्तु वः

चण्ड उद्दण्ड निशुम्भ के मान मथन (कर) उष्ण रक्त प्रिया है जिसके उत्ताल उद्धत ताण्डव से नभगत तारामण्डल विध्वस्तवत प्रतीत होता है षोडस नाड़ी में (देहगत) जो संम्पूज्य, और षट चक्रो पर वक्रासना है मुण्ड माला से लिपटी हुई दिगम्बरी कराल काली हम सबको को सिद्धी दे।

लीलया दानवं हत्त्वा किञ्चिद् किञ्चिद्हसन मुखी
विक्रीडन पुरस्सर दानवों का संहनन कर माँ मन्द मन्द किञ्चिद हास्य उपेत मुखाम्बुज

यद् ब्रह्ममाण्ड कटाह सम्पुटतटोल्लासि प्रचण्ड महः
यत्तद्गर्भविभाण्ड मण्डन महज्ज्येयोतिः परं ज्योतिषाम्
ध्यानावस्थित तद्गतेन मनसा यद् योगिभिर्ध्यायते
तत्ते धाम निरस्तविश्व कुहकं भर्गः परं धीमहि।।

ब्रह्माण्ड कटाह के सम्पुट तटों पर उल्लसित महा तेज जो उसके (ब्रह्माण्ड) गर्भ गत मण्डन शोभा रूप और जो सूर्य आदि ज्योतियों की भी ज्योति, जिसको योगी लोग ध्यान में परिचिन्तन करते है जो नित्य निरस्त कुहक माया रूप महा भर्ग रूप है उसका ध्यान करते हैं

हेलया लीलया भक्त्या कालीं स्तौति नरस्तु य।
ब्रह्मादीं स्तम्भयेद देवि माहेशीं मोहयेत्क्षणात् ।।

कालिकापाद सरोरूह कृष्णभृङ्ग भक्त हेला या लीला या भक्ति से जो नर माँ काली को भजता है वह ब्रह्मा का स्तम्भन और महेश्वरी का भी विमोहन कर सकता है
कृशानु वत ताप त्रय विदग्ध चित्त के लिए माँ शीतल छाया है उनका पाद पद्म तत्त्वबोध शान्ति सौख्य दायक है।

निः स्तुति निर्नमस्कार निः स्वधाकार एव च।
चलाचल निकेतश्च मुनिः या दृच्छिको भवेत्।।

कौलेन्द अवधूत स्तुति (गुणकथन) नमस्कार और पितरो के तर्पण रूप स्वधाकार (क्रियायों से) निरपेक्ष स्थावर जङ्गम उसका घर और स्वच्छन्द स्थिति होती है किं हेयं किं उपादेयं किं अन्यत् किं विलक्षणं,किं वचनीयं किं अवचनीयम्, किं रचनीयं किं अरचनीयं किं बोधव्यं किं अबोधव्यम् किं भोक्तव्यं किं अभोक्तव्यम् अर्थात् क्या हेय है क्य उपादेय है क्या अन्य क्या विलक्षण क्या कहने योग्य है, क्या नही कहने योग्य है, क्या निर्माण करने योग्य है क्या नहीं निर्माण करने योग्य है क्या जानने योग्य है क्या नहीं जानने योग्य है क्या भोग्य है क्या अभोग्य इन विकल्प संजाल मुक्त होता है।

सर्वं कालीमयं सर्वं कालीमयरे

भगवती चिन्तन केन्द्रत भोग भी कौलिक का ब्रह्मचर्य योग है ब्रह्मचर्यमेव यद्यद्रात्री रत्या संयुज्यन्ते
(प्रश्नोपनिषद)

सर्वं ब्रह्ममेतियों वेद स ब्रह्मचारी सब कुछ ब्रह्म ऐसा जो जानता है या ब्रह्म में रमण करने से ब्रह्मचर्य है वही ब्रह्मकाली गृही बनी है शरीर गृह में स गृही यो गृहातीतः शरीरं गृहमुच्यते।

कालि कपालिनी शूलिनी भैरवि
मातङ्गि पक्षिमि त्रिपुरे ।
वाग्देवि विन्ध्यवासिनि वाले
भुवनेशि चिरं पालय माम् ।।

इन नाम वाली देवियां दीर्घकालीन पालन करें हमारा । निजसुत के अवन रक्षण में विह्लमाँ काली।

यदवत मुकुरे प्रतिबिम्बत्वम्
स्थाणौ यदवत नररूपत्त्वम्

भानु करे यदवत् तोयत्वम्
शुक्तौ यदवत् रजतमयत्वम्
तदवत् जीवत्वं ब्रह्मणि
तदवत् जीवत्वं (श्री परमशिवेन्द सरस्वती)

महाचिति भगवती माँ काली में सम्पूर्ण विश्व भासित होता है अपरिगणित कोटि कोटि ब्राह्माण्डात्मक प्रकृष्ट पञ्चप्रपञ्च अधिष्ठान भूता अस्तीति सत् चेतयति इति चिदआनन्दयति आनन्द सच्चिदानन्द माँ में सम्पूर्ण विश्व सत्ता स्फूर्ति सरसता को समधिगत होता है जैसे दर्पण में आकाशमण्डल मेघमण्डल सूर्य, चन्द्र मण्डल, नक्षत्र मण्डल द्रुतगामिनी शैलापगाओं उत्ताल दुर्दान्त तरङ्गो ताण्डव परायण अनवगाह्य अगाध नीलसागर परिलक्षित होता है दर्पण स्पर्श करने पर कुछ भी अधिगत नही होता है महाचिति स्वच्छ ब्रह्म है भवं जगत् आनयति उत्पद्यते यस्या सा भवानी जगत्उत्पादयित्री भवानी है। दृष्टिपात से भक्तो की कामनाओं को पूर्ण करती है कामेश्वरी कामाक्षी

सर्वज्ञा साक्षिपातेन सर्वान् कामानपूरयत ।
कामाक्षीति तदाभिख्यां ददौ कामेश्वरीति च ।।

निः शेषंश्रेयः –अशेष श्रेय किंवा निःश्रेयसदात्री ऐहिक आमुष्मिक अपवर्गपद्रा भोगदा माँ श्यामा है निजसुतअवने विह्वला माँ

तव च का किल न स्तुतिरम्बिके
सकलशब्दमयी किल ते तनु।
निखिलमूर्तिषु में भवंदन्वयो।।
मनसि जासु बहिः प्रसरासु च।
इति विचिन्त्य शिवे शमिता शिवे।
जगति जातमययत्नवशादिदम्।

स्तुति जपार्चनचिन्तनवर्जिता न खलु काचन कालकलास्ति में।।
(महामाहेश्वर आचार्यअभिन व गुप्त)

हे जगदम्बिके ! संसार में कौन सा वाङमय ऐसा है जो तुम्हारी स्तुति नही है, क्योंकि तुम्हारा शरीर तोसकल शब्दमय है हे देवी! अब मेरे मन में संकल्प विकल्पात्मक रूप से उदित होने वाली एवं संसार में दृश्य रूप से सामने आने वाली सम्पूर्ण आकृतियों में आपके स्वरूप का दर्शन होने लगा है। हे समस्त अमंगल ध्वंसकारिणी कल्याण स्वरूपे शिवे! इस बात को सोचकर अब बिना किसी प्रयत्न के ही सम्पूर्ण चराचर जगत में मेरी यह स्थिति हो गई है कि मेरे समय का क्षुद्रतम् अंश भी तुम्हारी स्तुति जप पूजा अथवा ध्यान से रहित नही है अर्थात मेरे समपूर्ण जागतिक आचार व्यवहार तुम्हारे ही भिन्न भिन्न रूपों के प्रति यथोचित रूप से व्यवहृत होने के कारण तुम्हारी पूजा के रूप में परिणत हो गये हैं।

कल प्रेरणे

कालः शिवस्तस्य पत्नी काली
पुंयोगादाख्यामाधाम इति ङीषिवा

काल की भोगदा भट्टारिका पत्नी काली अप्रतिबद्ध शक्ति है

तत्राद्योहि महाकालो भुक्तिमुक्ति प्रदः सताम्।
शक्तिस्तत्र महाकाली
भक्तेप्सित फलप्रदा।।

महाकाल आद्य (रुप से) सत पुरूषो को भक्ति मुक्ति प्रद है उनकी शक्ति महाकाली अशेष भोगापवर्ग भक्तो को वितरण करती है।

महाकाल मुख्याशक्ति अपरा (दूसरी विस्फूर्लिङ्ग) अङ्ग भूता है।
प्रलयसमय में स्वविजयोल्लास उत्कर्ष से–हसन् मन्द मन्दम्।

नव महाविद्या क्रियात्मक है श्री काली एक क्रियाधार भूता है क्रिया धारिणी निर्निरोध महाशक्ति कालिका है महाभारत के विराट पर्व मे श्री काली दुर्गा रूप से वर्णित है

केनोपनिषद मे हैमवती उमा रूप से परिलक्षित है।
श्वेताश्वतर उपनिषद में शक्ति रूप से चर्चा अर्चा है ।।

नरायणोपनिषद में दुर्गारूप से संस्तुत्य है योगवशिष्ठ ग्रन्थ में श्री श्री महाकाली का वर्णन है। माता कल्याणमयी करूणामयी होती है आशुतुष्ट होती है कभी रूष्ठ नही होती अपराध को भी क्षमा करती है इसी हेतु से लोगों को स्वाभाविकी प्रवृत्ति होती है।

"कलौ जागर्ति कालिका"
कलयुग में अविलुप्त दृक् रूपा कालिका है।

"नैव स्त्री न पुमानेषा नैव चापि नपुंसकम् यद्यच्छरीरमा धत्ते पूज्यते तेन तेन सा" काली जिस जिस शरीर में जाती (कुमार कुमारी वृद्धा रूप में) तदरूप हो जाती है।

यह काम कला समस्त चराचर में जागृत है वह त्रयीमयी है साम उसका मुख है ऋक् तथा यजुः उनका स्तनद्वय है तथा अथर्व हार्द्धकला है रूप है उनका तूरीय रूप साक्षात ब्रह्म है पुनश्च वही कवली निः शेषतत्त्व ग्रास स्वरूपपिणी है।

ध्यान

देवी का ध्यान सत्ताइस श्लोको में वर्णित हे प्रपदालम्बी धन केशदाम से उनका मस्तक विभूषित है तथा केश बिखरे है देवी के शरीर का वर्ण मत्त कोकिल की तरह आभा से युक्त हे पके जम्बूफल की तरह प्रभा से परिपूर्ण है उनके तीन नेत्र लाल रंग से युक्त है कन्धे पर नरमुण्ड लम्बित है काली माँ उस धारा का पान करती है सृक्कद्वय से रक्त धारा प्रवाहित होकर स्तन के उपर से जाती है सफेद अस्थि गुटिका द्वारा उनकी माला निर्मित है शवों की लम्बी अगुँलियों से उनका वक्षोदेश आवृत है उनका कटि देश क्षीण है जघन प्रदेश अत्यन्त विशाल है उनकी सोलह भुजाएँ विशाल एवं मांसल है शवों की धमनी से उनका कंङ्कण बना है शवों के हाथों की उनकी मेखला है उनके सोलह हाथों मे दक्षिण क्रम से असि त्रिशूल चक्र शर अकुंश लालन कत्री तथा अक्षमाला है वाम क्रम में पास परशु चाप मुद्गर नाग शिवा पोत खर्पर जो वशा रक्त से तथा मेदा से संयुक्त है लम्बायमान केश रासि से युक्त नरमुण्ड है । शव पञ्जर ही उनका नुपुर है शमशान की प्रज्वलित महाअग्नि की मध्य में वह विराजमान है अधोन्मुख महादीर्घ प्रसुप्त शव के पृष्ठ पर उन्होने प्रत्यालीढ़ पद की स्थापना की है घोर रुपा शिवा दक्षिण एवं वाम पार्श्व में अग्नि का उद्वमन करती है वह विवसना अर्थात् दिगम्बरा वस्त्रहीना है विर्कीण केश पास है महाभयानका है तथा योग पद विभूषिता है वह महा भैरव के संघ विप्रतीप रिरंसा (महाकाल को भोग्य बनाकर स्वयं भोक्ता बनकर) रमणेच्छा करती है उसके अंगा अवययों की आकृति खर्वा है कोटि कोटि काला नलसंज्वाला भी उसकी गात्राभा से पराभूत है।

वह भगवती काली काल को स्व अधिकार से अपसारित करती है उसी का नाम कालसंकर्षिणी है।

काल संकर्षिणी तार तम्य या क्रम का अतिक्रमण करते हुए अक्रम रूप में जीव को प्रतिष्ठित करती है महाकाल तथा महाकाली रूपिणी आद्यशक्ति का साक्षात्कार होता है। हम कौलिक साधना की दृष्टि का अनुसरण करके जिस महाकाल भैरव की चर्चा की उसी के साथ अभिन्न रूप में वर्तमान है काली –

केरल में मिथिला बङ्गदेश में गुहयकाली हंसकाली श्मशान काली दक्षिणा काली कामकला काली श्मशान गुहयकाली आदि के उपासना क्रम प्रचलित है उसी प्रकार सृष्टिकाली स्थितिकाली रक्त काली मृत्युकाली चण्डोग्रकाली तथा कालसङ्कर्षिणी काली तन्त्रलोक में अभिनवगुप्त ने किया है। विभाववीर साधक के लिए पंञ्चतत्व का व्यवहार केवल मानस पूजा के अन्तर्गत है।

दक्षिणाचार का अर्थ है–शिवो भूत्वा यजेत पराम् साधक स्वयं शिव भाव ग्रहण कर शक्ति की उपासना करे। तत्पश्चात् भाव का किञ्चित बदलाव होता है तब **वामा भूत्वा यजेत पराम्**–इस प्रकार अनुसरण किया जाता है। इस प्रकार उपासना की पद्धति से वामाचार नाम का उद्भव हुआ शिवरूप से शक्ति की उपासना तथा शक्ति रूप से शक्ति की उपासना इन दोनो ही स्थलों में अनुकल्पहीन पंचतत्व द्वारा अर्थात मुख्य पञ्चद्वारा प्रकृत शक्ति की उपासना की जाती है

शिव चित्स्वरूप है शक्ति उसका काल स्वरूप है दोनो जहाँ बराबर हैं वहीं काम रूप बिन्दु है इस बिन्दु का एक बहि : नि सरण है जो हार्द्धकला रूप में आत्मा प्रकाश करता है हार्द्धकला की सृष्टि शिवशक्ति समरस्य मूलक है वही आनन्दप्रद है यही कामकला का स्वरूप है इसी से पूर्ण स्वरूप के अर्न्तगत भगवद्धाम रचित होता है।

शिव शक्ति का सामरस्य घटित होता है यह सामरस्य निर्विकार है इसमें न हास है न वृद्धि न आदि अनन्त स्वप्रैकाश चिदानन्दमय है जो इन दोनों का सामरस्य है वही परम बिन्दु है इसी का परिभाषिक नाम सूर्य है उसी का नामान्तर है "कामाख्यारवि"

जो दो बिन्दु शिव और शक्ति के रूप में आत्मप्रकाश करते है उसमें एक को अग्नि दूसरे को चन्द्र शब्द कहते है।

मुखं बिन्दुं कृत्वा कुचयुगमधस्तस्य तद
हरार्द्ध ध्यायेद यो हरमहिषि ते मन्मथकलाम।
(भगवान शंकराचार्य।) **(सौदर्यलहरी)**

बिन्दु के क्षोभ से वह जैसे एक ओर शुद्ध देह, इन्द्रिय योग के विषय तथा भुवन रूप में परिणत होता सिद्धान्ती शैवों के मतानुसार शिवशक्ति तथा बिन्दु रत्नत्रय नाम से परिचित है शिव चित्स्वरूप है शक्ति चिद्स्वरूप है शक्ति चिद्स्वरूपिणी है किन्तु बिन्दु चित्स्वरूप नही है वह शुद्ध माया रूपी है शिव की परिग्रह शक्ति रूप अचित तत्त्व है दोनो ही चित्तस्वरूप है लेकिन शिव निष्क्रिय है शक्ति क्रियात्मिका है शिव में जब शक्ति की अभिव्यक्ति होती है तब वह इच्छा रूप में होती है शिव की जो इच्छा है वही शक्ति का स्वरूप है यह शक्ति समवायिनी शक्ति नाम से प्रचलित है जो शिव के साथ अभिन्न रूप से विद्यमान है इसका नामान्तर है उपादान शक्ति बिन्दु का उपादान जड़ है इसलिए शिव में इच्छा उदय होने पर इस इच्छा स्वरूप के आघात बिन्दु में विक्षोभ होता है वह इच्छा अनुरूप आकार धारण करता है यही महामाया की कृपा है

अर्द्धमात्रा बिन्दु के वेग की ही मात्रा है बिन्दु की स्वाभाविक मात्रा अर्द्ध है इसकी प्राप्ति एकाग्रता का परिणाम है लेकिन आज्ञाचक्र तक पहुचॅने पर निखिल विश्व बिन्दु के आकार समाप्त हो जाता है।

शक्ति के क्रोड़ में आरूढ़ होकर शक्ति की धार में प्रवाहित होते हुए महा समुद्र में संगमायित होता है साधक शक्ति जब शिव धाम में साधक को पहुँचा देती है जब जीव शिवभावापन्न हो जाता है।

माया के राज्य में एक मात्र अनुभूति है जाग्रत स्वप्न सुषुप्ति । इसी की अनुवृत्ति होती रहती है जो माया के राज्य में रहकर माया के उर्ध्व में भी सञ्चरित होती है माया का राज्य काल के अधीन है पहला जो काल है वह आर्वत्त गति सम्पन्न है माया के उर्ध्वगति का काल सरलगति सम्पन्न है यह सरल गति साधक को निर्दिष्ट लक्ष्य तक पहुँचा देती है

ध्यान में देवी प्रभाव से उत्पन्न रक्त समुद्र के मध्य रक्त बालुकामय द्वीप की संकल्पना की जाती है रक्त मांसादि से प्रपूरित है द्वीप में अयुतमण्डल (अयुत (10 हजार योजन) परिक्षेत्र है उस मण्डलान्तर्गत शत योजन सुविस्तृत भयंङ्कर श्मशान है जहाँ नरमुण्डों का तोरण (स्वागत द्वार) है उसके आभ्यन्तर रत्नमयसिंहासन है इस सिंहासन के चार कोणों को चारो वेद चारो युग धारण किये हुए है उसके ऊपर भी एक सिंहासन है जिसका धारण आठ टिकपालो ने किया है इसके ऊपर भी एक सिंहासन है इसका धारण ब्रह्मा विष्णु रूद्र ईश्वर तथा सदाशिव रूप पञ्चप्रेत द्वारा हुआ है इसके ऊपर भी चौथा सिंहासन है जिसे आठ भैरवों ने धारण किया है इसके उपर षोडष दल कमल है इसके दल षोडष प्रकार के यज्ञों से बने है इसके ऊपर शिव का आसन बना है इसके ऊपर अष्ट दल कमल है जिसके दल धर्म ज्ञान वैराग्य ऐश्वर्य यश विवेक काम तथा मोक्ष है इस पर स्निग्ध श्यामला भगवती दशमुखी गुहयकाली विराजमान है इसकी सत्ताइस आँखे है वाम दक्षिण तथा सम्मुख मे दो दो आँखे है अन्य सात मुखों में तीन तीन आँखे है हाथी के समान उर्ध्व मुख है इसके नीचे श्वेत सिंह का मुख है उसके नीचे कृष्ण श्रृंगाल का मुख है इसके 'वाम' भाग मे लाल वर्ण वानर का मुख है दक्षिण भाग में काला भालू का मुख है इसके नीचे मानव का मुख है इसके वाम भाग में पिङ्गवर्ण गरूण का मुख है दक्षिण मे मगर का हरित वर्ण मुख है वाम मे हाथी दक्षिण भाग मे काले घोड़े का मुख है घोर अट्टहास करती हुई हमेशा मुखों को कपाती हुई भ्रू भङ्ग द्वारा आकृति को टेढ़ी करती हुई जटा जूट अर्थ चन्द्र धारण करने वाली रूधिर टपकते हुए नग्मुण्डों की माला विशाल सघन लम्बे बालो को पैर तक लटकती हुई भगवती योगिनीयों के सङ्गविहार (श्मशान में) करती है इसकी चौवन भुजाओं में अस्त्र शस्त्र विराजमान है

माँ गुहयकाली का परिचय निम्न श्लोंको में वर्णित है।
इयंहि वर्णतः काली जन्मना च गिरीन्द्रजा।
मया–हि गोपिता यस्मात्तस्माद गुह्या वभूवह ।।

जन्म से पर्वतराज हिमालय की कन्या वर्ण से श्याम तथा शिव द्वारा संरक्षिता होने से गुह्या अर्थात गुहयकाली कहलाती है

दुर्गासप्तशती में भी इसी प्रकार श्लोक मिलता है

तस्या विनिर्गतयां तू कृष्णाऽभूतसापि पार्वती, कालिकेति समाख्याता हिमाचल कृताश्रया।। गुहयकाली को उत्तराम्नाय की आद्या देवी कहा गया है।

औपनिषदिक ब्रह्म एवं गुह्यकाली के अनाख्या स्वरूप का ध्यान तुल्य रूप में पाया जाता है ।

निर्गुणा निराकार प्रबोधातीत गोचरा साक्षिणी परानन्दा तथा प्रत्यग्ज्योतिस्वरूपा आदि विशेषणों से विभूषित कर अद्वैत कहा गया है महाकाली तो निर्गुण ब्रह्म से बढ़कर है

इच्छा ही इस सकल चराचर की है नियामिका है उसी के वश में सकल संसार है वह किसी के वंश में नही। इस संसार का पालन सृष्टि संहार सब वही करती है

"स्त्रीणां त्रैलोक्य जातानां कामोन्मादैकहे तवे, वंशीधरं कृष्ण देहं चकार द्वापरे युगे ।। यह श्लोक काली व कृष्ण के ऐक्य का प्रमाण है।

माँ काली की शक्ति से संसार सामर्थ्यशाली है यह देवी दैत्य दानवों के वध के लिए सौम्य छोड़कर भयंकर रूप धारण करती है।

यह देवी कपिल आदि मुनियों के द्वारा सतयुग चण्डयोगेश्वरी नाम से त्रेतायुग में राजाओं द्वारा सिद्धिविकराली नाम से द्वापर में ब्राह्मणों द्वारा सिद्धि कराली नाम से प्रसिद्ध हुई या उपासिता हुई हैं अब इस कलयुग में अपामर जनता द्वारा गुह्यकाली रूप से उपास्तिता हो रही है।

वर्तर्तिसर्वोपरिचित्प्रकाशा।
सा गुह्यकाली परिपातु विश्वम्।।

उपासना

द्विव्याचार भावना प्रधान होता है वीराचार क्रिया प्रधान आचार्य उदयन ने कुसुमाञ्जलि में मनन को उपासना कहा है

उपासनैव क्रियते श्रवणान्तरागता मनन की प्रगाढ़ता ही निदिध्यासन का अन्तिम सीढ़ी है।

सौत्रामणि एवं वाजपेय यज्ञों में होता के लिए सुरापान की वैधता आश्वलायन भाष्य में पुंश्चली ब्रह्मचारी समागम का उल्लेख छान्दोग्य उपनिषद में वामदेव की उपासना कलत्र ग्रहण परक मन्त्रों का उल्लेख अश्वमेघ एवं गोमेध यज्ञ में पशुमारण आदि का विधान यहाँ उल्लखित है।

वस्तु का गुण या दोष उपयोगाधीन है स्वाधीन नहीं । इसीलिए सौत्रामणि यज्ञ के लिए सुरापान वैध होकर भी दूसरो के लिए निन्दनीय है इसी तरह मांस का भक्षण जीव हिंसा वैदिक यज्ञ तान्त्रिक पूजा में विहित पुण्य जनक होकर भी अन्यत्र पाप का जनक है। वही वस्तु शाक्त तन्त्र मे वीर साधक के लिए प्रशस्त हो "लोक व्यवहार में छूरा का प्रयोग डाक्टर द्वारा जीवन दान तथा डकैतो द्वारा वध के लिए के लिए होता है शुभ वासना से किया गया आचरण प्रशस्य तथा पुण्यप्रद है जन्म के समय नंगे शरीर से मातृयोनि से शिशु के शिश्न का स्पर्श पाप का विषय नही किन्तु वही शिशु युवावस्था में कामवासना से पूर्ण होकर मातृगमन न कर बैठे इसलिए शास्त्रों में कहा गया है एक ही आसन पर माँ और बेटे को नही बैठना चाहिए।

मात्रा स्वस्त्रा दुहित्रा च न विविक्त आसनो भवेत्।
बलवान इन्द्रियग्रामों विद्वासमपि कर्षति ।। (मनु०)

जहाँ अकारण तृण का छेदन भी निषिद्ध है उस स्थल में प्राणिवध की तो बात नही कौल दर्शन में भैरव ने प्रतिपादित किया है जिसके उपयोग से वैदिक रीति में पाप होता है इस मार्ग में सिद्धि के लिए पुण्यप्रद है

देवतार्थ द्विजार्थं वा हत्वा पापैर्न लिप्यते
"मामनादृत्य यत्पुण्यं पापं स्यात प्रतिभाषतः।
मन्निमित्तं चरेत पापं पुण्यं भवति
शाम्मवि"देवान पितृन समभ्यर्च्य देवि शास्त्रोक्त वर्त्मना।
गुरूं स्मरन पिबन मद्यं खादन,
मांस न दोषमाक्।

इन प्रमाणों के पश्चात् हम इतना ही कह सकते है कि माँ इन कार्यों से अधिक सन्तुष्ट होती है अतः राजाज्ञा की तरह इन विधानो में विचार किए बिना ही प्रवृत्त होना चाहिए।

परस्त्री सङ्गमों देवार्थं सुकृताय हि।
को हेतु नैंव जानामि देवी प्रीतिकरा इमे
राजाज्ञेवा प्रणोद्येयं सैव ब्रूते सनातनी
न पाप जनकं यादृक यज्ञार्थ पशुधा तनम्
न किल्विष कर स्तादृक परस्त्री सङ्गमादिकः।

ककड़ी कूष्माण्ड तथा आम आदि फल अथवा चावल का आटा खोया मक्खन देय बलि पशु का पिण्ड निर्माण कर हिंसा जन्म दोष से बचते हुए आगमीय रीति से परिपालन कर दोष से बचना चाहिए। सगे सम्बन्धी से अलग सुन्दरी के साथ देवी बुद्धि से पूजा का समय सम्भोग करने से उसकी पूजा करने से लोकाचार का उल्लंघन नही होता दिन में सम्पाद्य सात्विक पूजा में ही द्विज का अधिकार है रात्रि में नही ।

तारा भक्ति सुघार्णव में कहा गया वामाचारी ब्राह्मण साधक को भी मद्य मांस मैथुन से परहेज रखना चाहिए।

वावगमोऽपि विप्रस्तु मद्यं मासं नभक्षयेत्
स्वकीया परकीयां वा नाकृष्य ब्राह्मणो यजेत ।

देवी की स्पष्ट उक्ति है सात्विक पदार्थों के अर्पण से वह जितना अधिक तृप्त होती है उतना मद्य मांस के विविध प्रकारों से नही। अपनी तपस्या के प्रभाव के प्रभाव इन्द्र के भी सिंहासन का गिराने में समर्थ वशिष्ठ तथा विश्वामित्र ने कभी मदिरा का प्रयोग नही किया था।

तथापि द्विज (ब्राह्मण) को मदिरा का प्रयोग कभी नही करना चाहिए। माँ काली कहती हैं जो साधक मेरे इस वचन का अनादर करते हुए शास्त्र की व्यवस्था को न मानते हुए मोह लोभ वश मेरी पूजा में मद्य मांस का प्रयोग करेगा वह अवश्य दण्डित होगा।

गुड़ और अदरक का बराबर हिस्सा मिलाने से कांसा के बर्तन मे नारियल का पानी रखने से उपमद्य बन जाता है यद्यपि साधक को इसका भी अर्पण नही करना चाहिए मद्य हो या उपमद्य नाम तो मद्य का नही जाता।

भारतीय साधना मे भोंग संभोग तथा अपवर्ग सब कुछ उपासना के रूप में स्वीकृत है,

देवीपदाम्भोज युगार्चकानां भोगश्च
मोक्षश्च करस्थ एवं

भारतीय धर्मपरम्परा विविधता में एकता और एकता में विविधता देखती आ रही है।

सौन्दर्य के उपासक नव जलधर रूचि कृष्ण सौन्दर्याधिष्ठात्रियों की पराकाष्ठा त्रिपुर सुन्दरी श्रीविद्या की उपासना यदि मर्यादित है तो विकरालतमा काली की भयंकरता की परम अवधि कामकला काली की उपासना भी होती है

काली नवविधा प्रोक्ता सर्वतन्त्रेषु गोपिता दस महाविधाओं का तादात्मय भगवान विष्णु के दस अवतारों के साथ स्थापित किया गया है महाकाल संहिता में कहा गया है काली तीनों लोको की प्रमदाओं के कामांन्माद के प्रशमन हेतु द्वापर में वंशीधर श्री कृष्ण के रूप में अवतरित हुई ।

स्त्रीणां त्रेलोक्य जातानां कामोन्मादैक हेतवें।
वंशीधरं श्रीकृष्ण देहं द्वापरे संचकारह ।।

कामकला काली तो आद्या शक्ति के भी भयड.करतम् स्वरूप का प्रतिनिधित्व करती है कामकला काली हम लोगो के समक्ष आती है यहाँ कामकलाख्य योग वर्णित हुआ है उसकी अधिष्ठात्री कामकला काली मानी गई है।

या गुह्यकाली सैवेयं काली कामकला विधा।
मन्त्र भेदाद ध्यान भेदाद् भवेत काम कलात्मिका।।

बिन्दु की प्रक्रिया से विश्व को अन्तर में स्थापित करने के पश्चात् वास्तविक भोग सम्पन्न होता है बद्ध जीवों का जो भोग है कौलिक दृष्टि से उसे भोग नही कहते साधारण जीव भोग करना नही जानता जो लोग प्रकृत वीर है वही वास्तविक भोक्ता है। बद्ध जीव जागृत स्वप्न सुषुप्ति तीनों अवस्थाओं में स्थिर रहता है यह भोग भी भगवान की अर्चना

"यत्कर्म करोमि तत्तदखिलं ।
शम्भो तवाराघनम्
कान्तान्न पान सम्भोग संभारादि विलासिना।
सुखेन सर्वरूपेण स बुद्धयात्मानमर्चयेत। (योगवशिष्ठ)।

स्त्री अन्न पानादि के सम्भोग के सामूहादि विलास से युक्त सब प्रकार के सुख से यर्थाथ आत्मा को जानों उसकी पूजा करनी चाहिए।

भोग के बाद तृप्ति होती है तृप्ति के बाद अर्न्तमुख दशा का अर्विभाव होता है,

संसार चक्र आत्मारूपी अग्नि से दग्ध होकर अभेद ज्ञान में पर्यवसित होता है आत्मास्वरूप भूत प्रज्वलित अग्नि में भावमय विश्व का संहार हो जाता है उसी समय पर सविद रुपा देवी की महिमा से सब प्रकार से प्रमेयों का उच्छेद हो जाता है हेय तथा उपादेय बोध तिरोहित हो जाता है। इस संस्कार के नाश होने के बाद सब मै ही हूँ इस प्रकार होता है। इसका पारिभाषिक नाम है कालाग्नि रूप इसके बाद रूद्रावस्था के अतिक्रान्त होने पर भैरव अवस्था का उदय होता है भैरव का जो रूप सर्वप्रथम आत्मप्रकाश करता है उसका नाम है महाकाल भैरव । परासंविद यहाँ महाकाली रूप में प्रकाशित होती है। महाकाल भैरव। परासंविदा यहाँ महाकाली रूप में प्रकाशित होती है। महाकाल भैरव पञ्चकृत्य सम्पादन करते है लेकिन निरपेक्ष रूप से नही जिनकी इच्छा से वह सृष्टि आदि पञ्चकृत्य करते है वह स्वयं जगदम्बा है भैरव अवस्था में परम तेज के गर्भ में सब प्रकार की परिछिन्न अहन्ता विलीन हो जाती है उस महान अग्नि मे दग्ध होकर विश्व के साथ अभेदमय पूर्णाहन्ता विद्यमान रहती है। इसी स्थिति में आने पर परम योगी परम शिव के सदृश पंञ्चकृत्य कार्य करते है।

इसके बाद परम स्थिति का विकास होता है वह देवी पूर्ण रूपा कृशरूपा है यह अघटन पटीयसी है जब यह अपने आश्रित देवी गणों का उदय करती है प्रमाता आदि पदों तथा सृष्टि आदि चक्रों का विकास करती है तब वह पूर्ण रूप है जब वह सब कुछ अपने में लीन कर लेती है। केवल कालसंकर्षिणी नाम का एक चक्र शेष रहता है उसी समय वह कृशा कही जाती है

भगवान शङ्कराचार्य को कामकला तत्त्व का विशेष ज्ञान था। पुण्यानन्द रचित काम कलाविलास एवं नटना नन्द रचित उसकी व्याख्या कामकला के सम्बन्ध में प्रसिद्ध ग्रन्थ है।

श्री विद्या की उपासना के क्रम का अनुसन्धान करते हुए कामकला का जो परिचय विभिन्न तन्त्रों में तथा उनकी व्याख्यों में मिलता है वह दक्षिण भारत का क्रम है उत्तर भारत में तथा पूर्व भारत में कालीक्रम में अनुगत रूप से कामकला रहस्य के सम्बन्ध में विशेष परिचय का एक भी ग्रन्थ आज तक उपलब्ध नही है।

शाक्त उपासना का चरम लक्ष्य है अद्वैत की प्राप्ति तान्त्रिक आचार्य गण शिव है परमा शक्ति है शक्ति के बिना शिव इच्छाहीन ज्ञानहीन क्रिया हीन है स्पन्द में भी असमर्थ हैं

शिव और शक्ति की यह अभिन्नता परमासार्व है–यही सामरस्य है।

सृष्टि के मूल में बिन्दु है परम स्वरूप के स्वतन्त्र्य जब स्पन्दन इस बिन्दु का स्पर्श करता है तब बिन्दु रेखारूप में परिणत हो जाता है सबके ह्रस्व रेखा दो बिन्दुओं से गठित है इसकी परवर्ती सृष्टि बिन्दु से नही होती है तीन रेखाओं की आवश्यकता होती है इन तीनों रेखाओं की आवश्यकता होती है इन तीनों रेखाओं के संयोग से जो त्रिकोण उत्पन्न होता है वही सृष्टि का मूल (योनि) है योनि का आश्रय लिए बिना शरीर उत्पन्न नही होता है

महामातृका विश्व जननी है मातृ का मूल में एक तथा अभिन्न है वस्तुतः यह अक्षर ब्रह्म की क्षरात्मक स्वरूप भूता शक्ति है। प्राचीन आगमों में परावाग् रूप में इसी की प्रशंसा है

मातृ का महाशक्ति का नाम है शक्तिहीन महाप्रकाश स्वरूप होते हुए भी प्रकाश मान नही। महानुभावों का कहना है।

वाग्रूपता चेदुत्क्रामेदवबोधस्य शास्वती।
न प्रकाशः प्रकाशेत सा हि प्रत्यवमर्शिनी।।

ज्ञान अथवा बोध की एक एक शाश्वत नित्य सिद्ध वागरूपता है इस ज्ञान स्वयंप्रकाश है प्रकाश रूप में यदि वाग्रूपता नही होती तो स्वरूपतः प्रकाश होते हुए भी प्रकाशमान नही हो सकता। मातृका ही प्रत्यवमर्शिनी शक्ति है मातृका के अर्न्तलीन हो जाने पर प्रकाश ही प्रकाश ही रह जाता है

अग्नि में दाहिका के तुल्य जल में शीतलता के तुल्य अर्थात् अमृत महाकाल है माधुर्य सार सर्वस्व श्री महाकाली है। जो काल परिणाम का साधक है जो अतीत अनागत तथा वर्तमान रूप में हम लोगों के सम्मुख उपस्थित होता है अतएव उस भूमि में ऐसे काल का कोई अस्तित्व नही रह जाता तान्त्रिक लोग इसे ही महाकाल कहते है अहं से इदं होने रूप में भासमान होने पर वह सृष्टि के रूप में वर्णित होने के योग्य है।

सांख्य में प्रकृति और पुरूष भिन्न है पुरूष चिद्रूप या प्रकाशरूप है लेकिन प्रकृति त्रिगुणात्मिका है यह त्रिगुण मिथ्या नही सत्य है पुरुष 'अपरिणामी' है प्रकृति नित्य परिणाम है–प्रकृति नित्य परिणाम है–प्रकृति का परिणाम क्यों होता है इस विषय में प्राचीन आचार्यो के अनेक विचार है किसी का कहना है।

कालाद गुणव्यातिकर :

स्वभाव ही मात्र उसका परिणाम है इसलिए स्वतः परिणामिनी कहा गया है प्रकृति को । विसदृश परिणाम के फलस्वरूप सृष्टि का उदय होता है विसदृश परिणाम के धर्म लक्षण तथा अवस्था तीन विभाग होते है प्रकृति के प्रथम परिणाम को लक्षण परिणाम लक्षण परिणाम के बाद अवस्था परिणाम।

तान्त्रिक का ईश्वर स्वातन्त्रयमय है वह अपने स्वातन्त्रयबल से सदृश परिणाम को भी विसदृश्य परिणाम में परिवर्तित कर सकता है।

ग्राहक ग्रहण तथा ग्राह्य से त्रिपुटी है पूर्ण अहं में त्रिपुटी नही है इस अहं के सम्मुख तटस्थ रूप में दृश्य नही भासता अहं रूप में तादात्म्य युक्त दृश्य भी नही जो ग्राहक रूप अहं है जो देहात्मबोध सम्पन्न है उसमें प्राणों की क्रिया होती है अहं महानिर्वाण समुद्र में डूब जायेगा।

काला मेघ हमारे ह्रदयाकाश में उमड़ा है मन मयूर आनन्द से नाच रहा है माँ शब्द का गर्जन कर रहा है "लोग कहँ मम जननी काली तामस भेद तामसी पूजा तामस मूर्ति निराली जाते सकल प्रकाश प्रकाशित, कहत तामसी ताको ।।

माँ श्मशानचारिणी भैरवी योगिनीडाकिनी सहवासिनि है अपरिमित बल प्रभावे पापौधहारिणी

आपदुद्धारिणिअपमृत्यु वारिणि हे कट कटा रवे (रव)
हे अपवर्गरसदोहिनी रक्तार्णवलोहि नि मरण कोटि मन्त्र कलेवरे
प्रचलष्जटाभार भास्वरे

हे विकटदीर्घदंष्ट्र संज्चूर्णित
कोटिब्रह्मकपाले चन्द्र खण्डाङ्कित
भाले देह प्रभाजितमेघजाले
निखिलरिपुदलकर्त्तिन महाट्टासिनि
नरमुण्डमालिनि शववाहिनि
भगरुपिणि भगलिङ्गद्राविणी
संहार भैरव सुरतरसलोलुपे
मदनोन्मादिनि कुप्रयोगप्रमर्द्दिनि
कौलाचारवर्तिनि सर्वभूतदमनि
नरकंङ्कालमार्लिनि
हे–योगीन्द्र ह्रदयाम्बुजासनस्थित

नीलकण्ठे देहार्द्धहारिणि कालसङ्कर्षिणि
हे निरञ्जने निरीहे निस्तरङ्गे

"स्वास्मिन् कालीं तु सम्भाव्य
पूजयेज्जगदम्बिकाम्।
त्रैलोक्यविजयी भूयान्नात्र
कार्यो विचारणा ।। (रूद्रयामले)

जो–स्व में श्री काली
का परिभावन पुरस्सर जगदम्बा
की संराधना करेगा वह त्रैलोक्य
विजयी होगा।

महावेग प्रधाविते
हे गलद्रुधिरमुण्डमाला धारिणि
हे नृत्यप्रसारित पादाघात परिवर्तित भूवलये
आत्म विद्या च देवीत्वम्
हे देवी आत्म विद्या
तू ही है

शब्द जालमशेषन्तु
धत्ते शर्वस्य वल्लभा ।
अर्थस्य रूप मखिलं धत्ते
मुग्धेन्दु शेखर :।। (वायुसंहिता)

हे देवी सम्पूर्ण शब्दजाल रूप वागमृत
तू ही है अर्थामृत तुम्हारे प्रियतम महाकाल ही है
अमृत ही अमृत है (विदुषी मनन शीला अर्चना)

कालिकोल्लास–2

डिम्बं डिम्बं सुडिम्बं पच पच सहसा झम्य
झम्यं प्रझम्यं,नृत्यन्ताः शब्दवाद्यैः स्त्रजमुरसि
शिर शेखर ताक्ष्यै पक्षैः। पूर्ण रक्तासवानां
यममहिष महाश्रृङ्गमादाय पाणौ,पायाद्वो
वन्धमाना प्रलयमुदिदतया भैरवः कालरात्र्याः।।

(योगवाशिष्ठ)

अर्थ–उसके वक्ष पर माला तथा शिर पर आभूषणों के रूप में गरूण के पंख हैं रक्तवर्ण के वारूणी के मद में विह्वल तथा हाथों में यमराज के महिष का सींग है। गान की लय और ताल पर डिम्ब डिम्बा सुडिम्ब पच पच झम–झम प्रझम आदि ध्वनियों पर नृत्य चल रहा है प्रार्थना है आपके स्वामी भैरव जो अपनी अर्द्धांगिनी कालरात्री के साथ प्रलय के समय आनन्दित हैं वे आपकी रक्षा करें।

ऐ माँ काली (कपालकामिनी) मैं तेरे पैरों का नूपुर हूँ जो तू शङ्कर से मिलने जाया करेगी तो मै जय शिव जय शिव बोला करूँगा।

महाकालस्य कलनात् त्वमाद्या कालिका परा
काल संकलनात् काली सर्वेषामादिरूपिणी
कालत्वादादि भूतत्वादाद्या कालीती गीयते। (तन्त्रे)

बिना कालीपदद्वन्द्वं कः शाक्तः धरणी तलें
नहि कालीसमापूजा नहीकाली समं फलम्
नहि कालीसमं ज्ञानं नही काली समं तपः
तस्यैव धन्या जननी धन्यस्तस्य पितामहः
धन्यं कुलं यशश्चण्डि : येनकाली समार्चिता

अथाह वै श्म श्वः शानं श्यनं शवानां शयनं श्मशान तदधिष्ठानमहाकालस्तत्पर्यङ्क समासीनां विश्वव्यापकरूपिणीं कालीं कालदिसंत्रासात् काली चतुर्युगाधिष्ठात्रीं स्वस्मिन् भाव्य (षोडसोपनिषद)

कश्चिन्न तस्याः पतिरस्ति लोके
न चेशिता नैव तस्याश्चलिङ्गम ।
सा कारणं कारणधिपा
नास्याश्च कश्चिज्जनिता न चाधिपः।।

अर्थ–न कोई उसका पति है लोक में न कोई ईश या शासक और न उसका (स्त्री पुमान् नपुंसक) कोई लिङ्ग है वह कारणो की कारण और (निखिल) कारण अधिप (अधीश्वरी) है न कोई जनिता है न उसका अधिप (स्वामी) है।

हे श्रुति मौलिशेखरलता
मायां तु प्रकृति विद्यात्
प्रभुं तस्या महेश्वरीम्।
अस्या अवयवैः सूक्ष्मै–
र्व्याप्तं सर्वमिदं जगत।। (गुह्यकालिकोपनिषद)

माया को प्रकृति जानो (और) उसकी स्वामिनी महेश्वरी है इसके सूक्ष्म अवयवो से यह जगद व्याप्त है

सर्वेवैदेवाः देवीमुपतस्थुः कासि त्वं महादेवी,
सा ब्रवीदहं ब्रह्मरूपिणी मत्तः प्रकृति पुरुषात्मकं जगत (देव्यथर्वशीर्षम्)

अर्थात् देवताओं ने देवी का उपस्थान किया प्रश्न किया आप कौन है ।

देवी ने कहाँ मै ब्रह्म हूँ मुझसे ही प्रकृति पुरूषात्मक जगत समुत्पन्न होता है।

स्वात्मैव ललिता
आत्मा ही ललिता है (भावोपनिषद)
परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते
स्वाभविकी ज्ञान बल क्रिया च
एष ह्येव सर्वे देवा (श्रुति) च

यह काली सर्व देवात्मक विघ्नोत्सारण समर्था गणाधिपा गणपति

भूयश्च सृष्ट्वा त्रिदशानवेशी
सर्वाधिपत्यं कुरूते भावानी।
सर्वा दिशश्चोर्ध्वमघश्च तिर्यक्
प्रकाशयन्ती भ्राजते गुह्य काली।।
असदेवेदमग्र आसीत् तम आसीत्

कालस्य कलनात् काली (काल का कलन, क्षेपण, संख्यान करने से काली है

कालं आकर्षयति काल को आकर्षित करने से या कालं विस्तारयति–काल का वितान करती है

कल–शब्द संख्यानयोः (भ्वा) कल विलक्षेपे, कलगतौ संख्याने च कल शब्दे, कलति,कलते कलयति कलयते सर्वमात्मनि

कल प्रेरणे

कालयति सर्वाणि भूतानि–सर्वभूत प्रेरण कर्त्री
कलयति आनन्दयति–एस ह्यवानन्दयति
यही सबको आनन्दित करती है, कलयति भक्षयति
प्रलयकाले सब का भक्षण करती है निः शेष तत्वकवलिनी काली
कलयति प्रकाशयति–यह तामसी भामती रूपा है
अशेष का प्रकाशन करती है

कलयति गणयति–सब गण्य का संगणन करती है कोकिल की तरह कल निनाद करती है कोमल अलाप करती है

कल गतौ
गतिर्गमनं, गतिर्ज्ञानम्
गतिर्प्राप्तिः गतिर्मोक्ष :

गति अर्थात् हंसीगति विडम्बिनी–हंसी के मधुर

गति को अपने गतिसौन्दर्य से तिस्कृित करने वाली माँ सांख्यो की जड़ प्रकृति नही है न वैशेषिकों का परमाणु न वेदान्तियों की माया अपितु ब्रह्म है

कुं कुत्सितम् (ईषद् कृष्णत्व) लाति गृह्याति इति निरूक्तया ला आदाने "आतोऽनुपसर्गे कः क प्रत्यये आकार लोपे कोः का देशे कालः। (इयत्तया काल निश्चयार्थोपदेशे)

कालयति सर्वमिति पचाद्यचि कालः
किंवा के स्वस्वरूपेसुखे आ समन्ताद् लाति अदत्ते
गृह्वाति प्राणि समूहमिति कौल अस्या काली

जो प्राणि समूह को स्वस्वरूप में चारो ओर से ला दें अथवा आबटंन करे वह काल उसकी काली कालः शिवस्तस्य पत्नी काली (डीप्) जो शक्ति काल को यज्ञरूप से परिणित करती है वही महामाया महाकाली,

कालविशिष्टत्वात् काली
काल से विशिष्ट होने से काली है

कालरूप होने से काल की शक्ति होने से काली है तमोगुणाविशिष्टा तामसी भामती कलावती काली ।

सर्वे प्रसुप्ताः असिताङ्गी जागर्ति
सब शयनस्थ सुप्तथे असिताङ्गी श्यामा

प्रजागर अवस्था में सूसाक्षिणी थी ऐ रक्तसम्पृक्त रसनें

हूँ हूँ हूँ कारनादेन त्रासयन्ती सुरासुरान्
ऋगयजु : सामाथर्वाख्यवेदस्योपरि संस्थिता
शवरूप महादेव हृदयोपरि संस्थिता
निशेशी सा महोग्रा च दक्षिणा चारवर्जिता
'अलातचक्र' वद यस्या भ्रमन्ती शिर मालिका
प्रपञ्चदक्षा ह्रस्वाङ्गी चास्थिचर्मावशोषिता
विष्णवेऽथ महालक्ष्मीं महाकालीं शिवाय च (देवीभगवत)
विष्णु प्रसङ्गः से

महालक्ष्मीं महाकाली शिव के लिए (वही) महाकाली हो जाती है शुम्भविनाशिनी काली हरि की योगनिद्रा है मधु कैटभ नाश के लिए ब्रह्मा के द्वारा संस्तुत हुई दश वदना दशभुजा दशपादा त्रिंषत् नेत्र कृष्ण वर्णा भीमरूपा स्फुरददंष्ट्रा रुप सौभाग्य कान्ति महासम्पद अभिमानशालिनी खड्ग, बाण, गदा शूल, चक्र, शङ्ख भुशुण्डिं परिघ चाप स्रंवदरक्त शिर धारण किये हुए है यह आद्या आपने भासन द्योतन के लिए जब उन्मुख होत है तो कालसंङ्कर्षिणी संज्ञा वाली हो जाती है।

कल्पान्ते वै सर्व संहारकर्त्री श्रुति) कल्पान्त में जिद्यांसा हन्तुं इच्छा संजिहिर्षा

शृणु चार्वङ्गी सुभगे कालिकायाश्च भैरवम्
महाकालं दक्षिणाया दक्षभागे प्रपूजयेत्
महाकालेन सार्धं दक्षिणा रमते सदा

दक्षिण कालिका का भैरव महाकाल जो काली के दक्षिण की ओर है निजकान्ता से रमणेच्छुक महाकाल इसके प्रभाव से महकाल जगद् संहार करते है संहार रूपा काली व्यक्त विग्रह धारण कर शिव से बर्हिगत होकर शिव को शव संज्ञा पर ला देती है स्वतः शव वाहना काली हो जाती है शिव लीला सामर्थ्य विहीन किन्तु निज शक्ति मयी प्रेयसी कपालकामिनि को अपने हृदय पर आरूढ़ करते है।

अतः संसारनाशाय साक्षिणीमात्मरूपिणीमाराधयेत्।
पराशक्तिं प्रपञ्चोल्लासवर्जिताम्।। (सूतसंहिता)

अर्थात् संसार निवृत्ति के लिए प्रपञ्चस्फुरणंशून्यं सर्वसाक्षिणी पराशक्ति की अराधना करनी चाहिए ।

परातु सच्चिदानन्दरूपिणी जगदम्बिका।
सर्वाधिष्ठान रूपा स्याज्जगद्भ्रान्तिश्चिदात्मनि।। (स्कन्ध)

सच्चिदानन्दरूपिणी पराजगदम्बिका ही विश्व की अधिष्ठान भूता है उन्ही चिदात्मस्वरुपा भगवती में ही जगत् की भ्रान्ति होती है।

चितिस्तत्पदलक्ष्यार्था चिदेकरसरूपिणी चिदेकरसरूपिण चिति तत्पद की लक्ष्यार्थ स्वरूपा है असाङ्कर्येण तत् तत् प्राणियों के कर्मो की साक्षी है अग्नि अगर महाकाल है तो काली उस अग्नि की दहिका शक्ति है अतः अग्नि की पूजाँ उसकी दाहिका शक्ति की ही पूजों है और दाहिका शक्ति की पूजाँ अग्नि रूप काली की ही पूजा है जैसे जल में हाँथ डालना या उसकी शीतलता में हाँथ डालना या एक ही हैं रूप बिना रूपवान, बल बिना बलवान, जल बिना तड़ाग, वैसे ही शक्ति बिना क्या शक्तिमान

अतः श्री की भी श्री, कीर्ति की कीर्ति, सूर्य की भी सूर्य प्रभा की भी प्रभा, सुन्दरता की भी सुन्दरता, बल की बल यह सर्वेश्वरी माहेश्वरी माँ जगदम्बा है कर्त्री धारयित्री प्रहर्त्री कालिका ही हैं

रक्त काली ही त्रिपुरसुन्दरी (तिसृभ्योः मूर्तिभ्यः पुरा असीत अर्थात् ब्रह्मा, विष्णु, रूद्र इन मूर्तियाँ से पहले थी इसलिए त्रिपुरा) है

सा काली द्विविधा प्रोक्ता शयामारक्ता प्रमेदत :।
श्यामा तु दक्षिणा काली रक्ता श्री सुन्दरीमता।।
ब्रह्मा विष्णुः शिवः गौरी लक्ष्मी गणपति रविः ।
पूजिता सकलादेवा यः काली पूजयेत् सदा।।

(बृहन्नारदीय पुराण)

जिसने कमनीया महनीया कामदा काली की पूजा की उसने ब्रह्मा, विष्णु, शिव, गौरी, गणपति रवि सबकी पूजा कर ली जात्युनुच्छेदेनसर्व सर्वात्मकम्–सब में सब अर्थात् काली में सर्व–प्रत्येक वस्तु का अन्यजातीय वस्तु से तादात्म्य होता है अंश में सर्वाशं और सर्वाशं में अंश

हे कोटिमार्त्तण्ड विग्रहे (निषेध व्यापार रूपाशक्ति)
क आ, ल, ई क्रमशः काली वर्णावयवो पर चिन्तन
ककारं धर्मदं देवि ईकार चार्थदायकम्।
रकारं कामदं कान्ते मकारं मोक्षदायकम् ।। (तोडल तन्त्रे)

ईकार (धूम्र भैरवी) माँ का वाम नेत्र, उदयार्क समानाक्षी उदय होते सूर्य (अरूण) की तरह अर्ध निमीलित नेत्र

ककार पयरूप, धर्मदाता, ब्रह्मारूप, ई–अर्थदायक मकार विष्णु रूप भी है

सर्व विघ्नहरंदेवी ककारं तोयरूपकम्।
सर्व पापहरं रेफं तस्माद वर्हिर्न चान्यथा।।

ककारं ब्रह्मरूपं मकारं विष्णु रूपकम्।
रेंफ संहाररूपत्वाच्छिवरूपो न चान्यथा।। (ऽामरतन्त्रे)

पुरूषो दक्षिणः प्रोक्तो वामा शक्तिर्निगद्यते पुरूष दक्षिण भाग है और स्त्री (स्, त्, र, ई) सत्व, रज तम और ई (तन्त्रों में काम कला) वामा है।

न चक्राङ्का न पद्माङ्का न वज्राङ्का यतः प्रजा।
लिङ्गाङ्का च भगाङ्का च तस्मात् माहेश्वरी प्रजा।।

विष्णु का चक्र, ब्रह्मा का पद्म और इन्द्र के बज्र से प्रजा अंकित नही है परन्तु लिङ्ग और भग से प्रजा अंकित होकर सृष्टि को माहेश्वरी घोषित कर रहे है

शाक्ता एव द्विजाः सर्वे न शैवा न च वैष्णवा
उपासन्ते यतो देवी गायत्री परमाक्षरीम् (निर्वाण तन्त्रे)

द्विज मात्र परमाक्षरी गायत्री का ही समाश्रयण कहते है द्विजमात्र

शाक्त है न शैव न वैष्णवन सौर्य इत्यादयः
काली पाद प्रसादेन स भवेल्लोक पालकः
काली के पाद प्रसाद से लोकपाल आदि होते रहते है।
अब काली शब्द के वर्ण अवयवों पर विचार
(क, आ, ल, ई) माँ काली का महसेतु प्रणव क्रीं है
क्रींमोङ्कार च एकत्वम् पठ्यते ब्रह्म वादिभि (कृष्णोपनिषद)

क्रीं और (ऊँ) ओङ्कार का एकार्थ तात्पर्य ब्रह्मवादी लोग भी मानते है
क्रीं-क र् ई बिन्दु नाद
ककार कालिका साक्षाद् क्रीं काम् बीज है सर्वार्थ प्रापकम्

क वर्ण कः प्रजापति रकार लकार दोनों क्रीं में है। क परा कामिनी मुखे सूर्येऽपि कः स्मृतः (ककारः साक्षात काली) क को प्रजापति भी कहते है 'क' मुख और सूर्य अर्थ में भी 'क' है जहाँ माँ का मस्तक गिरा है वहाँ श्री पीठ हुआ ककार की उत्पत्ति हुई, वर्गाद्य–'क' है ब्रह्मा 'क' है कोद्गीश 'क' कामेश 'क' सर्वविष हर कल्याणद् 'क' है अक्षमालिकोपनिषद् से कं ब्रह्म (छन्दोग्य) 'क' ब्रह्म है कं शिरम्–'क' शिर वाचक है कं जलम्–'क' जलवाचक है।

कन्यन्ते प्रकाशन्ते अनेन इतिकम्
जो अखिल का प्रकाशन करे (कराज्जायते सर्वकामकैवल्यमेव)

काम्यन्ते स्रकचन्दनवनितादि विषय भोगा इति 'क' भोग्य स्राग चन्दन वनिता आदि विषय भोग की कामना ही 'क' है (ककारः सर्ववर्णानां मूलप्रकृतिरेव च) काम्यते इतिकम्

कद्दीप्तौ–कन्यन्ते प्रकाश्यन्ते शब्दार्थ जालान अनेन इति 'क'
अशेष शब्द जाल का प्रकाशक 'क' है
'र' रेफोरूद्राणी रूपा, और अग्नि (कालाग्निरूद्र) बीज है
का नाम–सुखानां लौकिकानां पारलौकिकानां
आलिं पक्तिं लातीति कालः तस्य
नायिका (स्त्री–ङीप्) काली
लौकिक पारलौकिक सुखकतार को देने वाली कृष्णा
लकारः पृथ्वी स्वरूपः । इन्द्र लोचन को 'ल' कहते है।
लं वै माता इन्द्रे लोचने लः स्यात् (श्रुति) 'ल' माता है
लकारस्तु गन्ध बोधकः । इन्द्रलोचन होने से लकार ज्ञान रूप है
लकार गन्ध अवबोधक है
ससागर सभूधर भूमण्डल हील है 'ला आदाने" लाने वाला
इयं पृथ्वी सर्वेषां भूतानां मधु अस्यै पृथिव्यै–सर्वाणि भूतानि मधु
लकार गन्ध अवबोधक है

ससागर सभूधर भूमण्डल हील है 'ला आदाने" लाने वाला
"इयं पृथ्वी सर्वेषां भूतानां मधु अस्यै पृथिव्यै———

–सर्वाणि भूतानि मधु"
यह पृथ्वी समस्त भूतो की मधु है इस पृथ्वी से समस्त भूत मधुमय है।

चिड़िया कितनों उड़े आकाश दाना है धरती के पास वही क्षिति गति निवास की आधारभूत माँ 'ल' है भूमण्डलोंपलक्षित पञ्चभूतात्मा भगवती विवक्षित है मृद घट : इसी तरह परमात्मा समानाधिकरण

लहरी ल है

ई ईयते प्रकाश्यते कीर्ति जालं दिगन्तेषु – जिससे दिशाओं विदिशाओं में कीर्ति जाल विस्तीर्ण हो गुण सन्तति चले

इदन्ति सर्वेषां नियन्तृत्वे वर्तते इति 'ई'
सब पर जो शासन करे नियामिका शक्ति ई है
वज्रहस्ता होकर नियमन करती है।

ईयते योगिभिःसर्वान्तर्यामितया–अन्तर्यामी 'ई' योगियों से इड्य है

ई–जिसके द्वारा हृत्पुण्डरीक दहराकाश में दीपशिखा मध्यस्थ बोधात्मक संविद्रूपा चिति विवक्षित है

इत्यनेन हृत्पुण्डरीकदहराकाशस्यदीप शिखा मध्ये स्थितो बोधात्मक प्रकाशस्वरूप परमात्मैन विवक्षितः क सिसृक्षावान् कामेश्वर, र दीप्तप्रीति रति रूपा कामेश्वरी

ई–परस्पर उत्कट् समकर्षण और बिन्दु कामेश्वर कामेश्वरी आलिङ्गन जनित आनन्दोद्रेक यही कामेश्वरी काली बीज है

आनन्द हुंकार गम्भीर घोषा श्यामा माँ है

कनयति इति क कद् दीप्तौ जो प्रकाश पुञ्ज की तरह सर्वप्राणि परप्रेमास्पद सर्वसम्भञ्जनीय नीलज्ज्योति

काकर वरेण्यः और शरण्य है
कारकयज्ञः रूपः कः कृियाग्निश्च ररूपक
फलाय यदमीद्धत्वं स्यादीवर्णस्तदेव च
नादो होता हविन्दुि क्रीमिति ह्यखिलान्वयम्
अयजमानयाजको यागो यागाय चेज्यते
कामयत इति 'क': परं ब्रह्म

कः ककार यज्ञ रूप है क्रियाग्नि 'र' रूप है फल के लिए अभीद्धता 'ई' है

नाद होतृ होता है हवि बिन्दु है क्री ऐसा बीज अखिल का अन्वय है जिस याग का अयजमान याजक है याग के लिए यजन है यियक्षा (यजनेच्छा)

जो अमेय अमान है वह व्यवहार में नही आता व्यवहार मान और मेय को लेकर होता है

कर्त्ता एकेश्वरी है वही सेव्या है

क–यह वर्ण आदि व्यञ्जन है अग्निरूप क्रिया 'र' वर्ण है फलप्रसव के निमित्त अभीद्ध भाव 'ई' वर्ण है नाद स्वयं होता है। बिन्दु हवि क्रीं यह बीज विश्वव्यवहार भुवन यज्ञ के वितान रूप प्रस्तुत हुआ है याजक कहाँ हो रहा है यजमान कहाँ हो रहा है याग ही याग के लिए याजित हो रहा है होतृ हवि हवन स्व में ही उदभावित कर रहा है

ब्रह्मार्पणं ब्रह्म हवि ब्रह्मनौ ब्रह्मणाहुतम् ।
ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्मसमाधिना।।
(गीता)

क्रिया, कारक, कर्त्ता, कर्म सब ब्रह्मस्वरूपिणी क्रीङ्कार रूपाँ श्यामाँ माँ रासरूपा भासरूपा माँ यज्ञ निर्वाहयित्री श्यामाँ, मूल (नाद बिन्दु कला रुपा) क्रीं बीज

नहि याज्ञिक यज्ञ विभाग इति, न हुताशन वस्तु
विभाग इति, यदि चैक निरन्तर सर्व शिवं,

वद कर्म फलानि भवन्ति कथम् । न तो याज्ञिक और यज्ञ का भेद है और न अग्नि का भेद है यदि अखण्डित घनाकार शिवा व्याप्त है तो कर्म फल भी क्या यही अद्वैतामृत वर्षी यज्ञ है

कलौ काली कलौ काली कलौ काली वरप्रदा
कलौ काली कलौ काली कलौकाली तु केवला (शाक्त प्रमोद)

महाकाली महारूद्रश्चणकाकाररूपकः
सृष्टि के पहले महाकाली और महारूद्र चणक (निर्वाण तन्त्र)

(चनाँ) की तरह (चने में दोदाल) आलिङ्गन बद्ध थे शब्द और अर्थ दृग और दृश्य, वाच्य और वाचक एक ही थे।

अतः कालकान्ता की उपास्यरूपता आत्मरूपता और सर्वरूपता के अवगम से कृतार्थत सुनिश्चित है

फूल गुल शम्मो कमर सारे ही थे
पर तुम मुझे भाये बहुत।
कुछ और ही आलम है तुम्हारा
हर बार अजब रूप है हर बार अजबरङ्ग ।।

सर्वातिशायी मोहकता मोहनकारिणी क्रीङ्कार रूपा काली में है

शब्दार्थ प्रकाशक वेदादिशास्त्राध्ययन स्मरण प्रयोजक बुद्धिव्यापन लहरी युक्तयास्व प्रकाश संविदा अनिष्ट निवारण भोग भोग्यादि प्राप्त्याधिक्य कीर्ति जाल प्रयोजक गुण सन्तति

रचयित्री सर्वतत्व सर्व कलाधिष्ठात्री विश्वोत्पत्ति स्थिति संहृति जनक सर्वैश्वर्योपेत निरतिशयानन्दानुभव प्रकाशि का निरतिशयानन्दात्मक दहराकाशस्थ परमात्मा स्वरूपिणी अम्बरावीत सर्वाङ्गी स्वप्रकाश चिशक्तिः
(श्री कपात्र भाष्य)

रात्रौ चरति (रात्री में विहरणशीला) नक्तञ्चरी रवे आकाशे चरित इति रवेचरी व्योमचारिणी नक्तचरी रवेचरी सर्वदिक्चरी र्स्वशुभङ्करि सर्वभूतक्षयङ्करी विद्युतदशन पक्ति दैत्यदर्पनिषूदनी

ममान्त ह्रदयाम्भोजोपविष्ट कालिका
मेरे ह्रदयाम्बुज पर अधिरूढ़
सदाजनानां हृदि संनिविष्टा
भाति च तपति च कीर्त्या (छान्दोग्य)

तुम अपनी अप्रतिहत निर्निरोध दिग् दिगन्त विकीर्ण
कीर्ति से प्रकाशित और प्रताप रूपा हो
तस्यानाम महद्‌यशः–उसका नाम ही महद्‌यश है
अभि धानात्मक शक्त्यवछिन्न अनन्तप्रपञ्चोत्पादिनी
संविदानन्द का विवर्त नाम है भद्रकाली
अभिधेयात्मक शक्त्यवछिन्न अनन्तप्रपेचोऽत्पादनानु
कूल सदानन्द का विवर्त नामी है अर्थात् नाम नामी
का एक्य प्रतिपादन की इच्छा) है शब्द और अर्थ का
'तादात्म्य' व्याकरण सम्मत है
कार्य जनन सामर्थ्यमिति शक्ति (नागेश)
कार्य जनन के सामर्थ्य को शक्ति कहते है
मृत्तिका में घटोत्पादिनी शक्ति, तन्तु में पटोत्पादिनी

शक्ति, जल में तरङ्गोत्पादिनी शक्ति, दुग्ध में नवनीतोत्पादिनी शक्ति ऐसी ही अनन्तप्रपञ्चोत्पादिनी शक्ति माहेश्वर में विराजमान है

शयानः सहशक्तिभिः :–अन्तरङ्गा बहिरङ्गा शक्तियों के सङ्ग महेश्वर शयन करते है

शिवस्यात्म स्वरूपेतिशक्तिः (रामाश्रय)

शिव की आत्मस्वरूपा जिसके बिना शिव भी आत्महीन सत्ताविहीन स्फुरण शून्य हो जाते है।

आत्मा तु राधिका प्रोक्ता–वृन्दावन चन्द्राक्षी वृन्दावन चन्द्र की आत्मा है आत्मा में रमण ही आत्माराम की आत्माराम ता है राधारमण (राधारूपी आत्मा में रमण करने वाले कालीरमण) काली में काल का रमण जानकी रमण, जहाँ जहाँ जानकी की स्फुरण होगा वहा राम का रमण होगा (स्वात्मैव–ललिता) कामेश्वर उदिन्तेन्दु शेखर की आत्मा ललिता जी है

भुवनेशीं बिना ईशः किञ्चित कर्तु न शक्यते (निर्वाण तन्त्रे)

निखिल भुवन की भुवनेश्वरी के बिना 'ईश' कुछ भी करने में असमर्थ है

शक्तिज्ञानं बिनादेवी मुक्ति र्हास्याय कल्पते
एकांशेन भवेद ब्रह्मा एकांशेन जनार्दनः।
एकांशेन भवेद शम्भुः कालिकायः सुलोचने।।

शक्तिज्ञान बिना मुक्ति हास्यास्पद है कालिका माँ के एक अंश से ब्रह्मा, एक अंश से जनार्दन, एक अशं से शिव होते है।

इच्छा तु विष्णवे दत्ता क्रियाशक्तिवस्तु ब्रह्मणे ।
महयं दत्त्वा ज्ञान शक्ति सर्वशक्ति स्वरूपिणी।। (योगिनी तन्त्रे)

शिव जी कहते है इच्छा शक्ति विष्णु को दिया (भगवती ने)

क्रियाशक्ति ब्रह्मा को दिया और मुझे ज्ञान शक्ति दिया सर्वशक्तिस्वरूपिणी कोटि मार्त्तण्ड विग्रह (श्रुतिमौलिशेरवरलता) माँ श्यामाँ

अनुद्‌बुद्ध शक्ति सत्ता की प्रकाशक नही होती और अप्रकाशमान सत्ता कभी चिद्‌भावनापन्न नही होता।

"देवता मुनिभिः प्रोक्ता महाकाली पुरातनी देवता" और मुनियो के द्वारा महाकाली पुरातनी सनातनी रूप से गायी गई है पिनाक धनुराकार भ्रूलता जिसकी है अपरिछिन्न अनन्त तेजोराशिमयी श्यामल महोमय प्रकाश पुञ्जिका अनन्त कोटि योगिनी वृन्द समाराधिता नित्य निरवधिक निरतिशयानन्दात्मक सम्राज्य सम्पद् अभिमान शालिनी कालिका

हे संसारपङ्क निर्मग्न समुद्धरण पण्डिते
कालीदिम्बरी देवी जगन्मोहन कारिणी (योगिनी तन्त्रे)

अत्ता चराचरग्रहणात् (ब्रह्मसूत्र) आत्मा चर अचर समग्र विश्व का अत्ता भोवता यहाँ आत्मिका काली ही भक्षण अनुरोधी गलविलाघः संयोगानुकूल हलचल करती है

कलयति भक्षयति सा काली
निः शेषतत्वकवलिनी विकलेवर कैवल्यरूपा माँ

अत्ता (आत् सातच गमने) से आत्मा शब्द अत्तीति अत्ता (खात्ता है इसलिए अत्ता है)

आत्मदेव
हे ताम्रोष्ठी तपस्वी चित्त तल्पस्थ–तपस्वी के
चित्ताम्बुज रूप पलङ्ग पर विहरण करने वाली

दो चित्तवृत्ति या अधिक तत् तद् चित्तवृत्ति (दो विकल्पो) के अन्तर्गत अनुस्यूत

संविदानन्द

विवर्धनी चिति

प्रकाश (शिव) विमर्श (शिवा)–संहार में शिव का प्राधान्य सृष्टि में शक्ति का प्राधान्य प्रभा में इदमं श ग्राह्य होता है अहमंश ग्राहक शिव शक्ति संश्लिष्ट थे

आसीज्ज्ञानमयो ह्यर्थो एकमेवाविकल्पितः

ज्ञान और अर्थ दोनों ही अविकल्पित होकर साथ थे प्रकाश के साथ विचारात्मक शक्ति का अस्तित्व अनिवार्य्य है यहाँ तक कि महावाक्यजन्य परब्रह्माकार वृत्ति के उत्पन्न होने पर भी आवरक अज्ञान के मिट जाने पर वृत्ति रूप विमर्श बना ही रहता है वेदान्ती इस वृत्ति को स्व पर विनाशक मानते है परन्तु शाक्ताद्वैती कहते है अपने में नाश्य नाशक भाव सम्भव नही है।

अतः वृत्तिरूपा विद्या से संलिष्ट होकर अनन्त प्रकाश स्वरूप शिव सदा विराजमान रहते है। शिवा अर्न्तमुख होकर शिव हो जाती है।

(शक्ति दर्शन)

मुक्तावन्तर्मुरवे त्वं भुवनेश्वरी तिष्ठसि

अतः शक्ति नित्य है–नित्यैव सा जगद्धात्री

विमर्श प्रकाश शक्ति का शिव में प्रवेश होने से बिन्दु स्त्रीतत्व नाद की उत्पत्ति हुई जब दूध पानी की तरह दोनो एक हो गये तब संयुक्त बिन्दु हुए वही अर्द्धनारीश्वर हुए । इनकी परस्पर आसक्ति भी काम है श्वेत बिन्दु पुस्त्वं का रक्तबिन्दु स्त्रीत्व का परिचायक है तीनों जब मिलने है तो काम कला की उत्पत्ति होती है मूल बिन्दु नाद और श्वेत तथा रक्त बिन्दु इन चारो के मिलने से सृष्टि होती है काम कला देवी का संयुक्त बिन्दु बदन है अग्नि और चन्द्र वक्ष स्थल है अर्द्धकला जननेन्द्रिय है (अ) शिव का प्रतीक है 'इ' शक्ति का प्रतीक है यह त्रिपुर सुन्दरी 'अहं' से व्याप्त है सहस्त्रार के चन्द्रगर्भ से स्रवित आसव को पान कर ज्ञानकृपाण से काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि के असुर पशुओं को मारकर वञ्चना पिशुनता ईर्ष्या मछलियों को पकाकर आशा कामना निन्दा मुद्रा को धारण कर मेरूदण्डश्रिता रमणियों में रमण कर सामरस्य की प्रप्ति होती है कुछ लोग पंञ्चमकार का ही रहस्य बतलाते है।

"यदयमनुत्तर मूर्तिनिजेच्छया विश्वमिद सष्टुम।
पस्पन्दे सस्पन्दः प्रथमः शिव तत्वं मुच्यते तज्ज्ञैः"।।

शिवसंश्लिष्ट शक्ति विश्व का बीज है। अहं प्रकाश में शिव तत्व निश्चेष्ट शक्ति सक्रिय रहती है। यही काली की विपरीत रति है विमर्शात्मिका शक्ति जब शिव में लीन होती है तब उन्मना अवस्था होती है। उसके विकसित होने पर समना अवस्था होती है।

"सच्चिदानन्द विमवात्सङ्कल्पात्परमेश्वरात्।
आसीच्छक्तिस्ततो नादो नादो नादद्विन्दु समुद्भवः"।।

व्यवहार में शक्तिमान से शक्ति का आदर अधिक है बुद्धि बिना बुद्धिमान का, बल बिना बलवान का, शिल्पशक्ति बिना शिल्पी का कुछ भी मूल्य नहीं रहता। मिठास बिना मिश्री का सौगन्ध बिना पुष्प का, सौदर्य बिना सुन्दरी की लज्जा बिन कुलाङ्गना का कुछ भी महत्व नही रह जाता। शाक्ता द्वैतदृष्टि से शक्ति से शक्ति शिव स्वरूप ही है।

रूद्रहींन विष्णुहीनं न वदन्ति जनाः किल।
शक्तिहीनं यथा सर्वे प्रवदन्ति नराधमम्।।

कोई भी प्राणी रूद्रहीन, विष्णुहीन, होने से शोचनीय नही होता किन्तु शक्तिहीन होने से ही शोचनीय होता है।

नायमात्मा बलहीनेन लभ्य, बलहीन प्राणी को अपनी आत्मा का उपलम्भ नही होता शिवस्याभ्यन्तरेशक्ति

शक्तेरभ्यन्तरः शिवः।
अन्तरं नैव जानीयाच्चन्द्र चान्द्रिकयोरिव ।।

शिव में आभ्यन्तर शक्ति है और शक्ति के अन्दर शिव है

शिव है चन्द्र की चन्द्रिका की तरह भेद रहित है दुग्ध और धवलिमा की तरह अग्नि और दाहिका समुदवेल, वृक्षलता, शब्दअर्थ, पदार्थ–शक्ति, पुं–स्त्री, इज्ञ–इज्या, क्रिया और फलभुक् व्यक्तिव्यञ्जकता रूप नीतिजय, बोधिबुद्धि, धर्म सत्क्रिया, संतोष तुष्टि इच्छा काम, यज्ञ दक्षिणा, आज्याहुतिपुरोडाश, काष्ठा–नियमों मुहूर्त्त–कला, यज्ञ दक्षिणा, आज्याहुति पुरोडाश, काष्ठा–निमे, मुहूर्त्त–कला,ज्योत्सनप्रदीप, रात्रि दिन, ध्वज पताका तृष्ण लोभ, रतिराग उपर्युक्त विभेद से उसी तत्त्व का अनेकधा प्राकट्य है भगवान की स्वरूपभूता आह्लदिनी शक्ति विवक्षित अनन्तानन्त शक्तिसम्पन्न आनन्द प्रधान भूता काली माँ आनन्दाश्रित आह्लदिनी, चेतनांशाश्रित संवित, सदंशाश्रित सन्धिनी शक्ति बिना शक्ति के आनन्द उल्लास हीन प्रकाश प्रकाशहीन और सत्य सन्धान शून्य हों जायेगा।

तादात्म्यमनयोर्नित्यं वह्विदाह्वकयोरिव

जैसे अग्नि और उसकी दाहिका शक्ति का नित्य तादात्म्य है वैसे ही महाकाल का स्वप्रेयसी मूर्धन्या काली से तादात्म्य है अभेद घटित तादात्म्य होता है

भेद जो आपाततः था वह विगलित हो गया दोऊ चकोर दोऊ चन्दा, दोऊ आशिक दोऊ महबूब गौरतेजो बिना यस्तु श्यामतेजः समर्चयेत्, । जपेद्व ध्यायते वापि स भवेत पातकी शिव ।।

गौरङ्गीरधिका की उपासना किये बिना जो केवल श्याम तेज कृष्ण की अराधना करता है वह पातकी होता है भागवती की ब्रह्मरूपता, उत्कृष्टता सर्वानपेक्षया सुतरां नितरां सिद्ध है हे रसनाग्र नर्त्तकी रसनाग्रसदना वाचा क्रीडन्ति विजिगीषन्ति द्योतन्ते स्तुवन्ती इत्यादिरीत्य वाग्देव्यः

सर्वस्व आत्मसात् करना काम कला है

बिन्दु (सूर्य) मुखाम्बुज
दो बिन्दु (अग्नि, सोम) स्तन
स्पराद्ध ही योनि महद्रूपा है।

बिन्दुना मुखम
बिन्दुद्वयेन कुचौ
सपरार्द्धेन योनि

सपरार्द्ध ही योनि महद् रूपा है

वाणी से जो विक्रीडन करे प्रकाशन, स्तवन, प्रौढ़ 'वाग्मिता' अनिरूद्धा सरस्वती है

अ + ई = एकार त्रिकोणाकृति होने से महद योनि है

ईयते स्मर्यते अधीयते वा स्र्वा वेदशास्त्रादि

कला अनेन इति ए

ऐं वाग्बीज से चित्स्वरूपा अनिरूद्धा सरस्वती काली विवक्षित है। सम्यक् कलयति इति सकला काली। कायदे से आनन्दित करती है

निर्धूत निखिल ध्वान्ते नित्यमुक्त परात्परे
अखण्ड ब्रह्मविद्यायै चित्सदानन्दरूपिणि
अनुसन्दहमहे नित्यं वयं त्वां हृदयाम्बुजे

हे निर्धूतनिखिलध्वान्ते
नित्यमुक्ते
हे परात्परे
चित्सदानन्दरूपिणि माँ

मै अखण्ड ब्रह्म विद्या के लिए आपका अपने हृदयाम्बुज में अनुसन्धान करता हूँ

ह्रीं–हरति विहरति वा या हरण या पूरण वृत्ति
मायामहा लक्ष्मी सिद्धलक्ष्मी धन कालिका

विवक्षित है 'सप्तम् धन' कालिका विवक्षित है सप्तम् धन कालिका (महाकालसंहिता)

हृदयागार निवासिनी हूल्लेखा (तां माति) उसको जो अव बोधित करा दे वही ह्रीं है अर्थात् परमात्मतत्त्वावमासिनी सिद्धलक्ष्मी

एक वीरा भद्रकाली सौ नन्दी उल्लसदगदा लक्ष्मी सहस्रनाम में भी लक्ष्मी का ये नाम लक्ष्मी की काली रूपता सिद्ध करता हैं।

क्लीं या क्रीं (कामेशवर कामेश्वरी का युगनद्ध यामल

इस बीज से सान्द्रानन्दरूपा महाकाली विवक्षित है सर्वानुभव संवेद्य आनन्द ही पर पुरुषार्थ है आत्मनस्तु कामाय सर्व प्रियं भवति (श्रुति)

सब कुछ आत्मा के लिए प्रिय है आत्मस्वरूप आनन्द ही शेषी है तदितर सब शेष मानुषानन्द से लेकर गन्धर्व देवगन्धर्व, अजानजदेव श्रौतदेव, इन्द्र वृहस्पति प्रजापति ब्रह्मान्त उत्तरोत्तरशतगुणित आनन्द जिसका बिन्दु मात्र है वही आनन्दघनरूपा महाकाली

क्रीं अर्थात् आत्मरिरंसा–आत्मरमणा
आत्म रति–आत्मभार्या आलिङ्गन
ये सब 'तात्पर्यगर्भ' परिलक्षित होता है
या काली परमा विद्या ब्रह्मरूपा सनातनी।
कामाख्या सैव देवेशी सर्वसिद्धि प्रदायिनी।।
अस्या उपासकाश्चैव ब्रह्माविष्णु, शिवादय :
इसके उपासक ब्रह्मा, विष्णु शिव आदि है
काशीशवरदायिनी लङ्केशरिपुरक्षिणि
कालिमन्त्रं जपेद् यो हि कालिपुत्रो न संशयः (योगिनी)

जो काली मन्त्र का जप करता है वह काली पुत्र ही है संशय नही करना चाहिए

सन्देहात् पामरो याति रौरवं पितृभिः सह
संशयात्मा दोलायमान चित्त नष्ट हो जाता है।
आशंसन्ति हि पितरो नराणां पुण्यकर्मणाम्।
कदास्माकं कुले पुत्रः कालीमन्त्रमुपाश्रयेत्।। (योगिनी तन्त्रे)

त्रिकोणरूपिणी शक्ति र्विन्दुरूप पर शिवः
अविनाभावसम्बन्धं तस्माद् विन्दुत्रिकोणयोः

बिन्दु क्षेत्रहीन वृत्त भी है और क्षेत्रहीन त्रिकोण भी बिन्दु में विक्षोभ द्वय बिन्दु रेखा और त्रिरेखा ब्रह्मा, विष्णु शिवात्मक वामा, ज्येष्ठा, रौद्री और उसमें दिव्य ज्योर्तिमयलिङ्ग रूप बिन्दु का अविनाभाव सम्बन्ध है

त्रिकोणं पञ्चकं चाष्टकमलम भूपुरान्वितम्
मुण्डपक्ति च ज्वालां काली यन्त्रं सुसिद्धिदम्

पाँच त्रिकोण (पञ्चकोश, पञ्चप्राण, पञ्च रूप, रस शब्द गन्ध स्पर्श) में पन्द्रह नित्याये रहती है

काली, कपालिनी, कुल्ला, कुरुकुल्ला, विरोधिनी विप्रचित्रा चोग्रा,उग्रप्रभा, दीप्ता नीला घना, बलाका मात्रा मुद्रा, अमिता ये काली की पन्द्रह नित्याये ब्रह्माणी, नारायणी, महेश्वरी, चामुण्डा कौमारी अपराजिता, वाराही, नारसिंही अष्ट कमल दालों पर विराजमान हैं ।

माधव, रूद्र, विनायक, शौरा ये चारो कोण इन्द्र, राम, वरूण, कुबेर ये चारो दिशा में काली यन्त्रभूत निवास अड्डे पर रहते है

अञ्जनमयपर्वताकारा या जम्बु फलो का पर्वताकार

संग्रह–काली प्रतीत होती है

ज्वलद् बदन प्रज्जवललोचन विद्युत दशनपंक्ति अलातिचक्रवद् आवर्तमान दोलायमान उदयमान मुण्डमाला चण्डयोगिनी डाकिनी, शकिनी, राकिनी गण के मध्य में विराजमान सकललोक संज्योति काली मौं गन्ध धूप तरङ्गित मन्दवायु समाकृान्त उसका परिक्षेत्र है

नव कोटि भैरवी चामुण्डा शतकोटि परिवृत एकवीरा
भरत और राम की आराध्याकाली का ध्यान

ध्यायेद देवीप्रभावोत्थ प्रोच्छलदरक्त वारिधिम्
'उतुङ्गोतुङ्ग' कल्लोल प्रपूरित दिगन्तरम्

तत्र द्वीपं रक्तमांस प्रपूरितं रक्तवालुकम्
नव कोटि चामुण्डाकोटि भैरववेष्टितम्

तन्मध्ये मण्डलं ध्यायेद योजनायुतविस्तृतम्
भौरवी कोटि घटितं प्राकारं तत्र चिन्तयेत्

नारान्त्रनद्ध मुण्डस्रगकृत तोरण मालिकम्
तदन्तः स्थायिनीं काली ध्यायेत् निश्चलकाल मानसः

उत्ताल दुर्दान्त ताण्डव रक्तसमुद्र के तरङ्गो का ऐसा
समुद्र रूधिर अर्णव उसमें रक्तमांस रक्त बालुका

मयद्वीप नव करोड़ चामुण्डा और करोड़ो भैरवों से वेष्टित दशहजार योजन विस्तृत मण्डल और प्राकार (दिवाल के घेरे) में करोड़ो भैरव सौयोजन विस्तृत मण्डल श्मशान, करोड़ो योगिनीयों की करतल ध्वनि आन्त्र मुण्ड आदि का तोरणद्वार चारो वेद, चारो युग, उपवेद भृङ्ग, कोकिल, शुकादि झाङ्कृतियों से कूजन ब्याज ध्वनि हो रही है

ब्रह्मा विष्णुश्च रूद्रश्च ईश्वरश्च सदा शिवः ।
ऐते पञ्चमहाप्रेताः स्थिताः सिंहासनादधः ।।

ब्रह्म–ब्रह्माण्ड गत अभिमान शून्य होकर प्रेत संज्ञा होता है
विष्णु–प्रकृत्यण्ड अभिमान शून्य होकर प्रेत होता है

शाक्ताण्ड

अर्थात् ये ब्रह्मा विष्णु रूद्र ईश्वरादि स्व देहाभिमान विगलित होकर शव संज्ञा में भगवती के सिंहासन के अधः स्तात् उपस्थित है

पञ्चप्रेतमयसिंहासनारूढ कल्लोल काली
गलद् रक्त मुण्डावली कण्ठ माला
महाघोर रावा सुंद्रंष्द्रा कराला
विवस्त्रा श्मशानालया मुक्त केशी
महा–काल कामाकुला कालिकेयम् ।।

ये भगवती कालिका गले में रक्त टपकाते हुए मुण्ड समूहों की माला पहने हुए है ये अत्यन्त घोर शब्द कर रही है इनकी सुन्दर दाढ़े भयानक है ये वस्त्र रहित है श्मशान में निवास करती हैं इनकी केश राशि छिटकी हुई है महाकाल के साथ ये कामातुरा है।

वक्त्र कन्दरा की तरह जब विस्तीर्ण करती है। बत्तीस शुभ्रदन्तपंक्ति गोचर होता है

भुजे वाम युग्मे शिरोऽसिं दधाना
वरं दक्ष युग्मेऽभयं वै तथैव

ये अपने दोनों बाएं हाथों में नर मुण्ड और खड्ग लिए हुए है तथा अपने दोनों दाहिने हाथों में वर और अभय मुद्रा धारण किये हुए है ये सुन्दर कटिवाली है। ये तुङ्ग स्तनों के भार से झुकी हुई सी है ये दो रक्त मालाओं से सुशोभित है इनका मुख मुधर मुस्कान से युक्त है।

शव–द्वन्द्व कर्णवतंसा–सुकेशी
लसत प्रेत पाणिं प्रयुक्तैक काञ्ची
शवाकार–मञ्चाधि रूढा शिवाभि :
चतुर्दिक्षु शब्दायमानाऽभि रेजे–शक्त्यर्चा

इनके दोनों कानों में दो शव रूपी आभूषण है ये सुन्दर केष वाली है, शवों के हाथों से सुशोभित करघनी ये पहने हुए हैं। शव रूपी 'मञ्च' पर ये आसीन है। चारों दिशाओं में शिवाओं का शब्द गूंज रहा है।

कश्यं मद्यं पिबति इति कश्यपः मद्यपायी कश्यपाराध्या
माँ, "सुरापान भत्ता–सु भक्तानुरक्ता
लसत पूत चित्ते सदाऽऽविर्भवते।
जप ध्यान पूजा सुधा धौत पङ्का
स्वरूपं त्वदीय न विन्दन्ति देवा।।

तुम सदा सुरापन से मस्त रहती हो अपने भक्तों पर सदा स्नेह रखती हो जप–ध्यान पूजा रूपी अमृत से निर्मल हुए पवित्र हृदय में तुम्हारा आविर्भाव होकर शोभायमान होता है। तुम्हारे इस स्वरूप को देवता भी नही जानते।

चिदानंद कन्दं हसन् मन्द मन्दम्
शरच्चन्द्र कोटि प्रभा पुञ्जविम्बं।
मुनीनां कवीनां हृदि द्योतयन्तम्
स्वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवा।।
चैतन्य पूर्ण आनन्द की तुम मूल हो
मन्द मन्द तुम मुस्काती हो करोड़ो शरच्चन्द्रो
की प्रभा से युक्त मुखवाली हो मुनियों
और कवियों के हृदय को तुम प्रकाशित
करती हो तुम्हारे इस स्वरूप को
देवगण भी नही जानते।

वितस्तिमात्रनिष्क्रान्त (एक बीता जीभ निकाले है) ललज्जिह्वाभयङ्करा

महा मेघकाली सुरक्ताऽपि शुभ्रा
कदाचित विचित्राकृर्ति योग–माया।
न बाला न वृद्धा न कामातुराऽपि
स्वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवा।।
प्रलय कालीन घटाओं के समान तुम कृष्ण वर्णा हो
रक्तवर्णा भी हो उज्जवल वर्णा भी हो कभी विचित्र
आकृति वाली योग माया हो न तुम बाला हो
न वृद्धा हो न कामातुरा हो।
तुम्हारे स्वरुप को देवता भी नही जानते।
खड्गाय नमः, मुण्डाय नम अभयाय नमः, वराय नमः
न मम् (मेरा नही है।) इति नमः
मेरा कुछ नही है यही नमन का तात्पर्य है

देह तद् धर्म, देहगत कर्म तथा देह की अवस्थाओं से निर्गत ममता बन्धन निर्ममत्व या (नमः न मम्) पदार्थ है काल्यैनमः कुल्लायै नम कपालिन्यै नमः विरोधिन्यै नमः विप्रचित्तायै नमः उग्रायै नमः उग्रप्रभायै नमः नीलायै नमः घनायै नमः बलाकायै नमः मात्रायै नमः मुद्रायै नमः मितायै नमः। असिताङ्ग रूरू भैरवाय नमः चण्ड भैरवाय नमः क्रोध भैरवाय नमः उन्मत्त भैरवाय नमः कपालि भैरवाय नमः भीषण भैरवाय नमः संहार भैरवाय नमः "उत्तमा मानसी पूजा वाह्य पूजा कनीयसी" मानसी पूजा सर्वोत्तम है। मानो आकाश ही महेन्द्र नीलमणि का कराहा है नक्षत्र मण्डल व्यष्टि

व्यष्टि–दीप पक्तियाँ चन्द्रमण्डल सूर्य मण्डल आदि दीपक उसे भक्त अपने हस्तारविन्द में लेकर आरार्तिवन्य सम्पादन करें या वृत्ति विषय के जड़त्व का निराकरण ही आरार्तिक्य है वृत्ति का भगवती विग्रह में लय ही अष्टधा प्रणाम है

वेद वाक्य से भी अगम्य की क्या स्तुति हो सकती है।

प्रोज्झिताशेषविकारा कारा माँ अजस्र नीलज्ज्योती रूपा है वाणियों का भगवती में उपसंहार ही स्तुति है नित्यतृप्ता को क्या नैवेद्य तथापि अमृतत्व भावना ही नैवेद्य समर्पण है उस अनन्ता की क्या प्रदक्षिणाहोगी पूर्णा का आह्वाह्न कैसे।

सर्वाधारा निराधारा को क्या आसन निर्मला निष्कलङ्का धवलाङ्गी का क्या स्नपन विश्वोदरा को कौन सा वस्त्र परिवेष्टित करेगा स्वप्रकाशस्वरूपा का क्या निराजन तथाऽपि नामरूपात्मक जगत में सच्चिदानन्द की भावना ही अम्बा को पाद्य समर्पण है सूक्ष्म जगत में चितिभावना अर्घ्य समर्पण है चितिका

परिभावन आचमन है चिद्रूपाकामेश्वरी में वृतविषयता का चिन्तन करना प्रोञ्छन है निर्मलत्व निश्कलङ्कत्व, निरज्जनत्व अशोकत्व आदि की भावना विविध आभूषणों का अर्पण है स्वशरीर घटक पार्थिव प्रपञ्च में चिन्मात्र भावना गन्ध समर्पण है आकाश में चिन्मात्र की भावना पुष्पस्तवक समर्पण है वायु में चिन्मात्र की भावना धूप समर्पण है तेज में चिन्मात्र की भावना दीप समर्पण है।

इसके वेदन में शोकोपलक्षित संसार का तरण हैं।

"स्वस्मिन् कालीं तु सम्भाव्य पूजयेज्जगदम्बिकाम त्रैलोक्य विजयी भूयान्नात्र कार्य्य विचारण" अपने ही (हृदयागार दहराकाश) में सम्यक् भावना जगदम्किा का काली का करे त्रैलोक्य व्यापी विजय अधिगत होगी यहाँ संशय नही करना चाहिए।

नानालङ्कार भूषाङ्गी नग्नां मत्तां सदासवै
आवरणशून्य अम्बरावीतसर्वाङ्गी दिगम्बरा ।

नानालङ्कारभूषाङ्गी प्रमत्त वारूणी
रसपान के द्वारा सदामदायै नमः

मदहर्षे सदैव नृत्योल्लासविह्वला
चमत्कृताङ्गी झंझाकार

कड़कड़ करे काली का देवी
भड़-भड़ करे मशान

भमाकं काली भमाक चण्डी
भमोंक श्मशान 'झिलमिलतारा के लागएल

दुकुलियों तोके देस्वय वाले हजार (श्री कीनाराम)

जयगङ्गाराम जयचण्डीवाम

पिवकाली रसं रसने
पिवकाली रसं रसने

सुश्रृङ्गार रसे नैव विहरेत् परमात्मनि।
आनन्दमय संभूय ऐक्यं ब्रहणि सम्भवेत।। (घेरण्डसंहिता)

श्रृङ्गार रस से परमात्मा में आनन्दमयता का अनुसन्धान "कामस्तु वासुदेवांशः"—काम वासुदेव का अंशया अपत्य प्रद्युम्न है

न मय्याबेशितधियां कामः कामाय कल्पते।
भर्जिता क्वथिता घाना प्रायो विजायनेष्यते।।

भगवत तत्त्व आवेशित चित्तका काम काम नही है जो बीज दग्ध है वे अङ्कुर निष्पत्ति नही करते

काम क्रोधं भयं स्नेहमैक्यं सौहृदमेव च।
नित्यं हरौ विदधतो यन्ती तनमयता हिते ।। (श्रीमद् 10-29-15)

"कामं क्रोध स्नेह सौहृद आदि किसी भी भावना से प्रेरित हो-भगवती परायण हो जाने पर भृंगीकीट न्यायत उसमें भगवती भाव का पूर्ण विकास हो जाता है।

काल काली की रतिमिथुन विहार रूप चिन्तन
विकारावर्ति च (ब्रह्म सूत्र 4-4-19)

अर्थात् भगवान विकार के भीतर भी है बाहर भी है जहाँ भगवत्सत्ता स्फूर्ति हुई की कमनीय काम रमणीय राम हो जाता है।

हरिरेव जगत् जगदेव हरिर्हरितो जगतो
नहि भिन्न तनु
इति यस्यमतिः परमार्थ गतिः
स नरोभव सागरमुत्तरति ।।

'हरिव्यतिरिक्तं' जगन्नास्ति
हरि से व्यतिरिक्त जगद् नही है

हरि ही जगद् है
जगदेव हरि जगद् ही हरि है

जगद्व्यति रिक्तौ हरिर्नास्ति
जगद् से अतिरिक्त हरि नही है

परस्पर रतिक्रियाभिलाष ही काम है या सम्पूर्ण इच्छा मात्र ही काम पदवाच्य है काम ही आकर्षण का मूल रस है रस व्यापक है रस के कारण ही अणु अणु में आकर्षण है दो अणुओं के मिलने से द्वयणुक और तीन से त्रसरेणु बनता है यथाक्रम सृष्टि रचना का प्रवाह चलता है अतः रस ही सृष्टि का मूल है रसघन कामेश्वरी क्रीं रूपा

तमेव परमात्मानं जारबुद्धयापि सड.गता।
जहुर्गणमयं देहं सद्यः प्रक्षीण बन्धना।। (श्रमदाभागवत 10-29-99)

उंस परमात्मा को जार बुद्धि (पर पुरुष जरयति अविद्यां इतिजारः यहाँ जो अविद्या को दग्ध करे वह जार) से भी भजता है वह गुणमय प्राकृत देह बन्ध से विनिर्मुक्त हो जाता है।

परदे पे परदा किये जा रहे हैं जिसे देखने को जिये जा रहे है।'

नित्याव्यक्तोपि भगवानीक्ष्यते निजभक्तितः

नित्य अव्यक्त भगवती तत्व भी भक्तो के द्वारा देखा जाता है। दिव्यं ददाभि ते चक्षुः 'पश्य' में योगमैश्वरम्

विक्रीडितं व्रजवधूभिरिदं च विष्णोंः

श्रद्धान्वितोऽनुश्रृणुयादथ वर्णयेत् यः

भक्तिं परां भगवति प्रतिलभ्य कामं

हृद्रोगभाश्वपहिनोत्यचिरेण धीरः

कृष्ण का व्रजवधूजनो से जो रसमय विक्रीडन है इसको जो धीर श्रृद्धापूर्वक श्रवण करते है वर्णन करते है वह भगवान मे परा भक्ति लाभ कर अतिशीघ्र ही हृद्रोग का उन्मूलन कर भगवद् भाव को प्राप्त हो जाता है

वैसे ते माया हेय है पर पर–मं शिवं अयति स्वभावतः प्राप्नोति

मायां वर्णयतोऽमुष्य ईश्वरस्यानुमोदतः। श्रृण्वतो श्रद्धया नित्यं माययाऽऽत्मा न मुह्यति

जो (म) शिव को सहज प्राप्त हो वह शक्तिमाया है। (भागवत 1–7–53)

जो पुरूष ईश्वर की अचिन्त्य माया का वर्णन करते है अनुमोदन करते है श्रृद्धा के साथ नित्य श्रवण करते है उनका चित्त माया से मोहित नही होता

भोक्ता भोग्यं प्रेरयिता चमत्वा सर्वप्रोक्त त्रिविधं ब्रह्ममेतत् (श्वेताश्वतरोपनिषद)

भोक्ता, भोग्य प्रेरशिता (प्रेरक) ये तीनो रस ब्रह्म तत्व ही है

त्रिपञ्चारे पीठे शवशिवहृदि स्मेरवदनां

महाकाले नोच्चैर्म्मदन रसलावाण्य निरताम्

समासक्तो नक्तं स्वयमपि रतानन्दनिरतो

जनो यो ध्याये त्वामयि जननि स स्यात् स्मरहरः

अयि जननि हम सबकी उत्पादयित्री

यो जनः नक्तम् अर्द्धरात्री में आत्मरतानन्द निरत होकर तुझमें समासक्त चित्त–त्रिपञ्चारे पीठे अविद्यारूपवृत से वेष्टित, अष्टधा प्रकृति पञ्चज्ञानेन्द्रिय पञ्चकर्मेन्द्रिय पञ्चप्राण रूप त्रिकोण विशिष्ट शुद्धसत्त्वात्मिका माया प्रतिबिम्बित चैतन्य स्वदेह यन्त्र में ही। शववद् निष्क्रिय शिव हृदय पर शिवाकाली।

महाकालेन (महाकाल के संग उद्दाम काम विपरीत रीरंसा करती हुई । स्मेरवदनां –मन्द मन्द मुस्कान पूर्ण मुख से जो तुमको ब्रह्मस्रूपिणी ध्यान करेगा वह स्मरहर शिवोपम हो जायेगा।

निजदेहाख्य यन्त्रन्तु सर्वयन्त्रात् परं स्मृतम् (गन्धर्व तन्त्रम्)

निज देह रूपी यन्त्र में भगवती का ध्यान

सर्वोकृष्ट है विश्वोद्भ स्थल भगरूपा भगवती

भाति वा भासयते भं (ज्योति) गमयति–पहुँचाता है

जो ज्योति को पहुँचादे वही भग–भगवती है

ककारः कृष्णरूपः स्याल्ल कारश्चापि राधिका

ईकाराख्या कामकला तद्विलासस्तु चन्द्रकः

प्रेमसारभृताम्भोधिः ककारार्थस्तु केशवः

तन्माधुर्यैक साराब्धिर्लकारार्थस्तु राधिकाः

ईकारार्थः स्मरोऽपूर्व 'साक्षान्मन्मथमोहनः'

तदुल्लासवशावेशवशयो रूदभटं मुदा

संश्लेषादि विलासात्मा चन्द्रकार्थःप्रकीर्तितः

ककारः पुरूषः कृष्णः सच्चिदानन्द विग्रहः

ईकारः प्रकृति राधा नित्यं वृन्दावनेष्वरी

लश्चानन्दात्मकः प्रेमसुखं च परिकिर्तितम्

चुम्बनाश्लेशमाधुर्य बिन्दुनाद मुदीरितम्। (गौतम तन्त्रे)

माना जाता है कि क्लीं जो कि काम बीज है उसमें (क) का अर्थ है श्री कृष्ण परमानन्दकन्द मदन मोहन व्रजेन्द्रनन्दन 'ल' का अर्थ है राधारानी वृषभानुनन्दिनी रासेष्वरी 'ई' जो कि दीर्घ चतुर्थस्वर है उसका अर्थ है तन्त्रों में (कामकला)। जिसका तात्पर्य है उत्कृष्ट प्रीति और (ं) बिन्दु का अर्थ है रसोद्रेक इस तरह 'क' अचित्य परमानन्दसुधासिन्धु श्री कृष्ण 'ल' सुधा सिन्धु के माधुर्यसार सर्वस्व की अधिष्ठात्री राधारानी (ई) आनन्देसार सर्वस्व श्री कृष्ण और मार्धुयसार सर्वस्व श्री राधारानी दोनों का परस्पर प्रेम (ं) श्री राधाकृष्ण के परस्पर सम्मिलन से प्रादुर्भूत रसोद्रेक। अभिप्राय यह है काम बीज क्लीं का अर्थ श्री राधाकृष्ण के परस्पर प्रेम पूर्ण सम्मिलन से प्रादूर्भूत लोकोत्तर अर्थात ककार 'कृष्ण' है लकार राधा ईकार कामकला उसका विलास 'बिन्दु' अथवा ककार कृष्ण 'ईकार' राधा लकार आनन्द 'प्रेमसुख' उसका माधुर्य है बिन्दु।

क्लीं काम बीज (जो कृष्ण) का है उसमे काली शब्द के वर्णावयव (क, आ, ल, ई) क, ल ई से बना या गठित है

''स्वयं भगवान्कृष्णः काली रूपों अभवत् व्रजे'' कृष्ण ही काली हैं (महाकाल संहिता)

नभसोऽधिपति र्विष्णुरग्नेश्चैव माहेश्वरी
वायो सूर्यः क्षितेरीशां जीवनस्य गणाधिपः (कपिल तन्त्र)

अर्थ नभ आकाश के देवता विष्णु है
अग्नि तत्व के देवता भगवती महेश्वरी कालिका है
वायु तत्व के देवता भगवान सूर्य है।
पृथ्वी तत्व के देवता भगवान ईश शिव है।
जल तत्व के देवता भगवान गणपति है।
जिसमें जिस तत्व का प्राधान्य होगा
उसका वही देवता होगा अग्नि तत्व
के प्राधान्य से भगवती माहेश्वरी कालिका ईष्ट होगी।

अधिकारी भेदेन भेद है

इश्क करना अगर ए दिल तुझे मन्जूर है।
इश्क कर उस नूर से जो सभी नूरों का नूर है।

हम सब महाकाली समुद्र की तरङ्गे है।

हेलना या लीला पूर्वक भी जो माँ को भजता है तो भी मन का कुछ अंश अनिवार्य रूप से रहताहै क्योकि श्री कालकान्ता कपाल कामिनि इत्यादि शब्द उच्चारण के पूर्ण मन संकल्प पूर्वक ही मानस योग से उच्चरित होगा।

मनसा वा अग्रे सङ्कल्प यत्यथ वाचाव्यहरति । पहले मन से संकल्प करता है फिर वाणी से उच्चारण करता है।

'यद्धि मनसा ध्यायति तद्वाचा वदति' (श्रुति)

जो मन से ध्यान करता है वही वाणी से उच्चारण करता है शब्द अनुशासन में उच्चारण प्रक्रिया निम्नांकित है

आत्मा बुद्धया समेत्यर्थान
मनोयुङ्क्ते विवक्षया
मनः कायाग्निम हन्ति
सप्रेरयति मारूतम्
सोदीर्णो मूर्द्धयभिहितः
वक्त्रमापद्यमारूतः
वर्णान् जनयते।

आत्मा–अन्तः करण संस्कार रूप से स्वगत अर्थ को बुद्धि द्वारा (स्ववृत्या समेत्य) एक बुद्धि का विषय कर उसके बोधन की इच्छा के लिए मन को नियुक्त करते हैं वह मन कायाग्नि को प्रेरित करता है और कायाग्नि (जठयग्नि) सं प्रेरित वायु शीर्ष (मूर्धा पर्यन्त जाता है वहाँ) से प्रत्यावर्तित होकर तल्वादि कण्ठ से वक्त्र द्वारा शब्द उच्चरित होता है अर्थात बिना (कुछ मन के) शब्द उच्चारण ही अशक्त है अतः कोई भी राम राम जप ढोंग होगा या पाप खण्ड रूप पाखण्ड नही है क्योकि उच्चारण कर्त्ता का मन वहाँ रहेगा तो मनयुक्त होने से यथार्थ पूजन है।

श्मशान काली श्मशानागारवासिनी महाश्मशान जहाँ स्थूल सूक्ष्म, कारण शरीर त्रय का दग्ध हो जाता है वह ज्ञानगञ्ज काशी, ज्ञान भूमि है कर्म बाधित है अखण्ड बोध से (वाराणसी परा क्षेत्रं काली रूपं परात्परम) (योगिनी तन्त्र) वाराणसी परात्परा काली ही है।

श्मशब्देन शवः प्रोक्तः शानं शयनमुच्यते

श्म (श) शान्त शव को कहते है और शानं (शयन को) अर्थात् शवशयनस्थल ही श्मशान दृश्य जड़वर्ग की होली देहाभिमान विगलित होत है देहाभिमान की अस्थि तक का चवर्ण करती कालिका शवमांसकवलनी ही महाश्मशान काशी पुरी है

सा काशिका नीजबोधरूपा
सा कालिका नीजबोधरूपा

वह कालिका अखिल प्रकाशिका स्पन्दनात्मिका विमर्शरूपा काशिका ही है काशीपुरी पराशक्ति रूप है।

विथ्यां विथ्यां अटति जटिलः कोऽपि काशी निवासी

गली गली में कोई कपाल धारी काशी
निवासी नटन अटन कर रहा है।

विहरणपरायण परम आनन्दमयमहा कामेश का प्रलयकाल मे भी निजकान्ता काली से वियोग नही होता अतः अविमुक्त संज्ञा वाली से काशिका

कस्मै देवाय हविषा विधेम
किस देवता के लिए हवि का विधान करे तो

एकस्मै देवाय हविषा विधेम यही एक आत्मिका आत्मदेवी कालिका को हवि का विधान करो।

"सनगरेजो ने कलमा पढ़ा अपनी जुबा से
खुद अपनी मिसाल आप है किरदारे मोहम्मद"

अनुपमेया अद्वितीया उसका प्रत्येक हलचल खुद अपना आदर्श है "कालिका सर्वतोऽधिका" विश्वात्मक और विश्वातीत द्वन्द्वातीता

विश्वात्मक और विश्वातीत,द्वन्द्वात्मक कलन और द्वन्द्वातीता–विश्वात्मक और विश्वातीत द्वन्द्वातीता विश्वात्मक "दृश्येऽप्यनुस्यूता चिति" अर्थात दृश्य घट पट, मठ आदि चैत्य संवर्ग में चिति अनुगत है उसी महा अधिष्ठान में सब लेला खेलाविविध वैचित्र्य कल्लोल क्षोभ द्वैत का पट्वत् अतान वितान करती चिति विश्वं कलयति जानति सा काली

सर्वज्ञा की दृष्टि से क्या ओझल है

स्थावर जङ्गम नाहं देखे देखे काली मूर्ति उसकी अशेष विशेष की जानकारी प्राप्त करती है ज्ञान जब विज्ञान में परिणत हो जाता है एक ओर शुद्ध भक्ति दूसरी ओर शुद्ध कृपा उदित होकर महाशक्ति के सुशीतल अंक में भक्त को आकर्षित करती है तब पतन की आशंका नही होती।

शिशु जब माँ का हाँथ पकड़कर चलता है तब गिर जाने की सम्भावना रहती है। कारण दुर्बल शिशु की क्लान्त मुट्ठी स्खलित होने में देर नही लगती लेकिन जननी जब स्वयं शिशु का हाँथ पकड़ कर चलाती है तब डर की कोई बात नही रहती । जब पिता कान पकड़ता है तो मोचन कराती है ज्ञान और विज्ञान के साथ 'सवितृतत्व' का घनिष्ट सम्बन्ध है सूर्य में संयम करने पर जो भुवन ज्ञान होता है सभी पदार्थो का ज्ञान लाभ होता है यह बात योग शास्त्र मे है इसका एक कारण यह है सूर्य सभी पदार्थों का प्रसवकर्ता मूलस्तम्भ है केन्द्र स्वरूप है

"हे ज्वरतापहारिका भगवती कालिका"

देवलोक ऋषिलोक पितृलोक सबकी प्रसवकारिणी है माँ। काल क्रममय है

प्रसवकारिणी है माँ। काल क्रममय है
पौर्वापर्य का निर्धारक है काल, कालसंकिर्षिणी

काली इस निर्धारण क्रममयता का व्याकोप कर देती है
परिणाम के साथ काल का नित्य सम्बन्ध है
परिणाम दो तरह के है (1) सदृश (1) विसदृश

प्रकृति महाप्रलय के समय सदृश परिणाम युक्त रहती है सृष्टि के समय विसदृश परिणाम युक्त रहती है लेकिन कालसंकिर्शिषी इन सबसे उर्ध्वस्था रहती है "सूयते सचराचरं इतिसूर्यः" सबका उत्पादक सूर्य है सूर्य के आलोक से ही परिदृश्यमान जगत की सभी वस्तुएं प्रकाशमान होती है चाहे जगत हो स्वप्न हो सर्वदा सर्वत्र सृष्टि के मध्य सूर्य ही एकमात्र प्रकाशक है सूर्य से जो तेजधारा चारो ओर विक्षिप्त होकर छिटक रही है ।

केन्द्रिकृत घनीभूत प्रभाराशि जब सूर्यमण्डल को छोड़कर उपर चढ़ती रहेगी तब प्रणव के प्रकाश में परमतत्व प्रकाशमान होता रहेगा।

'उद्बुद्धा प्रबुद्धा कुण्डलिनी शक्ति आहत सर्पिणी की भाति घोर नाद करती हुई ब्रह्मपथ की ओर महाब्योम राज्य को भेद करती हुई ब्योमातीत महाशक्ति की ओर अग्रसर होती है यही विज्ञान का आत्मप्रकाश है जो कुछ बृहद् ब्रहमाण्ड में होता है वही क्षुद्र शरीररूपी पिण्ड में होता रहता है।

देह मध्य इड़ामार्ग संचारी चन्द्र प्रकट होकर स्निग्ध अमृत धारा से समस्त देह को आप्यायित करता रहता है पिंगलावर्ती सूर्य जब क्रिया कौशल से प्रबल तेजोमय रूप धारण करता है तब उसके संस्पर्श से मध्यशक्ति कुछ परिणाम मे उत्तेजित होकर वाम पार्श्व स्थित इड़ामार्ग में संचरणशील चन्द्रमा को उग्रभाव मे परिणत कर देता है क्रमशः दक्षिण शक्ति मध्यशक्ति वामशक्ति तीनों समभाव में उत्तेजित हो उठती है। ये महालक्ष्मी महासरस्वती और श्यामलमहोमय माँ कालचक्र की प्रवर्तिकाकाल को आवर्त गति खण्ड–खण्ड उपाधियाँ निमेष काष्ठ कला मुहूर्त अहोरात्र पक्ष, मास अयन सवत्सर युग, मन्वन्तर (मनुनां अन्तरः) कल्पादि रूप से काल को उपहित करती कालकालिका–

येनेदं भ्राम्यते ब्रह्म (चक्रम) (श्रुति)
चडश्च मुण्डश्च असुरौ चण्डमुण्डौ असुरौ
यस्माचण्ड च मुण्डं च गृहीत्वा त्वमुपागता।
चामुण्डेति ततो लोके ख्याता देवी भविष्यति।।
चण्डमुण्डा तु चामुण्डा इति नैघण्टुका पृषोदरादित्वात्

चण्ड अर्थात एक पञ्चाशत् (इक्यावन) अलातिचक्र वत् सवदरक्त भीषण मुण्डो से मण्डित चण्डमुण्डा ही चामुण्डा कालिका है।

चण्ड भानु चण्डवातः इत्यादि स्थानो में इयतानवच्छिन्न असाधारण गुण शाली वस्तु में चण्ड शब्द का प्रयोग होता है देश काल वस्तु परिच्छेद शून्य भगवती ही चण्डिका है **चंडिकोपे** (धातु) से चण्ड शब्द निष्पन्न है **मुडिखण्डने** धातु से **मुण्डशब्द** बना है।

"कस्य विभ्यति देवाश्चकृतरोषस्य संयुगे" किसको रोष उत्पन्न होने से देवताओं को भी भय होता है।

प्रसादो निष्फलो यस्य कोपोऽपि च निरर्थकः।
न तं भर्तारमिच्छन्ति षण्ढं पतिमिव प्रजा।

जिसका क्रोध और प्रसाद। (प्रसन्नता) निष्फल होता है उसे प्रजा उसी तरह स्वामी नही मानती जिस तरह षण्ड पुरुषों को स्त्रियाँ पति नही मानती हैं।

भयानक कोपवती चण्डिका
घोरान्या शिवान्याः

घोर और शान्त या अघोर शशि बिम्ब की तरह शैत्य धायक विपदादि रूप चमू को जो नष्ट करके आत्मरूप कर लेती है चण्डिका चामुण्डा ब्रह्म विद्या है।

विच्चे में वित् 'च' 'इ' क्रमेण पद सद् चिद् आनन्द के अवबोधक है।

वित्त–ज्ञान स्वरूप है 'च' नपुंसकलिङ्ग सत् का बोधक है 'इ' आनन्द ब्रह्म महिषि भोगदा भट्टारिका

चण्ड मुण्ड असुरो को मारकर माँ काली ने दोनों का सिर कौशिकी को दिया, कौशिकी ने चण्ड मुण्ड का सिर लाने के कारण चामुण्डा नामकरण काली का किया है

वैप्रचित्त को मारकर दानवों का भक्षण तथा दन्त रक्त होने से रक्तदन्तिका का संज्ञा है

रक्त राग रञ्जित दशन वर रूचि रक्त दन्तिका ग्रक्तपूरित मखाम्बुज रक्तपा रूधिर रक्ताङ्गी भगवती रक्ता काली माँ रक्तखर्प्पर हस्तिनी।

शतवार्षिकी अनावृष्टि होने पर माँ मुनियो पर अनुग्रह कर शताक्षी रूप से, देहो दभूत शाक् (सब्जी) हरहराती लहलहाती सस्यश्यामला) शाकम्भरी देवी, दुर्गम दैत्य को मारने से दुर्जनहन्त्री दुर्गा रूप हो जाती है अरूणासुर नाम के राक्षस को भ्रमररूप से भगवती ने मारा और भ्रामरी देवी संज्ञा के लब्ध हुई, हिमाचल के राक्षसों का भीम रूप से भक्षण कर भीमा संज्ञा भगवती ने धारण किया

तारा सीताराम में पहला वर्ण "सी" और अन्तिम वर्ण 'म' निकालने पर 'तारा' सीताराम का हृदय तारा रूप हृदय हिरण्य गर्भावस्था में कुछ प्रकाश होता है प्रलय रूपी कालरात्रि में ताराओं के समान सूक्ष्म जगत के ज्ञान तत्साधनों का प्राकट्य होता है उसी हिरणयगर्भ की शक्ति तारा है। सूर्यकोटि भी हिरण्यगर्भ कहा जाता है सूर्य रूद्र भी कहे जाते है उनका शान्त और घोर दो रूप कहा जाता है हिरण्यगर्भ पहले क्षुधा से उग्र था जब उसे अन्न मिलने लगा तब शान्त हुआ। उसी उग्र हिरण्यगर्भ की शक्ति का नाम उग्रतारा है।

प्रत्यालीढपदार्पिताङिघ्रशवहृद घोराट्टहासापरा
खड्गेन्दीवर कर्त्रिखर्पर भुजा हुङ्कार बीजोद्भवा।
खर्वानीलविशालपिङ्गलजटाजूटैकना गैर्युता
जाड्य न्यस्य कपालकर्तृजगतां हन्त्युग्रतारास्वयम्।।

क्षुधातुर हिरण्यगर्भ भी संहारक होता है उसकी शक्ति तारा भी संहारिणी है उसके चारों ओर जहरीले सर्प लिए हुए है सर्प भी संहार का सूचक है वह भी शव पर प्रतिष्ठित है मुण्ड और खप्पर से सूचित होता है वह भयानक होकर खप्पर से सूचित होता है वह भयानक होकर खप्पर द्वारा विश्व का रसपान करती है उसकी जहरीली रश्मियों की भयानकता दिखलाने के लिए जटाजूट नाग का वर्णन है।

प्रकृतिः पुरूषं स्पृष्टवा प्रकृतित्वं समुज्झति,।
तदन्तस्त्वे कतां गत्वा नदीरूपमिर्वार्णवे ।।

पुरुष का स्पर्श करते हुए प्रकृतित्व को छोड़कर पुरुष के साथ इस तरह मिल जाती है जैसे नदी समुद्र में मिल जाती हैं ।

अतस्त्वामाराध्यां हरिहर विरिञ्चादिमिरपि,।
प्रणन्तु स्तोतुं वा कथमकृतपुण्यः प्रमवति ।।

हरिहर विरञ्च प्रभृतियों से परमपूज्य अम्बा को प्रणाम या उनका स्तवन किसी अकृतपुण्य प्राणी द्वारा नही हो सकता तारा की पूजा रहस्य बुद्ध ही जानते थे तारा ही द्वितीया रूप मे प्रसिद्ध है सुतारारूप से वही जैनों में भी पूज्य अक्षोभ्य ही वहाँ अवलोकितेश्वर रूप में प्रसिद्ध है

'क्षोमादिरहितो यस्मात पीतं हालाहलं विषम्"
अत एव महेशानि अक्षोभ्यः परिकीर्तितः
तेन सार्ध महामायातारिणी रमते सदा
हलाहल विष पीने पर भी जो क्षोमरहित
रहे वही शिवअक्षोभ्य है उसके साथ
रमण करने वाली तारा है।

मदीयाराधनाचार बौद्ध रूपी जर्नादनः
एक एव विजानाति नान्याः कश्चन तत्वतः।।

तारा की ही उक्ति हैं बौद्धाचार से ही उनका पूजन श्रेष्ठ है। तारिणी शक्तियों से विशिष्ट महाशक्ति तारा है।

बुए गुल नालेदिल दूदेचिरागे महफिल
जब भी तेरे वज्म से निकले
बड़े परशा हो के निकले ।।

पुष्प की सुगन्ध दिल की आह और महफिल के चिराग का धुआँ भी जब तेरे दिव्य वाड्.मय से दूर होते ही विपदग्रस्त हो जाते है

जनकस्य राज्ञः सद्मनि सीतोत्पन्ना सा सर्वपरानन्द मूर्ति गायन्ति मुनयोऽपि देवा

(अनन्या राघवेणाऽहं भास्करेण यथा प्रभा)

ऐश्वर्यावचनः शक्ति सा पराक्रम एव च।

तत्स्वरूपा तर्योदात्री सा शक्तिः परिकीर्तिता ।।

प्रशान्त हिरण्यगर्भ या सूर्य शिव है उनकी शक्ति षोडशी है इनकी विग्रहमूर्ति पञ्चवक्त्र है। चारों दिशाओं एवं उर्ध्वदिशा के अभिमुख हाने से उन्हे पञ्चवक्त्र कहते है । तत्पुरुष, सद्योजात वामदेव अघोर व ईशान इनके प्रसिद्ध नाम है। पूर्वा पश्चिमा उत्तरा तारा दक्षिणा उर्ध्ववैदिक के हरित रक्त नील पीतरंग के मुख है। दश हाथों में अमय टङ्क शूल वज्र पाश खड्ग अकुश घंण्टा नाग और अग्नि लिए हुए है।

मुक्तापीतपयोदमुक्तिक जपावर्णैर्मुखैः पञ्चभिः

स्त्र्यक्षैरञ्चि तमीशमिन्दुमुकुटं पुर्णेन्दुकोटिप्रभम्

शूलं टङ्क कृपाणवज्रदहनान् नागेन्द्रपाशाङकुशान्

पाश भीतिहरं दधानममिता वागम्यो ज्वालङ्ग भजे

इसमें षोडश कलाओं का पूर्णरूप से विकास है अतएव यह भी कहा जाता है पञ्चवक्त्र की शक्ति षोडशी है।

बालार्कमण्डला भासां चतुर्बाहां त्रिलोचनाम्

पाशाङ्कुशशराश्चापं धारयन्तीं शिवा भजे।।

बालार्कमण्डल के समान आभावाली सूर्य, सोम अग्नि इन तीन नेत्रो वाली चतुर्भुज पाश अकुश चाप–चाप और शर को धारण किये हुए है।

भुवनेश्वरी

वृद्धिगत विश्व का अधिष्ठाता त्र्यम्बक है उसकी शक्ति भुवनेश्वरी है।

उसका स्वरूप इस प्रकार है।

उद्यछिद्युति मिन्दु किरीटां तुङ्गकुचां नयनत्रय युक्ताम्

स्मेरमुखीं वरदाङ्कुशपशा भीति करां प्रभजे भुवनेशीम्

सोमात्मक अमृत से विश्व का आप्यायन होता है

इसलिए भगवती ने अपने किरीट से चन्द्रमा को स्थान दे रखा है त्रिभुवन का भरण पोषण भगवती ही करती है उसी का संकेत कर मुद्रा से है कृपादृष्टी की सूचना उसके स्मेर से है शासन शक्ति का सूचक अंकुश पास आदि से है।

छिन्नमस्ता

विपरिणमान जगत का अधिपति चेतन कबन्ध है

उसकी शक्ति छिन्नमस्ता है विश्व का उपचय अपचय।

तो हर समय ही होता रहता है जब ह्रास की मात्रा कम विकास की आगम की मात्रा अधिक होता है तब भुवनेश्वरी का प्राकट्य होता है

प्रत्यालीढ़ सदैव दधती छिन्नं शिरः कर्त्रिकाम्

दिग्वस्त्रां स्वकबन्ध शोणित सुधाधारां पिबन्ती मुदाम्

नागाबद्ध शिरोमणिं त्रिनयनां ह्रद्युत्पलालङ.कृतां

रत्यासक्तमनो भवोपरिदृढा ध्यायेन्जवासन्निभाम्

दक्षे चातिसिताविमुक्त चिकुरां कर्त्रीं तथा खर्परं

हस्ताम्यां दधती रजो गुणभुवा नाम्नाऽपि सार्वर्गिनीम्

देव्याश्छिन्नकबन्धतः पतदसृग्धारां पिबन्ती मुदां

नागाबद्ध शिरोमणिर्मनुविदा ध्येया सदा सा सुरैः

प्रत्यालीढ पदां कबन्धविगलद्रक्त पिबन्ती मुदा

सैषा या प्रलये समस्त भुवनं भोक्तु क्षमा तामसी।

छिन्नमस्ता भ''वती छिन्नशीर्ष और कर्तरी एवं खप्पर को लिए हुए स्वयं दिगम्बर रहती है। कबन्ध शोणित की धारा को पीति रहती है कटे हुए सिर में नागाबद्ध मणि विराजमान है नील नयन है ह्रदय में उत्पल की माला है रत्यासक्ता मनोभाव के उपर विराज मान रहती है।

त्रिपुरभैरवी

क्षीयमान विश्व का अधिष्ठाता दक्षिणमूर्ति कालभैरव है उसकी शक्ति भैरवी है

उद्यद्भनुसहस्त्रकान्तिमरूणक्षौमा शिरोमालिकां

रक्तालिप्तपयोघरां जपवटीं विद्याममीतिं वरम्

हस्ताब्जैर्दधतीं त्रिनेत्रविलसद्वक्त्रार विन्दश्रियं
देवीं बद्ध हिमाशुरत्न मुकुटां वन्दे समन्दस्मिताम्

उदित होते हुए सहस्त्रो सूर्य के समान अरूणकान्ति वाली क्षौमाम्बर को धारण किए हुए मुण्डमाला पहने हुए है। रक्त से उसके पयोधर लिप्त है तीन नेत्र एवं हिगांशु बद्ध मुकुट को धारण किये हाथ में जपवटी विद्यावर एवं अभय मुद्रा को धारण किए हुए रहती है।

धूमावती

विश्व की अमाङ्गल्यपूर्ण अवस्था की अधिष्ठात्री शक्ति धूमावती है यह विधवा समझी जाती है हाँ पुरुष का वर्णन नही है पुरुष अव्यक्त हैं

ध्यान–विवर्णा चञ्चला दुष्टा दीर्घा च मलिनाम्बरा
विमुक्तकुन्तला वै साविधवा विरल द्विजा
काक ध्वाजरथारूढ़ा विलम्बित पयोघरा
शूर्पहस्तातिरूक्षाक्षा धूतहस्ता वरानना
प्रवृद्धघोणा तु भृशं कुटिला कुटिलेक्षणा
क्षुत्पिपासार्दिता नित्यं भयदां कलहास्पद

विवर्णा चञ्चला दुष्टा एवं दीर्घ तथा मलिनअम्बर वाली खुले केशोंवाली विरलदन्तवाली विधवारूप में रहने वाली काक ध्वजवाले रथ पर आरूढ़ लम्बे पयोधर वाली हाँथ में शूर्प लिए हुए अत्यन्त रूक्ष नेत्रवली कम्पित हस्त लम्बी नासिका कुटिल स्वभाव कुटिल नेत्रयुक्त क्षुधा पिपास से पीड़ित सदा भयप्रद कलह का निवास रूपिणी है

बगला

व्यष्टि में शत्रुसजिर्हीर्षा समष्टि से परमेश्वर
की संहारेच्छा की अधिष्ठात्री शक्ति बगला है।

जिह्वाग्रमादाय करेण देवी वामेन शत्रुन्परिपीड़यन्तीम्।
गदाभिघातेन च दक्षिणेन पीताम्बराढयां द्विभुजानमामि।।

अर्थात शत्रु के ह्रदय पर आरूढ़ वामहस्त से शत्रु

जिह्वा को खींचकर दक्षिण हस्त मे गदा प्रहार करने वाली पीतवस्त्र धारण की हुई बगला है।

मध्ये सुधाब्धि मणिमण्ड परत्नवेदी सिहासनो परिगतां परि पीतवर्णाम्
पीताम्बरा भरणमाल्यविभुषिताङ्गी देवीं नमामि धृतमुदगर वैरिजिह्वाम्

अर्थात् सुधासमुद्र के मध्यस्थित मणिमय मण्डम में रत्नमय वेदी है उसपर रत्नमय सिंहासन है उस पर विराजमान पीतिवर्णवाली पीतवर्ण के ही वस्त्राभूषण माल्य से सुशोभित अङ्गवाली भगवती वगला है जिसके एक हाथ में शत्रु की जिह्वा दूसरे में मुदगर है।

मातङ्गी

मातङ्ग शिव का नाम है उसकी शक्ति मातङ्गी है।

ध्यान– श्यामां शुभ्रांशुमालां त्रिनयनकमलां रत्नसिंहासनस्थां
भक्ताभीष्ट प्रदात्री सुरनिकर करासेव्यकञ्जाङ्घ्रि युग्माम्
नीलाम्भोजांशुकान्तिं निश्चिर निकरारण्य दावाग्नि रूपा
पाशं खडगं चतुर्भिवरकमल करै खेंटकञ्चाङ्कुशञ्च
मातङ्गिमाहवन्तीमभिमतफलदां मोदिनीचिन्तयामि

श्याम वर्णा चन्द्रमा को मस्तक पर धारण किए हुए तीन नेत्रों वाली रत्नमयसिंहासन पर विराजमान नीलकमल के समान कान्तिवाली, राक्षसरूप अरण्य को दहन करने में दावालरूपा चार भुजाओं में पास पाश खड्ग खेंटक और अंकुशवाली भक्तो को अभीष्टफल प्रदान करने वाली असुरों को मोहित करने वाली मातङ्गी है।

कमला

सदाशिव पुरूष की शक्ति कमला है
उसका ध्यान इस प्रकार है।

कान्त्या काञ्चन सन्निभां हिमगिर प्रख्यैश्चतुर्मिर्गजैः
हस्तोत्क्षिप्त हिरण्यामृत घटैरासिच्यमानां श्रियम्
विभ्रांणां 'वरमब्जयुग्ममभयम् हस्तैः किरीटोज्जवला
क्षौमाबद्ध नितम्ब बिम्ब वलिता वन्देऽरविन्दस्थिताम्

सुवर्णतुल्य कान्तिमत, हिमालय के सदृश

श्वेतवर्ण वाले चार गजों के द्वारा शुण्ड से गृहीत सुर्वण कलशो से स्नापित चार भुजाओं में वर अभय और कमलद्वय धारण किये हुए क्षौमवस्त्र से आवृत्त कमला है।

स्वात्मा ही विश्वात्मिका ललिता है
विमर्श रक्त वर्ण है।

शिवः शक्त्यायुक्तो यदि भवति शक्त प्रभावितुं ।
न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि ।।

निगुर्ण पुरूषरूप शिव कामेश्वरी से युक्त होकर विश्वनिर्माणादि कार्यों में सफल हो सकता है उसके बिना कूटस्थ देव टस से मस नही हो सकता।

ब्रह्मा विष्णु रूद्र ईश्वर सदाशिव इन्ही की शक्ति राहित्य विवक्षा से महाप्रेत संज्ञा है। निर्विशेष ब्रह्मा के आश्रित श्री कामेश्वरी के श्री हस्त में पाश अंकुश इक्षु धनुष वण है मन ही इच्छाधनुष है शब्दादि विषम पुष्पबाण है

इच्छाशक्तिमयं पाशमङ्कुशं ज्ञान रूपिणम्
क्रियाशक्तिमये बाण धनुषी दीर्घ दृज्जवलम्।।
पाश इच्छामय और अंकुश ज्ञान रूप है
वाण क्रिया शक्तिरूप है।

राग ही पाश है द्वेष ही अंकुश है मन ही इक्षु घनुष है शब्दादि विषम पुष्पवाण है

'रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि'

माता से ही ये (संसारिक) इच्छाएं भी भक्त पूरित करवाता है मागता है रूप, जय, यश, शत्रु दहन जैसी अभीष्ट को

'कृष्णेनसंस्तुते देवि शश्वद्भक्तया तथाम्बिके' श्री अनन्तकोटि ब्रह्मणडनायक गोपीजन बल्लभ कृष्ण से भी माँ इड्य संस्तुत्य पूजित है ।

सुरासुर शिरो रत्ननिधृष्ट चरणेऽम्बिके–देव दानव सभी अपने मुकुट किरीट के रत्नों से माता के पादपीठ का स्तवन करते है।

राम शब्द शिव शिवामय है
रा शक्तिरिति विख्याता
मशिवः परिकीर्तितः।
शिवशक्त्यात्मकं ब्रह्म रामरामेतिगीयते।।

राशक्तिरूप से ख्यापित है 'म' शिव (शक्तिसङ्गम तन्त्रे) रूप से सुश्रुत है दोनो वर्णो का समाहार काली काल का यामल है।

एकैव कालिका देवि विहरन्ति जगत्त्रये (कालिका पुराण) विष्टपत्रितय में (अर्थात् त्रैलोक्य में) सघन रूप से कालिका का ही संचार स्फुरण हो रहा है।

गायत्री वा इदं सर्वम्
यह सब कुछ गायत्री माँ ही है
सर्वं देवीमयं रे सर्वं देवीमयं रे
सर्वं कालीमयं रे सर्वं कालीमयं रे

कबिरा काजर रेख हूँ
अब तो दई न जाय
नैननि पीतम रहि रहा
दूजा कहा समाय

सर्वत्र सर्वदा भरपूर श्याम तेजपुञ्जिका कालिका।
भू : भुर्वः स्वः सप्तद्वीपा वसुमति त्रयोलोका
अन्तरिक्ष सर्वे त्वयि निवसन्ति। (मैथिली महोपनिषद)

अर्थात भवतीति भू–जिससे सब हो वह भू भूवः–भूत्वा वसन्ति–होकर जिसमें सब रहे अर्थात् भू भवः स्व, सप्तद्वीप, वसुधा अन्तरिक्ष है माँ ये सब तुझमें वास करते है

"आमोदः प्रमोदो विमोदः सम्मोदः सर्वास्त्वं संधत्से" (मैथिली महोपनिषद्)
हे माँ तू प्रमोदार्णव की तरङ्गभूता प्रमोद, विमोद सम्मोद सब की विधारक हो

हे सहस्र प्रेतराट क्रोधा, सहस्रशेष पराक्रमा सहस्रधनदैश्वर्या, सहस्र भूमिसदना सहस्रा काशविग्रहा सहस्र रूद्रतेजस्का सहस्र ब्रह्म सृष्र्टिकृत, सहस्र वायु वेगा सहस्रबुद्धकरुणामूर्ति अव्याज करूणा मूर्ति हो तुम प्रपन्नानन्द दायिनी हो।

शतकोटिदिव्यवर्ष नृत्यतिस्म परात्मिका,।
नानावाद्य महोल्लासा नानालङ्कार गायिका।।

रश्मिवृन्द से समुदभूता कोटि कोटि येगिनीयो के मध्य शतकोटि (सौकरोड़) दिव्यवर्ष पर्यन्त परात्मिका नृत्य करती है महोल्लास नानावाद्य, नाना अलङ्कार उपेत गायिका कालिका शिवा राघ्या काशीश को भी वर देती है शिव ध्यान करते है मन मिर्जा तन साहिबा मिर्जारूपशिव का मन साहिबा शिवा मे रमण करता है।

राघा वामानुरोधी शक्ति है धार के
विपरीत राघा है घाटी का पानी चढ़े पहाड़
तो राधा, पहाड़ के शिखर का पानी
जब घाटी में आवे तो धारा है।

किश्ती को भँवर में घिरने दे
मौजो के थपेड़े सहने दे
जिन्दो में अगर जीना है तुझे
तूफान की हलचल रहने दो
धारा के मुवाफिक बहना क्या
तौहीने दस्त बाजू है
परवरदे तूफा किस्ती को
धारा के मुखालिफ बहने दें।

कपाल कामिनी विषयिणी हृदय की वृत्ति ही कौलो की भक्ति है अपने अपने प्रिय विषय में चित्तका द्रवीकरण होता ही है जैसे अपनी संतति को देखकर वात्सल्य से गाय आदि पशुओं के स्तनों में भी दूध चूने लगता है बछड़े की मृत्यु देखकर उनकी आखों से आसू बहते है प्रधावनशील मृग को दोखकर सिंह आदि की चित्तवृत्ति क्रोद्ध से भर जाती है मादा को देखकर पुरूष पशु की भी कामविषयिणी वृत्ति का उदय होता है।

केवल चित्त की द्रवावस्था होना भक्ति नही है अपितु चित्त का विषय अखण्डानन्ददायिनी भगवती हो तब भक्ति है।

मद्गुण श्रुति मात्रेण मयि सर्वागुहाशये।
मनोगति रविच्छिन्ना यथा गङ्गाम्भसोऽम्बुधो।।

जिस प्रकार गङ्गा का प्रवाह अखण्डरूप से समुद्र की ओर बहता है उसी प्रकार मेरे गुणों के श्रवण मात्र से मन की वृत्ति का अविच्छिेन्न रूप से मुझ सर्वान्तर्यामी के प्रति (अर्थात् कालिका की ओर जाना ही भक्ति है

आत्मा रामश्च मुनयो निर्ग्रन्था अप्युरूक्रमें
कुर्वन्त्य हैतुकीं भक्तिमित्थं भूतगुणों हरि ।।
निर्ग्रन्थ आत्माराम आप्तकाम मुनि भी निर्हेतुकी

अनिमित्ता भक्ति करते है परमेश्वर के गुण गण ही ऐसे है

सगुणशरणानां अनावृत्ति सिद्धिरिति (श्री शङ्कराचार्य)
सगुण शरणागत का भी कैवल्य होता है

तावत् कर्माणि कुर्वीत न निर्विद्यते यावता।
मत्कथाश्रवणादौ वा श्रद्धा यावन्न जायते ।। (भागवत्)

तब तक कर्मानुष्ठान करे जब तक निर्वेद वैराग्य और भगवद् कथा श्रवणादि में श्रद्धा (हर्ष) आदि न उत्पन्न हो

मयि चानन्ययोगेन भक्तिरव्यभिचारिणी।
विविक्त देश सेवित्वमरतिर्जन संसदि।। (गीता)

एकमात्र भगवती ही आवलम्बन अव्यभिचारिणी एकान्त भक्ति है निरतिशय पुरूषार्थ को रसज्ञ लोग भक्ति कहते है।

यह निरूपम सुख संविद और दुःख से असंस्पृष्ट भक्ति है अन्तःकरण का भगवती आकार से आकारित होना भक्ति है भगवती मे निर्बद्ध हृदया होकर भक्तिः पुनति मन्निष्ठा श्वपाकानपि संभवात् कुत्ते का मांस खाने वाले चाण्डाल को भक्ति महारानी क्षपित कल्मष कर देती है।

बाग्गदगदा द्रवते यस्यचित्त
रूदत्य भीक्ष्णं हसति क्वाचिच्च।
विलज्ज उदगायति नृत्यते च
मदभक्ति युक्तो भुवनं पुनाति।।

भक्ति के आवेश में जिसकी वाणी गदगद हो गई हो चित्त द्रवित हो गया हो जो कभी रोता है कभी हसता है कभी संकोच त्याग कर उच्च स्वर में हरिगुणों का गान करने लगता है और कभी नाच ने लगता है वह स्वयं पावन होकर त्रैलोक्य पावन करता है।

मच्चिता मद्गतप्राण बोधयन्त परस्परम् ।
कथयन्तश्च मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च ।।
तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्णकम् ।
ददामि बुद्धि योगं तं येन मामुपयान्ति ते।।

जिनका चित्त प्राण मुझमें ही लगे रहते है जो निरन्तर मेरे ही गुणों की चर्चा किया करते है मेरी ही लीलाओं का वर्णन करते हुए सर्वदा प्रसन्न हुआ करते है वे मुझ वासुदेव में निरन्तर रमण करते है निरन्तर मेरे ध्यान करने वाले को और प्रेमपूर्वक मुझे भजने वाले को मै तत्व ज्ञान करा देता हूँ जिससे वे मेरे पास आ पहुचते है

सा परानुरक्तिरीश्वरे

परमेश्वर के प्रति निरतिशय प्रेम का होना परा भक्ति है।

पिबन्त इव चक्षुर्म्याम लिहन्त इव जिह्वया।
जिघ्रन्त इव नासाभ्यां श्विष्यन्त इव बाहुभि :।।

मानो नेत्रों से पी जायेगा ,जिह्वा से चाटता सा और नासिका से सूँघ रहे और बाहुओं से आश्लेष आलिङ्गन कर लेगे।

तैल धारावत् अविच्छिन्न प्रेमाम्बु भक्ति संधारा चित्तद्रुति,वृत्ति का धारावाहिकता और सर्वेश्वरी-विषयता ही भक्ति है द्रुतचित्त में अकित काली मूर्ति

प्रकर्षेण नयति–प्रणय ही भक्ति है भगवती में प्रणय अर्थात् द्रवावस्था वही रशना अर्थात रस्सी की तरह बाँधने का साधन क्योंकि चित्त की द्रवावस्था में प्रविष्ट हुई छवि फिर चित्त से निकलता नही

प्रणयरशनया धृताङ्.घ्रिपद्मः स
भवति भागवतप्रधान

बिम्ब (मुख आदि) ही उपाधि (दर्पण आदि) में रहकर प्रतीत हुआ प्रतिबिम्ब कहलाता है परमानन्दरूपा भगवती बिम्ब मन (रूप उपाधि) में प्रतिबिम्बित स्थायी भावता को पाकर रसता को प्राप्त होता है अतः निर्विवाद भक्ति रसरूप ही है।

अनवच्छिन्न चिदानन्दघन माँ का स्फुरण होने से भक्ति रसवन्ती रसरूपा है।

रोमाञ्चेन चमत्कृता तनुरियं भक्त्यामनोनन्दितम्
प्रेमाश्रूणि विभूषयन्ति वदनं कण्ठं गिरो गद्गदा
नास्माकं 'क्षणमात्रमत्यवसर : कृष्णार्चनं कुवर्तः

मुक्ति र्द्वारि चतुर्विधापि किमिदं दास्याय लोलायते।।(बोधसार भक्ति रसायन)

सारा शरीर रोम्माच से चमत्कृत और मन भक्ति से आन्दोलित प्रेमाश्रु से बदन मुख और गद्गद गिरा से कण्ठ विभूषित कृष्णार्चन परायण मुझको क्षण भर भी अवसर नहीं चारो प्रकार की मुक्ति द्वार पर दासी होने के लिए गिड़गिड़ा रही है जैसा भक्ति से भगवत तत्त्व (समास्वादन) होता है वैसा सांख्य, योग् धर्म स्वाध्याय तपादि से नही।

विसृज्य लज्जा होकर जैसे कृष्णदर्शन लालसा में गोपियाँ रोती है

न साधयति माम् योगो न सांख्य धर्मउद्धवः।
न स्वाध्यायस्तपस्त्यागो यथा भक्तिर्ममोर्जिता।।
परा प्रकृति में शयन रूप आलिङ्गन चुम्बनादि। (भागवत)
श्मशानाष्टकमध्यस्थं मुण्डाष्टकविभूषितम्
कोटिकालानला भासं चतुर्भुजं त्रिलोचनम्

पञ्चप्रेतस्थितं देवं त्रिशूलं डमरूं तथा
खड्गं च खर्परं चैव बामदक्षिणयोगिनम्
बिभ्रतं सुन्दरं देहं श्मशान भस्म भूषितम्
नानाशवकीडकानं कालिका हृदयस्थितम्
लालयन्तं रतासक्तं घोर चुम्बनतत्परम
गृघ्र गोमायुसयुक्तम् फेरवीगंण संयुतम्
जटापटल शोभाढ्यं सर्वशून्यालय स्थितम्
सर्वशून्यं मुण्डभूषं प्रसन्नवदनं शिवम्
कौलिकेन्द्र महाकाल पुरूष रूप महाकाली

भोगदा रूप से पुरि प्रकृतौ शेते इतिपुरूष श्री काली नित्यर्चन

अष्टश्मशान के मध्य मुण्डाण्टकविभूषित चतुर्भुज त्रिलोचन कोटिकालानल प्रख्या (महाकाल)

पञ्चप्रेत (ब्रह्मा, विष्णु रूद्र, ईशान सदाशिव शक्ति राहित्य से प्रेत संज्ञक) स्थित (त्रिशुल, डमरू, खड्ग, खर्पर) नाम दक्षिण हस्तो में क्रमशः और महाकाल काली हृदय अधिरूढ, शवो से क्रीडन रत्यासक्त लालन पूर्वक 'भूयसः' चुम्बन परायण और गृघ्र गोमायु से सज्जित श्रृगालियों से परिवेष्टित जटापटल "गङ्गा शिव गङ्गा भई वट जटा बढाई के)" सर्वशून्यालय श्मशानागरस्थ शिव समासीन है

कपाल कामिनि वक्षोजैक निलय महाकाल अथवामहादेव हृदयो परिस्थिति भगवती वैसे ही है जैसे कभी दाँए हाथ से बायाँ हाथ पकड़े कभी बाँये से दायाँ। भोगोऽपि मोक्षाय भवेत", कभी काल काली बनते है, कभी कालो काल बनती है

काल एवासि काली।

हे माँ अनिष्ट की निवृत्ति और इष्ट सम्प्रयोग ये सब आपके युगल चरणारबिन्दं मे ही है।

मृगजल सिचिञ्त जगदाश्रय तो अंधकारोत्पादित छाया के समान ही है।

"वो रोशनी क्या लायेगी रहमत।
जो साथ में धूप ला रही है।
वो छाया क्या साथ देगी जिन्दगी का
जनम लिया जिसने तीरगी मे।।" (तीरगी–अंधकार)

अतः इतस्ततः परिभ्रमण निरर्थक है। या तो अंक में बिठा ले या चरण मे अवकाश दे दे ।

"इसी रफ्तारे आवारा से, यहाँ कब तक भटकोगे।
अमीरे कारवाँ बन जा, गुवारे कारवाँ कब तक ।।

"तू है मूहिते बेकरा मै हूँ जरा सी आवजू।
या मुझे हम किनार कर
या मुझे वे किनारा कर।
दोस्त ने दिल को लालाजार कर दिया।
ये खिजा जदा चमन पुर बहार कर दिया
देखते ही देखते बर्क शोलापाश को
एक निगाहे लुत्फ से आबशार कर दिया।"

हे माँ तू विशाल अन्तहीन महासमुद्र है और मै अत्यन्त क्षुद्र नदी की भाँति हूँ। या मुझे अपने अङ्क मे बिठा ले या चरणो में आश्रय प्रदान करो। अर्थात् नदी नदी नाथ से मिल जाये।

मित्र ने ह्रदय कमल को पूर्ण प्रफुल्लित कर दिया। पतझड़ युक्त बन को वसन्त ऋतु से युक्त कर दिया उसकी कृपा कटाक्ष के लेशोन्मेष संपन्न अङ्गार को बर्फ की भाँति सुशीतल बना दिया।

आनुकूल्यस्य संकल्प, प्रतिकूलस्य वर्जनम्
रक्षिष्यतीति विश्वासो गोप्तृत्वं वरणं तथा
आत्मनिक्षेप कार्पण्ये षड्विधा शरणागति।।

तेरे अनुकूल मन बुद्धि चित्तादि की हलचल का संकल्प प्रतिकूल अर्थात् तुम्हे जो न अच्छा लगे वो न करना अर्थात् कुल मार्ग के प्रतिकूल कदाचित् न होना "कुल मार्गे तु या निन्दा सा निन्दा तव कालिके" (कुल मार्ग की निन्दा काली माँ की ही निन्दा है रक्षा करेगी ही निर्विवाद रूप से सिद्ध है विकल्प नही है काली की काया की छाया हो जाना तदधीन स्थिति गति प्रवृत्ति, अत्यन्त लघुतर रूप से अपने को (तृणादपि) समझना ही कार्पण्य है।

श्रृणाति हिनस्तीति शरणम्

दोषो का संहारक 'षड्विधा' शरणागति भगवति पराम्बा त्रिपुरेशी त्रिपुराम्बा रक्त कालिका में।

(ये आना कोई आना है कि, बस रस्मन चले आये।
ये मिलना खाक मिलना है। कि
दिल से दिल नही मिलता।।

"मिलाऊँ किससे दिल अपना
कोई काबिल नही मिलता ।
किसी से दिल नही मिलता
कोई दिल से नही मिलता।।"

जगत और जगतवासी सब औपचारिक है त्वद् विषरिणी रति अनौपचारिक है

हे महदयोनि–नाद निर्गत होकर त्रिकोणा कार रूप धारण करता है यह अहम नामक बिन्दु नादात्मक प्रकाश विमर्श का शरीर है इसमें प्रकाश शुक्ल बिन्दु है और विमर्श रक्त बिन्दु है दोनों का परस्परिक अनु प्रवेशात्मक साम्य मिश्र बन्दु है

'अ' काररूप प्रकाश के साथ (ह) काररूप विमर्श का अर्थात अग्नि के साथ सोम का साम्यभाव यही अहं अथवा पूर्णहंता है काम अथवा रवि नाम से प्रसिद्ध है।

अग्नीषोमात्मक बिन्दु का उल्लेख पाया जाता है। शिव ही (अ) शक्ति ही 'ह' है बिन्दु रूप में आर्विभूत होता है। साम्य अंश होने पर यह बिन्दु प्रस्पन्दित होकर शुक्ल और बिन्दु रुप में आर्विभूत होता है।

अग्नि के सम्पर्क से धृत जिस प्रकार गलकर धारारूप में बहने लगता है उसी प्रकार प्रकाशात्मक शिव के सम्पर्क से, विमर्शरूपा पराशक्ति द्रुत होती है एक परामानन्दमय अमृतधारा का 'स्राव' होता है।

प्रकाशांश और विर्मशाश के घनीभूत संश्लेषण से उद्भूत होता है शुद्ध प्रकाश किंवा शुद्ध विमर्श शक्ति में निखिल प्रंपच विलीन रहता है उसके संसर्ग से अनुत्तर अक्षर स्वरूप प्रकाश बिन्दुरूप धारण करता है।

शिव शक्ति के मिलने से उत्पन्न अमृत की धारा प्रवाहित होने पर जिस लीलारूप तरङ्ग की उत्पत्ति होती है वही तान्त्रिक परिभाषा में ह्रर्घ कला नाम से विख्यात है।

लिङ्ग योनि का समन्वयरूप त्रिकोणमध्यास्थ बिन्दु अथवा बिन्दु गर्भित रूप त्रिकोण दिखलाई देगा शास्त्र में जिस किसी भी देवता के चक्र का वर्णन आया है उसमें सर्वत्र ही यह बिन्दु और त्रिकोण मूलस्थान में साधारण भाव से वर्तमान है।

स्थूल जगत जिसे हम सर्वदा अनुभव करते है दीपकालिका के विकीर्ण प्रभामण्डल की भाँति एक बिन्दु का वाहय प्रसारण एवं विकीरण होता है।

इन बिन्दु त्रिकोण के तीन प्रान्तो के तीन बिन्दु है इन्हे 'अकार और उकार 'मकार' नाम से सांकेतित
भाषा में निर्देश किया जाता सकता है अर्न्तमुख प्रेरणा से जब ये तीनो बिन्दु रेखारूप में प्रवाहित होकर
एक महाबिन्दु रूप मे पर्यवसान को प्राप्त होता है। वही तुरीय बिन्दु अथवा महाकारण रूप में अभिहित
होने के योग्य है वही त्रिकोण का अन्तः स्थित मध्य बिन्दु है।

बिन्दु या कुण्डलिनी विक्षुब्ध होकर नाद का विकास करती है पूर्ण परमेश्वर की स्वातन्त्रय शक्ति
से बिन्दु का विक्षोभ कार्य सम्पन्न होता है। इसी का दूसरा नाम गुरूकृपा या परमेश्वर का अनुग्रह है।
मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत विशुद्ध लम्बिकाग्र और आज्ञा ये सब अज्ञानराज के अर्न्तगत है।

ज्ञान के संञ्चार के साथ साथ ही आज्ञा चक का भेदन करने से ज्ञान का उदय होता है-आज्ञाचक
के बाद ही बिन्दु स्थान है। यही बिन्दु स्थान योगियों का तृतीय नेत्र या ज्ञान चक्षु कहलाता है चित्त
को एकाग्र करके उपसंहृत किये बिना अर्थात् विक्षिप्त अवस्था में अनेकों व्यवधान रह जाते है यद्यपि
बिन्दुभूमि में साधक अहंभाव में प्रतिष्ठित होकर आपेक्षिक द्रष्टा बनकर निम्नर्वती समस्त प्रपञ्च को
निरपेक्ष भाव से देखने में समर्थ होता है।

बिन्दु को चन्द्र बिन्दु कहा जाता है इसलिए यह अवस्था अर्धचन्द्र नाम से वर्णित होती है नाद चैतन्य का अभिव्यञ्जक है इस अवस्था में चित्तशक्ति क्रमशः अधिकतर स्पष्ट हो जाती है जो रिक्त दिशा है लौकिक दृष्टि से वही अमावस्य है जो पूर्णदिशा है वही पूर्णिमा है। महाशक्ति के प्राधान्य को अङ्गीकार कर अमावस्या की ओर जो उसकी स्फूर्ति होती है काली है। श्री विद्या के रूप में साधक समाज मे परिचित होती है काली कुल एवं श्री कुल का यही रहस्य है।

अमाउल्लास रूपा माँ काली और पूर्णिमा विकास रूपा माँ त्रिपुरा है।

स्वयं शंकर भी भगवती की अपरा पूजा किया करते है ये महाजनों का सिद्धान्त है इसलिए ज्ञानी कि लिए भी चक्रपूजा उपेक्षणीय नही है।

एकमात्र परमशिव की स्फूर्ति व ब्रह्मज्ञान ही परापूजा का नामान्तर है।

अधोमुख श्वेत वर्ण सहस्त्रदल कमल वा अकूलकमल की अर्न्तकलिका में वाग्भव नामक एक प्रसिद्ध त्रिकोण है इस त्रिकोण से परादिक्रम चार प्रकार के वाक् या शब्द उत्पन्न होने के कारण इसका नाम वाग्भव है। इस त्रिकोण के मध्य में विश्वगुरू परम शिव की पादुका है वह प्रकाश विर्मश तथा इन दोनों के सामरस्य भेद से तीन प्रकार की है इस पादुका से निरन्तर परमामृत निकलता रहता है इस स्निग्ध अमृतमय चन्द्ररश्मि द्वारा समस्त विश्व का सञ्जीहन माधुर्य सम्पादन और तृप्ति होती है।

विषयानुभवजन्य आनन्द महान्द के साथ मिलने पर जिस वैषम्यहीन अवस्था का उदय होता है वही भगवती की उत्तम उपासना का प्रकृत तत्व है।

इससे अश्रु पुलक स्वेद कम्प प्रभृति सात्विक विकारो का उन्मेष होता है।

[illegible] के रूप में (प्रमा) ज्ञान को विमर्श शब्द से अभिहित किया गया है प्रभा के दो अशं है

अहमंश और इदमंश जिनमे पहले आत्मा का ग्राहक अशं है दूसरा ग्राह्य। क्योंकि यह बात ध्यान में रहे कि एक आत्मा ही माया रूप में उपाधि के कारण द्रष्टारूप अपनी दृष्टि में अपने से भिन्न अनात्म अथवा दृष्ट रूप मे भासता है।

अनन्योन्मुखोऽहंप्रत्ययः) इस प्रकार दूसरों की देखना वाला विर्मश (इदं प्रत्ययः) परन्तु यह दूसरा भी आत्मा है। क्योकि वास्तव में एक आत्मा के अतिरिक्त दूसरी कोई वस्तु है ही नही परमावस्था में आत्मा इदंरूप उसके अहमश के साथ घुलामिला संम्पृक्त होकर रहता है।

परम ज्ञान जिसे परासंक्ति कहते हैं वह तो अहं तथा इदं अर्थात शिवा एवं परा अव्यक्त शक्ति का अखण्ड एकात्म है।

अहम प्रकाश अथवा ग्राहक रूप है दूसरा विमर्श अथवा ग्राह्यरूप।

परम शिव एवं शक्ति परस्पर अश्लिष्ट होकर प्रणयबद्ध होकर रहते हैं।

शक्ति तत्वा क्या है ?

पुंस्त्वदृष्टि से चित एवं स्त्रीत्व दृष्टि से चिति कहते है शुद्ध चेतना एवं शुद्ध चिति एक ही तत्व के दो नाम है माया में प्रतिबिम्बत उसी तत्व की जब पुरूष रूप से उपासना की जाती है तो उसे शिव अथवा भगवान आदि नाम से जानी जाती है

जब स्त्रीरूप से उसकी उपासना करते है तो उसी को ईश्वरी दुर्गा अथवा भगवती कहते हैं "हंसी गति विडम्बिनी गजगा अग्रगा उग्रगा की गति देख त्रैलोक्य व्यापी मरार्ली (हंसीनियाँ) मानसरोवर निमज्जित हो गईं।

जैसे सिता द्राक्षा मधु आदि में मधुरिम उनका परमान्तङ्ग स्वरूप ही है वैसी ही परमानन्दरसामृत समुद्र भगवान की परमान्तरङ्ग स्वरूप भूता शक्ति ही भगवती है जैसे पुष्पस्तबक का सौगन्ध्य सम्यक तथा तभी अनुभूत हो सकता है जब पुष्प को घ्राणशक्ति हो अन्य को व्यवधान पूर्वक किञ्चितन्मात्र गन्ध का अनुभव होगा उसी तरह कालसुन्दरी काली का सम्यक् अनुभव महाकाल को ही होगा।

"तथा ते सौन्दर्यं परमशिवदृङ्. मात्रविषयः" अनन्त शक्तियाँ हैं।

निवृत्ति, प्रतिष्ठा,विद्या,शान्ति, इंधिका, दीपिका रोचिका, मोचिका, परा, सूक्ष्मा, सूक्ष्मामृत्रा, ज्ञानामृता 'आव्यायिनी', व्यापिनी, 'व्योमरूपा' तीक्ष्णा,अनन्ता सृष्टि, ऋद्धि, स्मृति, मेघा, कान्ति लक्ष्मी, द्युति, स्थिति सिद्धि, पालिनी, शान्ति ऐश्वर्या, रति, जड़ा, कामिका वरदा, आह्लदिनी, प्रीति, दीर्घा, रौद्री, निद्रा, तन्द्रा क्षुधा, क्रोधिनी, पुष्टि, तुष्टि,घृति, चन्द्रिका आदि सृष्टि आनन्दघन महासमुद्र की अनन्तशक्ति स्वामिनी मा कपाल कामिनि की चिनगारियां है।

अगस्त्यसंहिता के अनुसार भगवान शिव ने श्रीराम का प्रत्यक्ष साक्षात्कार करने के लिए तपस्या आराधना की भगवान राम ने प्रसन्न होकर कहा कि यदि मेरा तत्व जानना चाहते हो तो मेरी आह्लादिनी पराशक्ति की आराधना करो उनके बिना मेरी स्थिति नही होती।

आह्लादिनीं परां शक्ति स्तूया सात्वत संमताम

सदाराध्यस्तदा रामस्तदधीनस्तया बिना।

तिष्ठामि न क्षणं शंभो जीवनं परमं माम ।। अगस्त संहिता।।

यह सुनकर श्री शिवजी ने भगवान की अराधना किया भगवती ने कृपा पूर्वक दर्शन दिया, उनके अदभुत रूप को देखकर उन्होने अति भक्ति से दिव्य स्तुति की।

वन्दे विदेहतनयापदपुण्डरी कं

कैशोर सौरभ समाहृत योगिचित्तम।

हन्तुं त्रितापमनिशं मुनिहंससेव्यं

सन्मानसालि परिपीत पराग पुंज्जम्।।

करूणा की 'निर्व्याजमूर्ति' सहस्र बुद्ध करूणामूर्ति

"कुपुत्रों जायेत् क्वाचिदपि कुमाता न भवति"

माँ ने अपने तप से हनुमान के लिए अग्नि को शीतल कर दिया "शीतो भव हनूमतः"

जो अग्नि को शीतल कर सकती है वह रावण को क्या भ्रस्मसात् नही कर सकती है? अवश्य कर सकती है स्वयं माँ सीता बोली।

"असन्देशान्तु रामस्य तपसश्चानु पालनात् । न त्वां कुर्मि दशग्रीव भस्म ममस्मार्हतेजसा"। माता कहती है–श्री राम का सन्देश न होने से, तपस्याक्षीण के भय से हे दशग्रीव, मै अपने महोग्रतेज से तुझे भस्म नही करती हूँ परमदयामयी माँ

ब्रह्माजाया भोगदा भट्टारिका भगवती माँ काली

त्वय्येवाश्रयते दया रघुपते देवस्य सत्यं यतो,

वैदेहि त्वदसन्निधौ भगवता वाली निरामाहतेः,।

नित्ये कापि बधूर्वधं तब तु सान्निध्ये त्वदङ्गव्यथा,

कुर्वाणोड्प्यमितः पतन्नशरणः काको विवेकोज्झितः,।।

हे वैदेहि ! आपके सानिध्य में ही रघुनाथ जी दया व्यक्त होती है आपका सीन्नधान न रहने से निरपराध वाली मारा गया ताड़ का मारी मई। परन्तु आपका सान्निध्य रहने पर तो आपके अङ्ग में व्यथा पहुँचाने वाला जयन्त भी अशरण होकर गिरते हुए बचा लिया गया। भक्त माँ लक्ष्मी से कहता है।

गौरश्वकास्ति हृदयेषु शरीर भाजां

तस्यापि देवि ह्रदयं त्वमनु प्रविष्टा

पद्ये तवापि ह्रदये प्रथते दयेयं

त्वामेव जाग्रदरिवलातिशयां श्रयामः

सम्पूर्ण प्राणियों के ह्रदय में भगवान कृष्ण विराजमान है।

हे माँ! उनके ह्रदय मे भी आप प्रविष्ट है आपके ह्रदय में भी दया विराजमान हैं आप ही अखिलातिशया है हम आपका आश्रयण करते है।

भावुको की भावना है कि आनन्दरस सर्वत्र अप्रतिहत भूत पंङ्कज के केसर ब्राजङ्गनाएं हैं मकरन्द श्री कृष्ण हैं मकरन्द का माधर्यु मिठास और सौगन्ध आदि राधिका हैं इस दृष्टि से सीता गौरी आदि में भी समझनी चाहिए दृष्टि से भगवती का स्वरूप ही सर्वान्तरङ्ग और सर्वोत्कृष्ट रहता है।

शुम्भ निशुम्भ ने दूत भेजकर कहलाया कि हमारी आज्ञा सर्वअप्रतिहत है संसार के सब रत्न एरावत उच्चैः श्रवा सब हमारे पास हैं तुम भी स्त्रीरत्न हो हम भी रत्नमुक है अतः तुम हमारे पास चली आओ हमारे पास आने से तुम्हे परम ऐश्वर्य प्राप्त होगा–भगवती ने गम्भीर स्मित के साथ कहा ठीक है परन्तु मेरी प्रतिज्ञा है जो मुझे संग्राम में जीत लेगा, मेरा दर्प दूर करेगा, मेरे समान बलवान होगा वही मेरा भर्ता होगा। अतः शुम्भ निशुम्भ कोई भी आकार मुझे जीत कर मेरा पाणिग्रहण कर लें।

ये मां जयति संग्रामे यो में दर्प व्यपोहति।

यो मे प्रतिबलो लोके स में भर्ता भविष्यति।।

रसात्मक रसरूपा काव्यमय कलेवरा काली का ध्यान सपर्या

हंसा उड़े आकाश पेहन्यो छूटयब द्वन्द्व

मन अरूझायो हि रहयो मानसरोवर फन्द

हम विराग आकाश में बहुत उड़े दिन रैन

पै मन पिय पग राग में लिपट रहयो बेचैन

हम सीद्री बनिबे चले निपट निरन्द्री पर रूप

इत मन बोल्यो बावरे पिय को रूप अनूप

व्यर्थ भये असफल भये योग साधना यत्न

कोन समय के धूरि जब मन में पिय सौ रत्न

कहा बापुरी विरति यह कहा स्नेह रस राग

पिय हन्ते या देश हो सधौ गान बैराग फिके फिके से लगत है

सबै जोग जप योग सदा रावरी अर्चना सन्तत

इसी (आत्मगर्भित देहरूप) प्रमाता संसारी देहधारी जीव को तन्त्रशास्त्र में पशु की संज्ञा दी जाती है शुद्ध चेतन प्रकाशस्वरूप शिव का ही अमेद संसार में बिन्दु भी नाम हो जाता है।

(विसृज्यतेऽनेनेति विसर्गः)

यह विमर्शरूप महाशक्ति अपनी दो कलाओं या अंशों से भेद और अभेदरूप विपरीत संसारो का कारण होती है भेद संसार का कारण भूत अंश का नाम माया है। अभेद को दिखलाने वाले अंश का नाम विद्या है।

विमर्श का प्रकाश के साथ उपर्युक्त एकरसत्व अथवा ऐकात्म्य का एकमात्र कारण यही है प्रकाश और विमर्श का अभेद ही वास्तविक है भेद का भान दूर से देखी गई है मरू मरीचिका अथवा वेग से घुमाए गए अलात चक्र की भाँति चमत्कार मात्र है शब्द और अर्थ अभिधान अभिधेय प्रकाश और विमर्श ये सभी युग्मक वस्तुतः अभिन्न ही है प्रसिद्ध संसार में आकार विमर्श की बर्हिमुखी धारा में पड़कर क्रमशः स्थूलभाव को प्राप्त करते हुए अनके शाखाओं फैल जाने वाली पहाड़ से निकली हुईएक धारा की भाँति परिछिन्न और विविध नाम रूपों में विभक्त प्रतीत होने लगते है प्रकाश की अर्न्तमुख धारा के लौट पड़ने पर इन विविध क्रमशः सिमटने वालो शाङ्करवेदान्तिगण ब्रह्म और जगत में तादात्मय मानते है परन्तु आध्यासिक अनन्यत्वाधिकरण के शाङ्करभाष्य में अनन्यत्वरूप तादात्म्य की स्थापना की गई है इसमें भेद काल्पनिक है अभेद वास्तविक है। अभेद का पारिभाषिक अर्थ उपादानसत्तातिरिक्त सत्ता शून्यत्व किया गया है।

तादात्म्यञ्च तयोर्विरोधः

इदन्तोल्वणरूप से, अहन्तोल्वणरूप से

ये प्रकाश और विमर्श विम्ब को आच्छादित कर देती है अग्नि की चिनगारियों मूल अग्निपुंज्ज को ढक लेती है समुद्र की लहरें उसके स्थाई और अर्न्तवाही जल को छिपा लेती हैं उसी प्रकार विमर्श प्रकाश का स्वभाव होता है उसे अपने चमत्कारों से ढक लेता है सन्धया के गिरते हुए सूर्य की भाँति जो अपनी आवरणभूत किरणों को समेट कर बिम्ब रूप में दिखलाई देने लग जाता है।

विमर्श ही प्रकाश का स्वभाव होता हुआ भी उसे अपने चम्त्कारों से ढक लेता है। पुनः सन्ध्या के गिरते हुए सूर्य की भाँति जो कि अपनी किरणों को समेट कर विम्ब के रूप में दिखलाई देने लग जाता है प्रकाश रूप शिव अपने आवरणभूत विमर्श विलासों को स्वधर्म विमर्श को अर्न्तमुख तथा अर्न्तलीन करके अपने रूप से प्रकाशित हो जाता है विमर्श तथा चित प्रकाश का धर्म है। यह मानी हुई बात है कि किसी भी वस्तु की सत्ता उसके रूप का विमर्श प्रकाश के बिना असम्भव है।

प्रकाश भी यदि ऐसा है इस प्रकाश विमर्श द्वारा स्वरूप निर्दिष्ट न हो जड़ और असत्प्राय हो जाय विमर्श ही प्रकाश का स्वभावभूत है जिस स्वभाव के बिना प्रकाश में अर्थोपराग होने पर भी स्फटिकादि की तरह जड़ता ही बनी रह जायेगी। जब चैत्य (विमर्शकाय दहादि) से चित (प्रकाश) आदि आवृत्त हो जाता है पशुपद का प्रार्दुभाव होता है जिसका नाम जागरण या प्रसिद्ध भौतिक संसार है।

भेद संसार में प्रसरणोन्मुख और अभेद संसार में संकोचोन्मुख चमत्कारमात्र विमर्शवृत्तिरूप वैषम्य से असम्भिन्न होने के कारण और निष्पन्दता या समता रूप प्रकृतिक दशा से युक्त होने पर भी मूलावस्था कहा जा सकता है।

अस्फुट स्तिमित या अव्याक्रतदशा ही कारण दशा है यही इच्छारूप (ज्ञानक्रिया) का सामरस्य है। जिस प्रकार उमड़ती हुई लहरों के भीतर अस्थाई जल अवश्य रहता है हवा के झोकों से कम्पित अतएव घटती बढ़ती दीपशिखा के नीचे निरन्तर प्रकाशमान स्थिर दीपवर्तिका अवश्य रहती है उसी प्रकार वैषम्य के प्रवृत्त्युन्मुख या निवृत्त्युन्मुख चमत्कारों के गर्भ में स्थायी साम्य या आधारभूत सामरस्य अवश्य ही मानना पड़ेगा शाङ्कर वेदान्ती त्रान्त्रिक शैवागमानुयायी सभी स्थाई अधिष्ठान या आधार अवश्य मानते है।

यह साम्यरूप मूलशाखा है जिसके उपर चमत्कार या वैषम्य की पत्तियाँ चारो तरफ बढ़ती घटती हुई संसार कान्तार में दिखाई देती है।

शाङ्करवेदान्ती क्रमवादी हो या पारमार्थिक दशा में आजाद वादावलम्बी परन्तु उनके लिए सामरस्य के स्थान पर तूलाविद्या रूप से भिन्न भिन्न अवस्थाओं के भीतर भूल के कारण अज्ञान की सत्ता का मानना अनिवार्य हो जाता है।

इन्ही जागरगाणादि दशाओं के रङ्गमञ्च पर प्रवृत्युन्मुख और निवृत्त्युन्मुख दोनों संसारों का दृष्य पर्याय से दृष्टिगोचर होता है अन्तः करण वृत्तियों के साथ लीन हो जाना ही प्रलय या सुषुप्ति है। इसमें जागरण के सभी अन्तकरण वृत्त्युपजीवी व्यापारों का विराम या उपसंहार हो जाता है।

यही वैयक्तिक रूप से (प्रत्येक पिण्डाण्ड का भिन्न भिन्न रूप से) प्रलय भी कहा जाता है। इसी का समष्टि रूप (ब्रह्ममाण्ड रूप) प्रसिद्ध प्रलय भी है। जिसे ब्रह्माण्ड की सुषुप्ति भी कहते है इस ब्रह्माण सुषुप्ति अथवा प्रलय में दृष्य मान जगत अपने विलेय और स्थूल रूप माया के भीतर विलीन हो जाता है समस्त चेतनाचेतन स्थावर जगम रूप प्रपञ्च को अपने आश्रय परम प्रकाश शिव रूप के साथ एक रस अभिन्न रूप होकर विश्राम करती है "सैव माति, तरति काशयतीति व्युत्पत्त्या मातृके त्युच्यते।

मन ही विमर्श का प्रथम तथा प्रधान विलास है इसी से जगत के अन्य सभी पदार्थो का विलास प्रतिभाषित होता है क्योंकि विचारपूर्वक देखने पर मन के रहने या नही रहने पर समस्त संसार की सत्ता का अवभास या अनवभास अवलम्बित है।

ज्ञानसाधन रूप अजड़त्व की भूमिका का अवलम्बन करने पर विमर्श का नाम मन पड़ता है जड़त्व की भूमिका ग्रहण करने से विर्मश अहंकार कहा जाता है। (देहेऽहमिति योऽयं विमर्शः)

जागरण में मनादि का वाह्यरूप विखरता हुआ समस्त संसार के रूप में परिणत हो जाता है इस कारण प्रमाता प्रमाण प्रमेय ये सभी एक ही के परिणाम है कल्पित भेद से परिछिन्न प्रतिभाषित होते हुए संसार के कल्पक हो जाते है।

तस्याभिव्यक्तस्य चैतन्यस्यैकत्वेऽपि अभिव्यञ्जकान्तः करण भागभेदात त्रिधा व्यपदेशो भवति। कर्तृ भागावच्छिन्न बिदंशः प्रमाता, क्रियाभागावच्छिन्नश्चिदेशः प्रमितिरिति प्रमातृ प्रमाण प्रमितिनाम साङ्कर्यम्

ब्रहमाण्ड का अधिष्ठाता नही समझने से जीव भाव है उसी प्रकार ब्रह्माण्ड का भी वस्तुतः मनोबुद्धि रूप विमर्श से ही समुदाय होता है।

विमर्श अपने समस्त कार्यो को अर्थात प्रपञ्च मात्र को अपने में विलीन करके घनीभूत होकर प्रकाश से अभिन्न हो जाता है। एक ही चेतन भेदसंसार में आकर प्रवृत्ति परायण जीव हो जाता है (वेदितृस्वभाव) के दब जाने से वेद्यता का उत्कर्ष हो जाना ही स्त्यानीभवन है।

प्रकाशविमर्श पर्यायशिव और शक्ति के अभेद ही के कारण देवी का नाम ललितासहस्त्र नाम में शिवमूर्ति भी बतलाया गया है।

विमर्श नित्य अनपायी और स्वभावभूत है विमर्श परम प्रकाश की भित्ति पर अवलम्बित वाग्रूप महाशक्ति है।

विमर्श ही 'इदन्ता' या इदम्भाव की प्रधानता (उल्वणता) के साथ भासित होने पर जब यह घड़ा यह कपड़ा है इत्यादि भेदपूर्ण व्यवहार चारों तरफ दृष्टिगोचर होते है तब माया कहा जाता है ।

"विमर्श एव इदन्तौल्वण्येन भासमानों माया इत्युच्येत 'इदमंश' के समुच्छय से प्राणियों को संसार दशा में बद्ध करता है।

पुनः विमर्श ही 'अहन्ता' या अहभाव की प्रधानता (उल्वणता) के साथ विद्योतित होने पर विद्या कहा जाता है परता ही पूर्णता है अन्यनिरपेक्ष (अहं) रूप है अपरता ही अपूर्णता है अन्य सापेक्ष (इदं) है।

परत्वम्पूर्णत्वमनन्यापेक्षया अहमिति अपरत्वमपूर्णत्व मन्यापेक्षया 'इदम' इति।

प्रकाश का केवल अपने में ही विश्राम रहने पर जो अनन्योमुख विमर्श है वहीं 'अहं' रूप कहलाता है अनन्योमुख होकर संसार दशा में जो विल्सन है वह इदम रूप है।

त्रिपुरेश्वरी महाशक्ति के अङ्ग वर्णन चार भुजाएं मानी जाती है उनमें से जागरण आदि अवस्थारूप तीन हाथों से वे जीव को संसार बद्ध करती है तुर्य नामक चौथे हाँथ से मोक्ष प्रदान करती है।

इच्छाशक्तिमयं पाशमङ्कुशं ज्ञानरूपिणीम्।
कियाशक्तिमये वाणधनुषां दघदुज्जवलम् ।। **(षोडशिकार्णव)**

शक्ति विमर्श

(विशेषेण मृष्यते)

समस्त सिद्धियाँ शक्ति सापेक्ष है

वस्तुतः एक से वाह्य जगत इन्द्रियों का बर्हिविलास मात्र है चक्षु से ही रूप का विकास होता है चक्षु ही पुनः उस रूप का दर्शन होता है समष्टि चक्षु रूप का द्रष्टा है व्यष्टि चक्षु उसका भोक्ता है समष्टि भावापन्न पञ्चेन्द्रिय से भौतिक जगत का विकास होता है व्यष्टिगत पञ्चेन्द्रिय से भौतिक जगत का विकास होता है व्यष्टिगत पञ्चेन्द्रिय उस जगत का सम्भोग करती है।

चित्त क्षेत्र में ज्ञान का संचार हो तो इस अवस्था में विशुद्ध अन्तःकरण का आर्विभाव होता है

अर्न्तजगत या अतिवाहिक जगत के नाम से वर्णन करते है वह वस्तुतः विशुद्ध अन्तःकरण वाहय विकास मात्र है वाह्य इन्द्रियों की भाँति अन्तः करण भी निरुद्धवृत्तिक अवस्था को प्राप्त होने पर अन्तर्जगत का लोप हो जाता है।

महाशक्ति के उद्बोधन के बिना इस अद्वैत तत्त्व में स्थिति लाभ करना तो दूर रहा प्रवेशाधिकार पाने की सम्भावना नही है क्योंकि अनुदबद्ध शक्ति सत्ता की प्रकाशन नही होती और अप्रकाशमान सत्ता कभी चिद्भावापन्न नही हो सकती।

बिना काली पदद्वन्द्वं कः शाक्तः धरणी तले

यह अनन्त वैचित्रमय विश्व जिसे हम निरन्तर नाना प्रकार से अनुभव करते है वस्तुतः शक्ति के आत्म प्रकाश के अतिरिक्त और कुछ भी नही सुक्ष्म कारण जगत शक्ति के ही विभिन्न विकासमात्र है।

ये दोनो अंश अविनाभूत वर्तमान है प्रकाश के बिना जिस प्रकार विमर्श को त्याग कर प्रकाश की स्थिति भी सम्भव नही है यह शिवशक्ति स्वरुप प्रकाश और विमर्श का नित्य सम्बन्ध ही चैतन्य रुप ते महापुरुषो की अ नुभूति मे आता है

इस साम्यावस्था में महाशक्ति स्वरुपा अनादिशक्ति परम् शिव के साथ सामरस्य भावापन्न होकर अदृश्य रुप मे विराजमान रहती है।

परन्तु महाशक्ति सर्वातीत होने के कारण विश्वात्मक होते हुए भी वस्तुतः विश्वोत्तीर्ण है

जब वह शक्ति आत्म गर्भस्थ एवं अपने साथ एकीभूत विश्व को अर्थात प्रकाश को देखने के लिए उन्मुख होती है तब मात्रावछिन्न शक्ति शिव साम्यभावपन्न हो एक बिन्दु रुप में परिणत होते है जिससे पारमार्थिक चैतन्य प्रतिफलित होकर ज्योर्तिलिङ्ग रुप मे प्रकटित होता है यही विन्दु तांत्रिक परिभाषा में "कामरुपपीठ" नाम से प्रसिद्ध है।

इस पीठ में अभिव्यक्त चैतन्य स्वम्भूलिङ्ग नाम से परिचित है।

शान्ता शक्ति 'इच्छा' रुप मे परिणत होती है तथा शिवांश अम्बिका शक्ति भी वामा रुप मे अर्विभूत होती है।

अतीत और अनागत रुप खण्डकाल की सत्ता नही है दूर और निकट का व्यवधान भी नही है कार्य और कारण का कठोर नियम यहाँ अपरिज्ञात है।

इस भूमि से ही काल का प्रभाव प्रारम्भ होने के कारण यह सृष्टि क्रिया एक साथ होकर क्रमानुसार होती है। क्षय धर्मक जगत जगत का अनुभव करते है वह इस वैखरी शब्द की विभूति है।

पश्यन्ती मध्यमा वैखरी शब्द की जिन तीन आवस्थाओ के विषय में कहा गया है वही प्रणव के 'अकार' 'उकार' 'मकार' अथवा ऋक् यजु साम इस वेदत्रय रुप मे ज्ञानी की दृष्टि में प्रतिभात होती है।

त्रिलोक त्रिदेवता त्रिकाल प्रभृति अखण्ड परावाक तुरियावाक का ही त्रिविध परिणाम मात्र है

त्रिकोण की तीन रेखाए पश्यन्ती मध्यमा वैखरी रुप तीन प्रकार के शिवांश के अथवा इच्छा ज्ञान और क्रिया रुप तीन शक्त्यशं के प्रतिनिधि मात्र हैं त्रिकोण की मध्यविन्दु परावाक अथवा अम्बिका और शान्ता इन दो शिव शक्त्यंश का साम्यभावापन्न स्वरुप है यद्यपि बिन्दु मे शिवशक्ति दोनो का अंश है एवं त्रिकोण मे भी वही है यद्यपि विन्दु प्रधानता शिव रुप मे इसी प्रकार त्रिकोण में भी शक्ति वा योनि रुप मे परिणत हो जाता है इस बिन्दु समन्वित त्रिकोण मण्डल से समस्त वाह्रय जगत का अविर्भाव होता है आद्याशक्ति तत्त्वातीत होते हुए भी सर्वतत्त्व गयी और प्रपञ्चरुपा है वह प्रकाशत्मक शिव के स्वरुप ज्ञान उद्बोधक दर्पण स्वरूप है अहं ज्ञान ही शिव का स्वरूप ज्ञान है आद्याशक्ति का आश्रय लिए बिना इस आत्मज्ञान का प्रकाश नही हो सकता कहते है जिस प्रकर कोई व्यक्ति अपने सामने स्थित स्वच्छ दर्पण मे अपने प्रतिबिम्ब को देख कर उस प्रतिबिम्ब को अहंरुप मे पहचान लेता है उसी प्रकार परमेश्वर अपने अधीन स्वकीया शक्ति को देखकर अपने स्वरुप की उपलब्धि करते है। आत्मशक्ति का दर्शन एवं आत्म स्वरुप की उपलब्धि और आस्वादन एक ही वस्तु है

दर्पण प्रतिबिम्ब को ग्रहण नही कर सकता अथवा वस्तु को सानिध्य होने पर भी प्रकाश के अभाव से दर्पण में स्थित प्रतिबिम्ब जैसे प्रतिबिम्ब रूप से नही भासता उसी प्रकार पराशक्ति भी प्रकाशस्वरुप परम शिव के सान्निध्य के बिना अपने अन्तः स्थित विश्व प्रञ्पंच को प्रकटित करने मे समर्थ नही होती

" शिव शक्तिरिति ह्येकं तत्व माहुर्मनीषिणः"

संहार कार्य में शिव सृष्टि कार्य में शक्ति का प्राधान्य स्वीकार करना होगा। विश्व के केन्द्र स्थान में अवस्थित हो कर उसका नियमन करता है यही स्वातत्र्य उपर्युक्त रीति से क्रिया का आकार प्राप्त कर वैचित्र्य का आर्विभाव करता विश्वरुप धारण करता है शिव तटस्थ और उदासीन रहकर निरपेक्ष साक्षिरुप मे आत्मशक्ति की यह लीला देखा करते हैं यह नाना तत्वमय विश्व सृष्टि ही पराशक्ति का स्फुरण है

शक्ति की एक अव्यक्त वा प्रलीन अवस्था है जहाँ शक्ति शिव के साथ एकाकर होकर शिव रुप में विराजमान है। क्योकि इस आदिमभूमि में दृष्टि और सृष्टि समानार्थक है वह तत्त्वातीत प्रञ्पंचातीत तथा व्यवहार पथ के भी अतीत है वही शाक्तो की महाशक्ति है और शैवो के परम शिव है वाणी और मन के अगोचर होने के कारण इसे अनुत्तर कहा जाता है। प्रकाश हीन विमर्श असतकल्प है इस तत्त्वातीत और अनुत्तर अवस्था के लिए शास्त्र मे वाचक रुप में आदि वर्ण अ कार का प्रयोग होता है 'अ कार रूप प्रकाश के साथ 'ह' कार रुप विमर्श का अर्थात अग्नि के साथ सोम का साम्य भाव ही काम अथवा रति नाम से प्रसिद्ध है शिव ही अ और शक्ति ही 'ह' है बिन्दु रुप में यही अहं अथवा पूर्णहन्ता है साम्य भङ्ग होने पर बिन्दु प्रस्पन्दित हो कर शुक्ल और रक्त बिन्दु रुप मे अर्विभूत है। इसी का दूसरा नाम चित्कला है अग्नि के सम्पर्क से घी जिस प्रकार गलकर धारा रुप मे बहने लगता है उसी प्रकार प्रकाशात्मक शिव के सम्पर्क से विमर्श रुपा परा शक्तिद्रुत होती है उससे एक परमान्द मय अमृत की धारा का स्त्राव होता है। अर्थात पुष्टि लाभ करता है तब उससे तेजो मय बीज स्वरुप नाद निर्गत होता इस नाद मे समस्त तत्व सूक्ष्म रुप से निहित होते है नाद निर्गत हो कर त्रिकोणाकाररुप धारण करता है यही अहम् नामक बिन्दु नादात्मक प्रकाश विमर्श का शरीर है इससे प्रकाश शुक्ल बिन्दु है विर्मशरक्त बिन्दु है दोनो का परास्परिक अनुप्रवेशात्मक साम्य मिश्र बिन्दु है इसी साम्य का दूसरा नाम परमात्मा है इसके मध्य रवि बिन्दुदेवी के मुखरुप मे अग्नि व सोम बिन्दु स्तन द्वय रुप मे 'ह' कार की अर्धकला एवं हार्धकला योनि रुप मे कल्पित होती है यह हार्धकला अति रहस्यमय गुह्रय तत्व है शिव शक्ति के मिलने से उत्पन्न अमृत की धारा प्रवाहित होने उससे जिस लीला रुप तरङ्ग की उत्पत्ति होती है वही तान्त्रिक परिभाषा से हार्धकला के नाम से विख्यात है

शिव तत्व सदाशिव का नाम मात्र है

शिव भाव प्राप्त होने पर शव रुप मे परिणत हो शवासन परिग्रह न कर सकने पर अपने भीतर महाशक्ति का उन्मेष नही प्राप्त हो सकता

स्थूल जगत जिसे हम सर्वदा अनुभव करते है दीपकलिका के विकीर्ण प्रभामण्डल की भाँति एक बिन्दु का बाह्रय प्रसारण अथवा विकिरण मात्र है इन्द्रियो के प्रत्याहार से इस रश्मिमाला को उपसंहत कर सकने पर वाह्रय जगत स्वभावतः वाह्रय विन्दु में विलीन हो जाता है इसी प्रकार लिङ्गात्मक 'आम्यन्तरिक' जगत भी विक्षुब्ध अन्तः करण का वाह्रय विलास मात्र है अतएव स्थूल सूक्ष्म कारण ये तीनो

विन्दु ही त्रिकोण के तीन प्रान्तों के तीन बिन्दु है इन्हे अकार उकार मकार कहते है जब ये तीनो विन्दु रेख रुप भीतर की ओर प्रवाहित होकर एक महा विन्दु रुप मे पर्यावसन को प्राप्त होते है। इस विन्दु में अनादि काल से दिब्य मिथुन शिव शक्ति का अथवा परम पुरुष पराप्रकृति के श्रृगडरादि अनन्त भावो का विलास चलता रहता है राधाकृष्ण का युगल मिलन बुद्धि एवं प्रज्ञा पारमिता युगनद्धस्वरुप God of father यह त्रिकोण ही प्रणव का स्वरुप सार्ध त्रिवलया कार भुजङ्ग विग्रहा सुषुप्ता कुण्डलनी शक्ति भी इसी प्रकार नामान्तर है कुण्डलनी प्रबुद्ध भाव सम्यक रुप से सिद्ध होने पर शिव शक्ति का भेद विगलित हो जाता है विन्दु एवं त्रिकोण का भेद दूर होने के कारण विन्दु का विन्दुत्व तथा त्रिकोण का त्रिकोणत्व भी अवशिष्ट नही रहता वह सब तत्वों का मूल कारण होने पर भी किसी विशिष्ट तत्व के रुप मे अमिहित होने के योग्य नही रहता बिन्दु या कुण्डलनी विक्षुब्ध हो कर नाद का विकास करती है पूर्ण परमेश्वर की स्वातन्त्रय शक्ति से बिन्दु का विक्षोभ का कार्य समपन्न होता है इसी का दूसरा नाम गुरुकृपा या परमेश्वर का अनुग्रह है कुण्डलनी जब मूलाधार के नीचे उर्ध्वमुख सहस्त्रार अथवा अकूल कमल मे विराजमान रहती है तब वह अब्यक्त नाम से विश्रोतीर्ण अवस्था के अर्न्तगत रहती है परन्तु स्वातन्त्रय वश उसकी अभिब्यक्ति होने पर मूलाधार मे ही उसकी अनुभूति होती है निराधार निरालम्ब सत्ता यही से आघार भाव की सूचना होती है। उर्ध्वस्थ अधोमुख सहस्त्र दल कमल मे पुनः अकूल सागर में निग्मन हो जाता है अकूल से ही शक्ति का उद्बोधन और अकूल में ही उसका लय होता है मध्यस्थ व्यापार केवल पूर्ण चैतन्य सम्पत्ति की प्राप्ति के लिए है जो अनन्त गर्म मे अचेतन भाव से अनादि काल से सुषुप्तावस्था में था वह पूर्णतया रुप मे प्रबुद्ध होकर चैतन्य उस अनन्त गर्म मे प्रविष्ट हो जाता है मूलाधार स्वाधिष्ठान मणिपुर अनाहत विशुद्ध लम्बिकाग्र और आज्ञा ये सब अज्ञान राज्य के अर्न्तगत है ज्ञान के संचार के साथ साथ आज्ञाचक्र का भेदन हो जाता है आज्ञाचक्र का भेदन करने से ज्ञान का उदय होता है आज्ञाचक्र के बाद ही बिन्दु स्थान है यही विन्दु योगियो का तृतीय नेत्र अथवा ज्ञानचक्षु कहलाता है। यद्यपि विन्दु भूमि मे साधक अहंभाव मे प्रतिष्ठित होकर आपेक्षिक दृष्टा बनकर निम्नवर्ती समास्त प्रञ्पंच को निरपेक्ष भाव से देखने मे समर्थ होता है जब तक बिन्दु पूर्णतः तिरोहित नही होता तब तक महाबिन्दु शिवाभाव की अभिव्यक्ति नही होती व्रिन्दु को चन्द्रविन्दु कहा जाता है इसलिए यह अवस्था अर्धचन्द्र नाम से वर्णित है

एक अवरोधमय घोर आवरण स्वरुप विलक्षण अवस्था का उदय होता है बड़े बड़े देवताओ के लिए भी इस स्तर का भेदन करके इसके उपर उठाना कठिन है परन्तु अनुग्रह शक्ति के विशिष्ट प्रभाव से भाग्यवान साधक इस चक्र का भेदन करके उपर उठने मे समर्थ होता है शास्त्र मे यह अवस्था रोधिनी नाम प्रसिद्ध है नाद चैतन्य का अभिब्यञ्जक है इस अवस्था के आगे त्रिकोणस्वरुपा व्यापिका है

सर्वकारण भूता समना शक्ति का अर्विभाव होता है यह शिवाधिष्ठित है समस्त ब्रह्ममाण्डो की भरण शीला है शिव ही परम कारण और पंञ्चकृत्य कारी यह चिदानन्द स्वरुपा शक्ति है आज्ञाचक्र पर्यन्त जहा तक अक्षमाला वर्णमाला का आवर्तन होता है वहा तक उच्चारण अथवा उर्ध्वचालन का काल मात्र से न्यून नही हो सकता विन्दु मे वह अर्ध्यमात्रा पर्यवसित होता है इस तरह क्षीण होते होते समना भूमि मे एक क्षण मे परिणत होता है इसके आगे मन के स्पन्दन शून्य हो जाने के कारण देश काल नही रह जाते कल्पना जाल के उपशान्त होने पर निर्विकल्प निवृत्ति भाव का उदय होता है

सांख्य भूमि से अग्रसर हाने पर वेदान्त की साधना होती है जो रिक्त दिशा है लैकिक दृष्टि से वही अमवस्या है महाशक्ति के प्रधान्य को अङ्गीकार कर अमवस्या की ओर जो स्फूर्ति होती है वही काली रुप मे जो पूर्णिमा की ओर जो स्फूर्ति होती है वही षोडशी त्रिपुर सुन्दरी के रुप मे श्री विद्या के रुप में साधक समाज में परिचित होती है उपासना के क्रम से सकल भाव की उपासना निकृष्ट है मिश्रभाव की उपासना मध्यम है निष्कल उपासना श्रेष्ठ है मूलाधार से आज्ञाचक्र पर्यन्त चक्रेश्वरी रुप मे शक्ति की आराधना ही निकृष्ट है मनुष्य जब तक द्वन्द्वमय भेद राज्य मे वर्तमान रहता है उसके लिए निम्न भूमि की उंपासना स्वाभाविक है कर्म ही इसका रुप है चतुरष्त्र से वैन्दवचक्र पर्यन्त अथवा मूलाधार से सहस्त्रदल कमल पर्यन्त सदल आवरण देवतादिसहित समग्र देवी चक्र की उपासना ही कर्मात्मा अपरा पूजा है स्वयं शङ्कर भी भगवती की अपरा पूजा किया करते है

आन्तर अद्वैत धाम में क्रमशः वाह्यय चक्रादि का लय हो जाता इसके बाद जब ज्ञान मे कर्म की परिसमाप्ति हो जाती तब अभेद या अद्वैत भूमि की स्फूर्ति होती है एक मात्र परम शिव की स्फूर्ति होती है एक मात्र शिव की स्फूर्ति या ब्रह्म ज्ञान ही परा पूजा का नामान्तर है।

अधोमुख श्वेत वर्ण सहस्त्रदल कमल वा अकूल कमल की अर्न्तकलिका में वागभव नामक एक प्रसिद्ध त्रिकोण है इस त्रिकोण से परादि क्रम चार प्रकार के वाक् तथा शब्द उत्पन्न हाने के कारण इसका नाम वाग्भव है इस त्रिकोण के मध्य मे विश्व गुरु परम शिव की पादुका है वह प्रकाश विमर्श इन दोनो सामरस्य का भेद से तीन प्रकार के है इस पादुका से निरन्तर परमामृत निकलता रहता है इस स्निग्ध अमृतमय चन्द्र रश्मि द्वारा समस्त विश्व का संञ्जीवन माधुर्य सम्पादन की तृप्ति होती है तत्वशुद्धि आनन्द संञ्चार के पश्चात हृदयाकाश मे जिस परम नाद का उदय होता है उसका चिन्तन करने पर आनन्दरुप की उपलब्धि होती है चित्त के वाह्यय प्रदेश से लौट कर अर्न्तमुख में एकाग्र होने पर इसका अनुभव होता है इससे अश्रु पुलक स्वेद कम्प प्रभृति सात्विक विकारो का उन्मेष होता है इन्द्रियो को तृप्त करने वाला शब्द स्पर्श प्रभृति के द्वारा आत्म देवता की पूजा होती है उसे स्वाभाविक पूजा सहज उपासना कहकर महायज्ञ रुप से शास्त्र मे उसकी उपासना की गई है विषयानुभवजन्य आनन्द महानन्द के साथ

मलने पर जिस परम नाद का उदय होता वही भगवती की परम उपासना प्रकृत तत्व है जिसने सत्य सत्य ही स्वदेह देवताओ का न्यास करना सीख लिया उनके सामर्थ्य की तुलना नही हो सकती मनुष्य यदि न्यास रहित साधारण मनुष्य को प्रणाम कर ले तो उसकी मृत्यु अवश्यम्भावी है।

प्रभा ज्ञान को विमर्श शब्द से अभिहित कया गया है प्रभा के दो अंश है अहमंश और इदमंश जिनमे पहले आत्मा का ग्राहक अंश है दूसरा ग्राह्वय। आत्मा ही माया रुप उपाधि द्रष्टारुप अपनी ही दृष्टि मे अपने ही दृष्टि मे अपने से भिन्न अनात्म अथवा दृष्टारुप मे भासता है मूल मे प्रमेय वस्तु प्रभाता और प्रमेय की भेद प्रतीति का कारण भूत माया रुप बन्धन शिथिल नही हो जाता प्रभा अथवा प्रतीति अहमंश वह है जिसमे आत्मा दूसरे की तरफ न देखता हुआ अपने ही प्रकाश मे स्थित रहता है।

"नन्योन्मुखों ऽहप्रत्यय" इसी प्रकार दुसरे की ओर देखने वाला इदं प्रत्यय कहलाता है।

यस्त्वन्ध्‌ मखः स इदमित प्रत्ययः

यह दूसरा ९ आत्मा ही है क्योकि वास्तव मे एक आत्मा ही के अतिरिक्त कोई दूसरी वस्तु है ही नही हरमीज (**Herm**‌) नामक पाश्चात विद्वान एक आभरण प्रसिद्ध है

As abov so below

अर्थात जो उपर है वही नीचे भी है विश्वासार तन्त्र मे लिखा है जो वहाँ जो वहाँ जो यहाँ नही वह कही नही

यदि हास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत् कवचित

वाहर जो दिखता है इसलिए दिखता है कि भीतर भी वही है। अहम् और इदम् शिव और पराशक्ति अब्यक्त शक्ति का अखण्ड एकात्मक है अहम् प्रकाश अथवा ग्राहक रुप है दूसरा विमर्श अथवा ग्राह्रय रुप इस पराशक्ति मे संवेदन (Feeling) अपरोक्षता (Immediacy) रहती है यही आनन्द है जिसे स्वरुप विश्रान्ति कहा गया है शक्ति व शिव आश्लिष्ट एवं प्रणयवद्ध हो कर रहते है निरतिशय प्रेम का नाम आनन्द है

निरतिशय प्रेमास्पादत्वमानन्दत्वम्

वह आनन्द ऐसा विभोर था स्त्री और पुरुष परस्पर आश्लिष्ट होकर रहते है (यथा स्त्री स्त्रीपुमासौ संपरिष्वक्तौ) प्रेमी प्रेमास्पद प्रेम की त्रिपुटी एकता के आनन्द में लीन हो जाती है पूर्णावस्था आकृति शून्य होती है प्रपञ्चावस्था साकार होती है देशकाल से शून्य सर्वव्यापिनी होती है

विश्वातीत (Trancendental)

विश्वोत्पादक (Creadit)

विश्वात्मक (Immantnt)

निष्कल परम् शिव के सफल रुप को शिव कहते है जो उन्मनी शक्ति का अधिष्ठान है अपने सकल रुप क्रियाशील होकर शिव व्यक्त जगत के रुप मे अपना ही प्रमेय या ज्ञेय बन जाता है शक्तितत्व शिवतत्व का एक मात्र निषेधक रूप है। शिव तत्व को शून्यातिशून्य कहते है यह वह ज्ञान जिसमे आत्मा अपने से अन्य किसी ओर नही देखता परासंविद कत मे अहम इदम् एक रुप होकर विद्यमान थे वैष्णव विष्णु के नाम से बौद्ध अवलोकितेश्वर कहते है शाक्ततंन्त्रो मे चौरानवे कलाओ का उल्लेख मिलता है उन्नीस कलाए सदाशिव की छः ईश्वर की ग्यारह रूद्र की दश विष्णु की दस ब्रह्मा बारह सूर्य की उतना ही अग्नि की। शव की गर्दन पर उसका बाया पैर टागों पर दाहिना पैर सुस्थित है विपदविदारिणी कहा गया है उसका नाम खर्वा है एक पल में देखने मात्र से सबको नष्ट कर देती है इसका अत्यन्त विकराल रुप सिर पर जटाए है जिस पर काले भयानक सर्प ल[illegible] है। महाभारत के विराट एवं भीष्म पर्व मे जहाँ युधिष्ठिर एवं अर्जुन ने भगवती उपासना की है उसके लिए तरिणी नाम का प्रयोग किया गया है

"चण्डि चण्डे नमस्तुभ्यम् तारिणी वरवर्णिनी"।

जैन सुतारा शायद हिन्दू तारा का नाम है तारा की उपासना बौद्ध मतो के अनुसार करनी चाहिए वशिष्ठ मुनि ने चीनाचार पद्धति से तारा की उपासना तब उन्हे सिद्धि मिली ।

तस्य वाचकः प्रणवः

तज्जपस्त दर्थ भावनम्

एकाग्रं सम्पद्यते चित्तम्। एकस्मिन भगवति आरमिति चित्तम् तत् ईश्वरः समाधि तत्फललाभेन तनुगृह्वति स्वरुप प्रतिष्ठा चितिशक्तिरिति

दानव पछाड़ती समर में उछल कैं रण चण्डिका की रक्त रंग भरी अलकैं

(पलकै अलकै झलकै सब रक्तरङ्ग भरी)

(तामादिशक्ति शिरसा नमामि)

तारा पूजा भाट देश तिब्बत में प्रचलित थी तभी तो नागार्जुन ने इसका उद्धार किया एक जटा तारा देवी नाम वा रुपान्तर है। तारा भगवति मानस नामक महाशिला स्थित एक अमृत वापिका के द्वार की रक्षा करती है वही तारा की अनेक परिचारिकाए रहती है जो वापी के आर पार जाती रहती है नाचती गाती रहती है यशगान करती है ताराम्बा ही जलौध जन्य दुख दूर करती है इसके आगे कुरकुल्ला का वर्णन आता है इसको नौकश्चरी कहा गया है। अरित्र या डाड (चप्पे) दिये गये है बौद्ध साधनो मे तारा को कुरकुल्ला रुपान्तर कहा गया है तारा का जलयात्रा या Navigatio से स्पष्ट सम्बन्ध दीख पड़ता है जल सागर से रक्षा करती है भव सागर से भी पार उतारती है तारणी भव तारणी है।

कालिकोल्लास–4 (I)

श्री माँ का दार्शनिक विवेचन

आसीच्छक्तिस्ततो नादो–नादात् बिन्दु समुद्भवः

मायां तु प्रकृतिं विद्यात्
प्रभुं तस्या महेश्वरीम्।
अस्या अवयवैः सूक्ष्मै
र्व्याप्तं सर्वमिदं ज[illegible]।।

भूयश्च सृष्ट्वां [illegible] नवेशी
सर्वाधिपत्यं कुरूते [illegible]वानि।
सर्वा दिशश्चोर्ध्वमधश्च तिर्यक्
प्रकाशयन्ती भ्राजते गुह्मकाली।।

शिवच शिवा च शिवौ
पुमान्स्त्रियाइत्येकशेषः

ह्रट कमलमञ्चे डोले,
कराल बदनी श्यामा।''

कालीं कालहरां देवीं क्रीङ्कारबीजरूपिणीम्
कमरूपां कलातीतां कालिका दक्षिणां भजे

कलौ काली कलौ काली कलौ काली तु केवला
साधिता कालनाथेन प्रत्यक्षा कालिकाकलौ

ऐ माँ काली (कपाल कामिनि) मै तेरे पैरो का
नूपुर–हूँ जो तू शंङ्कर से मिलने जाया करेगी तो मै जय शिव जय शिव बोला करूगा।(योगिराज)
नूपुर–नुहति पुरं(कर्णरन्ध्र) गच्छति,

मायाहर्स्तेऽर्पयित्वा भरण कृत कृते मोहमूलोद् भवं माम
मातः कृष्णाऽभिधाने चिरसमयमुदासीन भावं गताऽसि।
कारूण्यैकाधिवासे सकृदऽपिवदनं नेक्छसे त्वंमदीयम
तत् सर्वज्ञेन कर्तु प्रमवसि किं नु मूलस्य शान्तिम् ।।

हे माँ मुझे माया के हाँथ में दे दिया भरण पोषण के लिए मोहमूल में मैं पैदा हुआ कृष्णा नाम वाली–बहुत समय (मुझ पर) उदासीन हो एक मात्र करूणा की निधान (एक बार भी नही देखोगी) तुम्हारे सामर्थ्य से मोहमूल (व्याधि) शान्त हो जाये

चित् प्रकाशक कर्पूर कुन्देन्दु धवल है शिव वे निष्क्रिय है शव सदृश है काली शक्तिरूपा इसलिए चिरचञ्चलानृत्योल्लास विह्वला है।

यस्यास्वरूपं ब्रह्मादयो न जानन्ति तस्मादुच्यते अज्ञेया जिसके स्वरुप को ब्रह्मा आदि भी नही जानते अतः अज्ञेया हो माँ काली

यस्या अन्तो न लभ्यते तस्मादुच्यते अनन्ता तेरा अन्त भी प्राप्त नही होता हे अनन्ता काली यस्या लक्ष्य नोपलक्ष्यते तस्मादुच्यते अलक्ष्या तुम्हारा कोई लक्ष्य लक्षण नियत नही है अतः ऐ लक्षणहीना अलक्ष्या यस्या जननं नोपलभ्यते तस्मादुच्यते अजा जन्म आदि रहित अजा–न जायत इति अज = टाप प्रत्यय = अजा

एकैव सर्वत्र वर्तते तस्मादुच्यते एका : त्वयैकयापूरितमम्बमैतद्–एकेले सब पूरित करती है एति प्राप्तनोति इति एकः तुम्ही एक सब में उपस्थित हो एकैव विश्वरूपिणी तस्मादुच्यते नैका तुम एका और अनेका हो त्वयैकया पूरितमम्बमैतत्

''एकैव लोकान्ग्रसति एकैव स्थापयत्यपि, एकैव सृजते विश्वं तस्मादेकाकिनीमता'' (देवीभागवत) स्वयं ग्रसन करती हो, अकेले स्थापन अकेले ही सृजन सचमुच तुम एकाएक वीरा हो–अद्वितीया विद्योतिका विविधं ईरयति इति वीरः विविधं ईरण प्रेरण ही वीरता है अहमखिल जगत

एकैबाहं जगत्यत्र द्वितीया का मामपरा–मै एकले ही हू जगत में यतो वा इमानि भूतानिजायन्ते येन जातानि जीवन्ति, यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति

सर्वदेवमयीदेवी––––––––सर्वं देवीमयं जगत्

तद् ब्रह्म
जम्माद्यस्य यतः

एका अनेका एक वीरा से ही जगत् की उदयस्थिति लय आदि का सम्पादन होता है।

देवताओं ने देवी का उपस्थान करके प्रश्न किया आप कौन है ''सर्वेदेवा देवीमुपतस्थुः कासि त्वं महादेवी साब्रवीदहं ब्रह्मरूपिणी मत्तः प्रकृति पुरूषात्मक जगत् (देव्यथर्वशीर्षम) देवी ने कहाँ–मै ब्रह्म हूँ मुझसे ही प्रकृति पुरूषात्मक जगत उत्पन्न होता है

शिवपुराणस्थ वायुसंहिता के पूर्व भाग मे

त्वंहि वागमृत साक्षादहमर्थामृतं परम

द्वयमप्यमृत कस्माद्वियुक्तमुपपद्यते ।। (वायुसंहिता)

हे पार्वती तू वाग्रूपी अमृत है और मै अर्थ रूप अमृत है दोनो अमृत का मरण या वियोग कैसे हो सकता है

"शब्द जालमशेषन्तु धत्ते शर्वस्य वल्लभा, अर्थस्य रूपमखिल धत्ते मुग्धेन्दु शेखरः" बल्लभापार्वती अशेष शब्दजाल को धारण करती है और अर्थामृत को मुग्धेन्दु शेखर शिव धारण करते है।

योगमाया–योगाय इतरेषां अज्ञानी जनानां कृपा यस्या सा = योगमाया

माया–कृपायां दम्भे च

अज्ञानी पामर को भी तत्व से मिला दे

माया वा एषा नारसिंही सर्वमिदं सृजाति

सर्वमिदं रक्षति सर्वमिदं संहरति

तस्मान्मायामेतां शक्तिं विद्याद्य एतां

मायां शक्ति वेद स मृत्युं जयति स

पाप्मानं तरति सोऽमृतत्त्वं गच्छति

महती श्रियमश्नुते ।।

(तापनीयोप निषद)

मायां मयृगतौ–मयते गच्छति प्रकटयति जगति

विश्व में गुणरूप से अपने को प्रगट करती है गुणलयरूपा सांख्य सम्मत भूता हो इदङ्कारास्पद दृश्य सवर्ग की अधिष्ठान भूता सच्चिदानन्दस्वरूपा भगवती से ही उदय स्थिति और लय होता है निरानन्द जगत् उसके स्थिति के सपेक्ष सानन्द होता है नि स्फूर्ति जगत् भगवती सापेक्ष स्फूर्तिवान होता है निरस जगत रसेश्वरीसापेक्ष सरस होता है। चिति के महा संज्ञान में सब कुछ अवभासित हो रहा है स्रष्टव्य जगत् पर्यवलोचन रूप ईक्षण चिति करती है चिद्विलासचिद्विवर्त, चिन्मय चिन्मात्र चिदाश्रित यह जगत प्रमाणाधीन ही किसी प्रमेय की सिद्धि होती है अतः प्रमेय में प्रमाण कवलित ही उपलब्ध होता है प्रमाता, प्रमाण और प्रमेय इतरेतर सापेक्ष है प्रमाण का विषय होने से ही कोई वस्तु प्रमेय हो सकती है प्रमेय को विषय करने वाली अन्तः करण की वृत्ति ही प्रमाण कहलाती है प्रमेयविषयक प्रमाण का आश्रय अन्तः करण की वृत्ति ही प्रमाण कहलाती है प्रमेयविषयक प्रमाण का आश्रय अन्तःकरण वच्छिन्न चैतन्य है प्रमाता है प्रमात्राश्रित प्रमेयाकारवृत्ति को प्रमाण कहते है।

स्थूल सूक्ष्म कारण त्रिशरीर रूप त्रिपुर के भीतर रहने वाली त्रिपुरारी के अन्तपुर की रानी त्रैलोक्य लावण्यपुञ्जिका

"सुन्दरता कह सुन्दर करई,

छवि गृह दीप शिखा जनु बरई (इ) (तुलसी)

काली

तम आसीत् (ना० सू०)

तससा गृव्हमग्रे

तम आसीत्तमसा गृव्हमग्रेऽप्रकेतं सलिल सर्वमा इदम्

"अग्रे सृष्टे प्राक् प्रलयदशायां भूत भौतिक सर्व जगत्तमसा प्रच्छन्नम्" कारणात्मक अज्ञात अलक्षण गाढान्ध कार में सब निमग्न था

असीदिदं तमो भूतम प्रज्ञातमलक्षम्

अप्रतर्क्यमनिर्देश्यं प्रसुप्तमिव सर्वतः (मनु)

प्रकृतिरपपि ब्रह्मात्मनाऽव्याकृताऽऽसीत

अप्रतर्क्य–तर्कादि का अविषय अननुमेया अमानगा अनवगाह्या

आपो वा इदमासीत्सलिलमेव कारण सलिल ही सृष्टि के पहले था

सर्वाः सुप्ता भूता

असिताङ्गी जागर्ति (श्यामोपनिषद)

सब प्रसुप्त थे एक मात्र असिताङ्गी श्यामाङ्गी सर्वाङ्ग सुन्दरी सूसाक्षीणि प्रजागर परायण थी

"पञ्चयोजन"विस्तीर्णं मृत्योश्च मुखमण्डलम्

तस्माद्रक्ष महाविद्ये भद्रकाली नमोऽस्तुते।। (वनदुर्गोपनिद)

मृत्यु का मुखमण्डल पञ्चयोजन विस्तृत है भद्रदा भद्रकाली महाविद्या हमारी रक्षॉ करे

लक्ष्यतेऽनेनेति लक्षणं लिङ्गम्

लक्षण से लक्ष्य का अनुमान होता है लक्षणैक्य से लक्ष्यैक्य होता हैं

आसाधारण दवन लक्षणम् परन्तु सास्नादिमत्व गोत्व गाय का आसाधारण लक्षण इयत्ता अनविच्छन्ना है काली

सास्नादिमत्व गोत्व गाय का आसाधरण लक्षण इयत्ता अनविच्छन्ना है काली

सास्नालाङ्गुलककुदरवुर विषाणी पर जो अचिन्त्या अनिर्देश्या, अप्रर्तक्य निर्गुण निराकार उसमें लक्षण की गति अपास्त हो जाती है

कश्चिन्न तस्याः पतिरस्ति लोके
न चेशिता नैव तस्याश्चलिङ्गम्
सा कारणं कारणकारणाधिपा
नास्याश्च कश्चिज्जनिता न चाधिपः (गुह्य काल्युपनिषद)
न तत्समा चाप्यधिकाच दृश्यते (गुह्य काल्युपनिषद)
असाम्यातिशया
न साम्यं अतिशयश्च,

न उसके तुल्य ही कोई है और न अतिशय भूयसत्ताक कोई हैं

न तुल्य न अधिक ऐसी ब्रह्मस्वरूपिणी निरूपाख्या दुरभिलाप्या भगवती है

"कश्चिन्न तस्या पतिरस्ति लोके'

'उसका कोई पिपर्ति पति नही स्वामी स्वयं है

आद्या "जगत आदि कारणभूतां
आद्यां जगतः आदि कारण भूतां
आद्या आदिकारण भूता सृष्टि उत्पादनार्थ

महाकाल को भर्त्तृ रूप में प्रकल्पित करती है सृष्टेरूत्पादनार्थतु भर्त्तृरूप अकल्पयत्। उसने इच्छा किया–ईक्षांचक्रे (प्रश्नोपनिशष)

उसने कामना किया–सोऽकामयत् (छा०)
त्रिकोणरूपिणी शक्ति विन्दुरूप पर शिवः
अविना भावसम्बन्धं तस्मादबिन्दु त्रिकोणयोः

त्रिकोण काली और बिन्दु काल दोनों का अविनाभाव सम्बन्ध है किसमें साहस है जो उसके सीमान्त में सिन्दूर का सम्भरण कर सके अतः सप्तमी घूमावती अधवा किंवा विधवा समझी जाती है काशीश विश्वनाथ को भी वर प्रदान करती है

सर्वसम्भोग भावना, सर्वसौख्यनिरूपिणी

त्रिशदर्बुद षडवृन्दपञ्चात्पद्यकोय्यः।
युगानि परमेशानि विपरीतरताऽभवत् ।।

तीस अरब, षऽवृन्द पदंञ्चाशत् (50) पद्यकोटि युग पर्यन्त माहेश्वरी काली महाकाल के सङ्ग आसङ्ग परिपरिष्वङ्ग विपरीत विप्रतीप रिरंसा (रमनेच्छा) करती है

कोटि कोटि ब्रह्माणी नारायणी इन्द्राणी उसके दीव्य सामरस्य दर्शनार्थ समुद्युक्त होकर उदग्रीव होकर रसलाभ करते है

विपरीतरता काली निर्गुणा सगुणायदा शिवा स्वयं अर्ध भाग से शिव बनकर उनके वक्षारूढ़ होकर विपरीत रमण करती है

यदा सा परमा शक्ति स्वेच्छया
विश्वरूपिणी
अधः कृत्वा तु पुरूषं सऽगमेच्छाऽभवत्तदा
तदाक्रम्य स्वयं देवी भौरवोपरिसंस्थिता
सहजानन्द संदोहै निजानन्द प्रवर्द्धिनी

सर्व योनिपु कौन्तेय मूर्तयः सं भवन्तियाः तासां ब्रह्म महद्योनिरहं बीजप्रदः पिता (गीता)

समस्त प्राणियों में जितनी वस्तुए उत्पन्न होती है उन सबकी योनि अर्थात् उत्पन्न करने वाल जननी श्यामा है और बीज देने वाला पिता मै हूँ जैसे लोक में प्रजोत्पादन की कामना से प्राणी नारी में गर्भाधन करता है

एकोऽहं बहुःस्यां प्रजायेय
"सविता गोभिः रसं भुक्ते भुऽक्ते
"एकाकी न रेमे।"

सूर्य अपनी रश्मियो से जल को आत्मसात करता है भोक्ता भोग्य को स्वात्मतादात्यापन्न करता है

कामस्तग्रे समवर्तत्

"ममयोनिर्महदब्रह्म
तस्मिन गर्भं दधाम्यहम्
सम्भवः सर्वभूतानां ततो भवति भारत (गीता)

महद् ब्रह्म प्रकृति मेरी योनि है उसी में मै गर्भाधान करता हूँ तभी उससे महदादिक्रमेण समस्त प्रजा उत्पन्न होता है उत्पत्ति का आधार क्षेत्र भग है बीजलिङ्ग है वृक्ष अंकुरादि सभी प्रपञ्च की उत्पत्ति का क्षेत्र भाग है बीज पुरूषलिङ्ग है प्रकर्ष व्यक्त रूप में जायमान प्रजा है

कहीं भी सृष्टि क्यो नही वस्तुतः वहाँ सृष्टि के उत्पादनानुकूल शिवशक्ति सम्बन्ध अवश्य मानना पडता है अनन्तब्रह्माण्डोत्पादिनी महाशक्ति ही आर्घा जलहरी या योनि है ।

योनि – Cash of affect

त्रिकोण व बिन्दु का यही रहस्य है

एतस्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति (श्रुति)

इसके आनन्द के एक कण से अन्य सभी भूत आनन्दित होते है

"उपतिष्ठति पुरूषः स्त्रियं स्त्री वा पुरूषं येन" जिससे पुरूष स्त्री को स्त्री पुरूष को तुष्ट करती है

उपस्थ इन्द्रिय है

"सर्वेषां आनन्दानामुपस्थं एकं अयनम्"

वाक् च वक्तव्य च, हस्तौ च दातव्य च उपस्थश्चानन्दयितव्यं च, पायुश्च विसर्जयितव्यम पादौ च गन्तव्यम् (प्रश्नोपनिषद्)

ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रिय के कार्यो का उल्लेख है प्रवण (ऊँ अकार, उकार, मकार) में अकार शिवलिङ्ग है उकार जलहरी है मकार शिवशक्ति का सम्मिलित रूप समझ लिया जाता है शिव ब्रह्म का स्थूल आकार विराट ब्रह्माण्ड है ब्रह्माण्ड आकार का ही शिवलिङ्ग है निर्गुण ब्रह्म का अवबोधक होने का ब्रह्माण्ड लिङ्ग है। आत्मा से आकाश की उत्पत्ति है यही निराकार का ज्ञापक लिङ्ग या चिन्ह है

लीनं अर्थं गमयति इतिलिङ्गम्

सबके आश्रय होने से और सबके लय का अधिष्ठान होने से महाकाल ही लिङ्ग कहलाते हैं।

श्री पार्वती अपर्णा **"पर्णानामव्यनश नादपर्णा"** पार्वती पर्ण का भी अशन नही करती तपस्विनी श्री कलाकदम्बमञ्जरी पार्वती शक्ति अपर्णा लता के संसर्ग से यह पुराण स्थाणु कैवल्य पदवी देता है जो कल्पवृक्षो के लिए देना अशक्य है

प्रलयेऽपितिष्ठतीति–स्थाणु (प्रलय में भी रहता है) प्रलय में भी जो संस्थित रहता है, अपर्णा जलहरी से ग्रस्त है यही योनिग्रस्त लिङ्ग है प्रकृति संस्पृष्ट महाकाल (पीठमम्बामयं सर्व शिवलिङ्गं) च चिन्मयम्।

पेठन्ति उपविशन्ति इति पीठ चिन्मयम्!
जिस पर बैठा जाय वह पीठ है

सत्व के नियमन की अपेक्षा तम का नियमन कठिनतर है

अ, उ 'म' प्रणावात्मक, ब्रह्मा, विष्णु शिवात्मक त्रिकोण में अर्द्धमात्रा रूप बिन्दु दिव्य ज्योर्तिलिङ्ग है आसीज्जानमायो ह्यर्थ एकमेविकल्पितम् सृष्टि के पूर्व ज्ञान और अर्थ काल और काली चणकाकार एक विभाग शून्य थे निरधिष्ठान शक्ति नही और अशक्त अधिष्ठान नही है।

मूलाधारे त्रिकोणाख्ये इच्छाज्ञानक्रियात्मके।
मध्ये स्वयम्भुलिङ्गन्तु कोटिसूर्यसमप्रभः।।

इच्छा ज्ञान क्रिया वामा, ज्येष्ठा रौद्री यही त्रिकोण रुपयोनि कोटि सूर्यसमप्रभ स्वयम्भू लिङ्ग माना गया है योनि से अतीत होकर बिन्दु अव्यक्त और लिङ्ग अलिङ्ग हो जाता है

भगलिङ्गऽमृतप्रीता
भगलिङ्गसुखवहा

ब्रह्मा विष्णु शिवात्मिका आद्याशक्ति सार्द्धत्रिवलया(साढ़े तीन फेरे की) कुण्डलिनी रुपा है यही कुण्डलिनी योनि है अपर्णा लता परिवेष्टित स्थाणु वैज्ञानिको की दृष्टि से आकाश वक्र है लिङ्ग भी वक्र है देश काल वस्तु सभी वक्र है ब्रह्म भी वक्र और स्तब्ध कहा गया जैसे विद्युतपुञ्ज पञ्चतत्व में व्याप्त होते हुए जल और पर्वत श्रेणी पर अधिकता से रहते है।

वाणरुपा श्रुता लोके पार्वती शिव वल्लभा योनिरुपा वाणरुपा–वाण शब्द पाँच संख्या का बोधक है पञ्चशर के अभिप्राय से काम में पञ्चमुख के अभिप्रान से शिव में पञ्चतत्वात्मिका की दृष्टि से पार्वती में अर्थात् पर्वतश्रेणीरूपा पार्वती में तोजोमय लिङ्ग समा गया। विद्युत्पुञ्ज यदि अपनी योनि पृथ्वी या जल में पड़े तो स्थिर होता है अन्यथा वृक्ष मनुष्यादि को नष्ट कर देता है

"पार्वतीञ्च बिना नान्या लिङ्ग धारयितुं क्षमा,।
तया धृतञ्च मल्लिड.गं द्रुतं शान्तिं गमिष्यति ।।

पार्वती से अन्या कोई ज्योतिर्मयलिङ्ग को नही विधारण कर सकता

तडित् पुञ्जभाभास्वराङ्गी विलसत्सौदामिनीसन्निभाम् भं वृद्धिं गच्छतीत्यर्थाद्भगः प्रकृतिरुच्यते वृद्धि को प्राप्त होने वाली प्रकृति भग है।

भग, भगवती गेया

"लीयमानमिदं सर्वं ब्रह्मण्येव हि लीयते" लीयामान जगत् लयाधिकरण शिवलिङ्ग में ही निलीन हो जाता है सा चैव दक्षिणा काली मदनातुर विह्वला (निरूत्तर तन्त्रे) उद्दाम काम संवेगवती सर्वसम्भोग भवना सर्व सौख्य निरूपिणी काली है।

"कालीदिम्बरी देवी जगदमोहन कारणी"
कामशास्त्रविशारदा, कर्पदीशप्रेमलता (योगिनी तन्त्रे)

श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरी राजराजेश्वरी अपरिगणित सौन्दर्य भी कामदा कुलकान्ता कालकान्ता काली के सौन्दर्य के समान अकिञ्चत्कर है

एषा विश्वमोहिनी एषा आत्मशक्ति (देव्यथर्वशीर्ष)

'रति प्रियाम्महारौद्री (निखिलकर्म दोग्ध्री) कर्मफल का दोहन करने वाली कालिका को हम प्रणाम करते है त्रिभुवन की समस्त सुन्दरता भैरवी काली का कण है

"समन्तादापीन स्तन जघन दृग–यौवनवती,
रता सक्तः नंक्त यदि जपति भक्तस्तव मनुम,
विवासास्त्वां ध्यायन् गलितचिकुरस्तस्य वशगा
समस्ता सिद्धौघा भुविचिरतरं जीवति कवि।।

'हे क्षीराब्धि मथनोत्मूते।"
'हे भूतेश गृहिणी।"

माँ कालीतत्त्व मे आवरण की परमता और प्रकाश की परमता दोनो मिश्रित है गहनता का अतल तल भी वह अगम्य दुरवगाह नही और प्रकाश की समुज्जव लता अप्रतिहत निर्निरोध है। रात्रि रसरहस्य गहनता की अगार अयन है रहसि एकान्त वह गुह्मा उपनिषद्रूपा गुह्यकाली सीधे रात्रि तमस् ही अपितु सान्द्र निर्मल शशिकला से उज्जवलता भी यही माधुर्य है ये रात्रि निरोधिका केवल रोधिका है ऐसा नही राधिका भी है एकान्त अपरिहरणीयें साधिका है। जो सूक्ष्म गाढ़ गहन, निबिड दुर्ज्ञेय दुः साध्य है आवि अपावरणी निरावरण प्रकाशन रात्रि आवरणी गहन गोपन वृत्तिता है।

भू देवी ऊँ पृथिवी में प्रसीदतु।।

सत्ताशक्ति की धनता गाढ़ता स्थौल्य गोचरता इस मौलिक पार्थिवत्व से है स्थैर्यविधान एवं रक्षा पृथ्वी की मुख्य वृत्ति है क्षिति गति और निवास की मूलाधार है पृथ्वी त्वया धृता लोकाः श्रीचण्डी महीस्वरूपा महादेवी है **"वसूनि धारयति इति वसुन्धरा"**

ये रूपहली छाँव
ये आकाश पे तारो का जाल
जैसे सूफी का तस्वुर
जैसे आशिक का ख्याल
आह लेकिन कौन जाने कौन समझे जी का हाल

ऐ गमे दिल क्या करू
ऐ वहशते दिल क्या करू
कैफियत अपने चश्मे सियह मस्त की
न पूछ सूफी तमाम देख के मयख्वार हो गये

कैफियत–मादकता अपने नेत्रो की मत पूँछ तमाम सूफी पियक्कड़ हो गये

हरसनमसाज ने मरमर से तराशा तुझको
पर पिघली हुई रफ्तार कहाँ से लाते,
पैरे में पाजेब तो पहना दी पर
झङ्कार कहाँ से लाते
हर मुसव्विर ने तराशा तेरे नक्श को
कोई भी नक्श तेरा अक्सेवदन बन न सका
कहो अल्फाज के साँचे में कैसे ढलेगा ये जमाल।
मै सोचता हूँ कही हुस्न की तौहीन न हो

हर कलाकार तुम्हे ढालना चाहता है पर तुम ढली नही शब्द के साँचे में तेरा सौन्दर्य जमाल कैसे समा पायेगा

तेरे लोकोत्तर सौन्दर्य के आगे
जमाले जोहरा जबीना की आबरू

क्या है घृताचाी, रम्भा, उर्वशी,ऐ भुवनेश्वरी ये तेरे सौन्दर्य के कण भी नही

मूलालवाल कुहरादुदिता भवानी
निर्भिद्य षट् सरसिजानि तडिल्लतेव

मूलाधार से उठकर षट् चक्रो का उद्भेदन सरसिजानि तडितिलता(गात्रे कोटि तडित छवि) तुम्हारे गात्र का निर्माण विद्युत समुद्र के मन्थनसे विद्युतगौरी ।

यथा न जायते पुत्रः पितरं मातरं बिना।
तथा भवं भवानीं च बिना नैतच्चराचरम्।। (वायवीयसंहिता)

जैसे माता पिता के युगपत काम प्रयास से पुत्र सम्भव होता है ऐसे ही एतद् चर और अचर जगत् भवशिव भवानी शिवा के योग से सम्भव हुआ

"चन्द्रो न खलु भात्येष यथा चन्द्रिकया बिना,
न भाति विद्यमानोऽपि तथा शक्त्या बिना शिवः।।

चन्द्रिका के बिना चन्द्र प्रकाशन असमर्थ है वैसे ही विद्यमान प्रकाशरूप शिव बिना विमर्शरूपा शक्ति के अपना सत्ता स्फूर्ति नही विकीर्ण कर सकता।

यथा शिवस्तथा देवी यथा देवी तथा शिवः।
नानयोरन्तरं विद्याच्चन्द्र चन्द्रिकयोरिव।।

कपाल कामिनी
कं शिरःपाल्यतेऽनेनेति–कपालः
केन जलेन पाल्यत इति कपालम्

कपाल–मुण्डम्

जल या रस से पुष्ट होता है कपाल "त्वं स्त्री त्वं पुमानसि त्वं कुमार उत् वा कुमारी त्वं जीर्णो दण्डेनवञ्चसि त्वं जातो भवसि विश्वतो मुखम्" तुम्ही स्त्री (स् त् र् ई) सत्व राजतम् प्रकृति ई–कामकला रुप हो तुम्ही पुरुष–पुरि प्रकृतौ शायित्वाक्त, पुरुषः

तुम्ही कुमार, कुमारी, और प्रवयसा होकर मानों धूमावतीविवृद्धा होकर दण्डा लेकर चल रही हो

यच्च किञ्चित्क्वचिद्वस्तु सदसद्वखिलात्मके।
तस्य सर्वस्य या शक्तिः सात्वं कि स्तूयसे सदा।। (दुर्गासप्तसती)

सद् असद् जो कुछ है सबकी शक्ति तुम्हो हो
अतएव तुम्हारी स्तुति कैसे की जा सकती है

सदसच्चाहमर्जुन (गीता)

हे संसार पङ्क निर्मग्ना समुद्धरण पण्डिते

त्रिपरं निपुरं हित्वा नादनूपुर निक्वण।
निः श्रयणीं समारुह्य निः श्रेयसपदं व्रज।।

त्रिपुर और निपुर लिङ्ग शरीर को छोड़कर नादरूपी नूपुर से जो मुखरित है उस सीढ़ी पर चढ़कर निःश्रेयस पद पर पहुचो

जागृदादि अवस्थात्रय रूप जो त्रिपुर है उसका परिहार करे, निपुर अवयव विशिष्ट लिङ्ग शरीर उसका भी परिहार करे नादनूपुर निक्वणमुखरित जो साधन की सोपान श्रेणी है उस पर समारोहण पूर्वक माँ के श्री अङ्क तक निः'श्रेयस पद लाभ प्रशान्तमहासागर शिव के हृदय में बड़वाग्नि रुपा काली है।

कला वा काली बिन्दु रूप में परमधनी भाव पाकर मानो अशेष को आत्मसात किये है और नाद में अशेष का वितान तरली भाव विकास और प्रकाश करती है

रेणु बजा रहा है उन्माद वेणु "करे उन्माद मुरली, (गुह्यकाली महाकाल संहिता) लिए है

महामाया सर्वत्र पूर्णरूप से उद्व्याप्त है

निधिं गुह्यन्तीति = गुह्यकाली

'प्रेयः पुत्रात् प्रियोवित्तात्, पियोऽन्यास्मात्

सर्वस्मात्–आत्मिकालिका पुत्र,वित और सभी से ज्यादा प्रेमास्पद है प्रिय प्रेयान प्रेष्ठतम है

"ब्रह्मैवेति महामाया न माया महती मृषा" माँ, उमा, अमा, रमा, समा, ये सब माँ

माऽहं ब्रह्म निराकुर्याम मा मा ब्रह्मा निराकरोत हम ब्रह्म का खण्डन करें ब्रह्म हमारा निराकरण न करें माँ निषेधात्मक अव्यय है

अस्मत् शब्द की द्वितीया एक वचन का पद मां

मानं सम्मानं ददातीति माता प्रसीद मातर्जगतोऽखिलस्य

नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सतत् नमः एष ह्येवानन्दयति–यही आत्मिका कालिका सबको आनन्दित करती है "भक्तिः सदा में भवतु गुह्यकाली पदद्वये (महाकाल संहिता) तत्त्वात्मिका काली में अचल प्रतिष्ठा विद्यमान है

"एषा सा वैष्णवी शक्ति महाकाली दुरत्यया।
आराधिता वशीकुर्याद् पूजाकर्तुश्चराचरम् ।।"
रूप सौभाग्य कान्तीनां सा प्रतिष्ठा महाश्रियः

यह दुरत्यय महाकाली वैष्णवी की शक्ति है। पूज्य होकर आराधक के वशीभूत चराचर जगत् कर देती है

ये रूप, सौभाग्य, कान्ति और प्रतिष्ठा की और महान एश्वर्यवती है "त्वां वैष्णवी शक्तिरनन्तवीर्य्या विश्वस्य बीजं परमासि माया"

आप वैष्णवी शक्ति अनन्तवीर्या एवं विश्व की बीजभूता माया है। उमा संविद्रूपा पराशक्तिः तयासहसर्वदा वर्तत इतिसोमः "सह उमया वर्त्त ते इति सोमः"
उमापरिवेष्टितउमानाथ वर्त्तते

यह शक्ति ही अवस्था भेद से इच्छा, ज्ञान और क्रिया रूप में आत्मा प्रकाशन करती है इच्छा की बहिर्मुखता सृष्टि का आदि हेतु है

यो यत्राभिलषेद भोगान्

सं तत्रैव नियोजितः

सिद्धि भाक् मन्त्रसामर्थ्यात् (स्वयम्भू आगम)

मननत्राणरूपी मन्त्र संसार को ही मोक्षायते,

सर्व जगद विद्धि विशुद्धं देहम्

वामा से ज्येष्ठा का भुवन अधिक उत्कर्ष है ज्येष्ठा से रौद्री का भुवन अधिक उत्कर्ष है शिव अग्नि या संवर्त्तानल है शक्ति सोम या विवर्त्तचन्द्र दोनों का समस्त बिन्दु जिसमें समस्त सिन्धु का प्रति सन्धान अधिगत है

प्रकाशांशो के नाम–अम्बिका, वामा, ज्येष्ठ, रौद्री

विमर्शांशो–शान्ता, इच्छा ज्ञान, क्रिया मध्य का महाबिन्दु ही अभिन्न विग्रह शिव शक्ति का आसन हैं

यह त्रिकोणमण्डल चिद्‌कला की आभा से उद्‌व्याप्त है

महा बिन्दु ही शवरूप शिव है जिस पर आनन्द कला आनन्दशक्ति काली विक्रीडन करती है कुण्डलिनी ही कौलिनी है

भीति युक्तं रवं शब्द यस्या सा भैरवी विकट ध्वनी करने वाली भैरवी **अक्षराणि ह्यक्ष इवानुप्रविश्य व्यञ्जननि धारयति इति** अक्ष ही अक्षर व्यञ्जनों को धारण करता है अक्षरः अशूङ्व्याप्तौ

अश्नुते अर्थ व्यापनोति इति अक्षर :

परावाक् प्रसृत होकर सर्वाग्र में इच्छा तदन्तर ज्ञान और क्रिया रूप हो जाती है तदनन्तर ज्ञान और क्रिया रूप हो जाती है तदन्तर एक पञ्चाशत (51) मातृ का रूप परिणाम होता है स्वर वर्णो में बीज शिवांश और व्यजनवर्णो में शक्त्यंश योनि रूप में प्रबल रहता है

संसार नेचायेखन् मुण्डमाला कोथायपेली (कमलाकान्त)

संसार तो पहले था नही तुमने किसके ये इक्यावेंन मुण्डों की माला पहन लिया

शब्दब्रह्ममणि निष्णातः परब्रह्मणाधि गच्छति न सोऽस्ति प्रत्ययेलोकेयः शब्दानुगमादृते (उपनिषद) जब परा परात्परा शक्ति स्वातंम्योन्मेष के कारण अन्तर्लीनावस्था को त्यागकर अभिव्यक्त होती है तो विश्वरूप चक्र का आवर्त्तन होता है

पुनः पुनः करोति इति चक्रम् अपरिगणित योगिनीयाँ वृत्तियाँ है साक्षिणी साक्षी काली साक्षी कृष्णा माँ शान्ता से इच्छा का समुदय अव्यक्त विश्व विश्वोदरा के गर्भ से बहिर्गत हो जाता है

इच्छाशक्ति वामाशक्ति तादात्मयापन्न होकर पश्यन्ति वाकरूप सम्पत्ति हो जाती है

ज्ञान शक्ति ज्येष्ठा से अभिन्न होकर मध्यमावाक् क्रियाशक्ति रौद्री से अभेद कर बैखरी विश्व विग्रह रूप हो जाती है

आज्ञाचक्र **भ्रूवोर्मध्ये शिवस्थानं मनस्तत्र प्रविलीयते** के उर्ध्व बिन्दु से उन्मना पर्यन्त की भूमि कृमशः बिन्दु, अर्धचन्द्र, निरोधिका, नाद, नादान्त शक्ति, व्यपिनी, समना तथा उन्मना तारतम्योपेत है

उन्मना में काल की कला तत्व देवता, मन भी निरूद्ध हो जाता है शाक्तो मे इस अवस्था को रूद्रवक्त्र कहते है।

"चिच्छक्तिः परशिवादभिन्नैव तर्यो भेर्देस्तु भ्रान्ति" शिव की चैतन्यशक्ति यदा उत्थापित होकर जब वक्ष पर लोललीलारूपक्रिड़ा करती है तदा शिव–शवाकार रूप हो जाते है शिवत्व अधिगत होने पर ही शिवकाली को हृदयाम्बुज में धारण किया जा सकता है

पञ्चमम् स्कन्द मातेति नव दुर्गाओं में **"स्कन्दति अमृतरूपेण गच्छति स्रवति इति स्कन्दः**

जो अमृतरूपेण गच्छति स्रवति इति स्कन्दः

जो अमृत संधारा प्रवाहरूप गमनशीला है स्कन्दमाता है

स्कन्दयति शोषयति अरीन् शूरप्रभृतीन् जो शत्रु समूह की विशोषण कर लेती हैं

ऐ–नटनप्रीता नाट्यकर्म विवर्धनी तेरा ही नटन नटराज मे है

तेरा ही अटन भक्तों में रटन तेरा ही

नाहं नाहं तू ही तू तू ही तू

"तां प्रोवच महालक्ष्मी तामसी प्रमदोत्तमाम् । ददामि तव नामानि यानि कर्माणि तानि त",

महामाया महाकाली महामारी क्षुधा तृषा निद्रा तृष्णा चैकवीरा कालरार्तिदुरत्यया ।।

प्रमैदाओं में उत्तमोत्तम तामसी काली से लक्ष्मी बोली नाम और कर्म का निरूपण किया ब्रह्मादि को मोहित करती है इसलिए महाकाली सर्वविध भक्षण की इच्छावाली होने से क्षुधा, सर्व विद्या विषयिणि प्यास होने संतृषा योग की अधिष्ठात्री होने से योगनिद्रा भक्तकृत भक्ति की इच्छावाली तृष्णा और महापराक्रमवती होने से एकवीरा रूप से माँ का निरूपण लक्ष्मी के द्वारा–

कलनात्सर्व भूतानां ब्रह्मादीनां निमेषतः ।

काल शब्देननिर्दिष्टो ह्यरवण्डानन्द अद्वयः ।। (शङ्कराचार्य) संलयन :

सभी भूतो का (कलन गणन प्रकाशन संलयन) निमेष मात्र समय में ब्रह्मा आदि का अपलाप काल का कार्य अखण्डानन्द अद्वय ब्रह्म ही उपाधिवशात काल कहलाता है

काल एवासि काली–माँ तुम काल ही हो काली तुम उज्जैन की काल महाकालेश्वर तुम हो तुम्हारे भय से वायु सञ्चरित हो रही है तुम्हारे भय से सूर्य नित्योदित होता है अग्नि दहन और मृत्यु प्राणपहार तम्हारे भय से

भीषास्माद्वातः पवते भीषोदेती सूर्यः।
भीषास्मादग्निश्चेन्द्रश्च मृत्युर्धावति पञ्चमः।।

(नमस्ते रूद्र मन्यवे) रूद्र की शक्ति रूद्राणी हे दुष्ट रोदनकारी रूद्राणी हम तुम्हे

प्रणाम–स्वनिष्ठ अपकृष्टत्व त्वद् निष्ठ उत्कृष्टत्व बोधनानुकूल अञ्जलि शिरःसंयोग व्यापार नमस्कार पद वाच्य है) करते है

दीनता भक्ति महारानी का सिंहासन है ह्रदय से वाग् से वपु से नमन

"उरसा शिरसा दृष्टया मनसाऽपि धिपाऽपि च,।
पद्भयां कराभ्यां जानुभ्यां प्रणामोऽष्टाङ्ग ईरितः"।।

ह्रदय, शिर, दृष्टि, मन बुद्धि, पैर, हाथ, जानु यें अष्टधा प्रणाम तुमको ऐ माँ काली विद्वदरसीकेन्द्र जगन्नाथ यवनी संसर्गदूषित

गङ्गा तट पर चद्दर आवृत लेटे थे अप्पयदीक्षि उनसे कहते–

किं निः शंङ्क शेषे
शेषे वयसि त्वमगते मृत्यौ
अथवा सुखं शयीथा
निकटे जागर्ति जाह्नवी जननी

क्यो निः शंक शयन कर रहे हो आयु व्यतीत हो चुकी है मृत्यु सन्निकट है

इस पर पलटकर देखा जगन्नाथ ने
फिर तदवत शयन करने लगा
पुनः अव्ययजी दीक्षित ने कहा

आराम से शयन करो निकट में सुरसरि जाह्नवी गङ्गा जाग रही है–निश्चिन्त रहों भागरथी हम दोष से भरे है पै भरोस यही की परोस तुम्हारे

यस्या : अङ्कमवाप्य बाल इव सर्वेऽपि
निः 'शंङ्क' शेते सा श्री
जिसका अङ्क प्राप्त कर सभी बालक की तरह
निशङ्क शयन कर वे है 'श्री' माँ

या दीव्यति विजिगीषत अविद्यातत्कार्यात्मक)

स्व कान्त के सग विविध केलि क्रीडा करती है
प्रपञ्चं ब्रह्मविद्यारूपेणेति देवी
अविद्याऽन्धकार पर विजयोरोहण करती है
वह देवी तेरे छविमाध्वीक मे निमज्जित चित्त
सर्व बाह्य आभ्यान्तर दृश्य का विस्मरण
"अहो निमग्नः तवरूप सिन्धौ ।
पश्यामि नान्तं न च मध्यमादि।।
अवाड.च निस्पन्द तामो विमूढः।
कुत्रास्मि कोऽस्मिति न वेधिदेवः।।

माधुर्य सौन्दर्य छवि सुधा पयोनिधि रूप में निलीन होने पर आदि अन्त मध्य कुछ नही भासता मुकास्वादनवत् जड़ता और मै कौन हूँ हमारी भौगोलिक अवस्था कहाँ है यह सब रसोद्रेक में संज्ञाहीन हो गया

प्रेमाश्रूणि विभूष्यन्ति वदनम्
मुखपरशीतल प्रेमाश्रु की धार

रोमाञ्च से वपु चमत्कृत और मन भक्ति से नन्दित होता हुआ लग रहा है मानो नेत्र में कर्पूर वर्त्तिका की शीतलता मृगमदकर्दम का अनुलेपन तुम्हारे दर्शन से

नास्ति नादात्परो मन्त्रो
न देवः स्वात्मनः पर
नानुसन्धेः परा पूजा
नहि तृप्तेः परं सुखम् (योगशिखोपनिषद)

नाद से बढ़कर मन्त्र नही, आत्मा से बढ़ कर देव नही अनुसन्धान से बढ़कर परापूजा नही तृप्ति से अनुसन्धान से बढ़कर परापूजा नहीं तृप्ति से बढ़कर सुख नही।

एहि अश्मानमातिष्ठ अश्मा
भवतु ते तनु (यजुर्वेद)

पाषाणमयी धातुमयीय काष्ठमयी मूर्ति मे आजा
उसमे तेरी चेतना सनिविष्ट हो जाय

तेरी अश्माभूत (पाषाणमय) तनु–शरीर हो जाय

भव्य भावोदय में ये मूर्तियाँ एजन (कम्पन) हास्य, रूदन, नर्त्तन, द्रवीकरण, उमज्जन निमज्जन करती है।

देवतायतनानि कम्पन्ते
दैवत प्रतिमा हसन्ति, रूदन्ति
नृत्यन्ति, स्फुटन्ति, स्विद्यन्ति उन्मीलन्ति निमीलन्ति (यजुर्वेद)

श्री तैलङ्गस्वामी माँ भद्रकाली की मूर्ति से कुमारी रूप भद्रदा का सजीव दर्शन करते थें सर्वज्ञा सर्वतो भद्रा सर्वमङ्गलमङ्गला

भद्रं ददातीति भद्दा

भातीति = भ
रातीति = र
ददातीति = द
= भद्रकाली

एष एव भद्र

यह ब्रह्म भद्रस्वरूप है (श्रुति)

विज्ञानरत्न ही तेरे नयनारविन्द और वेद उच्चार रूप कल्पित नुपूर

सा शिव करूणामूर्ति जगन्माता त्रयीमयी, शिवाभिन्ना परानन्दः शङ्करस्यापि शङ्करी (ब्रह्मगीता)
जवाकुसुमसङ्काशौ मदधूर्णितलोचनौ जगतः पितरौ वन्दे भैरवी भैरवात्मको
जवाकुसुम की तरह मिहिरारूण विग्रह रक्ताभा और वारूणी रसमद से आधूर्णित नयन जगत पितरौ

जगत के माता पिता भैरवी और भैरव को हम वन्दन करते हैं स्त्रीकर्तृकं नृत्यं लास्यमित्युच्येत भगवती के नृत्य क नाम लास्य है।

पुं कर्तृकं नृत्यं ताण्डवमित्युच्येत ताण्डव शङ्कर कर्तृक है

आधार शक्ति में प्राण का निरोध करने पर शरीर में कम्प और योगी नृत्य करने लगता है सारा विश्व वही नयन गोचर होता है सृष्टि का आधार वहाँ सब देवता सब वेद रहते है अतः आधार चक्र का आश्रय लेना चाहिए यह नृत्य आनन्द ब्रह्म का उन्मेष है प्रलयकाब्रीन विराम भी नृत्य के परिश्रम के अनन्तर विश्राम रूपी आनन्द का आभोग रूपी निमेष है

आनन्दोन्मेष रूप ताण्डव को वेदो ने संवर्तन और शङ्कर भगवत्पाद ने विवर्तन कहा है

स्वात्म तत्त्व सुखवृत्ति प्रमोद के कारण आनन्दोद्रेक रूप ताण्डव

"स्वात्मतत्त्वसुखस्फूर्ति प्रमोदात् ताण्डवप्रियः" (स्कन्दपुराण)

निज विनोदारण्य प्रमोदार्णव निमग्न शिव ताण्डव परायण होकर विश्वविमोहन करते है विमलेन्दुशेखर

न शिवेन बिना शक्तिर्न शक्तिरहितः शिव ।
उमाशङ्करयौरैक्यं यः 'पश्यति' सः पश्यति।।

शक्ति के बिना शिव, शिव के बिना शक्ति नही रहती ऐसा

जो देखता है वही यर्थात देखता है (शिव पुराण)

सृष्टि कुहुक कुशलिनी माँ काली और महाकाल में अविनाभाव सम्बन्ध,
युगल, यामल युगनद्ध, आदि शब्दो से व्यवहृत होता है
अगर महाकाल कालाग्निरुद्र है

कालाग्निरुद्रं दूरस्थंज्वलद्दावाग्नि सन्निभम्

जैसा कि पद्य पुराण में दूरस्थ काल को ज्वलद् दावाग्नि यह कालाग्नि रूद्र

तादात्म्यमनयोर्नित्य
वह्निदाहकयोरिव

जैसे वह्नि और दाहिका शाक्ति का नित्य तादात्य सम्बन्ध है वैसे ही महाकाल का महाकाली से

गौरतेजो बिना यस्तु श्यामतेजः समर्चयेत् ।
जपेद्वा ध्यायते वापि स भवेत् पातकी शिवे।। (संम्मोहन तन्त्र)

गौर तेज साधिका राधिक राधा को छोड़कर श्याम तेज कृष्ण की सपर्या करता है वह जप ध्यान जो करता है वह पातकी कोटि चिन्हित है

अतः स्वातन्त्रय शक्ति की अभिव्यक्ति के बिना परमेश्वरत्व असम्भव है

प्रसरणस्वभाव वाली शक्ति, का प्राधान्य प्रकाश और विकास में है

उभय शिव शिवाऽकार होकर शिवा शिवरूप से शिवशक्तिरिति ह्येकं तत्त्वमाहुर्मनीसिणः विश्वं एकात्मकं पश्यन् प्रकृत्या पुरूषेण च (भागवत्) मनीषी लोग शिव शक्ति को एकार्थ रूप ही बुद्धायारूढ करते है "चितिस्वतन्त्रा विश्वसिद्धिहेतु"

यहाँ शक्ति चिति का स्वातन्त्रय अन्य निरपेक्षता ही है उसे किसी की अपेक्षा स्वकार्य सम्पादन में नही है स्वातन्त्रय के कारण ही अद्वितीया होकर नाना द्वैत की प्रसवयित्री होती है

अचल किञ्चिद् ईषद् चलनयुक्ता होकर स्पन्दनात्मिका सामर्थ्य का निदर्शन करती है तदेजते तन्नैजति

स्पन्दन युक्तता ही भुवन कल्लोल विचित्रता का उपबृंहण कारक है कम्पन्न रहित प्रशान्त महासागर

भूता शान्ति देवी शान्ति की अगार अयन भूता अणोरणीयान्

अणु से अणुतर सूक्ष्मतम् अणिष्ठा बिन्दुरूपता वामन अवतार जैसा है

तुम्ही हो, तुम्ही बिन्दु में निखिल का सन्धान कराती हो, महतोमहीयान

गरिष्ठा वरिष्ठा, ज्येष्ठा, भूयिष्ठा, गरीयसा महीयसी सर्वतोडधिका अद्वया कालिका हो सकलविरुद्ध

धर्माश्रया हो

तद्दूरे (उपनिषद)
तद् अन्तिके

तुम्हीं दविष्ठा–अत्यन्त दूरवर्ती

तुम्ही नेदिष्ठा–अत्यन्त निकटवर्ती हो अतिशायने तमविष्ठनौ (अष्टाध्यायी दूर होकर निर्जनवनविहारी या अभक्तो के लिए व्यवधान रखती हो और भक्तों से अव्यवहित निकटतर हो

यविष्ठा–युवती षोडशवर्ष वयस्का हो अनन्त यौवन का

वर्षिष्ठा–अति प्रवयसा वृद्धा धूमावती माँ त्वं जीर्णो दण्डेनाञ्चसि बुढ़िया होकर दण्डा लेकर तुम चलती हो। अरूप अनाम, अशब्द रूपा होकर सर्वरूप सर्वशब्द सर्व स्पर्शरूपा भी तुम्ही हो स्वातन्त्र्य ही शाक्तमत का प्राण है भगवती जगदम्बा का

अम्बयति जीवयति लोकान् पालयति वा

इति अम्बा (अम्बप्राणे–धातु) जङ्गमस्थावरात्मक प्रपञ्च को प्राणवन्त करती है 'अम्बा'

सम्बोधन अर्थे अम्बा

माता–मानं सम्मानं निर्माणं तनोति

इति माता–मान सम्मान निर्माण, विवृद्धिशी ला

सिसृक्षा रिरंसादि। सृष्टि के लिए रमणेच्छ) या आदिम शक्ति कला, कामकला सृष्टि का वितानात्मक बीजं क्रीं है ककारवर्ण सर्वाङ्गी काम केलि क्रीं बीज ककार का आश्रय लेकर हो जाये

केलि काला कृष्णा या काली
तत् है आप्तकामपूर्ण कामरूपा
त्वं पदार्थ है कलाकाम
असि एकता का अवद्योतक है

क्रीं में 'क' है कामदा कान्ता कामेश्वरी काली 'र' है कालाग्नि रूद्र रूप कामेश्वर और कामेश्वरी काली का और कमनीय कम्बु ग्रीवा कामेश्वर की परस्पर पर उत्कट प्रीति है 'ई और बिन्दु है कामेश्वरी काली का कामेश्र से उद्रेक में विभाग शून्यता

यही क्रीं का तात्पर्य गर्भ उपलक्षित होता है। पराव्यक्त बिन्दु उससे नादाभिव्यक्ति नाद से कलाभिव्यक्ति इस प्रकार से वागर्थप्रत्यय जगत में जो प्रवृत्ति आवर्तित होती है समग्र सम्यक रूप से बिन्दु में संगृहीत गर्भित है

बिन्दु अर्द्धमात्रा है स्वर व्यजंन वर्ण है मातृका की माता अर्द्धमात्रा उमाँ है आदिमा कलनी शक्ति बिन्दु है यह सिन्धु का अवगाहन कराती है।

सर्वाभिव्यंजिका शक्ति ही मातृका है बिन्दुवासिनी ही विन्ध्यवासिनी है जगत बीजाङ्कुराकृति रूप से संकोच और प्रसरणशी लता स्वारसिक होता है

मूर्द्धन्य धामाभिमुखी का चरम अवस्था चणकाकार (द्वय दलवत्) अलिङ्गन बद्ध कामेश्वर और कामेश्वरी माता देती है अवारित मुक्त अञ्चल अयाचित अकृपण स्तन्यसुधा यही नही दोषेऽपि प्रवृत्तित्त्वम् वात्सल्यत्वम् बछड़ा पङ्क गोमय (गोबर) आदि से संलिप्त है पर माँ गाय रसना से उसका चौषण करती रहती है

'माँ' नाम के महाक्षर किंवा अमृताक्षर युगल करूणा से विगलित होकर क्षरितमनिषं सोमामृत एवं सान्द्रमुदिता स्नेहवृट् मेघमाला ही है

शुष्कदहन का **अन्यन्ताभाव** है स्निग्धसिंचन की संधारा वहा अजस्र प्रसरणशील है

तुम ब्रह्ममयी का स्वाभाविक नाम माँ है इस अमृताक्षर महामन्त्र की ऋषि स्वयं महामाय है। वे ही देवता है पराम्बिका तेरे माधुर्य के अभाव से सब विधुर हो जाता है। गिरामाहुदेवीं द्रुहिणगृहिणीभागमविदो, हरे पत्नीं पद्मां हरसहचरी मद्रितनयाम् तुरीया काऽपि त्वां दुरधिगमनिः सीममहिमा महामाया विश्वं भ्रमयसि परब्रह्म महिषि।। (सौन्दर्य लहरी)

हे परब्रह्म की महाराज्ञि! शास्त्रों के जानने वाले ब्रह्मा की पत्नी को सरस्वती वाग्देवी कहते है

विष्णु की पत्नी को कमला कहते है हर की सहचरी को पार्वती कहते हैं परन्तु तू महामाया कोई चौथी है तेरी महिमा असीम है तूने सारे विश्व को भ्रम में डाला हुआ है तुमको जानना कठिन है।

महामाया ('माया कृपायां दम्भे च) अति कृपा, महाकृपा

हरति एक अघ असुर जालिका, तुलसी दास प्रभु कृपा कालिका (तुलसी)

योगमाया दुर्घटघटना पटीयसी है विषमपि अमृतायते–विष भी अमृत हो जाता है यही वामरसरहस्य है रूष्टा हो जाय तो

अमृतमापि विषायते–

अमृत भी विष हो जाता है

पराञ्चि भाव का ह्रास और प्रत्यग् भाव का समुल्लास यही अभीष्ट है

यह महामाया कुंडलिनी शक्ति सहज कुल रसिका है, ब्रह्म रस (रसो वै सः) की रसिका तभी उसे कुल कुण्डलिनी कहते है परम शान्त सुनिर्मला भास्वस्ता पूर्णिमा की हिमांशु कनक कौमुदी की भांति आप्लावन आप्यायन करती हुई विचित्र नाद का रणन उसकी समग्र चेतना के मधुच्छद को स्पन्दित नन्दित करता हुआ

अलसित रसजातम्
स्वलसित रससिन्धु
माध्वीमग्नं हृदि विलसनम्

यह सनातनी पीयूष धारा इसके लिए पिपासा अग्नि को प्रज्वलित करो पिपासा तृषा काली ही है

अकारादि वर्णमाला ही मुण्डमाल है इसकी शक्ति अमानगम्या अमेया है इस शक्ति के जठर से सर्वविधिविचित्रशक्ति संजात होती है व्यवहारगत वर्णमाला उसी महा मातृका का विप्रूशांश (छुद्र) है

शेषशक्ति प्रसुप्तभुजगाकार कुण्डलिनी ही है

विषपरिहार पूर्वक अमृत का आहरण करती सुधा देवी

विष का परिहार या वर्जन विकर्षिणी शक्ति करती है आकर्षिणी शक्ति अमृत का आहरण करती हुई सक्रिय है

प्रत्येक स्थल पर द्वौ द्वौ द्वन्दः साधक बाधक, दैवी, आसुरी, अमृत विष यही प्रसक्त है द्वन्द्वो के विभत्सर कर निर्द्वन्द्व अवस्था सद्यः पातक संहत्री सद्योदुःख विनाशिनी

माँ कालिका

वाराही शक्ति–वृणोति अहरोति च वरण करती है अङ्गीकृत करती है फिर समुत्तोलन कर प्रकर्षोपेत करती है

सलिलमग्ना वसुन्धरा का उर्ध्वोत्तोलन भगवती वाराही शक्ति अपने दंष्ट्रा से करती है

मूल धारस्थ (पृथ्वी तत्त्व) निद्रिता मातृ का शक्ति में विपुलस्पन्दन निमज्जिता पृथ्वी का वाराही शक्ति द्वारा समुद्धार

मानो पादप बीज में विश्रान्त है यही उन्निद्रित होकर पुनः नाल, स्कन्ध, शाखा रूप से प्रतान करती है पूरणी भी हरणी भी परिपूरण सम्पूरण का मूल भगवती ही है

समग्रता परमता और सकल निष्कलता रूपी भावत्रय द्वारा ही महामाया का ब्रह्मत्व भावित होता है इस त्रिवेणी से मिलन में उसकी पूर्णता का एक चिन्तन एक त्रिकोण के रूप में करो साकल्य इसकी एक भुजा है नैष्कल्य इसकी अन्य भुजा है इन दोनों भुजा के शीर्ष में जो मिलन बिन्दु है वह है पारम्य

सामम्य रूपी बिन्दु को अनन्तवत् भाव से प्रसारित करो। प्राप्त होगा परमनाद जिस अचिन्त्य कलनशक्ति ब्रह्मत्व की वे मूल त्रिकोणा कृति आ विर्भूत हुई है परमबिन्दु तथा परमनाद इस पराकाष्ठा में जो संकुचन प्रसरन हुआ। परमाकला "नवैरेमे" सोकामयत्'। पर माकला कीयही मूल कामरूपा आकृति है।

समग्रता का बीज है ह्रीं यहाँ महाप्राणवर 'ह' है भूमि **(Base)** र के द्वारा इस महाशक्ति सामान्य में एक शंखावृत आवर्तन (स्पाइरल रोटेसन) संभव हो जाता है 'ई' कार इस आवर्तन का अक्ष है यदि इस अवच्छेद में एक त्रिभुज का संधान पा सको तब उसकी भूमि होगी 'ह' 'र' तथा ई दो भुज होगी।

परमता अथवा **Supreme Absolute** भूमि में परम श्रेष्ठता तथा पर निः श्रेयस अथवा कैवल्य रूप से आरुरूक्षु के लिए यह बीज अत्यन्त कामद है परम रसवस्तु को नित्यरासरूपेण विलसित करने और उसे अपनी अस्तित भातिता स्वलसित करने में क्लीं बीज शक्य है।

फलस्वरूप तलस्थित रेखा में उच्छून भाव का संचार होता है यही लक्षित होता है शिष्य में प्रणव में ई के स्थान पर 'उ' ई में विशेषतः वेध वृत्ति का सूचक है किसी भी बीज को प्रणव से युक्त करने पर इस वेध वृत्ति की सधिष्ठता अर्जित होती है।

श्री बीज समस्तकला तथा समस्त सुषमा को प्रस्फुटित करने के लिए साधिष्ठ है

महामाया ह्रीं है महाबीज रूपा नाम तथा नामी मूलत : एक है किसी शक्ति (क्रिया ज्ञान भाव) का संग्रह समूह तथा समिद्ध करने मे ह्रीं बीज का विषेश उपयोग किया जाता है आकृति छन्दः प्रभृति में विषमता (श्रीहानि) का निवारण करने के लिए श्री बीज उपयोगी है। अर्वाक पराक तल वृत्तिता उच्छिन्न करने के लिए ऐं बीज का योग–ज्ञान भक्ति में इष्ट की परमाविष्टता के लिए क्लीं बीज का उपयोग करना चाहिए।

विष्णुमाया समग्रस्य साकल्ये योगपूर्विका नैष्कल्ये निजमाया च 'मा ये' तिद्वय्यर्ण वाराणात् सर्वासा मर्य्यदामातृ महामायेति तुर्यगम्।।

साकल्य (निखिल कला के विकास और आवास्वाद की (परिपूरयित्री योगमाया नैष्कल्य निजमाया है।)

महामाया पुष्टिरसि
ऐ माँ तुम पोषण हों
वित्तिरसि
ऐ माँ तुम धन हो
धनमर्हतीति धन्य
धन की अर्हता धन्यना है (अतः तुम धन्याति धन्य हो)

हे श्मशानशयनागारा
श्मशानभस्मलेपिता

भस्मरेखाङ्कित लसन्मस्तकायै नमः भस्मोद्धूलित सर्वाङ्गी वैराग्य को प्रदीप्त करते हुए महाकाल संहित में—पितृ भूमौ महेशानि विधिरेखां प्रमार्जयेत

पितृभूमि (श्मशान भूमि में माँ साधक के उत्कर्ष के लिए अपकर्षगत विधिरेखा का प्रमोष (पोछ) देती है ह्रदय रागादि द्वेषादि रहित हो संसार विषय के अनित्यता का बोध श्मशान स्थल

चूमकर मौत को जिलाती जिन्दगी।
मरघट में फूल खिलाती जिन्दगी।।

जो सांसारिक ऐश्वर्य को अपने पास न रखने का अभ्यस्त है वही संसारिक वैभव दे सकता है वही चरमदाता या दानी जैसे शिव या शिवकाली।

भव भव विभव पराभवकारिणी
विश्वविमोहिनी स्ववशविहारिणी (श्री तुलसी)

धरणि तनया यद्भीमनृत्य धरण्यां कृतमिह मनसा तच्चिन्तयन्तो द्विजेन्द्र

जयति जयति सीते त्याहुरिन्द्रादि देवाः
सपदि भुवनभङ्ग मन्यमाना विषेदु (अद्भदसमायाण)

पृथ्वी सुता सीता ने पृथ्वी पर जो विकराल नृत्यकिया, मन में उसका चिन्तन करते हुए विप्रगण और इन्द्रादि समस्त देवगण यह समझ कर की भुवन नष्ट होने को है सीता का जय जय करने लगे थे।

जानक्या : पादविन्यासे शवरूप धरोहरः।
आत्मानं स्तम्भयामास धरणीधृतिहेंतवो ।। (अद्भुत रामायण)

सैषा सर्वेश्वरी देवी सर्वभूत प्रवर्तिका

यह सीतारूपकाली सर्वेश्वरी देवी सर्वभूत प्रवर्त्तिका अर्थात् सभी भूतों मे एक ही भूतेश्वरी उद्व्याप्त है। एक एक हि भूतात्मा भूते भूते व्यवस्थितः (ब्रह्म बिन्दूपनिषद)

एकधा बहुधा चैव दृश्यते जलचन्द्रवत्
धृतमिव पयसिनिगूढ भूते भते वसति विज्ञानम्
जैसे दुग्ध में धृत अनुस्यूत है वेसे ही
विज्ञान धनरूपिणी संविदनी शक्ति सर्वानुस्यूत है
जानकी काली है यह रसरहस्य
अदभुत रामायण में वर्णित है

"शक्तयो जानकी देवी शक्तिमन्तो हि राघवः" (अद्भुत)

"मन्ता रामो मतिः सीता"
ऐ रण पण्डिते
ऐ रण विशारदे
ऐ शत्रुपक्षक्षतिप्रीता
शत्रुपद्धति खण्डिनि

पिबन्ती रूधिरं भीमां कोटराक्षीं क्षुधातुराम्
जगद्ग्रासे कृतोत्साहा मुण्डमाला विभूषणाम्

भयङ्करी कोटराक्षी क्षुधातुरा मुण्डमाला से विभूशित हुई रक्तपीती हुई जगद ग्रसने के लिए समुत्सुक है।

भीमा काराभिरन्याभिः क्रीडन्तीं रणमूर्द्धनि
मुण्डै राक्षसराजस्य खेलन्तींकन्दुकं मुदा

भीषण आकृति वाली डाकिनी आदि के सङ्ग रण मध्य क्रीडन करती हुए दानवेन्द्र के मुण्डो से कालीं च वीक्ष्य नृत्यन्ती मातृभिः संहिता द्विज, पपात हस्ताद्रामस्य वेपतः सरशं धनु।। (अद्भुत रामायण)

हे द्विज मातृकाओं के सहित काली का नृत्य देखकर श्री भद्रराम हस्त कम्पित हो गये शर के सहित घनुष उनके हाथ से स्खलित हो गया

दन्तैर्दन्तान् ताडयित्वा कुर्याद् कटकटारवम् (महाकालसंहिता)

रण में—दाँत से दातों को पिसती हुई कट कट के रण—ध्वनि को पूरित करती है। कोटि—कोटि कण्ठो से रणाङ्गण में प्रणाद या निनाद करती है।

कोलासुर के पास कालिका बालिका वन के गयी और कहाँ कालिका ने छल पूर्वक

मातृतातविहीनाहं सहायपरिवर्जिता।
क्षुधिताहं महाराज भोज्यं मह्यं प्रदीयताम् ।। (योगिनीतन्त्रे)

मात तात विहीन हू कोई सहारा नहीं, क्षुधाऽर्त
हूँ मुझे कुछ भोज्य खाद्य दों

कोलासुर पिघल गया बालिका रूपा कालिका के मधुर दैन्य वचनविन्यास में दिया भोज्य भुक्त्वा सा सकलं देवि पुनर्देहीतिवादिनी

सब खा गयी और पुनः दी पुनः दी ऐसा बोलने लगी और छण भर में कोला सुर के कोष, हाथी, घोड़ा, आयुध रथ बन्धु बान्धव सबको निगल गयी विश्व ग्रासिनी कालिका

कोषं हयं हस्तिनञ्च रथं सैन्यं सबान्धवम्,
क्षणेन बुभुजे काली कोलासुरमहाबलम्।। (योगिनी तन्त्रे)

विष्णु की परेशानी कोलासुर बन गया था ऐसे ही दारुक नाम का राक्षस शिव को परेशान करने लगा तब कालिका ने उसका संहार किया।

भगवती का एक नाम क्षेत्रपाल समर्चिता है

शिव ने काली का सृजन 'दारुक' दैत्य का संहार करने के लिए किया था दारुक का वध करने के बाद भी काली को क्रोधाग्नि शान्त न हुई तो शिव जी ने क्रोध शान्त करने के लिए छोटे शिशु का रूप धारण किया जो बड़े जोरों से क्रन्दन कर रहा था काली ने शिशु को स्तनपान कराया। इस प्रकार शिशु दुग्ध के साथ ही उनका क्रोध भी पी लिया। शिशु जो शिव का प्रतिरूप था क्षेत्रपाल कहलाता है क्षेत्र का शाब्दिक अर्थ इस प्रकार है क्षेत्र उस स्थान को कहते है जहाँ बलि दी जाती है पाल का अर्थ रक्षा करने वाला। अतः क्षेत्रपाल शिव के द्वारा पूज्या क्षेत्रपाल समर्चिता कहलायी

महकाली प्रलयकाल से सम्बद्ध रहती है शक्तिविहीन मृत विश्व के उपरिष्यत् अधिरूढ है यही शवरूप महादेव हृदयोपरि संस्थित है शत्रु संहारक विभिषिका रूप होती है अतः काली भयावह प्रतीत होती है भीषणता का दिग्दर्शन विकट अट्टहास के द्वारा अभिव्यक्त करती है बलहीन विश्व को निरस्त कर मन्द मुस्कान करती है। उसकी बलहीनता पर हास्य करती है चतुरस्र पूर्णता का द्योतक है अतएव चार भुजा पूर्णत्व का अवबोधक है वह निर्भय है उसका आक्रमण और आश्रयण करने वाला निर्भय होता है अभयमुद्रा अलङ्कृता भगवती, वरमुद्रा समलङ्कृता भगवती

सव्ये (वामभाग में) खड्गमुण्डकरा
दक्षिण भाग में वरा भयकरा
खड्गमुण्डकरा सव्ये कराली प्रलयङ्करी।
वराभय कराऽसव्ये काली कैवल्यदायिनी।।

एक ओर वाम भाग में अनृत और मृत्युरुप और दक्षिण भाग में सत्य ऋतु और अजयअमृत रूपा है।

संसार जन्य सुख स्वल्पावधिक है भगवती निरवबधिक महासुख है जीन्ति और मृत दोनों का आधार वही है मृतप्राणियों का एकमात्र सहारा है यही द्योतन करने के लिए भगवती ने मुण्डमाला पहनी है विश्व ही ब्रह्म रूपा भगवती का आवरण है प्रलय में सबके लीन होने पर भगवती नग्न ही रहती है।

काली दिगम्बरी देवी जगदमोहन कारिणी (योगिनी तन्त्र)

सारे विश्व के श्माशान के तरने पर उस तामसी भामती काली का विकास होता है।

शवांरूढां महाभीमां घोरदंष्ट्रा हसन्मुखीम्
चतुर्भुजा खड्गमुण्ड वरा भयकरा शिवाम्
मुण्डमाला धरां देवीं ललज्जिह्वा दिगम्बराम्,
एवं सञ्चिन्तयेत् काली श्मशानालय वासिनीम्। (शाक्त प्रमोद काली तन्त्रे)

कोकिल निक्वाण कोमलालाप अर्थात कोकिल की तरह भक्त हृदयोद्यान में कूजती काली

कोयल की कूक उठी
दिल में हूक उठी

मधुर कलरव करके मानो कालिका भक्त जनो के चित्तकर्षण का कार्य भी करती है

आलिङ्ग्य् भद्रकाली मसीनस्त त्रहरिशिलाश्यामम्
मनसि महाकालो में विहस्तु मधुपान विभ्रमन्नेत्र।। (ललितास्तव रत्नम)

महाकाल कामदामहाकाली को अलिङ्गन किये हुए मधुपान से घूर्णित नयन ऐसा रूप मेरे मन में प्रस्फुरित हो

यह ध्यान निखिलागमाचार्य साक्षात् चक्रवर्ती अनसूयागर्भ सम्भूत भगवान दुर्वासा क्रोध भट्टारक का है

शान्ता धवलवर्णाभा मोक्ष धर्म प्रकल्पने
स्त्री वश्ये राजवश्ये च जन वश्ये च पाटला
पीता धनस्य सम्पत्तौ कृष्णा मरणिकर्माणि
बभुविद्वेशणे प्रोक्ता श्रृंङ्गारे पाटलाकृति
सर्व वर्णा सर्व लाभे ज्योर्तिमयी परमिति।। (स्मृति)

मुक्ति प्रदान करते समय श्वेत रङ्ग शान्त रूप जब स्त्री, राजाओं, मानवों में नियन्त्रण करती है तो रक्त वर्ण होकर धन सम्पत्ति विषय में पीत था केसरिया संहार या मरण काल न काला वर्ण शत्रुरूप में धूम्र और श्रृंङ्गार के समय गुलाबी रंङ्ग ज्योतिरुप से सर्वकामप्रद है माँ काली काली नही है कार्य वशाते् रङ्ग धारण करती है

लोग कहे वो काली काली मन न
कहै वो काली रे (कमलकान्ता)

श्रुति स्मृति पुराणों का जहाँ विरोध दिखता है वहाँ श्रौत प्रमाण प्रबल होता है।

श्रुति स्मृति पुराणानां विरोधो यत्र दृश्यते
तत्र श्रौतं प्रमाणं स्यात् तयोर्द्वैधे स्मृतिर्वरा
राग द्वेषेपि को ज्ञानाग्नि में भस्म करना ही मत्स्य भर्जन है

प्रकृति का पुरुष के सङ्ग शयन ही पञ्चम् मकार है स्त्री पुरुष के संयोग से ही हम सब जायमान है।

स्त्रिया सह शेते सः उद्गीथः
प्रति स्त्रीं सह शेते स प्रतिहारः
तद्वाम देव्यं मिथुने प्रोतम् (छान्दोग्योपनिषद्)

स्त्री के साथ पुरुष का शयन उद्गीथ (ॐ) है–स्त्री के संग पुरुष का शयन उद्गीथ है
अपनी अनेक पत्नियों में से प्रत्येक के साथ शयन है वह प्रतिहार है
सहशयनमेकपर्थङ्क गमनं स उद्गीथ :

यह वामदेव्यसाम मिथुन में ओत प्रोत है स्मृतियों का निषेध वचन इस बामदे यों उपासना से अन्यत्र ही लागू होते है।

कालं गच्छति तन्निधनम् (छान्दोग्य)
मिथुन के द्वारा जो समय व्यतीत करता है वह निधन है (श्रीशंङ्कराचार्य)
कालं गच्छित मैथुनेन पारं समाहित गच्छित तन्निधनम्
यस्तन्निधनं रात्रौ गृहे निधानात् (श्रीशंङ्कराचार्य)

वह रात्री में सम्पूर्ण प्राणि वर्ग को अपने गृह में निहित करता है इसलिए निधन है
योषा वावं गौतमाग्निस्तस्या उपस्थ एव समिद्यदुपमन्त्रयते स धूमो योनिरर्चिर्यदन्त :
करोति तेडङ्कारा अभिनन्दा विस्फुलिङ्गा (छान्दोग्य)

हे गौतम! स्त्री ही अग्नि है उसका उपस्थ ही समिध् है पुरूष जो उपमन्त्रण करता है वह धूम है योनि ज्वाला तथा जो भीतर की ओर करता है वह अङ्गारे है उससे जो सुख होता है वह विस्फुलिङ्ग है योषा वाव गौतमाग्निः। तस्या उपस्थ एवं समित तेन हि सा पुत्राधुत्पादनाय समिध्यते यदुपमन्त्र यते स धूमः स्त्रीसम्भवादुपमन्त्रवस्य। योनिरर्चिर्लोहितत्वात्। यदन्तः करोति तेडङ्गारा अग्निसबन्धात्। अभिनन्दाः सुखतलवा विस्फुलिङ्ग क्षुद्रत्वात्। (श्री शंङ्कराचार्य भाष्य)

हे गौतम! स्त्री ही अग्नि है उसका उपस्थ ही समिध है क्योंकि उससे पुत्रादि उत्पमन्त्रण करता है वह धूम है क्योंकि उपमन्त्रण की प्रवृत्ति स्त्री से ही होती है लोहितवर्ण होने के कारण योनि ज्वाला है

तथा जो भीतर की ओर करता है। वह अग्नि के सम्बन्ध के कारण अङ्गारे है और अभिनन्द सुख के कणमात्र क्षुद्र होने के कारण विस्फुलिङ्ग हैं।

श्रुति सभी प्रकरणादि से बलवती है जैमिनी ने अन्य की अपेक्षाश्रुति को बलवान माना श्रुतिलिङ वाक्य प्रकारण स्थान समाख्यानं समवाय पारदौर्बल्यमर्थ विप्रकर्षात् श्रुति र्स्वानपेक्षया स्वतन्त्र प्रमाण है

धर्माऽविरूद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्ष (गीता)
प्रियया भार्यया संपरिष्वक्ते नान्तरं किञ्चन वेद न बाह्यम् (श्रुति)

स्त्री पुरूष मिलन जीवात्मा परमात्मा मिलन रूप में प्रस्तुत करती हुई श्रुति

हे अनमिते
तू दुर्गा, दुर्जन हन्त्री है
दुर्गमिव रक्षयति स्वभक्तान्
दुर्ग की तरह अपने भक्तो का रक्षण करती है

ब्रह्म सच्चिदानन्दरूपं तच्चरयितुं प्रापयितुं शीलमस्याः सा ब्रह्मचारिणी ब्रह्मस्वरूप पदेत्यर्थः

ब्रह्म प्राप्ति के लिए यत्नशीला किंवा ब्रह्म विद्या रूपा किंवा ब्रह्मस्वरूपा ही ब्रह्मचारिणी है

कूष्माण्डेति कुत्सित उष्मासन्तापस्ताप तयरूपो यस्मिन्संसारे अण्डे मासपेश्या मुदररूपायां यस्याः

कुत्सित उपमा–त्रिविधतापयुक्त संसार भक्षण करने वाली शक्ति कुष्माण्डा देवी कात्यायनीति देवकार्यार्थं कात्यायनाश्र में आविर्भूता तेन कन्यात्वेन स्वीकृतेति कात्यानीति नाम भगवत्याः देवकार्य सम्पादनार्थ कन्यारूप से कात्यायन के आश्रम में कात्यायनी रूप से अवतीर्ण हुई

अष्टाङ्ग कर्मोपासना आदि के गम्य अर्थात् अति क्लेशतर तप से अधिगमन उस तत्व को दुर्गा कहते है।

दुःखेनाष्टाङ्ग योगसर्वकर्मोपासनारूपेण
क्लेशेन गम्यते प्राप्यते या सा दुर्गा

जननी होने से सातिशय करूणावती भक्तों के अपराध को क्षमा करती हुई क्षमा देवी क्षमा भक्तानामन्येषां वा सर्वानपराधान्क्षमते सहते जननी त्वात्सतिशयकारूण्यवती क्षमैत्युच्यते

एषा शैवी वैष्णवी च
यह शैवी और वैष्णवी दोनो है

मङ्गला–मङ्ग जननमरणादिरूपं सर्पण भक्तानां लाति गृहाति् नाश्यति सा मोक्ष प्रदामङ्गलेच्युच्यते कलयति भक्षयति सर्वमेतत्प्रलयकाले इति काली

प्रलयकाल मे सर्व चैत्य जड़ वर्ग का संलयन कर चिति संज्ञान रूप से अनस्थित रहती है यह भी तारण रूप मारण चिकित्सा है

ऐ पतितोद्धारिणि नरक निवारिणि शङ्करवक्ष विहारिणी कालिके

हे प्रेमपरिप्लुताक्षी

युगल कामेश्वरकाल और कामेश्वरी काली परस्पर घुलमिल गये यो तादात्म्यापन्न एकमेक हो गये युगल रस की लीनता युगल में है एक ही अखण्ड अद्वय निर्द्वय तत्व दो रूपो में प्रतीत होता है।

परमात्मा हि स्वातत्मानमेव स्त्रीपुंमयं कृत्वा मिथुन रूपेण विहरेत

एष देवोऽनया देव्या नित्यं क्रीडारसोत्सुकः

यह महाकाल माहकाली के सङ्ग क्रीड़ा के लिए समुत्सुक है।

आत्मैवैषा शक्तिः

आत्मा ही महाशक्ति काली है।

वामा विश्वस्य वमनात

ज्येष्ठा शिवमयी यतः

द्रावयित्री रूजं रौद्री

दोग्ध्री चाखिलकर्मणाम् (नटनानन्द भाष्य काम कल पर)

वामा विश्व को वमन अर्थात् उद्‌गीर्ण करती है ज्येष्ठा शिवमयी ज्ञानमयी रहती है रौद्री (रूजं) दुःख को भगाती है और निखिल कर्मफल का दोहन करती है यह रौद्री सर्व रोग विद्राविणी शक्ति है। ज्येष्ठा सर्व मङ्गलकारिणी है।

सा स्फुरत्ता महासत्ता

स्फुरत्ता या विमर्श ही सत्ता है जिसके बिना सत्य का भी अनुसन्धान अशक्य है

स्फुरत्तामात्मनः पश्येत्

आत्मिका काली रूप आत्म स्फुरण को ध्यान करों।

महामौन निष्कम्प के अनन्तर गुञ्जित विश्व कलरवरूपा या किंवा साम्यावस्था के पश्चात् नाना विचित्रतर वैषम्य का उन्मेष

जैसे कौकिल की काकली और काक की कर्ण भेदी कलरव भी स्पन्दन नन्दन विशेष है वायु शब्द का वाहन है सृष्टि शब्दपूर्विका है

कल्लोल कैसा विचित्र है ओङ्कार सा क्रिङ्कार का मधुर आदि स्पन्दन, विविध विचित्र रागों का अलापन सुरों का अनुरणन प्रतिध्वनित चाञ्चल्य विक्षोभ स्पन्द शब्द ही है व्यवहार बैखरी विग्रह रूप है

वेदशब्देभ्य एवादौ संस्थाश्च निर्ममे

आदि में वेदशब्दो से ही सृष्टि हुई ।

बीजस्थ प्रसुप्त मीन शक्ति है स्तब्धता का नशा मानों क्रय और शक्ति चञ्चल हो उठती है चिचलिषति–चलना चाहती है यही बीज की उच्छून (Swelling) दशा है अभी अङ्कुरोद्‌गम नही हुआ है सुषुप्ति भंङ्ग है पर जागरण नही हुआ सुषुप्ति और जागरण की सन्धि उच्छूनता है।

मीनशक्ति चञ्चल हो तो बीज के मध्य उकारतनुधृक (उकाराकृति बाराह की सूअर रूपा) तेजस्वती वाराही शक्ति का उद्रेक होता है।

प्रतिबन्ध बाधा लीलापूर्वक विदूरित हो जाता है फिर अङ्कुर की निष्पत्ति हो जाती है

बिन्दु वामनावतार है और नाद नरसिंहा अवतार एक में सर्व संग्रहीत और एक में सर्व वितान प्रसरण प्रधावन है

स्वाहा–स्वस्य असमन्तात् हान इति स्वाहा, सुष्ठुहुतमस्तु

पूर्ण अपना समर्पण "ऐ माँ तुम अग्निबल्लभा स्वाहा हों"

(1) वर्णानां विश्वचित्रे निलयविलययो

स्थानमेवेति कृष्णा

वर्णैर्वाऽवर्णनीया कतियतितितिभिवऽप्यि निर्देश्य वर्णा

वर्णानांवापटेऽस्मिन कलनफलनयोः स्थान मे वेति शुक्लो

योऽभास्यत्वेऽपि वर्णैः पटपटुफलने भासकः स्वप्रकाशः।। (जपसूत्रम्)

अन्वयः–विश्वचित्रे (निखिल विश्व के चित्रपट में)

वर्णानां (समस्त वर्णों के) निलय विलययोः (निलय और विलय का) स्थान (स्थानाभूत) एव (ही) वह श्री काली है इति (इसलिए) कृष्णवर्ण काली है। वा (अथवा) वर्णैः (वर्णो द्वारा वह अवणर्पनीया वणनीय नहीं है) कति + यति + ततिभिः वाऽपि अनिर्देश्य वर्णो (कति–कितने, यति जितने, तति उतने इत्यादि के द्वारा उनका निर्देश नही हो सकता। क्या इसलिए वे श्यामा है ?) अस्मिन पटे वा वर्णानां

कलनफलनयोः स्थानम् एव इति (अथवा इस पट पर वर्णो के कलन और फलन का स्थान होने के कारण क्या काली हैं ?) शुक्लः स्वप्रकाशः यः अभास्यत्वे अपि वर्णै पटपटुफलने भासकः (काली मे शुक्ल स्व प्रकाश है, जो अभास्य होते हुए भी विश्वपट पर वर्णो द्वारा पटुरूप से फलन या चित्र विस्तार का भासक है)

वर्ण्यन्ते निरुप्यन्ते ते वर्णाः वर्णन या निरुपण वर्ण के कार्य हैं वर्णीया वरीतुमर्ह स्वीकर्तुं योग्या गणा कर्माणि तान् तानि च दृष्ट्वा व्रीयन्ते ते वर्णा

गुण कर्म देखकर जो वरण करे वह वर्ण है आवृणोति आश्रयम–शुक्लादि वर्ण द्रव्य का आश्रय लेते विश्व के चित्र पट पर अगणित वर्णो का निलय विलय मुण्डमालिनि में है वर्ण के द्वारा **अवर्णनीया**–डित्थः डवित्थः–निर्देष्टुं शक्य है निर्देश्य है अयं डित्थः, अयं डित्थः, डिव्थः कांष्ठमयो हस्ती (काष्ठ की हाथी डित्थ है ऽवित्थ (काष्ठमृग–तन्मयोमृगः) शक्ति ग्रह शब्द की जाती ग्रह शब्द की जाती बाह्मणादि के द्वारा शब्द प्रवृत्ति होती है पर जाती हीन, गुणों के आधार पर शब्द प्रवृत्ति होती है नीलमुत्पलम्

नील आदिशब्द के आधार गुण पर क्रियावाचक लावकः पावकः इत्यादि रूप से शब्द प्रवृत्ति परन्तु रूप, जाति, गुण, क्रिया रहित ब्रह्मस्व रूपिणी श्यामाँ दुरभिलाप्य है अवर्णनीया है।

विश्व भुवन कल्लोल एक अगाध दुरवगाह महाअज्ञात में उठती है और पुनः स्खलित हो जाती है इतनी, कितनी जितनी परिच्छेद शून्य इयत्ता अनवछिन्न माँ है एतदर्थ क्या रम्यनील वर्णा श्याया माँ है पद तल में दुग्धेन्दु धवल शिव, काला और धवल विश्वचित्रपट के कलन फलन में सभी वर्णो का आधार है अन्य निरपेक्ष ज्योतिषामपि ज्योति, ज्योति की ज्योति (इन्द्रनीलमणि प्रभा) नीलज्योतिरूपा सववर्ण की ग्रासिका समापिका निः शेष तत्व कवलिनी भगवती ही है।

लाख छुपाते हो लेकिन छुपकर भी मस्तूर नही
तुम अजब चीज हो नजदीक नही दूर नही

कितना भी गोपन करो सत्ता अस्तित्व छुपता नही, वह क्या नजदीक और क्या दूर

(2) **ये ग्राह्यश्चित्रवर्णा ग्रहणपरिचया मानसे बिम्बितास्ते**
छायाचित्राणि साक्षाद् दधति जहति काः शक्तयः के च कायाः ।
गम्भीरागोचरोम्भस्तिमिर निबिडता याऽऽदिमा सा क्षपा चेत,
स्पन्दैस्तस्याः प्रवृत्तैः किरणविकिरणैर्भाति भासा स्वयाऽहः ।।

अन्वय–ये ग्रहण परिचयाः चित्रवर्णाः ग्राह्या ते मानसे बिम्बताः (जो शब्द स्पर्श आदि प्रत्यक्ष ग्रहण मात्र से हमारे परिचय मे आते हैं, वे ग्राह्यचित्रवर्ण हमारे मन में बिम्बित होते हैं) काः शक्तयः छाया चित्राणि साक्षाद् दघति जहति चर कौन सी शक्ति इन छायाचित्रो को साक्षात धारण करती है अर्थात् विजृम्भित करती है, और फिर उनका संवरण भी कर लेती है।)

के च कायाः (यदि इन छायाचित्रो के पीछे कोई काया है, तो कौन सी है) या आदिमा गम्भीर + + अगोचर + अम्भः + तिमिर + निबिडता का क्षपा चेत (गम्भीर, अगोचर पयोराषि में जो आदिम अन्धकार है वह रात्रि है) तस्याः स्पन्दै प्रवृतैः किरणविकिरणैः स्वया भसा अहः भाते (उस रात्री के स्पन्दो द्वारा प्रवृत्त किरण विकिरणों से उसकी अपनी ज्योति से दिन भासित होता है)

रूपरस शब्द स्पर्शगन्ध कामना, वेदना, घी, हीं, विचिकित्सा छायावाद गतागति चक्रमण करते है इन कल्पित में कौन अधिष्ठान भूता होकर सत्ता स्फूर्ति दे रही है क्योंकि अधिष्ठान (अधितिष्ठन्ति इमानि भूतानि यस्मिन् जिसमें सब भूत प्रतिष्ठित हो) की इदन्ता कल्पित में प्रस्फुरित होती है

कैसे अचित्य शक्तिरूपिणी महाकाली इन सब चित्रो आकृत्तियों का आकलन करती है सजा देती है पुनः प्रमोष पोछ देती है उनका यह रस रहस्य प्रच्छन्न गुप्त विक्रीडन उनको दुरवगाह दुर्गम्य गम्भीर तमिस्रा रूप कालावर्ण अगोचर अप्रवक्र्य रात्री रूप परन्तु वे स्कृद् दिवा रूपिणी है

(3) **सत्यास्यं या पिधाय प्रलयघन रूचिश्चिरदघनेन्दु प्रकाशं,**
मायाघोरेन्द्रजालञ्च चिकुरपटलैस्तन्वती या कराली।
नानाऽसृगबीजकूटं प्रकटित रसना जक्षती सृज्यमानं,
तत्सत्यं बाधमुक्तं ह्रदयनभसि नः कुर्व्वती सा सुहासा।। (जपसूत्रम्)

अन्वय–प्रलय घनरूचिः (प्रलयघन की भाँति) या काली (जो मां काली) चिद्घनेन्दुप्रकाशं (चिद्धन में इन्दु के प्रकाश सदृश अपनी) सत्यास्यं (सत्य रूप मुखछवि को) चिकुरपटलैः (एलायित केशपास द्वारा) मायाघोरेन्द्र जालं (माया का घोर इन्द्रजाल) तन्वती (फैलाती रहती है) नानाऽसृगबीजकूटं (रक्तबीज के कूट अथवा समुद्र को) जक्षती (ग्रस लेती है) नः (हमारे) 'ह्रदयन्भसि'(ह्रदय के आकाश में) सा (वह) उदित होकर तत् सत्य (उस सत्य को) बाधमुक्तं (बाधारहित) कुर्वती (कर देती है) अतः वे सुहासा (मुख पर मृदु–यदु हास्य वाली है।)

हे विगलित चिकुरे
मै वह जुल्फ सा न परवर जिसे खौफ है हवा का
मै वह काकुले परेशाँ जो सँवर गई हवा से!

मै वह सुसज्जित केश नही हूँ जो हवा के झोंको से भयाक्रान्त रहता है । बल्कि मै तो वह बिगड़ा हुआ बाल हूँ जिसे वायु के झोक ही सँवार जाते है।

कच् विलोकि अलि–अवलि लजाहीं।

माँ काली ने अपनी एलायित बिखरी हुई कुन्तलराशि दशों दिशाओं में संञ्चालित करके मानो माया के घोर इन्द्रजाल का विस्तार किया। और करली का स्वाँग रचा है उनके इस एलायित केशपाश का यर्थाथ रहस्य क्या है इसके द्वारा उन्होंने अपने वास्तविक मुख छवि को उस परम सुन्दर आननका संगोपन कर रक्खा है उनका वास्तविक रूप सब की दृष्टि के अन्तराल में रह जाता है कपाल कामिनी को देखिऐं लोलजिह्वा! धन कृष्ण केशपाश के साथ ही यह रक्त मानो मेघ के पास बिजली जैसी शोभा पाती है वे इन्द्र जाल से शत कोटि रक्तबीजों की स्वयं ही सृष्टि करती है (जिस रक्त बीज का स्वरूप है दुष्पूर तृष्णा) जिनता ही सोचा है शायद अब तृष्णा मिट जायेगी फिर देखता हूँ वह सिर उठाकर खड़ी हो रही है फिर काली कोप का छल करके परम करूणा से अपनी लालजिह्वा द्वारा उस रक्तबीज के कूट अथव समूह अथवा पेड़ को ग्रस लेती है नही तो किसी काल में इस नित्य तरूणायमान तृष्णा का तर्पण हो सकता था। लोल रसना इन्द्रजाला द्वारा सृष्ट असंख्य कामनाओं के निधन या संहार को ही समझाती है इस प्रकार उनकी सृष्टि या संहार का संकेत. दोनों संकेत पकड पाते है वह परम रमणीय मुखच्छवि हमारी दृष्टि के अन्तराल में ही रह जाती है उनके मुख पर मृदु मृदु हास्य है।

(4) **नैष्पन्धे स्पन्द आद्यश्चिदमलगगनध्वान्त घोराम्बुदः किं,**
शश्वन्मौनं विलोड्य ध्वनिशत सततध्मात–नादस्ततः किम्।
ध्वान्तध्वसाय सान्द्रा स्फुरति च परमा

चिन्नभश्चन्द्रिका किं,
मान्द्यं जीमूतमन्द्रे भजति भवमृतेस्तुर्य
नादस्ततः किम्।। (जपसूत्रम्)

अन्वय–चिदमलगगनध्वात घोराम्बुदः (निर्मल आकाश में घोर काला मेघ) नैष्पन्धे (स्पन्दहीन स्वरूप के बीच) आद्यः स्पन्द किम् (क्या आदिम स्पन्द है) ततः(और वहाँ) शश्वन्मौनं (शाश्वत मौन को) विलोड्य (विलोडित करके) किं (क्या) ध्वनिशत सततध्मातनाद (सैकड़ों ध्वनियों से निरन्तर ध्मात विस्तृत नाद के रूप में प्रकट है ?) सान्द्रा (सघन) परमा (परम) चिन्नमश्चिन्द्रका (चिदाकाश की चन्द्रिका के रूप में)

ध्वान्तध्वंसाय (अन्धकार के नाश का लिए) किं (क्या) स्फुरति (स्फुरित होती हैं) ततःकिं जीमूतमन्द्रे मान्द्यं भजति भवमृते तुर्यनादः (तब फिर मेघचन्द्र के मन्द हो जाने पर भव अर्थात् संसरण की मृत्यु अर्थात् नाश हो जाने पर तुरीय नाद क्या नही रहता) आदि विक्षोभ आदिम स्पन्दन निर्मल चिदाकाश में जा

काली घनघटा का आविर्भाव है यह क्या उस स्पन्दहीन स्वरूपके बीच आदिम स्पन्दन के घनीभाव को सूचित करता है जो पूर्ण है उनमें कैसे कामना का उदय होता है जो निष्पन्द है उनमे कैसे स्पन्द का अर्विभाव होता है क्या यह पहेली चिरकाल से दुर्बोध्य होकर होने के कारण क्या वे काली है ? सृष्टि के मूल में जितने तत्व है जितने बीज है सभी का वर्णन उनसे है क्या इसलिए उस स्पन्द ने महावृष या वर्षणकारी मेघ का रूप धारण किया तभी क्या हमारी उस माँ ने घोर कृष्ण अम्बुद से अपनी प्रतिभा को गढ़ा है और कुछ शाश्वत के अन्तराल में ही रह जाता कराली को देखिए लेलिजिह्वा घन कृष्ण केशपाश के साथ ही यह रक्तरसना मानो मेघ के पास बिजली जैसी शोभा पाती है वे इन्द्रजाल से शतकोटि रक्तबीजों की स्वयं ही सृष्टि करती है उस नाद ने शतकोटि उर्मियों का विस्तार कर वाड्मय विश्वरचना की है अन्त में संवरण नाद में सब कुछ का संवरण तथा लय किया है क्या वे इस काले महामेघ की घटा अन्त में विलीन कर परमचिदपूर्ण चिद्गगन चन्द्रिका के रूप में प्रकाश नही पाती ? उसी प्रकार जोकभीगाढ़ कमी घोर मेघचन्द्र है उसे मन्दीभूत कर अन्त में अपने विश्वोतर अभयधाम में वही तूर्यनाद नही सुनाती है

उस तुरीयनाद स्थूल सूक्ष्म कारण सब कुछ का अवसान होता है महाभीति कर पुनः पुनः भव का संसरण का मरण हो जाता है गतागति चक रूक जाता है इस महानाद के विभिन्न गर्जन आलोडन के पीछे भी वही है शान्त प्रपचोपसम नाद–

(5) **क्षिप्येर्विश्वं विमृश्य त्वदितरदिव**
यत स्थापयेर्यत स्वभित्तौ,
तच्च स्वात्मेति विद्याः प्रमिति पदमितं वस्तु
संख्यापयेर्यत्।

स्वात्मैक्यं च प्रययादिक भिव गमयेदर्पणा–स्यं स्वबिम्बं,
सातुं स्पन्दं नदेस्त्वं तव कलनकृतौ
पञ्चधा नित्यकालिः।।

अन्वय–हे नित्यकालि, त्वं तव कलनकृतौ पञ्चधा (हे नित्यकाली तुम अपने कलन व्यापार में पञ्चा हो) यत् विश्वं त्वत् इतरत इव विपृश्य क्षिप्येः, स्व भित्तौ यत् स्थापयेः (जिस विश्व को अपने से भिन्नवत् विमर्श करके उछलती हो और स्वभित्ति में स्थापित भी रखती हो–यह क्षेपण है) तत् च 'स्वात्मा' इति विद्याः (उसे 'स्वात्मा' ऐसा समझती हो यह ज्ञान है) यत् प्रमितिपदमितं वस्तु संख्यापयेः (जिस विश्व को 'प्रमिति' पदमित अर्थात् केवल मात्र बोधभास्य वस्तु के रूप में संख्यान करती हो यह संख्यान हुआ) स्वात्मैक्य च प्रमेय + आदिकमिव दर्पणास्य स्वबिम्ब गमयेः (दर्पण स्थित स्वबिम्ब को प्रमेयादि की भाँति स्वात्मैक्य को प्राप्त कराती हो य गमन) स्पन्दं सातुं नदेः (स्पन्दका अवसान करने के लिए तुम नाद करती हों यह नाद है।)

हे मातः! नित्यकाली! तुम परम तत्व के साथ समरसा अभिन्ना शक्ति स्वरूपिणी हो! तुम्हारे अन्य क्या था या है जिसे इस विश्व कन्दुक रूप में उछाल उछाल कर खेल रही हो ? मानों वह और कुछ है तुम नहीं हो ऐसा विचार तुम्हे क्यों होता है ? इस प्रकार जिसे उछाल कर फेक देती हो उसे क्या बिल्कुल वस्तुहीन सर्वस्वहीन बनाकर अपने अंक से नितान्त दूर फेंक देती हो उसे क्या अपनी भित्ति में स्थापन करके नही रखती हो मानो आसमान में गुड्डी उड़ा रही हो किन्तु डोर रखती हो अपने पास। उन लाख लाख गुड्डियों में कोई एक कट जाये जो वे भी तुम्हारे गोद में लौट आती है जो उड़ता है वह भले ही आत्मविस्मृत हो वह नही जानता कौन सूत्रधार उसे उड़ा रहा है किन्तु तुम तो उसे नही भूलती हो बोधरूप दर्पण में जो कुछ प्रस्फुटित होता है उसे तुम्ही तो रूप मान इत्यादि दिया करती हो। जब जब दर्पण को तोड़कर प्रतिबिम्ब को बिम्ब में मिला लेती हो फिर तो वही एक हो सब कुछ को अद्वय रूप में खींच लोगी इसलिए वही स्पन्द का संवरण नाद में अवसान किया करती हो। हे नित्यकाली क्षेपण ज्ञान संख्यान गमन और नाद इन पांच रूपों में तुम ने अपना कलन प्रपञ्चित किया है।

क्षेपाच काली–क्षेपणकर्त्री काली
ज्ञानात् काली–ज्ञान काली
संख्यान संगणनरूपा काली
गजगा अग्रगा गमनशीला काली
कल कलरव निनादिनी काली

गहं शिशु बच्छ अनल अहि धाई, तोहि राखै जननि अरगाई, अर्थात् बलक अङ्गारा पकड़ना चाहता है बिच्छू (सर्पादि) पकड़ना चाहता है पर माँ उसे बचाती है

स्वाधिष्ठान प्रकाशो विमृशति च
कथं स्वामनन्यां स्फुरत्ता
मीशं माया सदाख्यं परमशिवपदे
कञ्चुकाश्चापि कस्मात्।
नाहं नेदं न चोभे न च भवति गिरः
प्रत्ययश्चापि यत्र
तत्र प्रत्येति काली विलसति च मुदा
नित्यकैवल्यतत्वा।।

अन्वय–स्वाधिष्ठान प्रकाशः कथं स्वां अनन्यां स्फुरत्तां विमृशति (तुम्हारा स्वाधिष्ठान–प्रकाशरूप अपनी अनन्या अर्थात् अभिन्ना स्फूरत्ता का विमर्श कैसे करता है, अर्थात तुम मैं, दृष्ट–द्रष्टा इस प्रकार भेदात्मक स्फूर्ति कैसे करता है) परमशिवपदे (हे परं शिव–पदस्वरूपा) सदा + आख्यं ईशं (सदाशिव ईश्वर) मायां (माया) कञ्चुकान (कञ्चुक अर्थात् कोश) (इन सबको) च अपि (भी) कस्मात् (कैसे) (प्रसूति करती हो ?) यत्र न अहं न इदं न च उभे न च गिरः प्रत्ययः च अपि भवति (जहाँ न 'मैं' न 'यह' न ये दोनो रहते है और न ही वाणी का प्रत्यय होता है) तत्र प्रत्येति काली (वहाँ काली प्रत्यय करती है) नित्यकैवल्य रूपा सामोद विलास भी करती है।

माँ–तुम अपने प्रत्यक् चैतन्य में (अधिष्ठान में) द्वैत कलन रूप दृश्य द्रष्टा, दृग–दृश्य इदं, अदस्, एतद्, यह वह यह नाना विविध वैचित्र्योपेत स्फुटन कर रखा है तुमसे भासती से सभी प्रकाशमान हो रहे है तुम अखण्ड शिव पद हो किन्तु सदाशिव, ईश्वर, प्रकृति माया इन कञ्चुक कोश की प्रसूति बनी हो तुम तो विकलेवर कैवल्य रूपा हो भेद-बीज 'साहित्य' तुझमें है तुम्हारे अपरिसीम अगाध रस रहस्य में किसी वाच्य वाचक को गति का अवकाश नही द्वैत नृत्योल्लास रूप कलन से खेला करती हो

रणे चले द्रुतगति गजगरा (श्रीकमलाकान्त)
पर्वताग्रे समाश्रित्य रक्तपानं करिष्यति (योगिनी तन्त्रे)

पर्वत श्रृङ्ग पर अधिरूढ़ होकर रक्तपान करती माँ कालिका

योग निद्रा भग्न होने के अनन्तर कर्ण मल (विष्णु कर्णमलोद्भूतौ–विष्णु कर्ण के मल से उत्पन्न मधु कैटभ)

श्रवण की अल्पता कृपणता ही मल है ब्रह्मा ने योगनिद्रा प्रबोधन के लिए वाग् देवता का स्तवन किया

त्वं स्वाहा त्वं स्वधा त्वंहि वषट्कारस्वरात्मिका सुधा त्वमक्षरे नित्यं त्रिधा मात्रात्मिका स्थिताऽर्धमात्रा स्थिता नित्या यानुच्चार्या विशेषतः

विष्णु योगनिद्रा से आच्छन्न है जो मेरी अभिभूतावस्था है वही है विष्णु का योग निद्रा, मेरे क्रमिक विकास ही विष्णु का जागरण है वैष्णवी शक्ति है वही सुप्त है अङ्कुरोद्गमं ही प्रजागर अवस्था है

(6) व्यस्तं खड्गेन वस्तु क्षिपसि यदसकृत्
स्वात्मनो देशकाल
सम्बन्धापे क्षतत्वं जनिमृतिभयदं हंसि
तच्चापि हेयम्।
व्यस्तं मुण्डं कराब्जे कलयसि च गले
मुण्डमालां समस्तां
दृग्भासः वेत्सि दृष्यं गिरसि रसनया
यद् बहिः स्फारनादे।।

अन्वय–व्यस्तं वस्तु यत् असकृत खड्गेन क्षिपसि (हे माता तुम अपने खड्ग से व्यस्त' अर्थात् परिच्छिन्न वस्तु को बार–बार जो खण्ड–खण्ड कर डालती हो) तत् च अपि स्वात्मनः हेयं 'जनिमृतिभयदं' देशकाल सम्बन्धा पेक्षतत्वं हसि (वह भी तुम्हारा अपना ही रूप है जो हेय, जन्म–मृत्यु–भयप्रद है, देशकाल सम्बन्ध का अपेक्षी तत्व है उसे भी तुम छिन्न करती हो) कराब्जे व्यस्त मुण्ड गलेच समस्तां मुण्डमालां कलयसि (कर कमल में एक व्यस्त मुण्ड अर्थात् छिन्न मुण्ड और गले में समस्त मुण्डमाला धारण करती हो) दृश्ययं दृष्भाषा वेत्सि (दृग्य को तुम अपी नेत्रज्योति से जानती हो) यद् वहिः स्फारनादे रसनया गिरसि (जो बाह्य है, उसे स्फारनाद में रसना से निगल जाती हो)

सा काली निरूपाधिशुद्ध निलये शान्ते नरीनृत्यते
कैवल्यं विद्धाति निर्गुणतया द्वैतं मरीमज्यते।
ब्रह्मास्मीत्यवं बोध खड्ग महसा मिथ्या जनीन प्रत्यया
नास्ते ब्रह्मणि सर्वमेव दधती चेच्छिद्यमाना स्वयम्।।

शान्ते निरूपाधि शुद्ध निलये सा काली नरीत्तत्यते वह काली नरीनृत्यते शुद्ध शान्त चैतन्य निलय में नृत्य करती रहती है निर्गुणतया कैवल्यं विदधाति दैतं मरीमृज्यते द्वैत का मार्जन करती रहती है।

ब्रह्मणि सर्वमेव दधति मिथ्याजनीन प्रत्यान ब्रहमाऽस्मीत–अवबोध खड्ग महसा स्वयं चेच्छिद्यमाना आस्ते अपने ब्रह्मरूप में सब कुछ धारण करती हुई ब्रह्मास्मि इस ज्ञान रूपी महान् खड्ग से मिथ्या जनित प्रत्ययों को काटती हुई स्वयं स्थित है

वही कपालेश्वर बल्लभेश्वरी हृदयेश्वरी माँ काली निरूपाधि शुद्ध शान्त चैतन्य निलय में शवशिव के वक्षस्थल पर नटन, गायन रूप प्रणाद करती हुई (शिव हृदय को विक्रीडन मञ्च)रूप से परिणत करती है,

मानो भव्योदयदिव्य भाव मदिरोन्मत्त प्रतीत होती है गुणमयी गुणशोभात्मिक गुणाश्रया और गुणातीता विकलेवर कैवल्य दायिनि माँ श्यामा है, मै ब्रह्म रूप ही हूँ इस अखण्ड ब्रह्मवाक्य की करबाल (खड्ग किंवा असि से एकार्थरूप वाचकत्व ब्रह्माकाराकारित अखण्ड वृत्ति द्वैत का निः शेष परिमार्जक अर्थात द्वैत भ्रम छेदक ही तलवार है विजृम्भित भव प्रत्यय का समूल निरसन खड्ग है) तत्त्वमसि–तुम वह हो इसलिए असिच्छिन्न मुण्डास्थि कदम्ब को विदूरित नही करती हो

जो खण्डित या छिन्न है वह भी समाहृत होता है उनकी अपरिछिन्न अखण्ड अच्छेदय सत्ता में वे सर्वतत्त्वमयी भुक्ति मुक्ति ज्ञान भाक्ति की खानि है

(8) चैतन्ये निष्क्रियेऽसौ शव शिवहृदि या प्रैधते शक्तिरूपा,
या शक्तिश्चेतयित्री चितिरिति गदिता तामृते चिन्मृतेव।
यास्ते तिस्त्रसो लहर्यः कृतिरतिमतयः
सच्चिदानन्दसिन्धौ
ताभिः सद् यत्प्रमेयं प्रमितिरिति चिदा
नन्द उल्लासराशिः

अनन्य–चैतन्ये निष्क्रये शवशिवहृवि या असौ शक्ति रूपा प्रैधते (चैतन्य की निष्क्रिय अवस्था में शव–शिव के हृदय में जो शक्ति प्रकृष्ट रूप में वृद्धि को प्राप्त होती है) सा शक्तिः चेतयित्री चितिः इति गदिता (वह शक्ति चेतना देने वाली है अतः 'चिति' कहलाती है) ताम् ऋते चित् मृता इव (उस शक्ति के बिना चित् मृता जैसी रहती है, अर्थात् चिति नही बनती है) सच्चिदानन्द सिन्धौ या कृति रति मतयः ते तिस्रो लहर्यः (सच्चिदानन्द सिन्धु में कृति, रति, मति रूप जो तुम्हारी तीन लहरियाँ है) ताभिः सत् प्रमेयं ('सत्' उनसे प्रमेय बनता है) चित् प्रमिति (चित् प्रमिति या ज्ञान बनती है आनन्द उल्लासराशिः (और आनन्द उल्लास राशि बनता है)–(चतुर्थ चरण में यत् पाद–पूरक मात्र है)

नित्यकैवल्य (केवलमेव कैवल्यम) केवल आत्मस्वरूप में भी अपरूप विचित्र विलास देखते है पद के अधस्तात् तरूणेन्दु शेखर शवरूप शिव है वे क्या निष्कल निष्क्रिय निरञ्जन अधिष्ठान मात्र है किसी मूर्ति विशेष में बाहु के ऊपर भार देकर सिर को थोड़ा सा उठाये हुए है वक्र भङ्गी में शिर उठाकर तुम्हारे नृत्य, लीला कलन के साक्षी बनते है स्वरुप में रिरंसा के द्वारा दिखा देती हो तुमसे व्यतिरेक कर चित् चित् ही रहता है चिति संज्ञाने पद नही हो पाता, तुम्हारे बिना अश्म भूत स्तब्ध है विलास विकास समुल्लास नही है महोत्साह से चैतन्य अधिष्ठान मे नाचती हो कौन कहता है कि शक्ति दृश्य जड़ चैत्य भोग्या है वह चेतन की भी चेतयित्री चैतन्य निष्पादन कारिणी है व चितिरुपा जगद्व्यापिनी चिति रूपेण कृत्स्नमेतद् व्याव्य स्थिताजगद चिति के बिना शिव शव है मुर्दे के तुल्य है

तुम ही सच्चिदानन्द सिन्धु में तीन लहरियाँ उठाया करती हो ज्ञान, इच्छा, क्रिया

अथ जानाति,इच्छति, करोति आत्मा की चित्प्रधान अभिव्यक्ति नाम है सत्प्रधान अभिव्यक्ति रूप है तथा आनन्द प्रधान अभिव्यति क्रिया है नाम चित् का रूप सत् का क्रिया आनन्द की अभिव्यंजक है

क्रिया की आनन्दभिव्यञ्जकता श्रुतिसिद्धि है
यदा वै सुखं लमते अथ कारोति
नासुखं लब्वा करोति, सुखमेव लब्वा करोति (छान्दोग्य)

जब सुख प्राप्त करता है तब करता है सुख प्राप्त किये बिना नही करता निः सन्देह सुख लाभ करके ही करता है

"यया तदक्षरमधिगम्यते सा परा विद्या," जिससे क्षर रहित अक्षरा का अधिगम हो वह परा ब्रह्मविद्या है।

(9) आनन्दव्योमसान्द्रा त्वमसि शशिकला
निष्कला या तुरीया,
साऽऽद्या नैष्कल्यनित्या कलयसि च कलां
शक्तित्वादिरूपाम्।
उन्मेषे पूर्णिमोमा ध्रुवनिज निलये ऽव्या कृताऽमास्यमेया
व्यक्तौ कायादि'मुख्या': कतिविधकलनास्ते
कला अम्बा कालि।।

अन्वय–अम्ब कालि (हे माता काली) त्वम आन्दव्योम सान्द्रा शशिकला असि (तुम आनन्द व्योम की घनीभूता अवस्था चन्द्र कला हो) या तुरीया निष्कला सा आद्या भी है) नैष्कल्यनित्या शक्तितत्वादि रूपां कलां च कलयसि (नित्यनिष्कला हो फिर भी शक्तितत्वादि रूपा कला का कलन करती हो) उन्मेषे उन्मेष होने पर तुम पूर्णिमाउमा हो) ध्रुव निज निलये अव्याकृता अमा हो) व्यक्तौ अमेया असि (व्यक्त अर्थात् व्याकृति में तुम अमेया हो) कामादि मुख्यः कति विधि कलना : ते कला (तुम्हारी कलाएँ) कामादिरुप से न जाने कितने प्रकार की है

सर्वश्रुति प्रसिद्ध जो आनन्द रूप अकाश है जो सर्व द्वन्द्व का उपरमस्थान है जिसका योग वियोग नही होता उसी आदि आनन्द ब्योम में तुम कैसे अप्राकृत सान्द्र मनोरम शशिकला रूप में उदित हुई ? किस प्रकार तुमने स्वरुपतः नाद बिन्दु कलातीत निष्कला तुरीया परारूपिणी होकर भी शक्तिकला का आकार धारण किया इस इन्दुकला के प्रकाश में क्या तुम्हारी परम अचिन्त्य इच्छा का ही अभिभाव सूचित होता है इसका पूर्णोदय होने पर कला की सम्पूर्णता होने पर तुम पौर्णमासी रूपिणी उमा श्री विद्या या लक्ष्मीरूपिणी अपने गोपन धुव आलय में तुम नित्य अमारूपिणी हो जहाँ समुदित समस्त कलानिचय विलय को प्राप्त होता है

एक ओर उमा दूसरी ओर अमा यह दोनो हुई परम की सीमा इन दो सीमाओं के बीच अ, उ, म, मात्रात्रय से समुदित कामादिकला तुम्हारे कितने ही असंख्य कलन कितने ही विचित्र परिणाम है उनका गणन कौन करता।

(10) ज्योतिर्व्योम्नि स्वकीये किरसि निजकणान्
भास्करा ये महन्तो,
नादज्योतिर्वि लोम्याकलयसि लहरी केन्द्र
सान्द्रांश्च बिन्दून।

धाराधारः स कालः क्रमलवविरही वैन्दवो
यः क्रमेत्
धत्से चोभौ स्वरूपेप्यनवरगहने
काल एवासि काली।।

अन्वय–स्वकीये ज्योतिर्व्योम्नि ये महान्तः भास्करा [तान्] निजकणान् किरसि (अपने ज्योतिर्मय आकाश में तुम अपने कणों को फैलाती हो, जो कि महान् भास्कर के रूप में प्रकाशित हो रहे है। नाद ज्योतिः विलोड्य लहरी : केन्द्र–सान्द्रान विन्दून् च आकलयसि (नादज्योति को स्पन्दित करके तुम नाद लहरियों को और केन्द्र में धनीभूत को सृष्ट करती हो)

ज्योति ब्योम में तुम्हारी ज्योति मानों सहस्त्रों कणों में बिच्छुरित होकर प्रकाश पा रही हैं।

अपने आनन्द ज्योति रूप इस ब्योम को स्पन्दित करके तुम बनती हो 'नाद' की लहरी नाद है असीम और विस्तृत उसी असीम वितत् नाद में परम धनी भाव की सृष्टि करके उस विस्तृत नाद को उसकी चरम सूक्ष्म अवस्था में ले जाकर संकुचित कर तुम बिन्दु रूप धारण करती हो तुम कला कला में लीलायित होती हो।

निज को विवर्तित करती हो। नाद बिन्दु की लहरें कोनों की ओर धावमान है एक बार विस्तार एक बार संकोच धावन में भी तुम्हारी दो धाराएं हे नादरूप में महाकाल, धारा के आधार रूप में वर्तमान यह अक्रम शून्य पारम्पर्य तब भी नही आया। भग्नाशविहीन अर्थात् अखण्ड है वैन्दव रूप में तुम बिन्दु हो क्रम एवं अंशरूप धारण करती हो।

पहले के प्रतीक रूप में देखता है तुम्हारे पदतल में स्वयं महाकाल को और द्वितीयतः मुण्डमाला मेखला में देखता हूँ तुम्हारी वैन्दवी मूर्ति हो।

"नो मन्त्रैर्मन्त्रितं तद् यतिततिपटुनी यन्त्र तन्त्रे न तत्र,
नो ध्यानं तच्च धत्ते चिदपिनतु चितिर्निर्विकल्पे समाधौ।
शान्तातीतं च शान्ते हर हर दयिते चण्डमुण्डौपशूयौ
रून्धानौस्तः प्रपित्सुं स्वयमिह वृणुया यदवरेण्यं शरण्ये।।

अन्वयः– शान्तातीत यत् च वरेण्यं तत् मन्त्रे नो मन्त्रितम् (जो शान्तातीत वरेण्य तत्व है वह मन्त्रो से मन्त्रित अर्थात् मन्त्रों के अधीन नही है) यतितति पटुनी यन्त्र तन्त्रे तत्र न यति अर्थात् यमन और तति अर्थात् तनन में पटु या कुशल वहाँ समर्थ नही है ध्यान च तत् नो धत्ते (ध्यान उनको धारण नही करता। अर्थात् ध्यान का अविषय) निर्विकल्पे समाधौचित अपि न तु चिति (निर्विकल्प समाधि में उस तत्व के विषय में चिति नही बन सकती ज्ञान भी उसका चयन नही कर सकता है

हेशान्ते शरण्ये हरदयिते यौ चण्डमुण्डौ पशू प्रपित्सुं रून्धानौस्तः (तौ) हर चण्डमुण्ड नाम के दो पशु प्रपत्ति के इच्छुक का पथ रोक रहे है उनका तुम हरण करो) स्वयम् इह वृणुया (उस प्रपित्सु का स्वयं वरण करो

क्या बुद्धि के तेराजू पर हिमालय तौलों गे
बुद्धि की हैसियत ही क्या है अचिन्त्यामों के विषय में

षड्गयोगन्न तु नैव शुद्धं,
मनोविनाशान्न तु नैव शुद्धम्।

गुरूपदेशान्न तु नैव शुद्धंः
स्वयं च तत्वं स्वयमेव शुद्धम्।। (अवधूत गीता)

क्या सागर को नापेगा लहरो का पाँव
मनन त्राण रूप मन्त्र तन्यते विस्तार्यते ज्ञान मनेन इति तन्त्रम्

मन्त्राधीना होकर भी तुम सर्वमन्देश्वरी हो किस मूल मन्त्र शूल से अपने को मन्त्रित किया हैं। तुम तो सबकी मूल मन्त्री हो अपनी अमहिमा से ध्रुवा स्थिता हो। तुम्हारा चालक कौन संयमन कुशल यन्त्र चक्र है। नित्यस्वतन्त्रा तुम्हे कौन तायन (विस्तार) में निपुण तन्त्र पाशडकुशतीत गति पद्धति सिखाएगा। तुम नित्य मुक्त केशीहो अतः किस ध्यान में तुम्हारी धारणा प्राप्त होती है तदयेच्छत् शान्त आत्मनि–वह निर्विकल्प (शान्त आत्मनि) हवन होने पर तुम कहती हो मै शान्तातीता हूँ। तुम्हारा पार अवधि कहाँ है ? उपाय भी क्या है। प्रपनार्तिहरा हो तुम। तुम्हारे इन लोल चरणों में शरण लेने का सोचकर जो मन के गहन में लाल जवा खोजकर है उसके पथ में तुमने कण्टक स्वरूप चण्ड मुण्ड महापशु रख दिये है वह पशु ममतावर्त में मोहगर्त में धूमकर मरता है हे शरणा गतिपलिके –तुम्हारे बिना कौन कूल (किनारा) दिख जायेगा इस अकूल में

ह्रद्याद्या या शयाना दहरसु विपुला मानमेयाद दविष्ठा
हृल्लेखा या तनिष्ठा जगदुदय लयावृत्ति हेतुर्वरिष्ठा।
ह्रदेदशे या द्रढिष्ठेरयति च भुवनं त्वाश्रिताय म्रदिष्ठा
योगक्षेमाय साऽम्बा शमयतु ह्रदयं ग्रन्थिमेद पटिष्ठा।। (जपसूत्रम्)

या आद्या ह्रदि शयाना (जो आद्या स्वरूपिणी ह्रदय में शयाना है दहरसुविपुला (दहर अर्थात सूक्ष्मादपि सूक्ष्म भाव से स्थित है मानमेयाद् दविष्ठा (जो कुछ मान अथवा मेय है) सबसे दूरतमा है या तनिष्ठा उल्लेखा (जो तनुतमा हृल्लेखा है) जगत उदयलय आवृत्ति के हेतु भुता उरूतमा है) द्रढिष्ठा ह्रदेश में दृढ़तमा रूप में स्थित होकर विश्व का ईरण या वर्णन करती है आश्रिताय तु मुद्रिष्ठा (आश्रित के लिए जो मृदुतमा ग्रन्थिभेदे पटिष्ठा (ग्रन्थि का भेदन करने में पदुतमा है अम्ब योगक्षेमाय ह्रदयं शमयतु वह अम्बा योगक्षेम निर्वाह के लिए ह्रदय शमयतु वह अम्बा योगक्षेम निर्वाह के लिए ह्रदय को शमित करें)

गर्दन झुका के देखा दिल
के आइने मे तस्वीरे यार की
हद् कमल मञ्चे डोले कराल वदनी श्यामां

तुम आद्यास्वरूपिणी निखिल सृष्टि के ह्रदय में अथवा केन्द्रस्थल में (शयाना) सोई हुई हो। कारण के केन्द्र **(Nucleus)** का आश्रय लेकर अणु विराट सब कुछ स्पन्दित हो रहा है यह है उसका 'ह्रदि'। यह 'ह्रदि' स्थुल या पीन नही है। श्रुति कहती है वह दहर अर्थात् सूक्ष्म की पराकाष्ठा है। इस दहर के मध्य में तुम भी अवस्थिता हो सूक्ष्मतमा होकर भी फिर महान की अपेक्षा भी महीयसी हो मान या मेय है सब कुछ में तुम ही रहती हो दूरतमा ऐसी तुम्हारी विपुलता असीमता है। जो कुछ सृष्ट हुआ है उसकी 'ह्ल्लेखा' अर्थात मूल शक्ति चित्र लेखा के रूप में तुम बनी तनुतमा। इतनी सी बीजकणिका के बीच भी यहाँ तक कि धूलकण के मध्य भी तुमने अपना अत्याश्चर्य रूप प्रकट कर रखा है वहाँ भी देखता हू एक स्थिर केन्द्र का आश्रय लेकर असंख्य शक्तिपुञ्जो का अविराम नर्तन है यह मूल चित्रजगत की प्रत्येक वस्तु में नगण्य धूलिकण से आरम्भ करके जीवकणपर्यन्त सर्वत्र उदाह्रत हो रहा है सर्वभूतों के ह्रदेश में तुम वजहस्ता के रूप में सबकी चालयित्री बनकर बैठी रहती हो। केवल नीरव नही हो इसलिए सभी तुम्हारे भय से अपने निजकक्ष में अपनी अपनी धारा में आवर्तन कर रहे है कहीं भी च्युति नहीं हो रही है।

(भयाद्स्याग्निस्तपति)

तुम कुसुमकोमला हो
उदगीर्णं किञ्च जिह्वा त्वरयति
कवलं केवलं व्याकृत किम्
साध्वी वाऽसृकस्फुरन्ती दशनवररुचि चर्वणे व्याहृतानाम्
अग्नीषोमार्कक्लृप्ता किमपि तव दृशो व्यावृत व्यंज्जनाय
निर्व्यापारैकतत्त्वा कृतिहृतिर्भिर्व्यापृता व्यापिताभि।।

उद्गीर्ण किञ्च जिह्वा त्वरयति कवलं केवलं (कर्त्तु) किं जिह्वा त्वरयति (तुमसे जो कुछ व्याकृत हुआ है तुमने जो कुछ उद्गीर्ण किया है उसी को कवल बनाने के लिए तुम्हारी जिह्वा त्वरा से प्रयत्नशील है साध्वी असृकस्फुरन्ती दशवन रूचिः वा व्याह्रतानां (चर्वितानां) चर्वणे (त्वरयति (रक्त से रञ्जित तुम्हारी सुन्दर दन्तकान्ति क्या ब्याहत या सृष्ट वस्तु के लिए निगिरण अथवा चर्वितवस्तु के ही चर्वण में व्याप्त है। अग्निषोमार्कक्लृप्ता तव दृशः अपि किं व्यावृत व्यञ्जनाय (अग्नि सोम अर्क रूप तुम्हारे तीन नेत्र क्या, व्यावृत अर्थात जो विशेष रूप तुम्हारे तीन नेत्र क्याब्यावृत अर्थात जो विशेष रूप से आवृत्त है उसके व्यञ्जन तुम निर्व्यापारैकत्वा हो अर्थात पूर्ण ब्रह्मस्वरूपा हो फिर भी व्यापक कृति वृति हृति अर्थात सृष्टि स्थित लय से व्याप्त हों।

हे माँ जो बहिर्विश्व में तुममे उद्गीर्ण या वितान कर दिया है। उन सब को पुनः निगीर्ण करने के लिए ही क्या तुम्हारी लोल लोल कल्लोल रक्तस्रवित रसना को आपने सृष्टि के निर्गीर्णन में ही नियुक्त कर रखा है। लेलिह्यसे–पुनः पुनः आस्वादति।

समस्त चर्वित वस्तुओं के बार–बार आस्वादन के लिये ही भगवती की रसना व्यावृत बनी हुई है। क्या आपकी रक्तराग रंजित दशनवररूचि सृष्टि वस्तुओं के व्याहरण किंवा चर्वित के चवर्ण में ही निरत है ? भगवती सोम सूर्याग्नि नयना हैं। आप तो निर्व्यापारैक तत्वा, पूर्णब्रह्म स्वरूपा हो, तब अनन्त व्यापार में व्यावृत क्यों रहती हो ? किस प्रयोजन से इतनी व्याकृति–व्यह्यति,व्यावृति की छटा है ? क्या यह सब स्वाभावतः ही होता चलता है ? किन्तु हे पतितो द्धारिणे माँ आपकी कृपा के बिना स्वाभाव भी स्व का अभाव बन जाता है।

शिव शिवा पीताम्बरा (दालरूपा) शिव
शुभ्र चावल तण्डुल रूपाउनका समरस्य

चुरि जातू ऐ दाल महरानी
नमक पड़े से जल्दी होत है
हल्दी परे मुस्कानी
भात भतार से भेंट भइल जब
अङ्ग अङ्ग लिपटानी
चुरिजातु ऐदाल महरानी।।

हे अम्बरावीत सर्वाङ्गी दिगम्बरी"

सर्वदृश्यंममस्थानं सर्वेकाला व्रतात्मकाः।
उत्सवाः सर्वकालेषु यतोऽहंसर्वरूपिणी।। (देवीगीता)

देवी बोली हे नगाधिप–मै सर्वाधिष्ठान स्वरूपिणी हूँ इस कारण भूमण्डल में जितने स्थान है सब मेरे अधिष्ठान भूमि है मै सर्वकालमयी हूँ अतः सब समय व्रत और सपर्या उत्सव (कौलिकोत्सव) के उपयुक्त है अतः मै सर्वस्व रूपिणी हूँ

नव दिन का नवरात्र क्या? पूरा जीवन ही नवरात्र हो जाय, सबुह, शाम क्या संध्या, क्या माँ बालक को सुबह शाम ही प्रेम करती है नही अजस्र लगातार जीना ही भजन हो जाय मरना सम्यक् हवन हो जाय–

"भभाक चण्डी" (कीना राम)
भभाक काली भभाक श्मशान

छिलमिलतारा के लगायलटुकालिया तोके देखै वाले हजार (श्री कीना राम)

उमड़ा जब दरिया उल्फत का
तब चारो तरफ आजादी है
हर रात नयी एक शादी है।
हर रोज मुबारकवादी है
हर दिन गुजरता है होली की तरह
हर रात दिवाली

लाख इबादत से बढ़कर
दुनिया में हुस्न परस्ती है
इसी शबब से
आठोपहर अब मस्ती है

मस्ती में हस्ती घुल गयी
सूर्य अस्त नेपाल मस्त
तोयस्थं लवण यथा (श्रुति)

जैसे जलराशि में लवण खण्ड विगलित हो
योगवासिष्ठ में वशिष्ठ श्री राममद्र से कहते है–

चण्डिका शक्ति एक महाभयङ्कर नदी है जिसका उल्लंघन कोई नही कर सकता, महाकालरूपकाली का ऐसा भयानक और विशाल आकार है आकाश में उसका शिर है पाताल में पाँव है दशो दिशाएं उसकी भुजा है सातों समुद्र उसके हाथों के कँगन है सम्पूर्ण पृथ्वी उसके हाथ का खप्पर है प्राणिमात्र उनका भोजन है हिमालय और सुमेरु कर्ण के कुण्डल है चन्द्र सूर्य नेत्र है तारागण माथे की बिन्दिया है हाथों में त्रिशूल मूसल शस्त्र है प्राणी मात्र को बाँधने–फसाने का पाश है सब जीवो का ग्रासकर अट्टहास पूर्वक महाभैरव के सम्मुख नृत्य करती है गले में रूण्डमाल उसकी भयङ्करता को और बढ़ा देता है।

सुस्निग्धकज्जलग्रावतुल्यावयवरोचिषम
विशाल वर्तुलारक्त नयन त्रितयान्विताम्
द्विभुजां मार्जनी सूर्पहस्तां पितृवनस्थिताम्
दिगम्बरां मुक्तकेशीं नृमुण्डकृतकुण्डलाम्
अतिक्षीणकटिस्थला, विशालजघनाभोगा
त्रैलौक्यसार सौन्दर्ययौवनेन्माद गर्विता।। (अघोरकाली)

(घटोदरी, मसिपुञ्जसमप्रभा)

वाराणसी पराक्षेत्रं कालिरूपं परात्मरम्
वर्ण्यन्ते निरूप्यन्ते
वर्णीयाः वरीतुमर्हा
स्वीकर्त्तु योग्या गुणाः कर्माणि तान्
तानि च दृष्ट्वा व्रियन्ते ये ते वर्णा
कल्याण वर्णरूप,
आवृणोतिहि स आश्रयम्
शुक्लादिवर्णो स्वाश्रय
द्रव्यमावृत्त्यैव तिष्ठति
"कुं भुमिं तलयति अधीनयति स्वशोभया
इति कुन्तलम्"

अपने सौन्दर्य से भूमि भी नीचा दिखा देने वाला

न विद्यते नाथो यस्या सा अनाथा
सा अनाथा

हे अद्वैतामृतवर्णिणी,
आदौ भवः आद्या

सर्वेषाम् आदिकारण इत्यर्थः
कौलिकानां मुखं प्राप्य गृहन्ति देवताः

कुलं प्राप्ताः कौलाः

आकाश शङ्करो देवः पृथिवी शङ्करप्रिया।

मायां वर्णयतोऽमुण्य ईश्वरस्यानुमोदत।

श्रृण्वतो श्रद्धया नित्यं माययाऽऽत्मा न मुह्यति (भागवत)

राघवत्वेऽभवत् सीता रूक्मिणी कृष्ण जन्मनि (रामायण)
विविध दुःख द्रावक : रूद्ध :

विद्यरूपामुमां देवीं महाकारूण्किोत्तमाम्।

यावच्छक्यं जपं कुर्यात्साधको मीलितेक्षणः।।

प्रलयानलधूम्राभां कृष्णवर्णविधायिनीम्

नागराजलतोपेतां चन्द्रार्धकृत शेखराम्।

द्यां लिखन्तीं जतामेकां लेलिहानां शवं स्वयम्।
नागयज्ञोपवीताङ्गी नागशय्यानिषेदुषीम्।
नागेन रसनाहार कल्पितां रत्ननुपुराम्।।
प्रशस्तमर्द्धरात्रं हि भगवत्यर्चने सदा।"
अघोरः क्रौर्यादिरहितः शशिबिम्बमिव अह्लादकरः
महाग्रासायवै नमः (श्रुति)
विमर्श रक्तवर्ण काली है

विविदिषा–जिज्ञासा

पितरौ–माता च पिता च

आ–आसमन्तात् चतुरस्रम् नन्दति

समृद्धयति–जो

सब प्रकार से समृद्ध हो, जिसमें कोई कमी न हो पूर्ण हो।

तस्यैवानन्दस्य अन्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति

योनि बिन्दु को आवृत करने का आवरण है

प्रत्यक्षेणानुमित्या वा

उप ब्रह्मणः सामीप्य जीवं निः संशय सादयति

गमयति–जो जीव को ब्रह्म के समीप निश्चय पहुचा दे वह उपनिषद्रूपा माँ काली उप उपजातम् अनादिकालात् प्रवृत्तं आत्मसंसारसम्बन्धं नितरां सादयति अवसादयति या सा उपनिषद जो अनादि प्रवर्तित अनात्म संसार सम्बन्ध का अवसादन करे।

रातुर्दातुः परायणम्

सिषाधयिषा (अपने को सिद्ध करने की आकांक्षा)

दुःखेने गन्तुम योग्यः दुर्गा

विवरिषु त्वरणेच्छु

रद्रौ वै क्रूर

शुद्धा त्मतत्वविज्ञानं साख्याभिः साख्य

लतातनुललिता

वृणोति अहरोति वराही

एष एवभद्र (श्रुति)

ꣿꣿ•ꣿꣿ

कालिकोल्लास-4 (II)

इस जन्म-मरण चक्र के विराम का क्या कोई चिन्ह नहीं दिखाई देगा ? मिथ्या की इस अशेष जादू परम्परा में जो सत्य है, जो स्वरूप है, वह क्या है ? अयि अधवे वह संगृहीत हो या चिरकाल ही इस प्रकार खोया रहेगा, अथव परित्यक्त रहेगा ?

का शक्तिः शक्तिमान् कः कमिति तदुभयोर्मेलनात् सामरस्यं
का वाक् कश्चार्थ एवँ स्वरतदितरयोर्मातृकाद्यर्णयोगात्।
प्राणापानैकताने विरमति च जवे काऽजपा चाजपः को
ध्माते कः केति हँसो घमति न शृणुयाद वायसे को ध्वजस्थे।। (जपसूत्रम)

अन्वय-का शक्तिः शक्तिमान कः कमिति तदुमयोर्मेलनात् सामस्यं का वाक कश्चार्थ एवं स्वरतदितरयो र्मतिकाद्यर्ण योगात प्राणा पानैकताने विरमति च जवेकाऽजया चाजयः को ध्मातेः केति हँसो घमति न शृणुयाद् वायसे को ध्वजस्थ का शक्तिः(शक्ति है 'का')कः शक्तिमान(का शक्तिमान है)तदुमयोः(शक्ति शक्तिमान के)मेलनात् मिला देने से)कम इति सामरस्यम्(सम रस की स्थिति में सुख है) का वाक(का वाक है क च का अर्थः)(और कः का अर्थ है)एवं (इस प्रकार स्वरतदितरयो(स्वरव्यञ्जन)के मातृ काद्यर्ण योगात्(मातृका के आदि वर्ण के योग से)कम इति(सुख है)प्राणपानैकताने जवे विरमति(प्राणापान व्यापार की एकतानता या समता होने पर उनके वेग का विराम होने पर 'का' अजपा (है)च (कः) अजपः(कः अजप है) ध्वजस्थे धमति वायसे (ध्वजस्थित बोलते हुए वायस के कः केति ध्माते 'का' कः इस उच्चारण में) कः (कौन) हँस (इस मन्त्र को) न शृणुयात नही सुनता है।

भाष्य-घूमावती के रथ ध्वज पर जो यह काक है वह क्या है क्या यह सोच कर देखा है एक ओर विश्व जरा मृत्यु का आह्वान दूसरी ओर जरामृत्यु से अजर अमर को अनपाय स्थान है उससे उत्तरण का आहवान ये दोनो की वायस के क्रमशः(कःक्व)एवं हँस रुति (पुकार) सूचित है कौन कहाँ है आओ रथचक्र के नीचे गिरो और पिसो शूर्प में पड़कर विभक्त विक्षिप्त हो जाओ नियति अनतिक्रम्य है किन्तु वायस के मुख से केवल यही रव ही सुनेंगे हँस रुपी अमृत अभय का आहवान नही सुनेंगे क्या इस अभय का आह्वान कैसे सुनेंगे ? शक्ति हुई 'का', शक्तिमान् 'कः'। यदि इन दोनो में भेददृष्टि कीजिए तो शक्ति चिच्छक्ति नहीं होती। अतः जड़यन्त्र में तुम गिरे और पिस गये। किन्तु शक्ति-शक्तिमान् को यदि मिला कर समरस बना लो तभी न 'कं' अर्थात् 'सुखं' होगा।

यह प्रपञ्च वाक् और अर्थ की समष्टि है। मूलतः ये दोनों सम्पृक्त मिथुन है। किन्तु उन का वियोग विश्व व्यवहार में होते देखता हैं। तभी तो निरर्थक वाक् आनर्थक्य, वैयर्थ्य इत्यादि के कारण अमृत, अभय

का सन्धान नही देती। 'का' है वाक् 'कः' है अर्थ। काकः शब्द में स्वर व्यंजन मातृकावर्ण के आदि अकार एवं ककार वर्णद्वय युक्त हैं। यदि स्वयं एवं व्यंजन को वियुक्त कर के रखिए तो मृत्यु है, और यदि युक्त रखिए तो अमृत है योग में वही 'कं' -सुख है। स्वर क्या है, मातृकावर्ण क्या है, यह सोच कर देखें वायस के रव में इसका निर्देश है !

पुनश्च, प्राणी के प्राणापान-व्यापार की एकतानता समता की रक्षा करेंगे या नहीं करेंगे ? क्या उक्त व्यापार के प्राकृत वेग के विरामस्थल में भी शान्त स्वस्थ रहेंगे? तदि समता रख सकते हैं, तो जरा दूर रहेगी, विरामास्थल में भी यदि 'उदासीन' (मध्ये वामनमासीन) रह सकें तो मृत्यु नहीं आती। का = अजपा, कः = जपः। जरा-मृत्यु का एवं उस के पार का मूल रहस्य काक पुकार कर सुना रहा है। 'हौसः 'महाबीज में ही जरामृत्युवारिणी यह त्रिविध 'भावना' निहित है। सः = शक्ति, ह शक्तिमान्' ॐ = उभय का सामरस्य। ॐ उभय का सामरस्य। ॐकार का आद्य मात्रा अकार है, हकार व्यञ्जनों का शेष वर्ण है, इन दोनों के समर्थ संयोग का सूचक है 'सः'। और हंस स्वामाविक प्राणनक्रिया । यह ॐकार के समर्थ संयोग का सूचक है 'सः'। और हंस = स्वाभाविक प्राणनक्रिया। यह ॐकार के द्वारा जरामृत्यु जयी होती है।

(श्रीकाली तत्वम् श्लोक 109,124)

वर्णानां विश्वचित्रे निलयविलययोः स्थानमेवेति कृष्णा
वर्णैर्वाऽवर्णनीया कतियतितितिभिर्वाऽप्यनिर्देश्यवर्णा।
वर्णानां वा पटेऽस्मिन् कलनफलनयोः स्थानामेवेत शुक्लो
योऽभास्यत्वेऽपि वर्णेः पटपटुफलने भासकः स्वप्रकाशः।। (जपसूत्रम)

अन्वय-विश्वचित्रे (निखिल विश्व के चित्रपट में) वर्णानां (समस्त वर्णो के) निलयविलययोः (निलय और विलय का) स्थानं (स्थानभूत) एव (ही) (वह श्री काली हैं) इति (इसलिए) कृष्णा (घोर कृष्णवर्ण बाली हैं) वा (अथवा) वर्णेः (वर्णो द्वारा वह अवर्णनीया वर्णनीय नहीं हैं) कति + यति + ततिभिः वाऽपि अनिर्देश्य वर्णा (कति = कितने, यति = जितने, तति उतने इत्यादि के द्वारा उनका निर्देश नहीं हो सकता, क्या इसलिए वे श्यामा हैं ?) अस्मिन् पटे वा वर्णानां कलनफलनयोः स्थानम् एव इति (अथवा इस पट) पर वर्णो के कलन और फलन का स्थान होने के कारण क्या) शुक्लः स्वप्रकाशः यः अभास्यत्वे अपि वर्णे पटपटुफलने भासकः (काली में शुक्ल स्वप्रकाश है, जो अभास्य होते हुए भी विश्वपट पर वर्णो द्वारा पटुरूप से फलन या चित्रविस्तार का भासक है)।

भाष्य–परिशेष से सोलह श्लोकों में श्री श्री कालिका के तत्त्व का उद्घाटन किया जाता है। श्री श्री काली की मूर्ति घोर कृष्णवर्णा है। उनके इस काले रूप का क्या रहस्य हैं, पहले वह समझने का यत्न करते हैं।

इस निखिल विश्व के चित्रपट में जो असंख्य वर्ण हैं, उन सब वर्णों का निलय और विलय उन्हीं में है। वे स्वयं वर्णहीना हैं अथच सभी वर्णों की प्रसूति हैं, और वर्ण समापिका, वर्ण की ग्रासिका हैं। इसलिए क्या वे काली हैं ? वर्ण, पद, पादमात्रा, क्रम या अन्वय आदि के द्वारा वे वर्णनीया नहीं हैं क्या इस प्रकार अवर्णनीया होने के कारण ही वे काली हैं ? विश्व की अनन्त तरङ्ग यह ऊर्मिराशि एक अगाध दुरवगाह महाअज्ञात में उठती है और गिर–गिर पड़ती है। अतः इतनी, जितनी, कितनी' कह कर कौन इयत्ता करेगा ? इस प्रकार अनिर्देश्या हैं, इसलिए क्या वे श्यामा हैं? फिर माँ के पदतल में देखता हूँ उज्जवल शुभ्र रूप है। एक ओर काला और एक ओर धवल! वे विश्व चित्रपट के कलन–फलन में सभी वर्णों का आधार हैं, सर्ववर्णमय हैं, तो क्या वे धवल हैं ? अब 'वर्ण' शब्द त्रिविध अर्थ में व्यवहत होता है। पट या रंग Colour, पद letter, जाति Cast। 'वर्ण' शब्द का चाहे जो अर्थ हो, किसी भी अर्थ के द्वारा वे प्रकाशित नहीं होती। वे अपने आप में प्रकाशित है। स्वप्रकाशस्वरुपा है, और सभी कुछ की प्रकाशिका वही है। इस विश्वचित्र के फलन में उनके पटुत्व की और तुलना ही नहीं है।

ये ग्राह्यश्चित्रवर्णा ग्रहणपरिचया मानसे बिम्बतास्ते
छायाचित्राणि साक्षाद् दधाति जहतिः काः शक्तयः के च कायाः ।
गम्भीरागोचराम्भस्तिमिरनिबिड़ता याऽऽदिमा सा क्षपा चेत्
स्पन्दैस्तस्याः प्रवृत्तैः किरण विकिरणैर्भाति भासा स्वयाऽहः (जपसूत्रम)

अन्वय–ये ग्रहणपरिचयाः चित्रवर्णाः ग्राह्माः ते मानसे बिम्बताः (जो शब्द, स्पर्श आदि प्रत्यक्ष ग्रहण–मात्र से हमारे परिचय में आते हैं, वे ग्राह्य चित्रवर्ण हमारे मन में बिम्बत होते हैं), काः शक्यः छायाचित्राणि साक्षात् धारण करती हैं, अर्थात विजृम्भित करती हैं, और फिर उनका संवरण भी कर लेती हैं ? के च कायाः (यदि इन छायाचित्रों के पीछे कोई काया हूँ, तो कौन सी है?) या आदिमा गम्भीर + अगोचर + अम्भः + तिमिर + निबिड़ता का क्षपा चेत् (गम्भीर , अगोचर पयोराशि में जो आदिम घनान्धकार है, वह रात्रि है) तस्याः स्पन्दै : प्रवृत्तै : किरणविकिरणै : स्वया भासा अहः भाति (उस रात्रि के स्पन्दों द्वारा प्रवृत्त किरण–विकरणों से,उसकी अपनी ज्योति से, दिन भासित होता है)।

भाष्य–तत्पश्चात, यह सब शब्द स्पर्श, रूप, रस, गन्ध, कामना, वेदना प्रभृति छायाचित्र की भाँति आते और चले जाते हैं। क्या यह सब इस चलचित्र में कभी अपना सत्य परिचय देते हैं ? यदि यह सब वस्तुहीन इन्द्रजाल ही है, तब कौन सी जादूगरी शक्ति इन छवि और पट, दृश्य और द्रष्टा इत्यादि रूप में इस भ्रांति को विजृम्भित करके भीतर–बाहर का छायारूपी खेल दिखला रही है। यदि यह छाया वस्तुहीन इन्द्रजाल ही है, तब कौन सी जादूगरी शक्ति इन छवि और पट, दृश्य और द्रष्टा इत्यादि रूप

में इस भ्रान्ति को विजृम्भित करके भीतर–बाहर का छाया रूपी खेल दिखला रही है यदि यह छाया वस्तुहीन अर्थात् अवास्तव नहीं है, यदि इसके पीछे सचमुच ही कोई काया है, तब वह काया कौन–सी है ? कैसे वह अचिन्त्य शक्तिरूपिणी महाकाली ये सब छवियाँ आँकती हैं, पट के ऊपर सजा देती हैं और फिट हटा भी लेती है ? वेयह रहस्यक्रीड़ा छिप कर खेलती हैं, अतः क्या वे काली हैं ? श्रुति के नासदीय सूक्त और रात्रिसूक्त प्रभृति में जिस आदिम, आगोचर, गम्भीर अम्भोराशि का वर्णन है, जिसके वक्ष पर यह विश्वबोध बुदबुद की भाँति ऊर्मिभङ्गो में फूट उठता है, क्या वह गाढ़ तमिस्रा ही मेरी माँ का नित्य काला रात्रिरूप है? यदि वही है तो अपने स्पन्दन या आलोड़न से क्या वह फिर प्रकाश की लहरी प्रस्फुट नहीं कर लेतीं ? इसीलिए वे स्वरूपतः आलोक में अथवा अंधकार में , सर्वत्र समान रूप से प्रकाशमयी हैं। उनकी आत्मज्योति अनिर्वाण है। वे पूर्ण दिवा या श्रुति की 'सकृत् दिवा' रूपिणी हैं।

स्त्यास्यं या पिस्राय प्रलयघनरूचिश्चिद्घनेन्दुप्रकाशं
मायाघोन्द्रजालञ्च चिकुरपटलैस्तन्वती या कराली।
नानासृग्बीजकूटं प्रकटितरस जक्षती सृज्यमानं
तत्सत्यं बाधमुक्तं ह्रदयनभसि न : कुर्व्वंती सा सुहासा। (जपसूत्रम)

अन्वय–प्रलयघनरुचिः (प्रलय मेघ की भाँति) या काली (जो मां काली) चिद्घनेन्दुप्रकाशं (चिद्घन में इन्दु के प्रकाश सदृश अपनी) सत्यास्यं (सत्यरूप मुखच्छवि को) चिकुरपटलैः (एलायित केशपाश द्वारा) मायाघोरेन्द्रजालं (माया का घोर इन्द्रजाल) तन्वती (फैलाती रहती है) नानाऽसृग्बीजकूटं (रक्तबीज के कूट अथवा समुद्र को) जक्षती (ग्रस लेती हैं) नः (हमारे) ह्रदयनभसि (ह्रदय के आकार में) सा (वह) (उदित होकर) तत् सत्यं (उस सत्य को) बाधमुक्तं (बाधारहित) कुर्वती (कर देती हैं) (अतः वे) सुहासा (मुख पर मृदु–मृदु हास्य वाली हैं)।

भाष्य–माँ काली ने अपनी एलायित (बिखरी हुई) कुन्तलराशि दसों दिशाओं में सञ्चनित करके मानो माया के घोर इन्द्रजाल का विस्तार किया है और कराली का स्वाँग धरा है। उनके इस एलायित केशपाश का यथार्थ रहस्य क्या है, इसके द्वारा उन्होंने अपनी यथार्थ या वास्तविक मुखच्छवि को, उस परम सुन्दर आनन को ढक रखा है। गोपन कर रखा है। अतः उनका यथार्थ रूप की दृष्टि के अन्तराल में ही रह जाता है। कराली की देखिए लोलजिह्वा! धन; कृष्ण केशपाश के साथ हो यह रक्त रसना मानों मेघ के पास बिजली जैसी शोभा पाती है। वे इन्द्रजाल से शत कोटि रक्तबीजों की स्वयं ही सृष्टि करती हैं। (जिस रक्तबीज का स्वरूप है दुष्पूर तृष्णा) जितना ही सोचा है कि शायद अब तृष्णा मिट जायगी, फिर देखता हूँ वह सिर उठाकर खड़ी हो रही है वही काली फिर कोप का छल करके परम करुणा से अपनी लोलजिह्वा द्वारा उस रक्तबीज के 'कूट' अथवा समूह अथवा पेड़ को ग्रस लेती है। नहीं तो किसी

क्षणों में इस नित्य तरुणायमान तृष्णा का तर्पण हो सकता था ? इस प्रकार हमने समझा कि उनका प्रसारित केशपाश इस घोर इन्द्रजाल के विस्तार की सूचना देता है। लोल रसना इस इन्द्रजाल द्वारा सृष्ट असंख्य कामनाओं के निधन या संहार को ही समझात है। इस प्रकार उनक सृष्टि और संहार का संकेत, दोनों संकेत पकड़ पाते हैं, फिर भी उनका यथार्थ स्वरूप, वह परम रमणीय मुखच्छवि हमारी दृष्टि के अन्तराल में ही रह जाती है। वह मुख कैसा है? काला या धौला ? हम लोग नित्य ही इस प्रकार के द्वन्द्व–संशय की दोला मे झूल रहे हैं। यह धन्धा, यह द्वन्द, यह संसद वह स्वयं ही हमारे मोहयुक्त हृदयाकाश में पूर्णरूप से उदित होकर दूर कर देगी। इसलिए उनके मुख पर यह मृदु–मृदु हास्य है।

नैष्पद्ये स्पन्द आद्यश्चिदमलनध्वान्तधराम्बुदः किं
शश्वन्मौनं विलोड्य ध्वनिशतसततध्मातनादस्ततः किम्।
ध्वान्तध्वंसाय सान्द्रा स्फुरित च परामा चिद्यन्नभचन्द्रिका किं
मान्द्यं जीमूतमन्द्रे भजति भवमृतेस्तुर्यनादस्ततःकिम्।।

अन्वय–चिदमलनध्वान्तधोराम्बुदः (निर्मल आकाश में घोर काला मेघ) नैष्पन्द्ये (स्पन्दहीन स्वरूप के बीच) आद्यः स्पन्दः किम् (क्या आदिम स्पन्द है !) ततः (और वहाँ) शश्वन्मौनं (शाश्वत मौन को) विलोड्य (विलोडित कर के) किं (क्या) ध्वनिशतसततध्मातनादः (सैकड़ों ध्वनियों से निरन्तर ध्मात विस्तृत नाद के रूप में प्रकट है ?) सान्द्रा (सघन) परमा (परम) चिन्नभश्चन्द्रिका (चिदाकाश की चन्द्रिका के रूप में) ध्वान्तध्वंसाय (अन्धकार के नाश के लिए) किं (क्या) स्फुरित (स्फुरित होती है) ततः कि जीमूतमन्द्रे मान्द्यं भजति भवमृते तुर्यनादः ?(तब फिर मेघमन्द्र के मन्द हो जाने पर भव अर्थात् संसरण की मृत्यु अर्थत् नाश हो जाने पर तुरीय नाद क्या नहीं रहता है ?)।

भाष्य–निर्मल चिदकाश में जो काली घनघटा का आविर्भाव है, यह क्या उस स्पन्दहीन स्वरूप के च आदिम स्पन्दन के घनीभाव को सूचित करता है ? जो पूर्ण हैं, उन मे कैसे कामना का उदय होत है ? जो निः स्पन्द है, उनमें कैसे स्पन्द का आविर्भाव होता है? क्या यह पहेली चिरकाल से दुर्बोध्य होने के कारण ही वे काली हैं ? सृष्टि के मूल के जितने तत्त्व हैं, जितने बीज है सभो का वर्षण उन से है, क्या इसलिए उस स्पन्द ने महावृष या वर्षणकारी मेघ का रूप धारण किया है ? तभी क्या हमारी उस माँ ने घोर कृष्ण अम्बुद से अपनी प्रतिमा को गढ़ा है? और किसी शाश्वत मौन का आलोड़न कर के वे महानाद के रूप में प्रकट हुई है ? उस नाद ने शत कोटि ऊर्मियों का विस्तार कर वाङ्मय विश्व सृष्टि रचना की है और अन्त में संकरण नाद में सब कुछ का संवरण तथा लय किया है। क्या वे इस काले मह में सृष्टी अंत में विलीन कर परम चिन्पूर्ण चिद्गगन चन्द्रिका के रूप में प्रकाश नही पाती है ? उसी प्रकार जों कभी गाढ़, कभी घोर मेघचन्द्र है, क्या उसे मन्दीभूत कर अन्त में अपने विष्वोत्तर अभय धाम में वही तूर्यनाद या तुरीय नाद नहीं सुनाती हैं?–उस तुरीय नाद में स्थूल, सूक्ष्म, कारण, सब कुछ का, ही अवसान होता है, एवं महाभीतिकर पुनः–पुनः–'भव' का या 'संसरण' का भी 'मरण' हो जाता है,

अर्थात् गतातिचक्र रुक जाता है। उनके काले रूप के पीछे रहता है परम् आलोक, उनके इस महानाद के विभिन्न गर्जन–आलोड़न के पीछे भी है वह परम नाद या तुरीय शान्त प्रपंचोपशम नाद।।

क्षिप्ये विश्वं विमृश्य त्वदितरदिव यत् स्थापयेर्यत् स्वभित्तौ
तच्च स्वात्मेति विद्याः प्रमिति पदमितं वस्तु संख्यापयर्यत्।
स्वात्मैक्यं च प्रमयादिकमिवग मयेर्दर्पणास्यं स्वबिम्बं
सातु स्पन्दं नदेस्त्वं तव कलनकृती पञ्चधा नित्यकालि।।

अन्वय–हे नित्यकालि त्वं तव कलनकृती पञ्चधा (हे नित्यकालि! तुम अपने कलन व्यापार में पञ्चधा हो) ,यत् विश्वं त्वत् इतरत् इवसमृश्य क्षिप्येः, स्वभित्तौ यत् स्थापयेः (जिस विश्व को अपने से भिन्नवत् विमर्श कर के उछालती हो और स्वभित्ति मे स्थापित भी रखती हो–यह क्षेपण है), तत् च 'स्वात्मा' इति विद्याः (उसे 'स्वात्मा' ऐसासमझती हो यह ज्ञात है) यत् प्रमितिपदमितं वस्तु संख्यापयेः (जिस विश्व को 'प्रमिति' पदमित अर्थात केवलमात्र बोधभास्य वस्तु के रूप में संख्यान करती हो–यह संख्यान हुआ), स्वात्म ऐक्यं च प्रमेय आदिकमिव दर्पणास्यं स्वबिम्बं गमयेः (दर्पणस्थित स्वबिम्ब को प्रमेयादि की भाँति स्वात्मैक्य को प्राप्त कराती हो–यह गमन है) स्पन्दं सातुं नदेः (स्पन्द का अवस्थान करने के लिए तुम नाद करती हो–यह नाद है)।

भाष्य–हे मातः! नित्यकाली! तुम परम तत्त्व के साथ समरसा,अभिन्ना शक्तिस्वरूपिणी हो। तुम्हारे सिवा अन्य क्या था या है जिसे इस विश्व कन्दुक रूप में उछाल–उछाल कर यह खेल रही हो ? मानो वह और कुछ है तुम नही हो"ऐसा विचार तुम्हें क्यों होता है? इस प्रकार जिसे उछाल कर फेंक देती हो उसे क्या बिल्कुल ही वस्तुहीन, सर्वस्वहीन बना कर अपने अङ्क से नितान्त दूर फेंक देती हो ? उसे क्या अपनी भित्ति में स्थापन कर के नही रखती हो ? मानो आसमान में गुड्डी उड़ा रही हो किन्तु डोर रखती हो अपने हाथ में। उन लाख–लाख गुड्डियों में से यदि कोइ एक कट जाय तो वह भी तो तुम्हारी ही गोद में लौट आती है। जो उड़ता है वह भले ही आत्मविस्मृत हो, वह नहीं जानता कौन सूत्रधर उसे उड़ा रहा है किन्तु तुम तो उसे नहीं भूलती हो! बोधरूप दर्पण में जो कुछ प्रस्फुटित होता है उसे तुम्ही तो रूप मान इत्यादि दिया करती हो। जब जब दर्पण में जो कुछ प्रस्फुटित होता है, उसे तुम्ही तो रूप मान इत्यादि दिया करती हो। जब जब दर्पण को तोड़ कर प्रतिबिम्ब को बिम्ब में मिला लेती हो, तब फिर तो वही एक हो। सब कुछ को अद्वयस्वरूप में खींच लोगी इसलिए वहि स्पन्द का संवरण नाद में अवसान किया करती हो। हे नित्यकाली ! क्षेपण, ज्ञान, संख्यान, गमन और नाद, इन पाँच रूपों में तुम ने अपना कलन प्रपञ्चित किया है।

व्यस्तं खड्गेन वस्तु क्षिपसि यदसकृत स्वात्मनो देशकाल
सम्बन्धापेक्षतत्त्वं जनिमृतिभयदं हंसि तच्चापि हेयम्।
व्यस्तं मुण्डं कराब्जे कलयसि च गले मुण्डमालां समस्तां
दृग्भासा वेत्सि दृश्यं गिरसि रसनया यद् बहिः स्कारनादे।।

अन्वय–व्यस्तुं वस्तु यत् असकृत् खड्गेन क्षिपसि (हे माताः तुम अपने खड्ग से 'व्यस्त' अर्थात् परिच्छिन्न वस्तु को बार–बार जो खण्ड खण्ड कर डालती हो)तत् च अपि स्वात्मनः हेयं जनिमृतिभयदं देशकालसम्बन्धापेक्षतत्वं हंसि (वह भी तुम्हारा अपना ही रूप है, जो हेय है, जन्म–मृत्यु–भयप्रद है, देशकाल–सम्बन्ध क अपेक्षी तत्व है, उसे भी तुम छिन्न करती हो, कराब्जे व्यस्तं मुण्डं गले च समस्तां मुण्डमालां कलयसि (कर–कमल में एक व्यस्त मुण्ड अर्थाता् छिन्न मुण्ड और गले में समस्ता मुण्डमाला धारण करती हो) दृश्यंदृग्भाषा वेत्सि (दृश्य को तुम अपनी नेत्रज्योति से जाना हो) यद् वहिः स्फारनादे रसनया गिरसि (जो बाह्य है, उसे स्फारनाद में रसना से निगल जाती हो)।

भाष्य–माँ ! तुम्हारे खड् का ही क्या अपूर्व रहस्य है! तुम भूमारूपिणी अखण्ड सामग्री हो; अथच अपने खगड् से उसे व्यस्त् परिच्छिन्न वस्तुरूप में बार–बार खण्ड साम्रगी हो, अथच अपने खड्ग से उसे व्यस्त, परिच्छिन्न वस्तुरुप में बार–बार खण्ड करके फेंक देती हो। स्वयं 'दो बनूंगी' बहु बनूंगी, अगणति बनूंगी' क्या इसी साध से तुमने असि धारण किया है ? देश–काल, कार्य कारण इत्यादि नाना सम्बन्धों का जाल ऊर्णनाभ (मकड़ी) की भाँति बुन कर क्या व्यस्त, खण्ड वस्तुओं को अपने बीच गूँथ लेती हो ? क्या अपूर्व उपादेय तुम्हारा यह सब विरचन है ? सब तो तुममय है, तुम्हीं तो सब हो ! अथच भ्रान्ति–रूप मे सब को भुलाकर अपने को जन्म, मृत्यु, दुःख, पाश महाबल दैत्यों के रूप में ही दिखलाती हो। मातृज्ञान में तुम उपादेय हो, फिर भी भ्रान्तिज्ञान में मानो हेय गई हो! फिर दयारूप में इस हेयरूप असुर को तुमने असि द्वारा छिन्न किया तुम्हारा इसे लीला का पार पाना कठिन है। और तुम्हारें हाथ में देखते हैं एक छिन्न मुण्ड इस ओर गले में देखते हैं, बहुत से छिन्न मुण्डों के एकत्र समावेश से ग्रथित एक अपरूप मुण्डमाला तुम्हार करमकल में एक व्यस्त मुण्ड है, और ले में समस्तमुण्डों की माला है। इस प्रकार व्यस्त और समस्त को तुम धारण किए हुए हो। तुम्हारे एक हाथ में वर, दूसरे हाथ में अभय है। यह व्यस्त समस्त की जो सन्धि या साम्यस्थल है, क्या वही वर है ? व्यस्त समस्त की अतीत भूमि ही क्या अभय है? इसलिए क्या श्रुति में सुनते हैं कि इस सन्धि अथवा मिथुन में सब कुछ समृद्धि और तृप्ति, अभ्युदय या वरलाम है, उसके भी पार उस रसतम में परम अभय, चरम शान्ति है? हे माँ! इसलिए अभ्युदय और निः श्रेयस्, भोग और मोक्ष का अपने दोनों हाथों से वितरण करती हो! यह सभी रहस्य अपनी नेत्रज्योति से देखा करती हो। दूसरा और कौन जानता है ? तुम्हारी जिह्वा बाह्यवत् इस अनात्मा का आत्मसात् करती है, और अन्त में स्फारनाद में प्रपञ्च का लय हो जाता है।

स्वाधिष्ठानप्रकाशो विमृशति च कथं स्वामनन्यां स्फुरत्ता
मीशं मायां सदाख्यं परमशिवपदे कञ्चुकांश्चापि
नाहं नेदं न चोभे न च भवति गिरः प्रत्ययश्चापि यत्र
तत्र प्रत्येति काली विलसति च मुदा नित्यकैवल्यतत्त्वा।। (जपसूत्रम)

अन्वय–स्वधिष्ठान प्रकाशः कथं स्वाम् अनन्यां स्फुरत्तां विमृशति (तुम्हारा स्वाधिष्ठान–प्रकाशस्वरूप अपी अनन्या अर्थात् अभिन्ना स्फूरत्ता का 'विमर्श' कैसे करता है। अर्थात् 'तुम' 'मैं','दृश्य' 'द्रष्टा' इस प्रकार की भेदात्मक स्फूर्ति कैसे करता है ? परमशिवपदे (हे परम शिव–पदस्वरूपा) सत् + आख्याम् ईशं (सदाशिव ईश्वर) मायां (माया) कञ्चुकान् (कञ्चुक अर्थात् कोश) (इन सबको) च अपि (भी) कस्मात् (कैसे) (प्रसूत करती हो ?) । यत्र न अहं न इदं न च उभे न च गिरः प्रत्ययः च अपि भवत (जहाँ न 'मैं', न 'यह', न ये दोनों रहते हैं, और ही वाणी का प्रत्यय होता है) तत्र काली प्रत्येति (वहाँ काली प्रत्यय करती हैं) नित्यकैवल्रूरूपा मुद्रा विलसति च (च नित्य कैवल्यस्वरूपा सामोद विलास भी करती है)।

भाष्य–पुनः प्रश्न उठता हैं 'माँ'! तुमने अपने स्वाधिष्ठान प्रकाश स्वरुप में किस प्रकार 'तुम–मैं' 'दृश्य–द्रष्टा' 'यह–वह' इन सब विचित्र स्फूर्तियों के रूप प्रस्फुटित कर रखे हैं!' किन्तु जहाँ, जो कुछ स्फूर्ति या प्रकाश है, वह सभी तो तुम्हारी ही स्वतः स्फूर्ति है, तुम्ही तो एकमात्र प्रकाश हो। तुम्ही हो स्वयं परम शिवपद हो, किन्तु किस प्रकार उससे सदाशिव, ईश्वर, प्रकृति, माया प्रभृति तत्त्वों की, कंञ्चुक 'कोश' की तुम प्रसूति बनी हो ? सुनते है तुम नियम कैवल्यारूपा हो अपने में भेद का कोई बीज नहीं रखती हो! क्या अपने संगोपन में 'मैं–तुम' रूपी भेद का बीज अपने में ही रख लेती हों ? तुम्हारे अगाध रहस्य में किसी वाच्य वाचक को गति या अवकाश नहीं है। तब भी हे काली! तुम अपने कलन में प्रत्यय या बोधरूप में,तत्त्व, वस्तु, सम्बन्ध के वेश में, अपने को दिखलाती हो, प्रकाशित करती हो। तुम चिति होकर भी विश्व–भुवन की पर चिति हो। और अपने कैवल्यस्वरूप में साक्षात् आनन्दरूपिणी हो शिवादि तत्त्व को लेकर नियत आनन्द–उल्लास किया करती हो।

चैतन्ये निष्क्रियेऽसौ शवशिवहृदि या प्रैधते शक्तिरूपा
सा शक्तिश्चेतयित्री चितिरिति दिता तामृते चिन्मृतेव।
यास्त तस्रो लहर्यः कृतिरतिमतयः सच्चिदानन्दसिन्धौ
ताभिः सद् यत्प्रमेयं प्रमितिरिति चिदानन्छ उल्लासराशिः।।

अन्वय–चैतेन्य निक्रिष्ये शवशिह्वदि या असौ शक्तिरूपा प्रैधने (चैतन्य की निष्क्रिय अवस्था में शव–शिव के हृदय में जो शक्ति प्रकृष्टरूप में वृद्धि को प्राप्त होती है। सा शक्तिः चेतयित्री चितिः इति गदिता (वह शक्ति चेतना देने वाली है, अतः 'चिति' कहलाती है) ताम् ऋते चित् सृतां इव (उस शक्ति के बिना चित् मृता जैसी रहती है, अर्थात् चिति नहीं बनती है) सचिदानन्दसिन्धां याः कृतिर तेमतयः ते

तिस्रो लहर्यः (सच्चिदानन्द सिन्धु में कृति, रति, मति रूप जो तुम्हारे तीन लहरियाँ है) ताभिः सत् प्रमेय ('सत्' उनसे प्रमेय बनता है) चित् प्रमिति ('चित्' प्रमिति या ज्ञान बनती है) आनन्द उल्लासराशिः (और आनन्द उल्लसराशि बनता है)। चतुर्थ चरण में 'यत्' पाद–पूरक–मात्र है)।

भाष्य–नित्यकैवल्य में भी हम तुम्हारा अपरूप विचित्र विलास देखते है। तुम्हारे पदतल में शव–शिव हैं। वह क्या केवल निष्क्रिय चैतन्य, निरञ्जन अधिष्ठान मात्र है ? किसी किसी मूर्ति में देखा जाता है, शिव बाहु के ऊपर भार देकर सिर को थोड़ा सा उठाए हुए हैं। क्या इस प्रकार के वक्रभङ्गी में सिर उठाकर तुम्हारी लीला के 'साक्षी' या द्रष्टा भी बनते है ? स्वरूप में रमणेच्छा के द्वारा तुम दिखा देती होकि तुम्हारे बिना चित् केवल चित् ही रहता है, चिति नहीं बनता। तुम्हारे बिना वह मूक, स्तब्ध आनन्द मात्र है, वहाँ उल्लास–विलास नहीं हैं। चैतन्य के अधिष्ठान में शक्तिरूपा तुम महोत्साह से, नाचती चलती हो। कौन कहता है कि वह शक्ति जड़, केवल दृश्य या भोग्या है ? वह चेतना की भी चेतयित्री या चैतन्यसम्पादनकारिणी है। वह चितिरूपा जगद्व्यायिनी चितिरूपेण या कृत्स्नमेतद् व्याप्य स्थिता जगत् है। चिति के बिना चित् शवशिव है मानो मुर्दे की भाँति है। तुम ही सच्चिदानन्द समुद्र में तीन लहरियाँ उठाया करती हो येथा ज्ञान, इच्छा और क्रिया। फलस्वरूप सत् ने ज्ञेय के आकार में सत रूप धारण किया। चित् की ज्ञान ज्ञातृरूप में चेतना हुई, और आनन्द तो अनन्त उल्लासराशिरूप में आनन्दी हुआ। इसरूप में सच्चिदानन्द का आत्मप्रकाश हुआ है।

आनन्दव्योमसान्द्रा त्वमसि शशिकला निष्कला या तुरीया
साऽऽद्या नैष्कल्यनित कलयसि च कलां शक्तितत्त्वादिरूपाम्।
उन्मेषे पूर्णिमोमा ध्रुवनिजलियेऽव्याकृताऽमास्यमेया
व्यक्तौ कायादिमुख्याः कतिविधकलनास्ते कला अम्ब कालि।। (जपसूत्रम्)

अन्वय–अम्ब कालि (हे माता काली) त्वम् आनन्दव्योमसान्द्रा शशिकला असि (तुम आनन्द व्यो की घनीभूत अवस्था चन्द्रकला हो) या तुरीया निष्कला सा आद्या (जो तुरीया और निष्कला है, वह फिर आद्या भी है) निष्कल्यनित्या शक्तितत्त्वादिरूपां कलां च कलयसि (नित्यनिष्कला हो, फिर भी शक्तित्त्वादिरूपा कला का कलन करती हो) उन्मेषे पूर्णिमा उमा (कला का उन्मेष होने पर तुम पूणिमा उमा हो) ध्रुवनिजनिलये अव्याकृता (अपने ध्रुव आलय में अव्याकृता अमा हो) व्यक्तौ अमेय असि (व्यक्त अर्थात् [illegible]कृति में तुम अमेया हो) कामादिमुख्याः कतविधकलनाः ते कलाः (तुम्हारी कलाएँ कामादि रूप में न [illegible] कितने प्रकार की हैं)।

भाष्य–सर्वश्रुति प्रसिद्ध जो आनन्दरूप आकाश है, जो [illegible] नहीं होता, जो पूर्ण और परम है, उसी आदि आनन्दव्योम में तुम कैसे [illegible] उदित हुई ? किस प्रकार तुमने स्वरूपतः नाद–बिन्दु–कलातीत [illegible] शक्तिकला का आकार धारण किया ललाट में यह शशिकला धारण किया? [illegible] सामरस्य में अच्युत रहकर भी तुम शिव शक्ति तत्त्वपादि कला में कैसे [illegible] में क्या तुम्हारी परम अचिन्त्य इच्छा का ही आविर्भाव सूचित होता है ? [illegible] कला की सम्पूर्णता होने पर तुम हो पौर्णमासि–रूपिणी उमा, [illegible] ध्रुव आलय में तुम नित्य अमारूपिणी हो। जहाँ समुदित समस्त कलानिचय [illegible] भी तुम क्या ललाट में शशिकला धारण करती हो ? एक ओर उमा दूसरी ओर [illegible] की सीमा। इन दो सीमाओं के बीच 'अ उ म्' मात्रात्रय से समुदित कामादिकला [illegible] असंख्य कलन कितन ही विचित्र परिणाम हैं, कौन उनका संख्यान या गणना करेगा ? ।।

ज्योतिर्व्योम्नि स्वकीये किरसि निजकणान् भास्करा ये महान्तो
नादज्योतिर्विलोम्याकलयसि लहरीः केन्द्रसान्द्रांच बिन्दून्।
धाराधरः स कालः क्रमलवविरही बैन्दवो यः क्रमेत
धत्से चोभौ स्वरूपेप्यनवरहने काल एवासि काली।।

([illegible])

अन्वय–स्वकीये ज्योतिर्व्योम्नि ये महान्तः भास्कराः [तान्] निजकरणान् किरसि (अपने [illegible] आकाश में तुम अपने कणों को फैलाती हो, जो कि महान् भास्कर के रूप में प्रकाशित [illegible]) नादज्योतिः विलोम्य लहरीः केन्द्र सान्द्रान् विन्दून् च आकलयसि (नादज्योति को [illegible] नादलहरियों को और केन्द्र में घनीभूत बिन्दुओं की सृष्ट करती हो।) स कालः क्रमलवविरही [illegible] धार (वह काल क्रमशून्य धारा का आधार–रूप है) यः बैन्दवः क्रमेत (वही काल बैन्दव रूप में [illegible] बनता है) उभौ च अनवरगहने अपि स्वरूपे धत्से (अपने श्रेष्ठ और गहन स्वरूप में तुम काल के इन [illegible] रूपों को धारण करती हो) काली काल एव असि (तुम काल–स्वरूपा काली हो)।

भाष्य–पूर्वश्लोक में हमने आनन्द व्योग या आनन्द रूप आकाश की बात कही है। [illegible] आनन्द व्योम है ? वह तो सभी ज्योतिों की ज्योति है। परम आश्चर्यमय ज्योतिर्व्योम में तुम्हारी [illegible] मानो सहस्र कणों में विच्छुरित होकर आन्तर और बहिर्विश्व में कितने ही महान् भास्कर [illegible] प्रकाश [illegible] रही है! अपने आनन्दज्योति रूप इस व्योम को स्पन्दित करके तुम बनती हो 'नाद' की लहरी। [illegible] है असीम और विस्तृत। उस असीम वितत नाद में परम घनी भाव की सृष्टि करके, अर्थात् उस विस्तृत नाद को उसकी चरम सूक्ष्म अवस्था में ले जाकार सङ्कुचित कर तुम 'बिन्दुरूप' धारण करती हो। [illegible]

एवं बिन्दु में तब तुम पूर्ण होती हो। और इन दोनों पूर्णो के बीच तुम कला–कला में लीलायित होती हो, निज की विवर्तित करती हो। नाद–बिन्दु की लहरें कोनों की ओर धावमान हैं। अर्थात् एक बार विस्तार–फिर संकोच एवं एक बार संकोच फिर विस्तार। इस प्रकार से एक बार विस्तार अपने को संङकुचित करना चाहता है, फिर संकोच अपने को विस्तृत करने का प्रयास करता है। यह जो परस्पर के बीच की गति या धावन है–यही जगत् है। धावन में भी तुम्हारी दो धाराएँ हैं, नादरूप में नित्य महाकाल, धारा, के आधार–रूप में वर्तमान। वह अक्रम का क्रमशून्य अर्थात् Succession या पारम्पर्य तब भी नहीं आया है। भग्नांशविहीन अर्थात् अखण्ड है। और वैन्दव रूप में तुम बिन्दु बनती हो। क्रम एवं अंशरूप धारण करती हो, पहले के प्रतीक के रूप में देखता हूँ तुम्हारे पतल में स्वयं महाकाल को और द्वितीयतः मुण्डमाला मेखला में देखता हूँ तुम्हारी बैन्दवी मूर्ति को। इसलिए तुम कालब्रह्म काली हो।

उदगीर्ण किञ्च जिहा त्वरयति कवलं केवलं व्याकृतं कि
साध्वी वाऽसृक्स्फुरन्ती दशनवररूचिश्चर्वणे व्याहृतानाम्;
अग्नीषोमार्कक्लृप्ता किमपि तब दृशौ व्यावृतव्यञ्जनाय
निर्व्यापारैकतत्त्वा कृतिहृतिभिर्व्यापृता व्यापिताभि।। (जपसूत्रम)

अन्वय–किञ्च उदगीर्ण व्याकृतं केवलं कवलं (कर्त्तु) कि जिह्वा : त्वरयति (तुमसे जो कुछ व्याकृत हुआ है, अर्थात् तुमने जो कुछ उदगीर्ण किया है या उगल दिया है, उसी को कवल बनाने के लिए क्या तुम्हारी जिह्वा त्वरा से प्रत्यनशील है!) साध्वी असृक्स्फुरन्ती दशनवररूचिः वा व्याहृतानां (चर्विताना) चवणे त्वरयति) (अथवा रक्त से रञ्जित तुम्हारी सुन्दर दन्तकान्ति क व्याह वस्तु के ही निगिरण अथवा चर्चित वस्तु के ही चवर्ण में व्याप्त है) मार्कनलुप्ताः तव दृशः अपि कि व्यावृत–व्यञ्जनाय (अग्नि, सोम अंक रूप तुम्हारे तीन नेत्र क्या 'व्यावृत अर्थात् जो विशेष रूप से आवृत है, उसके व्यांजन के लिए है ?) निर्व्यापारैकतत्त्वा व्यापिताभिः कृतिवृतिहृतिभिः कथं व्यापृता (तुम निर्व्यापारैकत्त्वा हो, अर्थात् पूर्ण ब्रह्मस्वरूपा हो, फिर भी व्यापक कृति, वृत्ति, हृति अर्थात् सृष्टि, स्थिति लय से क्यों व्यापृत हो ?)!

भाष्य–तुम अव्याकृत से कुछ व्याकृत होता है, अर्थात् तुमने जो कुछ उदगीर्ण कर दिया है, अथवा बाहर फेंक दिया है, उस सब कुछ की फिर अपने कवल में लाने के लिए ही क्या तुम्हारी रसना व्यापृत बनी हुई है? उसे क्या और कोई काम तुमने नहीं दिया है ? तुम्हारी रक्तरागरंजित दशनवररूचि दनत पङ्क्ति क्या केवल व्याहृत या सृष्ट वस्तुओं के ही व्याहरण में चर्वित के ही चर्वण में निरत है? तुम्हारी आदि व्याहृति क्या है–जिसे तीन या सात या अनन्त व्याहृतियों के रूप में तुमने प्रकाशित किया है? व्याहृति की ग्रन्थि सन्धि सब कुछ तुम्हारे चवर्ण में समीकृत है। तब क्या तुम्हारे दशन की रक्तच्छटा, जिस व्याहृति होम में सब वैगुण्यों का समाधान होता है, उस व्याहृति–होम की शिखा है ? फिर देखता हूँ तुम त्रिनयनी हो–अंर्क, अग्नि, सोम–ये तीन नयन क्या तुम्हाने रसन स्रुवा से चलने वाले

नित्यहोम के तीन होता हैं। क्या वे केवल इसी कर्म में व्रती है ? क्य सृष्टि स्थिति लय, नाभि–अर–नेमि, तुम्हारे इस महाकर्म के संकेत हैं ?

तुम हो निर्व्यापारैकतत्त्वा, पूर्णब्रह्मस्वरूप हो, तब अनन्त व्यापार में व्यावृत क्यों रहती हो? किस प्रयोजन से इतनी व्याकृति, व्यह्वति, व्यावृति की घटा है? क्या यह सब स्वाभाववशतः ही होता चलता है ? स्वाभाववादी तो यह कहत हैं कि सब कुछ अपने आप प्रकृति के कारण होता चलता है,किन्तु हम तो जानते हैं कि तुम जब तक निमित्त न बनो तब तक स्वभाव भी स्व अभाव बन जाता है। अर्थात् उसका भी अस्तित्व नहीं रहता। अतएव तुम्हीं सब कुछ का मूल हो।

जिह्वायां बैखरी वात् दति किमपि वसेन्मध्यमा स्फोटमध्या
पश्यन्तीं च त्रयीं कि व्यवसितमनुदृग्–ज्योतिषा स्वेन पश्येः
सौषुम्णं मध्यगा त्वं प्रविशसि कुहरं न्यस्यसि न्यस्तवर्णान्
मात्रा वाऽप्यर्धमात्राऽप्यमितपररवा नीरवा त्वं परा वाक्।। (जपसूत्रम)

अन्वय–जिह्वायां बैखरी वाक् (जिह्वा में बैखरी वाक्) स्फोटमध्या किमपि दति वसेत् (और स्फोट मध्या मध्यमा क्या तुम्हारी दन्तपंक्ति में रहती है ?) पश्यन्तीं च त्रयीं कि स्वेन व्यवसितमनुदृग–ज्योतिषा पश्येः (त्रयी या वेद रूपा पश्यन्ती को क्या तुम निश्चित मन्त्र और मान्त्रार्थ के रूप में अपनी नयनज्योति से देखती हो ?) मध्यमा त्वं सौषुम्णं कुहरं प्रविशसि (मध्यवर्तिनी होकर तुम सुषुम्ना कुहर में प्रवेश करती हो) व्यस्तवणार्न् न्यस्यसि (यथास्थान वर्णो का न्यास करती हो) मात्रा वाऽपि अर्धमात्राऽपि अमितपररवा त्वं नीरवा परा वाक् (मात्रा, अर्धमात्रा, पूर्णमात्रा और अमात्रा इन चार चरणों) द्वारा चलने पाली हे परा वाक् ! तुम अमित पर रवा अर्थात परात्परा और नीरवा हो।

भाष्य–जब वाक् की दृष्टि से देखता हूँ, तब सोचता हूँ कि तुम ने अपनी व्यक्त रसना में क्या बैखरी वाक् को प्रकाशित कर रखा है ? बैखरी वाक् है स्थूल स्फुटवाणी या व्यक्त शब्द। वाचिक, उपांशु और मानस रूप त्रिविध व्यवहार भी बैखरी के अन्तर्गत हैं। क्या तुमने अपनी ईषत् विस्फुट दशनपङक्ति पर उसी मध्यमा वाक् को प्रकाशित किया है जो मध्यमा बाहर की स्फुट दशनपङ्वि पर उसी मध्यमा वाक् को प्रकाशित किया है जो मध्यमा बाहर की स्फुट वाणी रूप में नित्य स्फीट के उतरण का सेतु स्वरूप है? अपौरूषेय त्रयी या वेदरूपा पश्यन्ती वाक् को क्या तुम साक्षादनुभवगोचर मन्त्र एवं मन्त्रार्थ के रूप में अपनी अकृपण, अकुण्ठित नयनज्योति से प्रकाशित किए हुए हो ! तुम बैखरी रूप का त्याग करते हये मात् कारूपिणी प्रथम निगूढा मध्यमा तनु धारण कर सुषुम्ना कुहर में प्रविष्ट हुई! उस के

फलस्वरूप चक्र–चक्र में, कमल–कमल में, प्रत्येक का वर्णमय मन्त्रविन्यास करती चली गई ! अन्त में महाकुण्डलिनीस्वरूपा तुम, परतत्त्व–सामरस्य के पथ पर अग्रसर होकर क्या अपने मुदित यन्त्र–तन्त्र को प्रस्फुटित, 'पश्यत्' या प्रकट रूप में प्रकाशित कर देती हो ? तुम कौन से अभिसार में चली हो! क्या परतत्व या परा वाक् की ओर नहीं चलती हो ? क्या स्वरूपतः परात्परा या परा नहीं हो ? तब भी हे परा वाक् ! तुम क्यों मात्रा, अर्धमात्रा, पूर्णमात्रा, एवं अमात्रा के चतुष्पाद में नियति ही चल रही हो? क्या तुम नाद, बिन्दु, ज्योति और आनन्द की विच्छिन्न धारा को मुक्त वेणी को पर संगम से युक्त करती हो ? क्या तभी तुम्हारा यह अशेष अभिसार है ?

वाग्दोहं धोक्षि तारं कलयसि च मनून् हुंफडादीन् समर्थान्
वौषट् स्वाहा स्वधैवं कतिविधमनवस्ते च विद्याः कियत्यः
लक्ष्मीर्वाणो च काली निजजिमनुगाः स्वस्ववर्णैः प्रकाश्याः
स्वैः स्वैस्तन्त्रैः प्रकार्यास्त्वमसि निजकृतौ कालिकाद्या स्वतन्त्रा।। (जपसूत्रम)

अन्वय–वाग्दोहं तारं धोक्षि (वाग्दोह–रूप ॐकार का तुम दोहन करती हो) हुंफडादीन् समर्थान् च कलयसि ('हूँ फट' इत्यादि समर्थ मन्त्रों का कलन करती हो), वौषट् स्वाहा स्वधा एवं ते कतिविधमनवः विद्याः च कित्यतः ('वौषट्''स्वाहा''स्वधा' इत्यादि कितने ही प्रकार के तुम्हारे मन्त्र हैं, ओर कितनी ही विद्याएं हैं) लक्ष्मीः वाणी काली च निजनिजमनुगाः स्वस्ववर्णैः प्रकाश्याः (लक्ष्मी,वाणी और काली अपने–अपने मन्त्रों द्वारा गम्य हैं और अपने–अपने वर्णो द्वारा प्रकाश्य हैं) स्वैः स्वैः तन्त्रैः प्रकार्या (वे तीनों देवियाँ अपने अपने तन्त्र द्वारा आकारित हैं) त्वं निज कृतौ आद्या स्वतन्त्रा कालिका अति (तुम अपनी कृति में स्वतन्त्रता हो, आद्या कालिका हो।)

भाष्य–तुम ने किससे निखिल वाक् के सार वाग्दोहरूप ॐकार का उस शान्तातीता परा वाक् से दोहन किया है? तुम तो केवल शान्ता नहीं हो, शान्तातीता हो इसलिए अपने को 'तृष्णीं नाद' के युग्म रूप में व्यक्त कर बिन्दु का मन्थन किया है। उसी मन्थन से ही अकारादि समस्त कलावर्णो का उद्भव हुआ। तूष्णीं हैं शिव! शिव है नाद! इन दोनों के मेलन से ही बिन्दु का मन्थन होता है, जैसे उत्तर और अधर अरणि के घर्षण से अग्नि का मन्थन होता है। उस के पश्चात्, तुम 'हुँ' 'फट्' इत्यादि कितने ही उत्सों के रूप में शक्ति का सोत खोल देती हो। तुम्हारी मन्त्रमयी महाविद्या कितनी असंख्या हैं। महाकाली महालक्ष्मी, महासरस्वती को तुम ने अपना–अपना मन्त्र,तन्त्र,यन्त्र दिया है। उसके मध्य से ही प्रकाशित और अकारित हुई है। यह दैवी सम्पत् तुम स्वयं किसी मन्त्र से किसी यन्त्र तन्त्र से पकड़ में आओगी, इसलि सर्वेश्वरी, स्वच्छन्दा, स्वतन्त्रा नहीं रही हो? अर्थात् तुम स्वतन्त्रा होकर भी हमारी पकड़ में आओगी।

ॐॐ•ॐॐ

कालिकोल्लास–5 (I)

इयं सा राधिका देवी मायया योनिरुपिणी
(कृष्णयामल)

अतिकान्ति कलापिनी, कामकेलि विलासिनी अम्बरावीत सर्वाङ्गी सर्वलीला विलास सदना पराशक्ति कालिका परमेश्वर में विलीन रहती है वही कौलो में शिवशक्ति का सामरस्य समझा जाता है यही कौल चित्त का भाव मय प्रकाश भक्ति अहलादिनी शक्ति का एक विशेषवृत्ति है। अहलादिनी शक्ति महाभाव रुप काली ही है। अनन्तानन्त शक्ति केन्द्रभूता आनन्द प्रधान ही काली है

हे मुक्तानन्द सुधानन्द अमृतानन्द भैरवी
वलयानां नूपुराणां किंकणीणां च सुस्वरम्
क्वचित श्रृङ्गारलीलाभिः
क्वचिद् वीररसेन वै
क्वचित करुणया हास्यरसै
रौद्ररसै क्वचिद्
अदभुतेन रसेनापि वीमत्सरसतः क्वचित्
भयानकरसे ताभिः कृष्णः क्रीडितुमिच्छति (कृष्णयामल)

शक्ति शक्तिमान मे श्रृङ्गार करुण, वीर, हास्य, रौद्र आदि सभी रसो का उन्मेष परिलक्षित होता है श्रृंङ्गार तथा अङ्गार दोनो रुप से माँ काली

पुं प्रकृत्यात्मिका सैव योनिलिङ्ग स्वरुपिणी (कृष्णयामल)

राधाकृष्ण शिव शिवा राघव राघवी लिङ्ग योनि रुप से ही यामल में वर्णित है शिव शक्ति सामरस्य अवस्था का द्योतक है अद्वैतामृतवर्षिणी निर्द्वय अद्वय द्वन्द्वातीत चरम्परमतत्व यह बुद्धयातीत विचारातीता ध्यानातीता अव्यक्ता स्वयं प्रकाश प्रख्या विद्युत गौरी ही है।

निष्कलत्व (वृक्ष की छाया सदृश) सकलतत्व वृक्ष सदृश इस अवस्था का प्रतिपादन वेद भी चकित हो कर करता है वहाँ मौन ही श्रेष्ठ है तन्न मौन एवं वरम् अतद् व्यावृत्या यं चकितमभिधत्ते

शाक्त निष्क्रिय निर्विचेष्ट आत्मा को नही मानते वे तो कर्तृत्व शक्ति से आत्मिका काली को सम्पन्न ही अङ्गीकार करते है हर अवस्था की अभिव्यक्ति ही शक्ति है समभाव साम्यभाव ही सामरस्य है विचित्र वैविध्य रुप समस्त विश्व हि प्रकाश विमर्श के अर्न्तगत है विमर्श की अप्रतिहत सामर्थ्य विश्रुत है

यामल या युगलभाव यही कौलतत्व कौलिकेन्द्र और कौलिनी का युगनद्ध अद्वय स्थिति है शक्ति ऐश्वर्य,उद्यम,स्पन्द स्वातन्त्रय स्फूर्ति उर्मि ओजस कला यह सब काली विमर्शरुपा के पर्याय है आत्मविमर्श रुपिणी चिति भगवती यह अखण्ड एकरसा,अविपर्यासित अव्यभिचरित शक्ति राजधानी है शक्ति नगर की रानी शक्ति अनुत्तरानन्दचिति इच्छाशक्तिनियोजिते (श्री तन्त्रालोके)

नित्यानुकूल भावमयी चिदवस्था है
स्वातन्त्रयमानंद आनन्द शक्ति
स्वतंन्त्रता ही आनन्द का आनन्द तत्व है। (तंत्र सारे)

आनन्दः स्वातन्त्र्यम् स्वात्मविश्रांतिरुपा

युगल भाव बिना आनन्द उल्लसित नही होता

तस्मादेकाकी न रमते स द्वितीयमैच्छत्

निधर्मक ब्रह्म अकेले ऊबगया रमण न कर सका उसने जाया मे स्यात् (मेरे स्त्री हो जाय)सोडकामयत् उसने द्वित्व की कामना किया जाया च पतिश्च

पुमान जायन्ते पुत्र रुपेण अस्यां इति जाया

पुरुष जिसमें पुत्र आदि रुप से उत्पन्न हो उसे जाया कहते है परमदशा अविभक्ता है वहाँ द्वित्व बहुत युगलत्व नही है वह रुपवती है अरुपा हो कर और कलावती है निष्कला हो कर विश्वतीता विश्वोर्त्तीर्णा तथा विश्वात्मक भी है यही शाक्त दर्शन सम्मत है

यदा शिव शक्तयुन्मुखः शक्तिश्च शिवोन्मुखी तदा शिवशक्तोः सामरस्य यामलावस्था भवति यही अर्द्धनारीश्वर की स्थित है एकरुपा एकस्थिता एकप्राणा एकभावापन्न बभूवः इस सामरस्य के भङ्ग होने पर क्रमगत विश्व का प्रादुर्भाव होता है शिवांश साक्षी रुप से रहता है साक्षी अपरिणामी एक है किन्तु शक्ति प्रसरात्मिका संकोचात्मिका होकर प्रसूति सम्पादन करती है

स्पन्द बिन्दु को स्पर्श करता है बिन्दु द्वय रेखा का निर्माण करते है रेखा तीन हो कर त्रिकोण रुप जगद् प्रसवयित्री योनि हो जाती है यही आधार भूता सर्वकार्यकारिणी स्पन्दनात्किा नित्यकार्यकारिणी क्रिया रुपा काली है।

सा एव शुक्लवर्णा वाणी सरस्वती
सरो नीरं तदवद् रसो यस्याः सा सरस्वती।

जल की तरह प्रसरणशीला भक्तरसनाग्र नर्तकी, भक्तरसनाग्रसदना सरस्वती धवलाङ्गी धावन शीला है

पीत वर्णा भुवनेश्वरी है

चौदह भुवनो की स्वामिनी ह्रीङ्कार बीज भूता भुवनेश्वरी दामिनी द्युति पीताभाः है तनु काञ्चनमञ्जरी राधा रक्तवर्णा त्रिपुरसुन्दरी राजराजेश्वरी दामिनी षोडसी पराबाला अरुणाक्षी जीवन साक्षी श्याम वर्णा कालिका सर्वतो अधिका है गम्भीर दुखगाह्रय श्याम वर्णा कालिका सर्वतो अधिक है।

सर्वान्तर्यामिनी–सदा जनानां ह्वदि संनिविष्टा।

कृष्णोऽपि शक्तिरहितः कर्त्तुं शक्तो न किञ्चन।
तस्यापि शक्तिरुपाहं राधिका सर्वतोऽधिका।। (कृष्णयामले)

कृष्णे ब्रह्मणि राधायामषीदभेदो न विद्यते।
एकमेवाद्वयं ब्रह्मेत्युच्ते ब्रह्मवादिभिः।। (कृष्णयामले)

स्वेच्छया स्वभित्तौ विश्वमुन्मीलयति (आगमे) स्वेच्छया अपनी भित्ति पर विश्व को विस्तार कर देती है निमित्त और उपादान स्वतः है स्वयं लीला द्रष्ट्री स्वयं ही अभिनय स्वयं ही अभिनेत्री की प्रेक्षिका भी है नृत्य मे जैसे नर्तकी ब्याप्त है वैसे सृष्टि में सृष्टिकर्त्री व्याप्त है

'जग पेरवन तुम दरवनि हारा' सृष्टिकर्त्री और सृष्टि द्रष्ट्री भी वही है काञ्ची मे कामाक्षी रुप से केरल मे कुमारी रुप से गुजरात में अम्बा रुप से प्रयाग में ललिता रुप से, वाराणसी में विशालाक्षी रूप से, गया में मङ्गवलावती, के रूप से, नेपाल में गुह्येश्वरी के रुप से, बिन्ध्याचल में विन्ध्यवासिनी के रुप से, आसाम में कामाख्या रुप से, बंगाल में दक्षिणा कालिका रुप से अवस्थित है।

एकज्जयोतिरमूद्वेधा राधामाधवरुपकम् राधा माघव एक ही ज्योति के दो विभाग है

राधा सङ्गे यदा भाति
तदा मदन मोहनः।
अन्यथा विश्वमोहेऽपि
स्वयं मदन मोहितः।।

राधा सहकृत श्याम सुन्दर मदन मोहक है अर्थात मन्मथ को भी मोहित कर लेते है राधा से विलग होते ही श्याम सुन्दर स्वयं मदन से विमोहित हो जाते है। जैसे पूर्णिमा राका को हि निर्मल निष्कलङ्क चन्द्र का अमृतमय दर्शन सम्भव है। गहवर्त्त नाभ्यावर्त केलिकल्लोल तरङ्गिणी धवलांगी धावनशील राधा के बिना ब्रज राजकिशोर का दर्शन अशक्य है गौराङ्गी राधा की काया स्थानीय आत्मा की छाया

श्याम प्रतीत होते है आत्मा तु राधिका प्रोक्ता भाया रतः भारतः (जो प्रकाश मे रत) भारत को भारत माता कहा जाता है एतर्थ पूरा भारत शाक्त ही प्रतीत होता है। अमेरिका या ब्रिटेनादि इतर देशो के साथ मातृत्व की विवक्षा श्रवण गोचर नही होती है।

जय जय गिरिवर राज किशोरी
जय महेश मुरव चन्द्र चकोरी
जय गजवदन षडाननमाता
जगत जननी दामिनी द्युतिगाता
भव भव विमव पराभवकारिणी
विश्व विमोहिनी स्ववस विहारिणी
देवि पूजि पद कमल तुम्हारे
सुर नर मुनि सब होहि सुखारे (श्री राम चरितमानस)

देवेन्द्र दानवेन्द्र वन्द्य पादारविन्द सुर असुर के कीरीट (मुकुटशीर्ष) से चुम्बित पाद नियन्तृत्वादन्तर्यामि संज्ञा भवती सर्वनियमकिा भगवती मुक्त केशी

है विकिरिद्रा–विविधान् कीरीन् उपद्रवान
तान द्रावयति इति विकिरिद्रा

नाना उपद्रव द्रावक होने से विकिरिद्रा शब्द व्यवहृत होती है भक्त एकान्त मे जाते नही वही स्वतः एकान्त रुप हो जाते है कालकान्ता मे सब का अन्त ही एकान्त है भक्त का हृदय निर्जन होता है कौलो का निजगृह श्मशान है अरे तत्वजिज्ञासा के लिए नचिकेता यम सदन अर्थात मृत्यु के पास गया जीवन असुरक्षित सा है मृत्यु सुरक्षित सी लगती है

मरो हे योगी मरो मरो मरण रस मीठा।
तिस भरणी मरो जिस मरणी गोरख डीठा।।

कब्र चाहे जितना दूर बनाओ मृत्यु तो गॉव मे घटेगी कोटि कोटि चिता

चीयन्ते काष्ठादीन भूमौ

इति चिता मुझ आत्मस्वरुप मृत्युञ्जय को जला नही सकते अहंग्रहोपासना प्रकार है युवा आकांक्षा करता है मै वृद्ध न होऊ पर नदी के तट पर बैठकर यह सोचना की नदी न बहे कैसे हो सकता है

दीयेरोज बुझते है पर अग्नि शाश्वत है। मृत्यु महात्मा है जो उसे देखे या जान लेता है वह परमात्मिका अमृतरुपा की खोजने लगता है ध्यान मन की मृत्यु है अमृताश्यामा की सघन श्यामल स्निगध छाया की खोज।

या देवी सर्वभूतेषु छाया रुपेणु संस्थिता
छिनत्ति असारं इति छाया (छाया श्याम वर्णा काली ही है)

तेरा चिन्तन तुझको टटोलना ही है पर तू तो अबूझ पहेली अचिन्त्या है क्रीं कुञ्जी भब्य काली महल की दूर नही जाना है डूब जाना है अपने मे ही जो पुरुष ज्ञानी उन्हे क्या मोक्ष से मतलब वे अपने आप मे ही आप अपनी सैर करते है।

यदानन्द सिन्धौ निग्मनः पुमनस्यात्।
अविद्या विलासः समस्त प्रपञ्चः ।।

तू ही गन्ता तू ही गन्तव्य भोक्ता भोग्य और प्रेरयिता तुम्ही हो माँ मै अन्न हूँ भोग्य हूँ तुम भोक्ता बन कर मै अपने आपको निवेदनीय नैवेद्य रुप से समर्पित करता हूँ। ए बार तोमाय खाबो अहमन्नम अहमन्नादः (तैतरीयोपनिषद) भक्त भगवान को आत्मसात करना चाहता है

तस्वीर तुम्हारी मेरे दृग में।
जैसे कस्तूरी रहती मृग में।।

प्रियतम छविनैन वसी आँख की पुतरियाँ काली है काली भी कारी है जैसे अन्धे को सर्वत्र अन्धकार इपाश्यामा –तत्वतः सकृददिवस रुपा भी है

न स्वर्ग ही कुछ बोलता
न नर्क द्वार खोलता
हर आँख में आँख डाल
तस्वीर तेरी टटोलता

दीपक जला तेरे नाम का (माँ काली) कुए का पानी सदा सदा के लिए तृषा को व्याकोप कर देती है ऐ तृषा निवर्तिका तृषा रुपा माँ–आन्तरिक उदभाव ही पूजा है

हजारो नूर उसी की हसरते दीदार पर कुरबाँ।
कि जिसकी जिन्दगी ही हसरते दीदार हो जाय।।

तत्व रुपी काली से मिलना ही जिसका जीवन हो जाय उस पे नूर न्यौछावर है।

अब जाके आरजू का मुकम्मल हुआ नक्श

सब मानने लगे कि मै दिवाना हो गया

तेरा कोई सहज मार्ग नही अदम्य साहस चाहिए हिमालय से अनन्तगुना ऊँची हो और सागर से अनन्त गुणित गम्भीर रम्य नील वर्णा सागर मैं लहरो की हलचल अजस्त्र रुप से तुम्हारा संकीर्तन प्रतीत होता है।

मस्त करना है तो खुम से मुह लगादे साकी।

तू पिलायेगा कहाँ तक मुझे पैमाने से।।

खुम–मद्य भरी सुराही

शुष्क नदी नदीनाथ (समुद्र तक जा भी नही सकती है)

वे गोता कैसें मिलता हमे गौहरे मुराद।

हम तैरते रहे सदा लहरो के झाग पर ।।

गौहरे मुराद (अभीष्ट प्रिय) अब तो इस मंजिल पे आ पहुँचे है तेरी चाहत मे खुद को तुझको खुद मे पाते है

आँख की अर्न्तदशा को काजल क्या जाने

मोर के मन के नशा को बादल क्या जाने।

जो अपने ही मधुर झंकार पे ही मुग्ध है

पाँव कितना कसा है पायल क्या जाने।

आभ्यन्तरीण भाव प्रवाह समुल्लिसित हो रहा है अर्न्तमाया मृण्यमय को चिन्तमय में रुपान्तरित करता हुआ अखण्डित घनाकार काली सर्वत्र व्याप्त है अन्य के लिए अवकाश ही नही

ब्रह्मादयः सुरगणाः कथमत्र सन्ति

स्वर्गादयः वसतयः कथमत्र सन्ति।

यद्येकरुपममलं परमार्थ तत्वम्

ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम्।।

ब्रह्मा आदि सुरगण यहाँ कैसे है स्वर्गादि वस्तियाँ यहाँ कहाँ–यदि एक रुप अमल परमार्थ तत्व शिवा–ज्ञानामृत समरस गगन सदृश मै ही हूँ

सत्यमूर्ति दुर्गा रज मूर्ति सिंह पर आरुढ होकर तमस्वरुप महिषासुर का उद्‌भेदन करती है। करुणा को करुणा आ जाय भक्त के ऐसे सान्द्र क्रन्दन से अकारण करुण करुणा वरुणालया भक्त की ओर उन्मुख हो जाती है अवारित आँचल का प्रसार और छाया प्रदान करती है

आह जाती है फलक पे रहम लाने के लिए।

बादलो हट जाओ दे दो राह जाने के लिए ।।

काली भुजंडगप्रयातस्तोत्र में उन्मादमुरली, लिए हुए है।

करे उन्मादमुरली

कण कण में छण–छण में सान्द्रोन्माद परम्परा का प्रवाह करती है।

रुन्धन्नम्बुभृतश्च मत्कृतिपरं

जय हो भूतेशगृहणी

रु–धन्नम्बुमृतश्चमकृतपरं कुर्वन मुहुस्तुम्बरु
ध्यानादन्तरयन् सनन्दनमुखान् विस्मापयन् वेधसम।
औत्सुक्यावर्लिभिर्बलिं चटुलयन भोगीन्द्रमाघूर्णयन्
भिन्दन्नण्ऽकटाहमित्तिममितो ब्रभ्राम वंशी ध्वनिः।।

जब वंशी वजती है तो बादलो का गतिरोध हो जाता है संगीत सम्राट तुम्बरु गन्धर्व बार बार चमत्कृत हो उठते सनक सनन्द आदि के हृदय मे रस समुद्र उमड़ने लगता है वे अपनी सब धारणा छोण बैठते ब्रहमा चकित स्तम्भित विस्मित हो कर कहने लगते है मेरी सृष्टि में इतना माधुर्य कहाँ रसाताल के एकछत्र अधिपति दैत्य राजा बलि का चित्त उत्सुकता की परम्परा से आस्थिर हो जाता है। शेष नाग आघूर्णित होने लगते है अनन्त कोटि ब्रहमाण्डो का घेरा तोड़ फोड़ कर सम्पूर्ण जगत में परिव्याप्त हो जाती है यह वंशी ध्वनि।।

ततः शक्तिखट्‌वांगमुण्डं भुशुण्डीं
धनुश्चक्रघण्टा शिशुप्रेत शैलान्
ततो नरकंकाल बभ्रूरगोन्माद
बंशी तथा मुद्‌गरं वह्निकुण्डम् (काली भुजडग प्रयातस्तोत्र)
वंशी धरं कृष्णदेहं द्वापरे संञ्चकारह (महाकाल)

काली द्वापर में वंशीधर कृष्णरुप बन गयी थी हृदयदंशी ये वंशी उन्मादित करती उन्माद मुरली शैलान् विद्रावयस्तैः प्रकटयति परं वाचमोऽकारयोनिम्

यह उन्मादमुरली पाषाण खण्डो को नवनीत की भाँति विगलित करती हुई वाग् योनिपरावाकरुप ओङ्कार संध्वनि करती है

उन्मादवेणुहस्ता–काली

त्रैलोक्यसौन्दर्य सार यौवन से गर्विता काली–स्वच्छ शीतांशुशकल से समलडकृता केलिबल्लभ महाकाल के साथ

अनङ्गाकुलायै विद्महे मदनातुरायै
धीमहि तन्नः कामकलाकाली प्रचोदयात्।।
कामकलाकाली का गायत्री मन्त्र है

महाभैरवी योगिनी डाकिनीभिः,
करालाभिरापाद लम्बत्कचाभिः।
भ्रमन्तीभिरापीय मद्याभिषास्रा
न्यजस्र समं सञ्चरन्तीं हसन्तीम्।।
महाकल्पकालान्तकादम्बिनीत्विट्
परिस्पर्द्धिदेहद्युति घोरनादाम्।
स्फुरद्द्वादशादित्य कालाग्निरुद्र
ज्वलद्विद्युदोघ प्रभा दुर्निरीक्ष्याम्।। (काली भुजङ्ग प्रयात् स्त्रोत)

विलसन्नू पुरां देवीं ग्रथितैः शवपञ्ज़रै से ग्रथित लोकोत्तर नूपुर या गुह्यकाली सैवेयं काली कामकलाभिधा

जो गुह्य काली है वही कामकला काली है
हसन्तीं चरन्तीं डाकिनी षष्टि कोटिभिः

महाभैरवी (भीषणप्रणाद करने वाली है) योगिनी चतुषष्ठि (६४) पदोलक्षित असंख्य) और मारण रुपाहास्यहीना डाकिनीयो के साथ पादपर्यन्त लम्बायमान इन्द्रजालरुप कच(मानो अलि कुलमाला प्रकम्पित और संचूर्णित केश इषात् स्रवति (ईख की विशिष्ट) मदिरा आमोद से अजस्र अश्रान्त संचरण और हास्य युक्त प्रतीत होता है प्रलय कालीन मेघो से भी ज्यादा काले मेघो से बनी देह वाली मेघांड्गी घोर घोषात्मक नादरुपा–द्वादश आदित्य स्फुरणशील कालाग्नि रुद्ररुपा (भगवती) संज्वलित विद्युत सत्यस्यात्मा विद्युत

(सत्य की आत्मा विद्युत है) ओघ प्रवाहा सदृश दुर्निरीक्ष्य प्रतीत होती है विद्योतन करती हुई संविद प्रकाश रुपा चिदग्नि कुण्ड में उल्लास विकास प्रकाश मयी काली

जब भी छाती है मयकदे पे घटा
तेरे बालो की याद आती है।

ध्यायतीव लेलायतीव

लेला खेला विलास करने लगती है मानो निज कालकान्त का ध्यान कर रही है कालकान्ता स्वमुखाम्बुज स्रवित कान्ति सुधा से स्नात प्रतीत होती है जिसके द्वारा समस्त चित्त धर्म देह धर्म विगलित हुआ जा रहा है उस लावण्यसारसर्वस्व से मानो श्री काली विग्रह रचित है।

"स्मरमदनमाङ्गल्य गृहतोरण चिल्लिका"

मुखाम्बुज कामस्मर मदन का मंङ्गल सदन है ओर भ्रू लता मानो सदन पर तोरण द्वार है

"वक्त्र लक्ष्मी परिवाह चलन्मीनाभ लोचना"

मुख सौन्दर्य सरोवर है नेत्र द्वय चञ्चल मीन है

परिवार सरोवर–छविसुधापयोनिधि

ह्रीङ्कारध्वनिकण्ठ कोकिलकूहू प्रोल्लासचूत द्रुमम् मानोश्यामाँ कोयल होकर आम्र शाखाओ पादप पर चढ़कर ह्रीङ्कार ध्वनि कर रही है ह्रीङ्कार रुपी पञ्जर में शुकी (तोतिन) हो कर माँ त्रिपुरसुन्दरी राजराजेश्वरी श्यामाँ

शुकी के बिना पिञ्जडा निरर्थक

ह्रीङ्कार हिमवद्ग गङ्गा की भाँति भगवती ह्रीङ्कार रुपी अम्भोज पर भृङ्गिका बनकर ह्रीङ्कार रुपी उद्यान में केकिनी मयूरी बनकर फल फूल मय उद्यान ह्रीङ्कार है वहा पर मयूरीरुपा लयहीनलसत् तनु गौरी माँ लग्न चामर हस्त श्री शारदा परिवीजिता सरस्वती और लक्ष्मी हाथो में चवँर लिए भगवती का वायु सुख प्रदान करते है

गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम् अर्थात मन के खोह में काली रहती है तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरा।

अन्तस् में चित्ति संघान
रामा रमण लम्पटा

लम्पटा–लं पृथ्वी बीज है पट–आवरक है

गह्वर्त मे मणिमाणिक्यमुक्ता
आवृत किये हुए है

वसूनि रत्नानि धारयति इति वसुधा (इति वसुधा)

हानिवृद्धिविवर्जिता न कमर्णा वर्धते नोकनीयेति न कर्म से विवृद्ध हो और न उपक्षीण हाकिनी शक्ति कपालिप्राण नायिका सर्वात्मिक आत्मिका आत्मस्वरुपिणी

यच्चाप्नोति यदादत्ते यच्चात्ति विषयानिह।
यश्चास्य सन्ततो भावस्तस्मादात्मेतिगीयत।।

जो व्याप्त करके है जो ग्रहण किया जाता है जो यहाँ विषयो का भोक्ता है जिसका सतत भाव रहता है इसलिए आत्मा गाया जाता है इश्वरोत्सङ्ग निलया–उत्सङ्ग जङ्घा ईश के जघन प्रान्त पर निलय और इश भी निजकान्ता वक्षोजैक निलय है

जय काली कल्याण करी
खेलति ब्रहमाण्डे काली
खेलति पिण्डाण्डे काली

श्रयते हरिम् या सा श्री (श्रिञ् सेवायाम्) जो भगवान की सेवा करे वही श्री देवी है उत्कट उत्कठा पूर्ण प्रियतम् परिष्वङ्ग ही उत्कृष्ट सेवा है विजातीय प्रत्यय निरासपूर्वक सेव्याकारा कारति मानसीवृत्ति प्रवाह ही सेवा है श्री ने जिसे पूर्ण दृष्टि से देखा वही सर्वेश्वर हो गया और जिसे अल्पदृष्टि से देखा वही जीव हो गया

श्रीयते सर्वेगुणैर्या सा श्री

अगणित गुण गण जिसे भजे आराधना करे वही श्री म्रदिमा–कोमलता की अधिष्ठात्री विग्रहवती अति कोमलाङ्गी है उनके पाद पद्य में कमल की पंखुड़िया कर्कश (गड़ना) प्रतीत होते है कहते हे पंङ्कज का पराग चुभता है ऐसी लोकोत्तर मसृणता कुसुमकोमलता श्यामामाँ की श्रीयते सर्वेर्जगद्‌भिः स्थावरैः जङ्गमैष्च या सा श्री स्थावर और जङ्गम सभी जिसका समाश्रयण करे वह श्री माता जी है

ब्रह्मदयो बहुतिथं यदपाङ्गमोक्षकामस्तपः समचरनः भगवत्प्रपन्नाः।
साश्री स्ववासमरविन्द वन। विहाय यत्पादसौभगमलं भजतेऽनुरक्ता।। (भागवत)

जिनका कृपा कटाक्ष प्राप्त करने के लिए ब्रह्म आदि देवता शरणागत हो कर बहुत दिनो तक तपंस्या करते रहे वही लक्ष्मी जी अपने निवास स्थान कमलवन का परित्याग करके बड़े प्रेम से जिनके चरण कमल की शुभग छत्रछाया का सेवन करती है।

ब्रह्म रुद्र इन्द्र आदि देवाधिदेव अनन्त काल तक तपस्या करते है इस दृष्टि से कि श्री जी अनुग्रह भरी दृष्टि से निहार दे क्योकि उनकी दृष्टि उनकी आँखो में ही चमत्कार है

श्रीयते श्री कृष्णेनापि (हरिणाऽपि) या सा श्री

हरि स्वयं ही जिसकी आराधना करते है वंशी में और क्या गाते है।

शृ हिसायाम् श्रृणाति भक्तानां
दोषान् हिनस्ति इति श्रीः

श्रु श्रवणे धातु से श्री बनता है
श्रृणोति भक्तानां दुख गाथाः

श्रुत्वा च भगवन्तं श्रावयति इति श्री जो भक्तो का दुख गाथा को सुनती है फिर भगवान को सुनाती है वे हैं श्री।

"बन्दे विदेह तनयापदपुण्डरीकं"

श्रीञ पाके श्रीणाति परिपक्वान करोति शुभगुणान इति श्री।

विवेक वैराग्यादि गुणगणो को परिपक्व कर देती है श्री सीता जी श्री हनुमान से बोली

पापानां वा शुभानां वा वधार्हाणामप्लवंगमः वा।
कार्य कारुण्यमार्येण न कश्चिन्ना पराध्यति।।

श्रेष्ठ पुरुष को चाहिए कि कोई पापी हो या पुण्यआत्मा वे वध के योग्य अपराध करने वाले ही क्यो न हो उन सब पर दया करें क्योकि ऐसा कोई भी प्राणी नही है जिससे कभी अपराध ही न होता हो नाम्यावर्त काम दहन कुण्ड है या शङ्कर के ध्यान की गुफा है श्रीमन्न नगर नायिका श्रीमत् त्रिपुर सुन्दरी सच्चिदानन्द सिन्धु है उसमें चिन्मय मणि द्वीप है उसमें चिन्तामणिमय भवन है एक दिव्य सिंहासन है क्रमशः ब्रह्म विष्णु रुद्र ईशान आदि उसके चार पाँव है फलक राजराजेश्वर सदा शिव है उनकें पर्यङ्कपर सिन्दुरारुण विग्रहा श्रीमत् त्रिपुर सुन्दरी समासीन है देवाधिदेव इन्द्र पीक दान है ललिता ताम्बूल उद्‌गीर्ण करती है।

क्वणत्–कञ्चीदामाकरिकल भकुम्भस्तन नता
परक्षीणा मध्ये परिणत शरच्चन्द्र वदना।
धनुर्बाणान् पाशं सृणिमपि दधाना करतलैः
पुरस्तादास्तां नः पुर मथितुराहो पुरुषिका।।

सुधासिन्धोर्मध्ये सुर विटपि वाटी परिवृत
मणिद्वीपे नीपोपवन वति चिन्तामणि गृहे
शिवाकारे मञ्चे परम शिव पर्य्यङ्क निलायाम्
भजन्ति त्वां धन्या कति चनचिदानन्दलहरीम्।।

भाषा में पद्यानुवाद–

मुखरित काञ्ची कृश कटि शोभित
करि कलभो के कुम्भ समान कुच
युग सें कुछ झुकी हुई मुखशरचन्द्र
कें सम छविमान चारो कर कमलो
में धारे अदभुत पाशांकुश धनुष
वाण करै शम्भु पुरुषत्व बोधनी हमें
सदा निज दर्शन दान सुधा सिन्धु
के मध्य कल्प वृक्षो की वाटी से
वेष्टित मणि द्वीप में नीप वनो के
चिन्तामणि गृह में सज्जिता

शिवाकार–मञ्च–स्थित पर शिव पर्यङ्कोपरि शोभा वान
चिदानन्द लहरी तुमको है भजते कोई धन्य सुजान।।

नानानिगमागमाऽनुयायी श्री तुलसी दास के शब्दो में–

रंग भूमि जब सिय पगु धारी
देखिरुप मोहे नर नारी
सियहि बिलोकि धीरता भागी
रहे कहावत परम विरागी

ऐ हूँ हूँ कारा पतङ्गिनी ज्वलदङ्गार कलिका महाभीषण भुजङ्ग के वलय(चूड़िया) सिंह गोमाय प्लवङ्ग केशरि भल्लूक मनुष्य गरुण हाथी मकर और तुरगानन (अश्व) ये तेरे दश मुख गुह्य काली के रुधिरार्णव में रक्तबालूकामय द्वीप पर निवास करने वाली गुह्य भाग का पतन स्थल नेपाल पीठ हुआ वहाँ इकार की उत्पत्ति हुई वाममार्ग का मूल स्थान है छप्पन लाख भैरव भैरवी दो हजार शक्तियों तीन सौ पीठ और चौदह श्मशान सन्निहित है भक्तजनमनोरथदोहिनि माँ गुह्येश्वरी वेद उपवेद अष्टदिक पाल पञ्चप्रेत रुप सिंहासन पर संसरुढ़ कालिका कोटि कोटि मालामन्त्रमय दिव्य कलेवर माँ कालिका है त्रयस्त्रिशत् कोटि (३३करोड़) दिव्य शस्त्र का रणाङ्गण में संधान करती है हे रण पण्डिते रणविशारदे शत्रुपक्षक्षति प्रीता शत्रु पद्धति खण्डनी कोटि कोटि कण्ठो से समर में प्रणाद करती कालिका

दंष्ट्राकरालनि च ते मुखानि
दृष्टैवकालान संनिभानि।
दिशो न जाने न लभे
च शर्म प्रसीद देवेश जगन्नि वासः।। (गीता)

दष्ट्रा (बड़े दशंक दन्त) से कराल विकराल कालानल (प्रलय कालीन अग्नि के तुल्य) भयंकराणि करालानि भय वश दिशाओ का पूर्वापर विवेक शून्य हो गया।

वक्त्राणि ते त्वरमाणा विशन्ति
दष्ट्रा करालानि भयनकानि

केचिद्विलगना दशनान्तरेषु सन्दृश्यन्ते चूर्णि तैरुत्तमाङ्गै

वक्त्राणि–मुखानि

एते सर्वे त्वरमाणा धावन्तः
दष्ट्रा–दंश+ष्ट्रन प्रत्यय अर्थात विकरालदाँत
दष्ट्राभि करालानि भयंकराणि
तेषा मध्ये (दाँत के बीच मे)
केच्चिूर्णीकृतैरुत्तमाङ्गै

(शिर चूर्ण होकर किसी का)

शिरोभिरुपलक्षिता

दन्तसंधिसु संश्रिष्टाः संदृश्यते भक्षित मासमिव (खाये हुए मांस की तरह)

हे प्रलयाब्धि समग्ना–प्रलयाब्धि विहारीणि प्रलय समुद्र में काल कान्ता का विहरण है मानो भयका घट ही फूट गया मुहँ के भीतर दाँतो और दाढ़ो की अत्यधिक भीड़ हो गयी प्रलय काल में शस्त्रो की बाढ़ मानो अमा की रात्री में काल रात्री अपनी अगणित सैन्य शक्ति के संङ्ग विश्व को ग्रसनशील विश्वग्रासा कालिका निर्गीर्ण कर रही है जिस प्रकार बादल आकाश में अदृश्य हो जाते है उसी प्रकार अगणित सेना वाहन शिरस्त्राण कवच भगवती विश्वरूप के मुहँ में निलीन हो जाती है शत्रुसंवर्ग के योद्धाओ का मुकुट विहीन मस्तक दोनो होठो के बीच पिस रहा है।

लेलिह्मसे ग्रसमानः समन्ताल्लोकान्समग्रान्वदनैर्ज्वलदभि।
तेजोभिरापूर्य जगत्समग्रं मासस्तवोग्रा प्रतपन्ति विष्णो।। (गीता)

लेलिह्मसे–आस्वादयसि

लोकान्समग्रान्तानवदनैर्वक्त्रैर्ज्वलद्भिः
दीव्यमानैस्तेजोभिरापूर्य

दीप्तयस्तवोग्राः क्रूराः प्रतपन्ति प्रतापं कुर्वन्ति सर्वान एतान् वीरान्

लेलिह्मयसे–अतिश्येन भक्षयसि किंवा भूयो भूयो–अतिशयेन आस्वादयति प्रतपन्ति–संतापयन्ति जैसे दरिद्र अकाल पड़ जाने पर जीभ चाटता है सारे विश्व का भक्षण करने के बाद भी जीभ लपलपा

रही है कलयति भक्षयति सा काली कुछ अवशेष खाने को बचा नही एक ही घूट में समुद्र पी जायेगी पर्वता कार एक ग्रास(कवल) समस्त पृथ्वी को फुटबाल की तरह कई बार पटक देगी जिस प्रकार इन्धन (लकड़ी) डालने पर अग्नि संदिप्त होती है उसी प्रकार विश्व चर्बण के अनन्तर क्षुधा क्षुधेश्वरी महा काली महामारी क्षुधा तृषा माँ काली विवृद्ध हो गयी ।

हे एक वीरा त्रिभुवन तुम्हारे मुह में वड़वाग्नि में पड़ा कैथा के तुल्य जान पड़ता है अगणित मुख है जैसे चारो ओर दावनल फैल जाय और उसमे मृगी फस जाय ऐसे तुम्हारे मुँह में विश्व प्रतीत होता है सारे संसार की मारण तारण रुप

होली खेलती (कमलाकान्त)
रणे चले द्रुतगति गजगरा

दहन भैरवी ही विश्व के श्मशान होने पर अट्यहास करती हुई अवशेषविशेषातीत

दहन पवन हीनं विद्धि विज्ञानमेकम्
अवनिजलविहीनं विद्धि विज्ञानरूपम्।
समगमनविहीनं विद्धि विज्ञानमेकम्
गगनमिव विशालं विद्धि विज्ञानमेकम्।।

एक विज्ञानधनमूर्ति को ही (विद्धि) जानो शेष दहन पावन अवनि जल साथ गमन आदि अपास्त सत्ता है चिद्व्योम् रुपा विज्ञानधन मूर्ति भगवती ही शेषगा।

संभूति वर्जितमिदं सततं विभाति
संसारवर्जितभिदं सततं विभाति।
संहारवर्जिभिदं सततं विभाति
ज्ञानामृतं समरस गगनो पमोऽहम।।

ऐश्वर्य संसार संहार इत्यादि वर्जित मै ही(निजबोधरूपा काली)ज्ञानामृत समरस आनन्दव्योम रुप से सततविभासित हूँ

माया प्रपञ्च रचना न च मे विकारः
कौटिल्यदम्भरचना न च मे विकारः।
सत्यानृतेति रचना न च मे विकारः
ज्ञानामृतं समरसं गगनोपमोऽहम्।।

माया प्रपञ्च कौटिल्य दम्भ सत्य असत्य द्वन्द्व ये सब विकार मुझमें नही है मै तो विशुद्ध समरस ज्ञानामृत सद्व्योम रुप हूँ। हे माँ तेरी कृपादृष्टि से ही महान पुरुष विषयमृगतृष्णा से बच जाते है वाराहोपनिषद में क्या सुन्दर चित्रण है।

पुङ्खानुपुङ्ख विषयेक्षणतत्परोऽपि
ब्रह्मावलोकन धियं न जहातियोगि।
संगीतताल लयवाद्यवशं गताऽपि
मौलिस्थ कुम्भ परिरक्षण धीर्नटीव।।

रुप रस, गब्द आदि विषय बाण का अग्रभाग (पुङ्ख) एक पर एक गिरे पर योगीन्द्र ब्रह्मतत्व को देखना बन्द नही करता जैसे नर्तकी संगीत ताल लय वाद्य वश गत दीखती है पर शीर्षस्थ घट पर पुरा ध्यान रखती है।

कामक्रो धाद्योः धूर्ता
धुर्तितं यै जगत्त्रयम्।
तान् धूर्तयति यो युक्तया
स धूर्तः धूर्जटिप्रियः।।

काम क्रोद्ध आदि धूर्त है जिससे त्रिभुवन को ठग लिया है जो ग्ज्जान युक्त योगी उसी को ठग ले ऐसा धूर्त (ज्ञानी योगी) धूर्जटि शिव को प्रिय है

;धूः गङ्गा जटासु यस्य सः धूर्जटि

जिसकी जटा में गङ्गा
शङ्करमौलिविहारिणी हिमवदगङ्गा।
अष्टकुलाचल सप्तसमुद्रा
ब्रह्म विष्णु दिवाकर रुद्रा।
न त्वं नाहं नायं लोकः
तदपि किमर्थ किमर्थं क्रियते शोकः।।

ये (सह्याद्रि हिमालय आदि कुल पर्वत सात समुद्र ब्रह्म विष्णु तुम हम ये लोक कुछ नही रहता एक मात्र चिति का संज्ञान अव्वहित रहता है

अवधूताश्र मे देवि यस्य भक्तिश्च निश्चला तस्य
तुष्टा भवेद् काली किंन सिद्धयति भूतले।। (निर्वाण तंन्त्र)

अवधूत आश्रम मे जिसकी निश्चल भक्ति है उससे काली सन्तुष्ट होकर क्या नही भूतल पर सिद्ध करी है अर्थात सब साधन साध्य हस्तामलक करती है

अवधूतं समालोक्य शम्भुं ज्ञात्वा तु पूज्येत् (निर्वाण तन्त्रे)

अवधूत–अवधुनोति बाह्मय प्रकृति विकारान् = अवधूतः

बाह्मय प्रकृति विकार को जो कम्पित (धूञ्कम्पने) कर दे

क्षपितकल्मष अवधूत को शम्भु मानकर पुजें अवधूतेश्वर शिव का अवधूतेश्वरी का प्रणय व्यग्य– 'झगन मगन बउरहवाँ नाचें'

कौन ये महानट हूँ नाचौ जा नरीन संग
भीम हूँ मिरौ न जा दुर्योधन से रन में।
वाम हूँ तो छैल दूढ़ो शूली हूँ न दोषी
यहाँ मै तो हूँ अहिधिर तो पुङ्गी लो करन।
में मै हूँ पशुपति तो काम न तिहारो यहाँ।
चारो वृष धेनु हाँ पधारो आप वन में
शंकर सो शैल सुता सुखद सहाय ऐसो।
करत निवास करौ दास के मन में।।

यह द्रावक रसाधायक प्रसंङ्ग द्रवीकरण हो अन्तः करण जैसे ठोस बर्फ प्रतिबिम्ब का धारक नही और द्रवीभूत होकर बर्फ जल बनता है और प्रतिबिम्ब ग्रहण करता है उद्वेलित रसोद्रेक अवस्था प्रियाप्रियतम छवि का विधारक है रहस्यतम् रहस्य यही है कि अपनी आत्मा ही कालिका है तुम उसी को खोज रहे हो जो तुम हो श्री काली विग्रह संनिविष्ट चित्तं अनन्तर चिद हो जाता है सर्वलोक संज्योति हो जाता है **चित्तं चिद् विजानीयत् यदा तकार रहितम्**

चित्त में से (त्) निकाल देने पर चिद्।

चेतनं चित्तरिक्तं प्रत्येक् चेतनमुच्यते प्रतीपं विपरीतं अञ्चति गच्छति इति प्रत्यक् (अन्तरम् आत्मा ही प्रत्येक चिति है।

आत्मोल्ला सरुपा काली ततो भूयः ततोऽपि भूयः–उर्ध्वविशाल ज्योतिर्धाम विशाल से विशालतर उज्जवलतर धामग योगी तारतम्योपेत होता है बिन्दुरुप में भी देश काल कारणता जन्य निरुक्ति नही है बिन्दु स्वयं निष्कल है किन्तु अनन्त कलनवृत्ति तारुप अर्थात कला के सम्भाव्यसम्भावना रुप समर्थ्य है धनरुपता निखिल अभिव्यक्ति की मूल भूत बीज रुपता क्रीं कपालिन्यै नमः परमकेन्द्राश्रयिणी आनन्दघनः रूपा ही सोऽकामयत् बहुस्याम् प्रजायेय क्रीं है। आसंग ही कामेश्व–कामेश्वर क्रीं है इसी का जप बहिर्जापक से अर्न्तजापक के हाथ में ले जाय–क्रियाङ्ग ज्ञानाङ्ग और भावाङ्ग क्रमशः पुष्ट करें

छाया रुपेण संस्थिता शक्तिरुपेण संस्थिता
वृत्तिरुपेण संस्थिता स्मृतिरुपेण संस्थिता
लज्जारुपेण संस्थिता श्रद्धारुपेण संस्थिता

यही तो विभुत्व है जो विविध रुप से संस्थिता है श्री श्री घूमावती ने अपने हाथ में सूप ले रक्खा है सस्य और भूसा दोनो अविमिश्र पृथग भाव से है सार का निर्वाचन करती है असार को विदूरित करती है वृहदारण्यक में **भूमि अन्तरिक्ष द्यौः** इन आठ अक्षरो को गायत्री का प्रथम पाद कहा है ऋचो यजूषिं सामानि इन आठो अक्षरो को गायत्री का द्वितीय पाद कहा गया है **प्राणाऽपानो ब्यानः** इन आठ अक्षरो को गायत्री का तीसरा पाद माना गया है इस तरह लोकात्मा वेदात्मा एवं प्राणात्मा ये तीनो ही गायत्री के तीनो ही गायत्री के तीन पाद है

